चैत्र कृष्ण पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 4 अप्रैल 2024
वर्ष -2, अंक -237, पृष्ठ -18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



न्याय तंत्र की आजादी पर हमला बर्दाश्त नहीं 18

तापसी पन्नू की शादी का वीडियो आया सामने 17

## सत्य साईं के ठिकानों पर आईटी का छापा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बरेली में दो प्रतिष्ठानों के अलावा आवास पर टीम ने दस्तावेज खंगाले
- लखनऊ में गोमतीनगर स्थित सरस्वती अपार्टमेंट में पहुंचे, हड़कंप

**अमृत विचार :** आयकर विभाग ने बुधवार को सत्य साईं बिल्डर्स के संचालक रमेश गंगवार के प्रतिष्ठानों पर छापा मारा। बिल्डर पर सरकारी ठेकों में लेनदेन को लेकर बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी का आरोप था। इनपुट मिलने के बाद आयकर विभाग ने लखनऊ और बरेली के कई प्रतिष्ठानों पर छापा मारा। इसके अलावा काशीपुर में जांच टीम को उनका मकान बंद मिला। रमेश गंगवार के यूपी से लेकर दिल्ली तक करीब 15 आईएएस अफसरों से कारोबारी संपर्क बताए जा रहे हैं, जिसमें अधिकतर जिलों में बतौर जिलाधिकारी तैनात हैं।

बुधवार दोपहर आयकर टीम ने डीडीपुरम स्थित उनके आवास, इसके बाद कार्यालय पहुंची। पहुंचते ही सभी कर्मचारियों के मोबाइल फोन आदि जमा करा लिए गए। इसके बाद दस्तावेजों की खोजबीन कर उनकी जांच शुरू की गई। शाम को टीम दलेलनगर स्थित पैतृक आवास पहुंची और वहां भी दस्तावेजों को खंगाला गया। गोमतीनगर के सरस्वती अपार्टमेंट भी टीम पहुंची, लेकिन वहां से कुछ हासिल नहीं हो पाने की सूचना है। जांच के दौरान क्या मिला, क्या-क्या आरोप हैं, इसकी जानकारी को लेकर विभाग अभी मौन है। सूत्रों के मुताबिक गंगवार ने कुछ दिन पहले अल्मोड़ा में एक बड़ा टेंडर हासिल किया है। गंगवार एक राष्ट्रीय पार्टी से टिकट पाने के भी फिराक में थे। गंगवार ने बिल्डर के अलावा एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बना रखी है।

**जीएसटी चोरी के भी आरोप :** बिल्डर रमेश गंगवार पर आयकर विभाग के अलावा जीएसटी ने भी शिकंजा कस रखा है। आय अधिक होने पर टैक्स कम देने के आरोप लगे हैं। जीएसटी को लेकर अभी भी छानबीन की जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक लखनऊ टीम रिकार्ड खंगाल रही है।

**4 क्लस्टरों की 17 सीटों पर भाजपा कोर कमेटी ने की चर्चा, शाह की बैठक को लेकर पदाधिकारियों ने रातभर किया मंथन**

## 17 लोस सीटों पर जीत का मंत्र दे गए केंद्रीय गृह मंत्री शाह

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मुरादाबाद के रामपुर रोड स्थित होटल में बुधवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पहले, दूसरे व तीसरे चरण में होने वाले 4 क्लस्टरों की 17 लोकसभा सीटों पर जीत का मंत्र दे गए। उन्होंने बूथ प्रबंधन पर जोर देते हुए कहा कि बूथ कार्यकर्ता और पन्ना प्रमुखों की चुनाव जीतने में अहम भूमिका है।

पिछली बार जिन 14 लोकसभा सीटों को हारे थे इस बार गृहमंत्री ने उनको जीतने का लक्ष्य दिया है। कहा कि प्रदेश की 80 सीटें महत्वपूर्ण हैं। तभी हम अबकी बार 400 पार, तीसरी बार मोदी सरकार का संकल्प साकार कर पाएंगे। उन्होंने बैठक में विरोधियों के दुष्प्रचार का पार्टी के सोशल मीडिया सेक्टर से जवाब देने को कहा। उन्होंने ईमानदारी से बूथ प्रमुखों, पन्ना प्रमुखों, लोकसभा संयोजकों सहित कोर कमेटी के सभी सदस्यों को जीत के लिए पूरी ताकत से जुटने के लिए कहा। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, गन्ना व चीनी मिल मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, कपिल देव अग्रवाल, बलदेव सिंह औलख, शिक्षामंत्री गुलाब देवी, संदीप सिंह, दिनेश, सोमेंद्र तोमर के अलावा क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया, प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी सतपाल सिंह सैनी, छत्रपाल सिंह, सुभाष यदुवंश, मोहित बेनीवाल, लक्ष्मीकांत वाजपेयी आदि मौजूद रहे।



मुरादाबाद में आयोजित बैठक में गृहमंत्री अमित शाह, माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी, एमएलसी सतपाल सैनी, मंत्री कपिल देव अग्रवाल, सतेंद्र सिसौदिया।

### अभी कई बड़े काम करने हैं

गृहमंत्री ने कहा कि हमारा मकसद सिर्फ चुनाव जीतना नहीं है अभी कई बड़े काम करने हैं। इसलिए पार्टी को सर्वस्पर्शी बनाएं। अब कमियों की नहीं विकास को ऊंचाई देने का काम तीसरी बार सत्ता में आने पर मोदी सरकार करेगी। 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य सहयोग और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने से होगा।

### इन सीटों की हुई समीक्षा

गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में लोकसभा क्षेत्र मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा, सम्भल, पीलीभीत, अलीगढ़ और मथुरा सहित 17 सीटों की बैठक में समीक्षा हुई।




## 29 सोना तस्कर सुरक्षाकर्मियों को धक्का देकर एयरपोर्ट से भागे

### शारजाह से 1 अप्रैल को आए थे 36 तस्कर, दो दिन से हो रही थी पूछताछ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- एक तस्कर हुआ बेहोश, हंगामा कर भटकाया ध्यान
- सरोजनीनगर थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट दर्ज, टीमें गठित

**अमृत विचारः** चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट (अमौसी) पर सोना और सिगरेट तस्करी के मामले में हिरासत में लिए 36 से 29 आरोपियों द्वारा सुरक्षा कर्मियों को धक्का देकर भागने का मामला सामने आया है। एयरपोर्ट के सहायक आयुक्त एके सिंह ने बुधवार को सरोजनीनगर थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है। एडीसीपी दक्षिण शशांक सिंह ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को टीमें लगाई गई हैं।

अमौसी एयरपोर्ट पर 1 अप्रैल को राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) को सूचना मिली कि शारजाह से लखनऊ आ रही फ्लाइट से तस्कर 3.5 करोड़ का सोना और सिगरेट ला रहे हैं। टीम ने फ्लाइट से उतरे 36 यात्रियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। छह यात्रियों ने पेट में सोना होने की बात कुबूली। जबकि बाकी 30 यात्रियों से मंगलवार को पूछताछ हुई। 29 यात्रियों ने भी पेट में सोना होने की बात कही। जबकि महिला यात्री ने सोना होने से इनकार किया। दोपहर बाद सभी रमजान की बात कह हंगामा करने लगे। एक तस्कर बेहोश हो गया, जिसका इलाज कराने की मांग कर अन्य धमकी देने लगे।

कर्मियों का ध्यान भटकाकर 29 आरोपी सुरक्षाकर्मियों को धक्का देकर भाग गए। इसकी जानकारी डायल 100, चौकी प्रभारी अमौसी एयरपोर्ट और उप कमांडेंट सीआईएसएफ को दी गई। बीमार यात्री को अस्पताल भेजा गया। जिसे बाद में फिर एयरपोर्ट लाया गया, जहां बाकी बचे अन्य 6 तस्करों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। एडीसीपी का कहना है कि आरोपियों का नाम पता है। इसके आधार पर उनकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

**ये 29 सोना तस्कर एयरपोर्ट से हुये फरार :** एयरपोर्ट से फरार होने वाले तस्करों में जैस मोहम्मद, इशरार, जुबैर अहमद, अलकाम मोहम्मद, अली मोहम्मद, अरशद, हफीजुर्रहमान, लकी, जहीर अहमद, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद नासिर, मो. अखलाद, सईदुल्जफर, नदीम अख्तर, रियासत अली, इमामुल हसन, मो. जहीर, जरीफ अहमद, मो. सलमान, मो. सरीक, मो. सुहैल, मो. इकबाल, आजम अली, मो. रजी, निजामुद्दीन, मो. उबैस, मो. इस्लाम, मो. अनस व मो. बशीर शामिल हैं।

### बीमार तस्कर की जांच में सब ठीक मिला

बीमार तस्कर की कस्टम के भी अधिकारियों ने अपोलो हॉस्पिटल के डॉक्टर बुला कर जांच कराई। डॉक्टर ने बेहोश तस्कर की जांच की तो उसका पल्स और शुगर लेवल सब ठीक निकला। लेकिन वहां मौजूद दूसरे यात्री उसे उठाकर चिल्लाने लगे। कस्टम टीम का कहना है कि पकड़े तस्करों ने रोजा रखा था। इफ्तारी के बाद सोना निकालने का प्रयास करने वाले थे। इसी को लेकर यात्रियों को खाने-पीने का सामान दिया था। सोमवार को सभी ने नमाज पढ़ रोजा खोला था।

## वीवीपीएटी वाली याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि वह ईवीएम से किए मतदान और वीवीपीएटी का पुनः सत्यापन कराने वाली याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई करेगा।

एनजीओ की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि मामले की तत्काल सुनवाई होनी चाहिए। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की पीठ ने कहा कि याचिका को अगले मंगलवार या बुधवार को सूचीबद्ध किया जाएगा। वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि चुनाव नजदीक आ रहे हैं और अगर मामले पर सुनवाई नहीं हुई तो याचिका निरर्थक हो जाएगी।

## आतिशी को भाजपा ने मानहानि नोटिस भेजा, कहा- माफी मांगे

### आतिशी ने कहा था- भाजपा में शामिल होने का दबाव बनाया जा रहा

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा दिल्ली इकाई ने आप नेता आतिशी को मानहानि नोटिस भेजा और अपने करीबी व्यक्ति के माध्यम से उन्हें भाजपा में शामिल होने के दावे पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को कहा है। आतिशी ने एक दिन पहले दावा किया था कि उनके सहित ''आप'' के चार वरिष्ठ नेताओं को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। आतिशी ने यह भी दावा किया था कि उन्हें या तो भाजपा में शामिल होने या फिर एक महीने में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के लिए तैयार रहने को कहा गया था।

वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को कहा कि आतिशी को मानहानि नोटिस भेजा गया है और उनसे अपने दावे के लिए माफी मांगने को कहा गया है। आतिशी सबूत देने में विफल रहीं कि उनसे किसने, कब और कैसे संपर्क किया था। वह हताशा में इस तरह के झूठे और निराधार आरोप लगा रही है, लेकिन हम उन्हें बचकर नहीं जाने देंगे। सचदेवा ने आतिशी से अपने दावे को साबित करने के लिए अपना फोन जांच एजेंसी को सौंपने को कहा। भाजपा दिल्ली इकाई के वकील ने कहा कि पार्टी ने आतिशी को अपना बयान वापस लेने के लिए मानहानि नोटिस भेजा है। वकील ने बयान को झूठा, अपमानजनक और मनगढ़ंत करार दिया और दावा किया कि यह बयान गलत इरादे से दिया गया था। अगर आतिशी अपने दावे को साबित करने में विफल रहती है तो उन पर कानूनी कार्यवाही होगी।

### केजरीवाल का वजन घटा : आतिशी



**नई दिल्ली।** आप नेता आतिशी ने दावा किया कि 21 मार्च को गिरफ्तार के बाद से मुख्यमंत्री केजरीवाल का वजन घट रहा है। आतिशी ने भाजपा पर केजरीवाल को जेल में रखकर स्वास्थ्य को खतरे में डालने का आरोप लगाया। आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री की सेहत के संबंध में कानूनी मदद लेगी। वहीं, तिहाड़ जेल प्रशासन ने आतिशी के दावों को खारिज करते हुए कहा केजरीवाल सामान्य है।

### सबूतों से छेड़छाड़ न करें संजय : कोर्ट



**नई दिल्ली।** दिल्ली की कोर्ट ने आप नेता संजय सिंह को बुधवार को निर्देश दिया कि वह आबकारी घोटाला मामले में सबूतों से छेड़छाड़ न करें या गवाहों को प्रभावित न करें। सुप्रीम कोर्ट से सिंह को मंगलवार को जमानत मिलने के बाद विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने नेता को तिहाड़ जेल से रिहा करने का आदेश देने से पहले ये निर्देश दिए। न्यायाधीश ने सिंह को पासपोर्ट जमा कराने, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) से बाहर जाने से पहले सूचित करने और फोन की 'लोकेशन' हमेशा चालू रखने का निर्देश दिया। सिंह के वकील ने संक्षिप्त सुनवाई के दौरान अदालत को सूचित किया कि नेता की पत्नी आरोपी की जमानतदार होंगी।

## परिवारवादी राजनीति के खिलाफ लड़ रहे : मोदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**चुनाव में विजय की आत्मा पोलिंग बूथ की जीत में**

- प्रधानमंत्री ने उप्र. में होने वाले चुनाव के तहत आने वाली लोकसभा सीटों के सभी बूथों के कार्यकर्ताओं को नमो ऐप पर संबोधित किया
- कहा, पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ने का लक्ष्य लेकर चलें 10 सीटों के सभी 22,648 बूथों के पार्टी कार्यकर्ता

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस बार चुनाव में परिवारवादी राजनीति के खिलाफ हम लोकतंत्र की भलाई के लिए लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि, चाचा-भतीजा के परिवार से उत्तर प्रदेश का मोह बहुत पहले ही भंग हो चुका है और भाजपा अपने कार्यकर्ताओं की मेहनत, निष्ठा और समर्पण के बूते इस लोस चुनाव में जीत की हैट्रिक लगाने जा रही है।

प्रधानमंत्री ने बुधवार को उत्तर प्रदेश में तीसरे चरण में होने वाले चुनाव के तहत आने वाली 10 लोकसभा सीटों के सभी 22,648 बूथों के पार्टी कार्यकर्ताओं को नमो ऐप पर वर्चुअली संबोधित किया। मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम की इस कड़ी में प्रधानमंत्री ने बूथ समिति के सदस्यों और पन्ना प्रभारियों को संबोधित करते हुए कुछ बूथ अध्यक्षों से भी बात की। इस दौरान नरेन्द्र मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को सलाह दी कि, वे अपने काम या व्यवहार से किसी को ठेस न पहुंचाएं। इसी कड़ी में मोदी ने कहा कि, पोलिंग बूथ पर विजय ही किसी भी चुनाव में जीत की आत्मा होती है और कार्यकर्ताओं को चुनाव में अपने बूथ के पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ने के लक्ष्य के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा कि हम चुनाव में कितनी ही बड़ी विजय प्राप्त करने की इच्छा रखते हों लेकिन जब तक पोलिंग बूथ नहीं जीतते हैं तब तक चुनाव जीत ही नहीं सकते हैं इसलिए चुनाव में विजय की जो आत्मा है वह पोलिंग बूथ की विजय में है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गर्मी के दिनों में अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखने की भी हिदायत दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव, हर चुनाव में आपकी मेहनत से नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। आप लोगों का यह जोश देखकर मुझे तो खुशी होती ही है लेकिन बाकी पार्टियों के नेता तो आपका यह जोश देखकर पहले ही ठंडे पड़ जाते हैं। उत्तर प्रदेश को लेकर मोदी ने भरोसा जताया कि यहां के सभी भाजपा कार्यकर्ता हर सीट पर, हर पोलिंग बूथ पर विजय सुनिश्चित करने के लिए जी जान से जुट गए हैं। आप लोगों को सही दिशा में अपने प्रयास तेज करने हैं और हर मतदाता तक अपनी बात पहुंचानी है।

## सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- प्रयागराज का राजीव नयन यूपी टीईटी का पेपर भी करा चुका है लीक
- नोएडा में पकड़े गए राजीव ने रीवा में 300 अभ्यर्थियों के समक्ष पढ़ा था पेपर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसने रीवा के रिसोर्ट में 300 अभ्यर्थियों को बैठाकर पेपर पढ़ा था। ग्वालियर में एनआरएचएम घोटाले से जुड़े प्रकरण और यूपी में टीईटी पेपर लीक के आरोप में भी वह कौशांबी से जेल जा चुका है।

एडीजी (कानून -व्यवस्था) अमिताभ यश के मुताबिक पेपर लीक मामले में मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा मूल रूप से प्रयागराज के नैनी का रहने वाला है। पेपर लीक मामले में उसके खिलाफ मेरठ के थाना कंकरखेड़ा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मेरठ की एसटीएफ यूनिट उसकी तलाश कर रही थी। एडीजी के मुताबिक राजीव ने पूछताछ में बताया कि दो रिसॉर्ट में उसने पेपर पढ़े गए थे। लीक पेपर गुरुग्राम में पांच सौ अभ्यर्थियों के समक्ष पढ़ा गया। रीवा स्थित शिव महाशक्ति रिसॉर्ट में तीन सौ अभ्यर्थियों के सामने राजीव ने खुद पेपर पढ़ा था। एसटीएफ उसकी तलाश कर रही थी। मंगलवार को राजीव को नोएडा से गिरफ्तार कर लिया गया।

## सोना 69,200 व चांदी 80,700 के नए रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में सोने की कीमतों में तेजी से राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 830 रुपये के उछाल के साथ 69,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार यह दूसरा मौका है जब इस सप्ताह सोने के दाम रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचे हैं। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 68,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,700 रुपये के उछाल के साथ 80,700 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई।

## पूर्व विधायक को अवैध खनन पर 140 करोड़ का नोटिस

इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी

- खनिज विभाग ने दो रकबों में अवैध खनन का किया खुलासा

कांग्रेस छोड़कर पिछले महीने भाजपा में शामिल हुए पूर्व विधायक संजय शुक्ला और तीन अन्य को इंदौर के जिला प्रशासन ने मुरम और पत्थर के अवैध खनन पर 140.60 करोड़ के प्रस्तावित जुर्माने का नोटिस जारी किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि खनिज विभाग ने इंदौर से सटे बारोली गांव में 5.50 हेक्टेयर और 3.40 हेक्टेयर के दो रकबों में अवैध खनन का खुलासा किया है।

अधिकारियों के मुताबिक इस अवैध खनन को लेकर मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत शुक्ला और तीन अन्य लोगों पर 140.60 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है। नोटिस के प्रतिवादियों में शुक्ला के अलावा उनके भाई राजेंद्र शुक्ला, ईडन गार्डन गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित के अध्यक्ष और बारोली गांव के निवासी मेहरबान सिंह राजपूत है। नोटिस में कहा गया है कि बारोली गांव के दो रकबों में चार लाख घन मीटर मुरम और 2.23 लाख घन मीटर पत्थर के हुए खनन के आधार पर जुर्माना लगाया गया है। नोटिस में कहा गया है कि वे 19 अप्रैल को एडीएम की कोर्ट में पक्ष रखने को हाजिर हों।

**रामनवमी की व्यवस्था** | **रामानंदीय संप्रदाय के संतों ने बताया अनुचित, विरोध में उठे स्वर**

## रामलला को तीन दिन जगाए रखने को लेकर खड़ा हुआ बखेड़ा



अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद रामनवमी पर आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को राममंदिर में चैत्र शुक्ल नवरात्रि के अष्टमी, नवमी और दशमी को 24 घंटे दर्शन कराने की योजना को लेकर मंथन किया जा रहा है। यह सभी तिथियां 16, 17 और 18 अप्रैल को पड़ रही है। दर्शन लगातार होंगे तो रामलला आराम नहीं कर पाएंगे। रामलला को तीन दिन तक लगातार जगाए रखने पर बखेड़ा खड़ा हो गया है। रामानंद संप्रदाय के संत धर्माचार्य इसे अनुचित बताते हुए इस फैसले का विरोध कर रहे हैं। उनका मानना है कि सिर्फ भीड़ को देखते हुए बालरूप में भगवान को इतनी देर जगाए रखना ठीक नहीं है। संतों का मानना है रामनवमी पर रात्रि 11 से सुबह चार बजे तक भगवान को शयन करने दिया जाए। हालांकि इस पर निर्णय श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को लेना है, ट्रस्ट ने दर्शन की व्यवस्था बनाए जाने का भरोसा दिया है।

### सुबह 4 से रात 10 बजे तक की है परंपरा



श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य निर्मोही अखाड़ा के महंत दिनेंद्र दास का कहना है कि रामानंद संप्रदाय में किसी भी मंदिर में रात्रि में भगवान को कई दिनों तक जगाए जाने की परंपरा नहीं है। विशेष रूप से कुछ विशेष आयोजनों के दौरान एक दिन के लिए जागरण व धार्मिक अनुष्ठान किया जाता है। उन्होंने बताया कि वैष्णो संप्रदाय में सुबह 4 से रात्रि 10 बजे तक दिनचर्या की परंपरा है और रात्रि 10 बजे के बाद किसी भी प्रक्रिया को शामिल नहीं किया गया है।

### किसी भी परंपरा में रात्रि जागरण की बात नहीं



रामानंद संप्रदाय के रामकथा वाचक पूर्व सांसद डॉ. राम विलास दास वेदांती ने कहा कि संप्रदाय के तहत भगवान की दिनचर्या को देखते हुए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट विचार करेगा। शास्त्र अनुसार श्रीमद् वाल्मीकि रामायण, भागवत महापुराण, स्कंद पुराण में भगवान के दिनचर्या का वर्णन है। प्रातः ब्रह्म बेला में स्नान के बाद राग भोग, आरती व दोपहर में भोग और शयन और सायं में संध्या आरती फिर शयन आरती की परंपरा है। इसी अनुसार उनकी सेवा हो रही है। किसी भी परंपरा में रात्रि जागरण की बात नहीं है।

### भीड़ के कारण परंपरा में न करें बदलाव

महंत सत्येंद्र दास वेदांती ने कहा कि रामलला को 24 घंटे जगाए रखना सनातन धर्म और उपासना पद्धति के विरुद्ध है। अगर ट्रस्ट तीन दिन 24 घंटे दर्शन कर जाने की योजना पर निर्णय देता है तो इसका विरोध करते हैं। रामलला शिशु सामान हैं। उन्हें समय पर जगाने, उनकी आरती व भोगराज की व्यवस्था करना सही है। भीड़ बढ़ने से उनकी परंपरा में बदलाव नहीं करना चाहिए।

### एक दिन जगाना उचित लेकिन तीन दिन नहीं

दशरथ महल के महंत बिंदु गद्दाचार्य देवेंद्र प्रसाद आचार्य ने कहा कि भक्तों को दर्शन देना भगवान के बस में है। तीन दिन तक 24 घंटे दर्शन करने के मामले में टिप्पणी करना सही नहीं है, लेकिन यह जरूर है कि ट्रस्ट रामानंद संप्रदाय की परंपरा और उसके नियमों का पालन करते हुए फैसला ले। भगवान को 24 घंटे एक दिन के लिए जगाना तो उचित हो सकता है, लेकिन तीन दिन तक इस प्रकार से दर्शन की व्यवस्था करना न्याय संगत नहीं है। श्रद्धालुओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए रात्रि 12 से सुबह 4 बजे तक शयन की अवधि जरूर निर्धारित करें।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# दर्शननगर ओवरब्रिज पर जून से दौड़ेंगे वाहन

## 80 फीसदी काम पूरा, 97.26 करोड़ है स्वीकृत लागत, कार्यदायी संस्था सेतु निगम करा रहा निर्माण

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** दर्शननगर रेलवे ओवर ब्रिज पर जून से वाहन रफ्तार भर सकेंगे। ओवरब्रिज का अब तक 80 फीसदी निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके चालू होते ही देवकाली बाईपास से होते हुए, अंबेडकरनगर, वाराणसी व आजमगढ़ जाने वाले लोगों के साथ-साथ क्रॉसिंग पर जाम से भी लोगों को निजात मिलेगी।

शासन के निर्देश पर कार्यदायी संस्थान उत्तर प्रदेश सेतु निर्माण निगम ने मई 2022 में दर्शननगर के समीप संपार संख्या-107 पर फोर लेन आरओबी के निर्माण का कार्य शुरू कराया था। इसकी लागत करीब 97.26 करोड़ रुपये बताई गई है। इसके निर्माण में तेजी तब आई जब 30 दिसम्बर 2023 को प्रधानमंत्री अयोध्या में रोड-शो और रैली के लिए यहां पहुंचे थे। कार्यदायी संस्था सेतु निगम की ओर से मिली जानकारी के अनुसार लोक निर्माण विभाग और भारतीय रेलवे द्वारा संयुक्त रूप से ओवरब्रिज निर्माण के लिए फंडिंग उपलब्ध कराई गई थी।


रेलवे क्रॉसिंग का गाटर लगाकर काम तेज कर दिया गया है।


फोर लेन आरओबी की सड़क। अमृत विचार

### रेलवे ब्लॉक मिलता तो 31 मार्च से शुरू हो जाता संचालन

कार्यदायी संस्था ने इस ओवरब्रिज के निर्माण की डेडलाइन 31 मार्च 2024 तय की थी, लेकिन प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद आस्था स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू हो गया। लगातार आ रहीं ट्रेनों के कारण ब्लॉक नहीं मिल सका। इस कारण डेडलाइन पर काम खत्म न करते हुए इसे जून तक पूरा कर लिया जाएगा।

### 614.11 मीटर है लंबाई, उतार-चढ़ान है दुर्घटना मुक्त

कार्यदायी संस्था सेतु निगम की ओर से जारी सूचना के अनुसार इस ओवरब्रिज की कुल लंबाई 614.11 मीटर है। फोर लेन के इस ओवरब्रिज में सबसे खास बात यह है कि इसकी उतार और चढ़ान दोनों अत्याधुनिक तरीके से दुर्घटना मुक्त बनाया गया है। इस उपरगामी सेतु के निर्माण कार्य में रेलवे विभाग की लंबाई 52 मीटर है। सेतु के कैरज वे की चौड़ाई 15 मीटर है। इसके अलावा सेतु के दोनों ओर 3.75 मीटर चौड़ाई में सर्विस रोड का निर्माण अभी किया जा रहा है, जिसे शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा।

"यह पुल दो इकाइयों में बंटा हुआ है। रेलवे का काम बचा हुआ है। अब ब्लॉक मिलना शुरू हुआ है। कार्य में गति पकड़ ली है। जून तक हर हाल में इसे चालू कर दिया जाएगा। - **मोहित कुमार, उप परियोजना प्रबंधक, निर्माण इकाई।**"

## एक नजर

### फार्मासिस्ट मिला अनुपस्थित स्पष्टीकरण तलब

**अयोध्या, अमृत विचार :** सीएमओ संजय जैन ने बुधवार को मवई में सीएचसी व पीएचसी का निरीक्षण किया। पूरे कामगार की पीएचसी पर एक फार्मासिस्ट नहीं मिला। उन्होंने फार्मासिस्ट से स्पष्टीकरण तलब किया है। कहा कि स्पष्टीकरण के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### जन्म नहीं, कर्म से महान होता है मनुष्य : कथा व्यास


कथा व्यास

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के विशेषरपुर में चल रहे सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास पंडित सुकदेव जी महाराज ने कहा कि मनुष्य जन्म से नहीं अपितु कर्म से महान बनता है। अच्छे परिवार में जन्म लेना मात्र एक संयोग है और अच्छे कार्यों द्वारा जीवन को उत्कृष्ट बनाना यह उपलब्धि है। मुख्य यजमान साधुराम मिश्रा, राम प्रसाद शुक्ला, पूर्व प्रधान योगेश मिश्रा, हर्षित मिश्रा सहित ग्रामीणों ने कथा का रसपान किया।

## स्कूली अंडर-17 एथलेटिक्स की प्रदेश टीम घोषित

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में पटना में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय विद्यालयीय बालक व बालिका अंडर-17 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली उप्र टीम बुधवार को डॉ. आंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान की ओर से घोषित कर दी गई। राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी नरेन्द्र पाल ने बताया कि चयनित टीम प्रतियोगिता के लिए क्रीड़ा संस्थान स्टेडियम मकबरा से आज गुरुवार को प्रतियोगिता के लिए रवाना होगी। चयनित बालक टीम में लखनऊ के ज्ञान सिंह यादव व अनुज मौर्य, मेरठ के वैभव भारद्वाज व दीपांशु सिंह यादव, शाहजहांपुर के आशुवेन्द्र प्रताप सिंह, प्रयागराज के मो. अब्दुल्ला व आर्यन देव, वाराणसी के सुमित कुमार व अंशु रजक, भदोही के नीलेश यादव, सिद्धार्थनगर के संदीप कुमार, शामली के सुजात, मिर्जापुर के आशीष यादव और बरेली के मोहित शर्मा हैं। बालिका टीम में मऊ की रानी यादव, बिजनौर की तनु चौधरी, अलीगढ़ की पायल, अमरोहा की खुशी, मेरठ की आकांक्षा सिंह गुर्जर तथा मुजफ्फरनगर की अविका बलियान चयनित हुई हैं। आजमगढ़ के दिनेश कुमार सिंह व बहराइच के रामपाल को बालक टीम का एवं गोंडा की प्रियंका सिंह व मिर्जापुर के सतीश को बालिका टीम का कोच व मैनेजर बनाया गया है।

**पटना में छह अप्रैल से टीम करेगी प्रतिभाग**

# व्यापारियों व प्रवर्तन दल के कर्मियों में भिड़ंत, उल्टे पांव लौटे

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** नाका हनुमानगढ़ी के निकट बुधवार को व्यापारियों व नगर निगम के प्रवर्तन दल के कर्मियों में जमकर झड़प हुई। इस दौरान गाली-गलौच व धक्का-मुक्की का भी मामला सामने आया है। कार्रवाई करने गई टीम को विरोध का सामना करना पड़ा। मौके पर पुलिस भी पहुंची, लेकिन प्रवर्तन टीम को भारी विरोध के बीच उल्टे पांव लौटना पड़ा। प्रवर्तन टीम ने व्यापारियों पर कार्रवाई होने तक बाहर निकलने से मना कर दिया है। उधर, देर शाम नगर निगम के अधिकारियों को मामले की सूचना मिली। उन्होंने व्यापारी के खिलाफ केस दर्ज कराने का आदेश दे दिया।

व्यापारी प्रकाश गुप्ता दोना-पत्तल के थोक व्यापारी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रवर्तन दल के कुछ लोग श्रीराम ट्रेडर्स के प्रतिष्ठान में पहुंचे। बिना किसी कागजात के अंदर घुस गए। पैकिंग के सामान को गिराकर गाली-गलौज करते हुए धमकी देने लगे। कहा गया कि सभी पर कार्रवाई कर जेल भेज दिया जाएगा। इस दौरान आसपास के दुकानदार भी इकट्ठा हो गए। प्रकाश गुप्ता ने बताया कि टीम के लोग मारपीट पर अमादा थे। इस दौरान दुकानदार के विरोध में और पुलिस के हस्तक्षेप के बाद प्रवर्तन दल की टीम लौट गई। प्रकाश गुप्ता ने बताया कि टीम के सदस्य तीन खाने वाली पैकिंग की थाली को जब्त करना चाहते थे, जबकि इस प्रोजेक्ट का शुभारंभ गोरखपुर में स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया था, अगर कार्रवाई ही करनी है तो प्रोडक्शन बंद कराया जाए। इस दौरान व्यापारी रोहताश चंद्र, रामजी, रवि गुप्ता, राम कुमार गुप्ता, शेखर गुप्ता, बब्लू, चंचल समेत कई लोग मौजूद रहे।


प्रवर्तन की कार्रवाई के बाद प्रदर्शन करते व्यापारी।


झड़प के दौरान वीडियो का स्क्रीनशॉट।

**मौके पर बुलानी पड़ी पुलिस, जमकर हुई नोक-झोंक, एक घंटे तक हुआ हंगामा**

### अब कार्रवाई के बाद ही चेकिंग पर निकलेंगे

प्रवर्तन दल की टीम का नेतृत्व कर रहे कैप्टन अमरजीत सिंह ने बताया किवह अपनी टीम के साथ मौके पर गए थे। इस दौरान उनके साथ दो महिला होमगार्ड भी थीं। श्रीराम ट्रेडर्स पर काफी प्रतिबंधित सामान मिला था। कार्रवाई की जाने लगी तो हमें धमकी दी गई। 60 से 70 एकत्रित व्यापारियों ने गाली-गलौज करते हुए मौके से खदेड़ दिया। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने चौकी इंचार्ज को भी फोन किया। मौके पर पुलिस न होती तो परेशानी हो जाती। हमें तो प्रशासन की तरफ से कार्रवाई का निर्देश मिला था। ड्यूटी में बाधा उत्पन्न की गई। हम भी परिवार वाले लोग हैं। अब जब तक श्रीराम ट्रेडर्स के खिलाफ पुलिसिया कार्रवाई नहीं हो जाती तब तक हम चेकिंग करने नहीं निकलेंगे।

"टीम के साथ बदतमीजी की शिकायत मेरे पास आई है। नाका स्थित श्रीराम ट्रेडर्स के खिलाफ कार्रवाई के लिए थाने को पत्र दिया जाएगा। - **सुमित कुमार, अपर नगर आयुक्त**"

## मिलावटी मावा बेचने के मामले में आरोपी को छह माह की सजा

**अयोध्या। अमृत विचार:** खाद्य पदार्थों में मिलावट पाए जाने पर अपर जिलाधिकारी नगर की ओर से 15 वादों में 5.12 लाख रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया है। वहीं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम के न्यायालय द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के राममूर्ति वर्मा को मिलावटी मावा बेचने के आरोप में छह माह की सजा सुनाई है। साथ ही एक हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मानिक चंद्र सिंह ने बताया कि मिलावटी पाए गए सामानों में लालजी ब्रांड मटर, रंगीन कचरी, होल राइस, चायपत्ती, गुड़, भैंस का दूध, मिश्रित दूध, क्रीमरोल, रस्क, आरजी राजू गोल्ड काजू बिस्किट और छेना की मिठाई शामिल है।



## सार-संक्षेप

### भापका पार्टी देश को खुशहाली की ओर ले जाएगी : सेन

**अयोध्या, अमृत विचार :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की जिला कौंसिल की बैठक प्रेस क्लब में बुधवार को हुई। प्रत्याशी अरविंद सेन यादव ने कहा कि सत्ताधारी पार्टी ने देश को नफ़रत की गर्त में धकेल दिया है। पार्टी देश को नफ़रत के माहौल से निकाल कर विकास रोजगार और खुशहाली की ओर ले जाएंगी। सुल्तानपुर के जिला मंत्री शारदा प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि मौजूदा चुनाव इस बात का निर्णय करेगा कि देश में संसदीय लोकतांत्रिक व्यवस्था रहेगी अथवा नहीं। बैठक में सात सदस्यीय चुनाव संचालन समिति का गठित की गई। जिले की चारों विधानसभा की संचालन समिति का भी गठन किया गया। दरिया बाद विधानसभा चुनाव संचालन समिति का गठन करने का जिम्मा बाराबंकी जिले की पार्टी को सौंपा गया। पार्टी मंत्रिपरिषद के सदस्य सूर्य कांत पाण्डेय ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि अयोध्या मंडल के सभी जनपदों के कार्यकर्ताओं को फैजाबाद संसदीय क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी अरविंद सेन यादव के प्रचार में शामिल किया जाएगा। बैठक में रामतीरथ पाठक, रामजी राम यादव, ओमप्रकाश यादव, कप्तान सिंह, अयोध्या प्रसाद तिवारी सहित अन्य लोग थे।

### कैंपस प्लेसमेंट में 72 छात्रों ने किया प्रतिभाग


प्लेसमेंट कार्यक्रम में मौजूद कंपनी के प्रतिनिधि व विश्वविद्यालय के शिक्षक।

**कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में बिहार की निसरोच एग्रो कैमिकल्स ने छात्रों के प्लेसमेंट के लिए साक्षात्कार आयोजित किया। इस साक्षात्कार में 72 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विश्वविद्यालय स्थित डायरेक्टरेट ऑफ़ प्लेसमेंट की प्रक्रिया कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशन में आयोजित की गयी। निसरोच एग्रो कैमिकल्स कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर गोविंद कुमार व उनके साथ मौजूद एचआर की टीम ने छात्रों का साक्षात्कार लिया। कैंपस प्लेसमेंट में एग्री बिजनेस मैनेजमेंट, उद्या न एवं वानिकी तथा कृषि महाविद्याल के स्नातक और परास्नातक के अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। डायरेक्टरेट ऑफ ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट के निदेशक डॉ. डी नियोगी ने बताया कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के हर जिले में लगभग चार छात्रों का चयन होना है। शुरुआत में 10 दिनों की ट्रेनिंग भी दी जाएगी उसके बाद पोस्टिंग की जगह निर्धारित की जाएगी।

### श्रद्धांजलि सभा कर सत्येन्द्र को किया याद

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** हैरिंगटनगंज ब्लॉक के जूनियर हाईस्कूल घुरेहटा के सहायक अध्यापक सत्येन्द्र कुमार द्विवेदी के आकस्मिक निधन पर हैरिंगटनगंज बीईओ कार्यालय पर बुधवार को श्रद्धांजलि सभा की गई। जिसमें बीईओ अनिल कुमार सिंह सहित शिक्षक नेताओं व शिक्षकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ हैरिंगटनगंज के मंत्री रवीन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि स्वर्गीय द्विवेदी हम सभी के लिए घर के सदस्य जैसे थे। श्रद्धांजलि सभा में जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी, संतोष यादव, वीरेन्द्र पाण्डेय, विनय तिवारी सहित तमाम शिक्षक मौजूद रहे।

### चोरी की 25 बैटरियों के साथ दो गिरफ्तार

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** महाराजगंज पुलिस ने बुधवार को ऐमीघट कुम्हिया तिराहे से मोबाइल टॉवर से बैटरी चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी की गई 25 बैटरी, चोरी में प्रयुक्त वाहन, तमंचा व कारतूस बरामद किया है। एसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर ने बुधवार को बताया थाना महाराजगंज, तारुन व पूराकलंदर क्षेत्र में मोबाइल टॉवर से बैटरी चोरी के मामले आए दिन प्रकाश में आते रहे। जांच में जुटी पुलिस ने बुधवार को महाराजगंज पुलिस ने ऐमीघट कुम्हिया तिराहे से तारुन थाना क्षेत्र के रामपुर भगन निवासी गोविंदा चौरसिया व हैदरगंज थाना क्षेत्र के हरियापुर थरिया कला गांव निवासी रूप सावन को गिरफ्तार किया। विधिक कार्रवाई के बाद दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

### वार्षिकोत्सव में बच्चों ने पेश किये सांस्कृतिक कार्यक्रम


पुरस्कृत बच्चों के साथ अतिथि व शिक्षक - शिक्षिकाएं। अमृत विचार

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय किशुनदासपुर में वार्षिकोत्सव का आयोजन बुधवार को हुआ। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मनमोह लिया। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद और भाजपा के वरिष्ठ नेता विनय कटियार ने माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ कराया। बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, एकांकी, नाटक व भाव नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। अध्यक्षता प्रधान प्रतिनिधि रामदत्तपुर अटरांवा ऊदल यादव व संचालन सहायक अध्यापिका ऋतु ने किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक राम मनोज शरण,अधिवक्ता अशोक कुमार गुप्ता, शिक्षक-शिक्षिकाएं अभिभावक और छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### नहीं रहे सपा के वरिष्ठ नेता रामचेत यादव



**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** सपा के वरिष्ठ नेता और बीकापुर विधानसभा क्षेत्र में राजनीति की धुरी माने जाने वाले रामचेत यादव नहीं रहे। उनका मंगलवार देर रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। दिग्गज नेता स्वर्गीय मित्रसेन यादव के करीबी माने जाने वाले रामचेत यादव कई बार प्रधान रह चुके थे। सरयू तट ढेमवा घाट पर बुधवार को हुए अंतिम संस्कार के दौरान पूर्व मंत्री सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष पारसनाथ पांडेय, हाजी फिरोज खान गब्बर, खिरौनी चेयरमैन राम सुमेर भारती, बीकापुर विधानसभा क्षेत्र प्रभारी एजाज अहमद, बीकापुर भदरसा चेयरमैन मोहम्मद राशिद, ब्लॉक अध्यक्ष गया प्रसाद, प्रदेश सचिव कृष्ण कुमार पटेल समेत बड़ी संख्या लोग मौजूद रहे।

# जनता की गाढ़ी कमाई मोदी लूटने नहीं देंगे : सांसद

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि जनता की गाढ़ी कमाई पीएम मोदी लूटने नहीं देंगे। केंद्र व प्रदेश की सरकार जीरो टॉलरेंस पर काम कर रही है। उन्होंने दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडी गठबंधन की रैली पर सवाल उठाया। कहा कि मोदी सरकार को बदनाम करने के लिए रैली कर रहे हैं। वह बुधवार को चुनाव कार्यालय पर पत्रकारों से बात कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि आप का दावा करती है कि केजरीवाल के समर्थन में रैली है। कांग्रेस कहती है कि यह किसी व्यक्ति के समर्थन में रैली नहीं बल्कि गठबंधन की रैली है। भ्रष्टाचार में लिप्त लोग एक जैसी गतिविधि कर रहे हैं। हर दिन नया झूठ बोल रहे है। हिंदू धर्म का विरोध करते हैं। जांच एजेंसिया नोटिस देती हैं तो अनदेखा करते है। कार्रवाई होती है तो विक्टम कार्ड खेलने के साथ देश के लोकतंत्र पर खतरा बताते हैं। कहा, दिल्ली के मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री, झारखंड के सीएम जेल में बंद है। कई अन्य भ्रष्टाचार के चलते जेल में है। मोदी ने देश की 140 करोड़ जनता को अपना परिवार माना है। उनकी गाढ़ी कमाई मोदी लूटने नहीं देंगे। भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए, मोदी सरकार पर दबाव डालने के लिए यह रैली कर रहे हैं। जो भ्रष्टाचारी हैं, प्रधानमंत्री उसको छोड़ने वाले नहीं हैं। लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 के पार जाएगी।


पत्रकारों से वार्ता करते सांसद लल्लू सिंह।

# मेडिकल कॉलेज में पर्चा और दवा के लिए धक्का-मुक्की

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में बुधवार को मरीजों की भारी भीड़ दिखी। पर्चा बनवाने, दवा लेने और चिकित्सकों को दिखाने में उन्हें धक्का-मुक्की का सामना करना पड़ा। इस दौरान पर्चा और दवा काउंटर पर कई बार नोक-झोंक भी हुई। कुछ मरीज परेशान होकर इधर-उधर बैठ गए।

मेडिकल कॉलेज में बुधवार को करीब दो हजार की ओपीडी हुई। इनमें लगभग 500 मरीज पुराने थे। सुबह 10 से दोपहर साढ़े 12 बजे तक हॉल ठसाठस भरा रहा। पर्चा और दवा काउंटर पर चीख-पुकार और धक्का-मुक्की शुरू हो गई। सिक्योरिटी गार्ड नदारद दिखे। इस दौरान बेचैनी होने पर कुछ मरीज इधर-उधर बैठ गए। जैसे-तैसे पर्चा तो इसके बाद डॉक्टर को दिखाने के लिए नए और पुराने भवन में मरीज भागते हुए दिखाई पड़े। डॉक्टर को दिखाने के बाद तकरीबन एक बजे के करीब दवा काउंटर पर दो लंबी लाइनें लग गईं। कंधारी बाजार निवासी अंगद अपनी बहन के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि उन्हें अपनी आंख दिखानी है। बहन 45 मिनट से लाइन में लगी है, लेकिन पर्चा नहीं बन पाया है। इसी तरह दर्शन नगर निवासी तीमारदार कुबेर ने बताया कि वह अपने चाचा की दवा के लिए लाइन में लगे हैं। कई बार लोग लाइन तोड़कर घुस जाते हैं। इससे बड़ी समस्या होती है।


पर्चा काउंटर पर आपस मे उलझते लोग। अमृत विचार

### हॉल में बंद रहते हैं पंखे

पर्चा व दवा के लिए मरीजों को पुराने भवन के हॉल में जाना पड़ता है। हॉल में करीब 18 पंखे लगे हैं, लेकिन एक भी चलता नहीं दिखा। पर्चा और दवा देने वाले काउंटरों के अंदर पंखे चल रहे थे। ऐसे में मरीज गर्मी से परेशान ही था और बढ़ी भीड़ देखकर और दबाव महसूस कर रहा था। दूसरी तरफ पुराने भवन के बगल लगा वाटर कूलर 15 दिन से बंद पड़ा है। ठंड के मौसम में 24 घंटे चला आरो वाटर कूलर गर्मी आते ही बंद पड़ गया।

### मौसम में उतार-चढ़ाव आते ही बढ़ गए मरीज

मेडिकल कॉलेज में काफी दिनों के बाद बुधवार को इतनी भीड़ देखी गई। चिकित्सकों का मानना है कि मौसम में आए उतार-चढ़ाव के बाद मरीजों की संख्या बढ़ी है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. आनंद शुक्ला ने बताया कि इन दिनों बच्चों को खास तौर पर बचाने की जरूरत है। मौसम में बदलाव आने के बाद डायरिया जैसे मामले बढ़ रहे हैं।

"गर्मी का मौसम शुरू होते ही मरीज बढ़ गए हैं। कुछ लोग बीच में घुस जाते हैं। इस बात को लेकर कई बार नोक-झोंक की शिकायत आई है। सिक्योरिटी गार्डों को भीड़ कंट्रोल करने के लिए ही लगाया गया है। -**डॉ. अरविंद सिंह, सीएमएस।**"

**चुनाव : मेडिकल बोर्ड ने शुरू किया कर्मचारियों के स्वास्थ्य का परीक्षण**

# क्या दिक्कत है, तबियत ठीक नहीं रहती

अयोध्या कायार्लय

**अमृत विचार:** क्या दिक्कत है? जवाब आया, डॉक्टर साहब तबियत खराब रहती है। अच्छा तो दवा इलाज का पर्चा दिखाइए। एक-एक करके कर्मचारियों से बुधवार को इसी तरह के सवाल और जवाब के साथ डॉक्टरों की टीम ने कर्मचारियों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। स्वास्थ्य को लेकर अपनी सम्मति हां या नहीं में दी। डॉक्टरों ने कई को चुनाव डियूटी के काबिल पाया तो कई वाकई में चुनाव डियूटी करने में असमर्थ दिखे। टीम ने अपनी रिपोर्ट कार्मिक विभाग को सौंपी।

विकास भवन के हाल में बुधवार को मेडिकल बोर्ड के दो डॉक्टरों की टीम ने कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। पहले दिन लगभग 100 कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनकी रिपोर्ट सौंप दी गई। चर्चा रही कि ज्यादा संख्या ऐसे लोगों की थी जो बीमार तो थे लेकिन ड्यूटी करने की स्थिति में बताए गए।


विकास भवन के सभागार में कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के लिए बैठे मेडिकल बोर्ड के डॉक्टर। अमृत विचार

**डाटा इंट्री में अपने को अस्वस्थ बताने वालों का हो रहा परीक्षण**

बता दें कि निर्वाचन विभाग से विभागों से तैनात कर्मचारियों का डाटा मांगा गया था। यह विभाग से ही भरकर भेजा गया। इसमें बहुत से महिला और पुरुष कर्मचारियों के सामने स्वास्थ्य सहित निशक्तता से जुड़ी टिप्पणियां लिखी गई थी। जिसके चलते उन्हें चुनाव डियूटी से मुक्ति की अपेक्षा थी। पूरे डाटा से इसकी छंटाई की गई। इसके बाद इनका डाटा बेस तैयार किया गया। यह संख्या कई सौ में मिली तो कार्मिक विभाग ने इन सभी का स्वास्थ्य परीक्षण कराए जाने का फैसला लिया। मेडिकल बोर्ड में डॉ. वेद प्रकाश, डॉ. आरपी सागर की टीम ने परीक्षण किया। परीक्षण गुरुवार को भी जारी रहेगा। अपर प्रभारी कार्मिक व जिला विकास अधिकारी उपेंद्र प्रसाद पाल ने बताया कि मेडिकल बोर्ड से कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा है। मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर जो काम करने वाले हैं उनकी ड्यूटी लगाई जाएगी। जो बीमार या ड्यूटी करने में असमर्थ होंगे। उन्हें इस डियूटी से मुक्त रखा जाएगा।

### 107 में केवल 36 मिले अनफिट, होगी कार्रवाई

कर्मचारियों की मेडिकल रिपोर्ट में 107 में से केवल 36 कर्मचारी चुनाव ड्यूटी के लिए अनफिट पाए गए। डीडीओ उपेंद्र प्रसाद पाल ने बताया कि 71 कर्मचारी ड्यूटी के लिए फिट पाए। इनकी ड्यूटी चुनाव में लगाई जाएगी। साथ ही झूठी बात कहने के लिए ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी होगी।

## श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चलाएं पर्याप्त ट्रेन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** आयुक्त गौरव दयाल ने बुधवार को डीआरएम रेलवे यसएम शर्मा सहित रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। एडीए सभाकक्ष में आयोजित बैठक में रामनवमी मेले के दौरान श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए पर्याप्त संख्या में ट्रेन चलाने के लिए कहा। आरपीएफ व लोकल पुलिस को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के लिए कहा। जिससे कि रेलवे स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण में रहे। रेलवे स्टेशनों से श्रद्धालुओं को बस से अयोध्या के विभिन्न स्थानों पर पहुंचाने के लिए व्यवस्था का निर्देश दिया। बैठक में एआरएम रेलवे सचिन वर्मा, सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा, पुलिस अधीक्षक आरपीएफ मौजूद रहे। उन्होंने पॉवर कॉर्पोरेशन के अफसरों से निर्वाध विद्युत आपूर्ति, मेला परिसर में साफ सफाई, पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था के लिए संबंधित विभागों के अफसरों को निर्देश दिया। कहा कि रामनवमी मेले में विदेशों एवं विभिन्न प्रदेशों से बहुत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त मात्रा में होर्डिंग एरिया बनाएं। सभी राष्ट्रीय राजमार्गो से समीप पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था का निर्देश दिया।

**आयुक्त ने की रेल अफसरों के साथ बैठक**

फैजाबाद जीनियस इण्टर कॉलेज
14 कोसी परिक्रमा मार्ग, फत्तेपुर, कुशमाहा अयोध्या-224001
नर्सरी से इण्टरमीडिएट तक
प्रवेश प्रारम्भ-2024-25
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
(हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम एन0सी0ई0आर0टी0 पद्धति पर शिक्षा की उत्तम व्यवस्था)
(छात्रावास की व्यवस्था)
डॉ.जी.सी. यादव
प्रधानाचार्य
कॉलेज, कोड-621440
Email-id: gicfaizabad@gmail.com
सम्पर्क सूत्र- 8953649647, 6388304284, 9450018646





**रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.31 बजे
इफ्तार : 06.31 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.27 बजे
इफ्तार : 06.13 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

**एक नजर**

### कंट्रोल रूम में लगाई ड्यूटी

**अयोध्या, अमृत विचार :** चैत्र रामनवमी मेला के लिए कंट्रोल रूम अंतर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय में बनाया जाएगा। डीएम नितीश कुमार ने इसके लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लागई है। कन्ट्रोल रूम में ड्यूटी आठ अप्रैल से भीड़ समाप्ति तक रहेगी। इसमें विभिन्न विभागों के कर्मचारी शामिल है। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी नगर/मेलाधिकारी सलिल कुमार पटेल ने दी।

# नगर पंचायत खिरौनी में हंगामा, आरोप-प्रत्यारोप

## कथित भ्रष्टाचार पर अध्यक्ष व ईओ आमने-सामने, चेयरमैन के परिजनों के आने पर रोक की लगा दी नोटिस

सोहावल, अयोध्या

**अमृत विचार :** नवसृजित नगंर पंचायत खिरौनी में बुधवार को जमकर हंगामा हुआ। कथित भ्रष्टाचार को लेकर चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी आमने-सामने आ गए। सभासदों ने हंगामा शुरू कर दिया। दोनों पक्षों से हाल में काफी देर तक तीखी झड़पें हुई। आरोप-प्रत्यारोप लगे। स्थिति गंभीर हो इसके पहले लोगों ने बीच बचाव करके मामला शांत कराया।

चेयरमैन और ईओ के बीच शीतयुद्ध काफी दिनों से चल रहा है। ताजा मामला 100 बोरी चूना की खरीद का है। अध्यक्ष रेशमा देवी और उनके पति राम सुमेर का आरोप है कि 100 की जगह 190 बोरी चूने के भुगतान के लिए ईओ ने बिल भेज दिया। इस पर उन्होंने भुगतान रोक दिया गया। चेयरमैन रेशमा भारती के साथ उनके पति राम सुमेर भारती ने बुधवार को दोपहर बाद सभासदों को नगर पंचायत कार्यालय में बैठक के लिए बुलाया। चूने की खरीद में की गई कथित हेराफेरी को लेकर जिला अधिकारी तक की गई शिकायत सहित कई अन्य मामलों को रखा। बैठक में ईओ सचिन कुमार चौधरी भी मौजूद थे। ईओ अपनी सफाई दे ही रहे थे कि कुछ सभासदों ने वीडियो बनाना शुरू कर दिया। जिस पर ईओ भड़क गए और यह कहकर चलते बने कि लिखापढ़ी में ही जवाब दूंगा। सभासदों फरीद अहमद, अंकुर, राम सहाय आदि ने ईओ का घेराव किया हंगामा और दोनों पक्षों में तीखी नोकझोक हुई। ईओ बाहर निकल गए।



चेयरमैन के पति और ईओ के बीच होती नोकझोंक व मौजूद सभासद। अमृत विचार

### चस्पा कर दिया नोटिस

नगर पंचायत के बाहर दीवार पर नोटिस चस्पा किया गया है। यह नोटिस दो मार्च से ही चस्पा है। कहा गया है कि चेयरमैन प्रतिनिधि व उनके परिवार का संख्या बल में कार्यालय में आना वर्जित है। आदेश का अनुपालन न करने की दशा में विधिक कार्यवाही की जाएगी।



चस्पा नोटिस

### हंगामे के पीछे कई अन्य कारण भी

चेयरमैन रेशमा देवी और उनके पति रामसुमेर का आरोप है कि बगैर उनकी जानकारी के ईओ ने पंचायत में दो तीन कर्मचारी रख लिए हैं। वह बिना जानकारी दिए टेंडर निकाल देते हैं। लगभग चार करोड़ का टेंडर निकाला गया। बिना स्वार्थपूर्ति के उनका वर्क आर्डर जारी नहीं किया। वार्डो में काम नही हो पा रहा है। बैठक में बुधवार को सभासदों ने वर्क आर्डर जारी न होने का मुद्दा उठाया तो ईओ तिलमिला गए और बाहर निकल गए। मनमानी पर रोक का प्रयास किया तो बाहर नोटिस चस्पा कर दिया। दखल न देने की बात कहते हैं। चूने का अनियमित भुगतान कराकर वह पॉवर सीज कराने की साजिश कर रहे हैं।

> चेयरमैन के आरोप बेबुनियाद है। शिकायत हुई है तो लिखापढ़ी में जवाब दूंगा। दबाव बना कर मुझसे गलत नही कराया जा सकता। शासन की मंशा और नियमत : ही विकास के कार्य कराए जाएंगे। शासनादेश के खिलाफ काम नहीं होगा। अभी मैं डीएम कार्यालय में हूं। बाद में बात होगी। - **सचिन कुमार, ईओ, नगर पंचायत खिरौनी।**

### चेयरमैन ने ईओ से बताया जान का खतरा, दी तहरीर

सुचित्तागंज नगर पंचायत में हुए घटनाक्रम के बाद बुधवार शाम नगर पंचायत चेयरमैन रेशमा भारती ने ईओ से जान-माल का खतरा बताते हुए तहरीर दी है। रौनाही थानाध्यक्ष को दी गई तहरीर में नगर पंचायत चेयरमैन ने कहा है कि अधिशासी अधिकारी द्वारा बड़े पैमाने पर अनियमितता की जा रही है। मेरे द्वारा खरीद से जुड़ी पत्रावली मांगे जाने पर ईओ ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए, उनके विरुद्ध फर्जी रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए सरकारी अभिलेखों को क्षतिग्रस्त करने लगे। वहां मौजूद मनोज कुमार, अंशु व जीतेन्द्र कुमार द्वारा बीच बचाव किया गया। आरोप है कि ईओ द्वारा जानमाल की धमकी भी दी गई। एसओ पंकज सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच की जा रही है।

# गर्भगृह में अनुष्ठान, कनक भवन में गूंजेगी बधाइयां

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली रामनवमी में राम मंदिर श्रद्धालुओं के लिए केंद्र बिंदु होगा। इसके पहले नौ अप्रैल से शुरू हो रहे रामनवमी महोत्सव में पांच हजार मंदिरों में अनुष्ठान और बधाई गायन, नृत्य, लीला उत्सव और रामकथा का आयोजन कराया जाएगा। सभी मंदिरों में इसकी तैयारी की जा रही है। जन्मोत्सव मनाए जाने को लेकर नौ अप्रैल से 10 दिवसीय आयोजन मठ मंदिरों में शुरू होगा। राम जन्मभूमि परिसर को फूलों से सजाया जाएगा और गर्भगृह में कलश स्थापना के साथ अनुष्ठान की शुरुआत होगी। अयोध्या के प्रमुख मंदिर दशरथ महल, कनक भवन, रामहर्षण कुंज, जानकी महल, हनुमान बाग, राम वल्लभा कुंज, मणिराम छावनी सहित अन्य मंदिरों में राम कथाओं का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी पहुंचेंगे। दशरथ महल के महंत बिंदुगद्यचार्य देवेंद्र प्रसादाचार्य ने कहा कि दशरथ महल इस उत्सव का मुख्य स्थान है। नौ अप्रैल से राम कथा का आयोजन किया जाएगा। 17 अप्रैल को जन्मोत्सव पर बधाई गायन, नृत्य और लीलाओं का भी आयोजन किया जाएगा। 18 अप्रैल को अंतिम दिन भक्तों को प्रसाद वितरित किया जाएगा। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने बताया कि इस वर्ष भी कनक भवन और अन्य मंदिरों में बधाई गायन और नृत्य उत्सव होगा। राम जन्मभूमि परिसर में इस उत्सव की एक अलग छटा दिखेगी। ट्रस्ट तैयारी कर रहा है।

**▸▸ रामनवमी पर 10 दिन तक पांच हजार मंदिरों में रहेगी उत्सव की धूम**

# रामनवमी मेला : भक्ति पथ पर लग रहे रंग-बिरंगे कैनोपी

**अयोध्या। अमृत विचार :** रामनवमी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को तेज धूप से बचाने के लिए भक्ति पथ से हनुमानगढ़ तक आकर्षक रंगीन कपड़ों से छायादार कैनेपी लगाए जा रहे हैं। मंडलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार और विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार ने बुधवार को संयुक्त रूप से रामपथ और भक्ति पथ का निरीक्षण किया। श्रृंगारघाट बैरिया से हनुमानगढ़ तक जाने वाले मार्ग पर भीड़ नियंत्रण के लिए अटैम्ड बैरियर और चार लाइनों में रेलिंग लगाई जाने की व्यवस्था को सात अप्रैल तक पूरा करने का निर्देश दिया है। हनुमान गढ़ी के प्रमुख साधु संतों से भी मुलाकात कर मंदिर परिसर में बढ़ाये जाने वाले व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मंडलायुक्त ने बताया कि भक्ति पथ पर धूप से बचाव के लिए एक समान ऊंचाई पर पर्दों से कैनोपी को तैयार कर रहे हैं। जो देखने में वह सुंदर भी लगे और धूप से श्रद्धालुओं का बचाव करे। चार से पांच दिन में पूरे मार्ग को कैनेपी से ढक दिया जाएगा।



भक्तिपथ का निरीक्षण करते मंडलायुक्त गौरव दयाल व आईजी प्रवीण कुमार।

# एक्सपायरी दवा देने पर नवजीवन मेडिकल सेंटर सील

सोहावल, अयोध्या

**असर** | **अमृत विचार ने प्रमुखता से खबर का किया था प्रकाशन**

**अमृत विचार :** पथरी के इलाज में मरीज को एक्सपायरी दवाएं देना मेडिकल सेंटर को भारी पड़ गया। मामले की शिकायत और अमृत विचार में खबर का प्रमुखता से प्रकाशन होने के बाद एसडीएम की मौजूदगी में बुधवार को पहुंची टीम ने रौनाही पड़ाव स्थित नवजीवन मेडिकल सेंटर को सील कर दिया।

मुबारकगंज निवासी युवक संजय कुमार को पथरी के इलाज में एक्सपायरी डेट की दवाएं देने और जानकारी होने पर वापस न लेने की शिकायत के बाद बुधवार को दोपहर 12 बजे स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापा मार दिया। उपजिला अधिकारी अशोक कुमार सैनी की मौजूदगी में डिप्टी सीएमओ डॉ. डीके शर्मा, मेडिकल अफसर सोहावल प्रेमचंद के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ओपीडी, ऑपरेशन रूम, लेबर रूम, मरीज कक्ष, मेडिकल स्टोर आदि की गहन जांच-पड़ताल की। कमरों में गन्दगी मिली। इसके अलावा दवाएं तक बिखरी मिलीं, जिसे देख स्वास्थ विभाग के अधिकारी हैरान रह गए। सेंटर में एक भी मरीज भर्ती नहीं मिला। केंद्र का रिन्यूवल तक न मिलने से मेडिकल सेंटर सील कर चिकित्सक और प्रबंधक को नोटिस थमा दिया गया है। प्रबंध तंत्र को सेंटर बंद कर एक माह के अंदर जबाव देना होगा। उत्तर संतोष जनक न मिलने पर केस दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई किए जाने की बात कही गई है।



मरीज को दीं पथरी की एक्सपायरी दवाएं, जांच शुरू

तीन अप्रैल को प्रकाशित समाचार।



मेडिकल सेंटर सील करते डॉ.डीके शर्मा।

**सार-संक्षेप**

### दो दिन कई क्षेत्रों में सात घंटे बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**अयोध्या, अमृत विचार :** निर्माणाधीन 220 केवी दर्शन विद्युत उपकेन्द्र, दर्शन नगर, अयोध्या को पोषित करने हेतु निर्माणाधीन 220 केवी दर्शन नगर-सोहावल लाइन में तार खींचने का कार्य पांच और छह अप्रैल को किया जाना प्रस्तावित है। इस कार्य को करते समय नीचे से गुजरने वाली 33 केवी नियांवा, मक्खापुर, श्रीराम हॉस्पिटल की विद्युत आपूर्ति पांच अप्रैल को सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक बाधित रहेगी। इसके अतिरिक्त छह अप्रैल को 33 केवी राम की पैड़ी, अमानीगंज, पोषक की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक बाधित रहेगी। इसके अलावा 33 केवी नियांवा, मक्खापुर, श्रीराम हॉस्पिटल की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक बाधित रहेगी। यह जानकारी अधिशासी अभियन्ता विघुत वितरण खंड प्रथम प्रदीप कुमार वर्मा ने बुधवार को दी।

### पीडब्ल्यूडी वर्क चार्ज कर्मचारी संघ ने ली शपथ



पद एवं गोपनीयता की शपथ लेते संघ के पदाधिकारी।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** सर्किट हाउस में बुधवार को पीडब्ल्यूडी नियमित वर्क चार्ज कर्मचारी संघ का शपथग्रहण और होली मिलन समारोह हुआ। पूर्व में हुए संगठन के चुनाव में चुने गए पदाधिकारियों को पद की शपथ दिलाई गई। शपथ लेने वाले में क्षेत्रीय अध्यक्ष जगदीश प्रसाद तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार साहू, उपाध्यक्ष अब्दुर्रहमान, राघवराम, संयुक्त मंत्री मंसाराम, रामराज मौर्य, अजय कुमार, संगठन मंत्री अमित कुमार वर्मा, अनिल कुमार, जितेंद्र कुमार सिंह शामिल रहे। इसके साथ ही कार्यकारिणी सदस्य में प्रमोद कुमार, सुमित कुमार मौर्य, सियाराम यादव, सुरेश कुमार अनिरुद्ध यादव, मानिक लाल, बाबूराम, ज्ञानचंद, विजय कुमार पांडे, देवीदीन यादव, घनश्याम यादव आदि लोगों को शपथ दिलाई गई। नवनिर्वाचित क्षेत्रीय अध्यक्ष जगदीश प्रताप तिवारी ने कहा कि संगठन द्वारा दिए गए दायित्व को पूरी निष्ठा और लगन से निभाने का कार्य करेगें।

### पॉक्सो एक्ट में आरोपी दोष मुक्त

**अयोध्या, अमृत विचार :** नित्यक्रिया के लिए गई किशोरी से अश्लील हरकत करने के मामले में कोर्ट ने आरोपी केशव राम को उस पर लगाए गए पॉक्सो एक्ट व अश्लील हरकत के आरोप से दोष मुक्त कर दिया। यह फैसला विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट नूरी अंसार की अदालत से बुधवार को हुआ। अधिवक्ता इल्तिफात अहमद तथा हेमंत यादव ने बताया कि घटना पूराकलंदर थाना क्षेत्र के एक गांव की 18 जुलाई 2020 की है। यहां की एक किशोरी पलिया गोवा गांव के रहने वाले केशव राम के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई थी। अदालत में बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं का तर्क था कि किशोरी ने बाग से आम चोरी किए थे। देखने पर केशव ने आम छीन लिए थे। इसीलिए अपमानित होकर उसने फर्जी फसाया। इसी का लाभ आरोपी को मिला।

### वैदिक ज्ञान वर्तमान में भी प्रासंगिक : विधायक



यज्ञोपवीत संस्कार में बटुकों के साथ रुदौली विधायक रामचन्द्र यादव।

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** सामाजिक न्याय के सिद्धांत पर की जाने वाली बहस से निकलने वाले सार से बदलाव की शुरुआत होती है। वैदिक ज्ञान आज भी प्रासंगिक है। यह बातें शांति निकेतन संस्कृत महाविद्यालय सुदामापुरी में आयोजित सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार एवम् विद्वत सम्मेलन में विधायक रामचंद्र यादव ने कहीं। उन्होंने सनातन धर्म के प्रचार प्रसार पर गोष्ठी के आयोजन पर बल दिया। श्री कृष्णानंद हिंदी संस्कृत महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य जय राम पांडे ने संस्कृत भाषा को आमजन की भाषा बनाए जाने की दिशा में काम किए जाने पर बल दिया। पूर्व प्राचार्य गिरजा शंकर पांडेय ने कहा अखंड भारत की बोलचाल की भाषा संस्कृत को अंग्रेजों के विदेशी आक्रांताओं ने मिटाने की हर संभव कोशिश की है। सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार एवम विद्वत सम्मेलन में 14 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार वैदिक रीति रिवाज के साथ आचार्य रविकांत मिश्र ने कराया। प्राचार्य कन्हैया लाल मिश्र, अरविंद रावत, विकास मिश्र, रजनीश मिश्र, बब्बन शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### ससुराल आई विवाहिता का लटका मिला शव

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** कोतवाली के ग्राम गौरियामऊ में बुधवार सुबह एक नव विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला। उसका विवाह 11 माह पहले गौरियामऊ के देवी दयाल से हुआ था। होली के बाद रीता अपनी ससुराल आई थी। पति देवी दयाल छह माह से सूरत में छोटे भाई के साथ रह रहा है। ससुर बड़कू यादव ने बताया कि बुधवार सुबह बहू के कमरे का दरवाजा नहीं खुला। कुंडी तोड़ने पर फंदे से उसका शव झूलता मिला। कोतवाल देवेंद्र सिंह ने बताया की शव का पंचनामा नायब तहसीलदार रुदौली अनूप की मौजूदगी में कराया गया। अभी मायके वालों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली।

# आग लगने से जिंदा जलीं 27 बकरियां, आठ झुलसी

पूराबाजार, अयोध्या

**▸▸ बकरियों को मच्छरों से बचाने के लिए किया गया धुंआ बन गया काल**

**अमृत विचार :** महराजगंज थाना क्षेत्र के जानापुर गांव में मंगलवार रात आग की चपेट में आकर 27 बकरियों की जिंदा जल कर मौत हो गई। आठ बकरियां बुरी तरह झुलस गईं। बताया जाता है कि बकरियों को मच्छरों के प्रकोप से बचाने के लिए किया गया धुआं ही बकरियों के लिए काल बन गया।

थाना महाराजगंज क्षेत्र के पुलिस चौकी पूरा बाजार अंतर्गत ग्राम जानापुर निवासी लल्लन निषाद ने बताया कि छप्पर में बकरियां बांधी थी। बकरियों को मच्छर न लगे इसलिए मंगलवार रात धुआं किया गया था। तेज हवा के कारण आग लग गई और छप्पर को चपेट में ले लिया। छप्पर में बंधी 27 बकरियां जिंदा जल गई जबकि आठ बकरियां झुलस गईं हैं। जिनका इलाज चल रहा है। थाना अध्यक्ष महाराजगंज अमरजीत सिंह ने बताया कि फायर ब्रिगेड को सूचना देकर घटनास्थल पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड व ग्रामीणों के सहयोग से जब तक काबू पर पाया जाता तब तक बकरियां जल चुकी थी। उन्होंने बताया कि तहसील प्रशासन को सूचना दी गई है।

# निर्धारित से अधिक शुल्क वसूली पर बंद होगा ताला

अयोध्या कार्यालय

**▸▸ डीआईओएस ने सभी बोर्ड से मान्यता प्राप्त स्कूलों को जारी किया नोटिस**

**असर**

**अमृत विचार :** नए शैक्षिक सत्र में अभिभावकों की विभिन्न समस्याओं को उजागर करतीं हुई बुधवार को 'अमृत विचार' में प्रकाशित खबर का बड़ा असर हुआ है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने इसका संज्ञान लेते हुए प्रवेश शुल्क समेत विभिन्न मदों में बेतहाशा वसूली पर अंकुश लगाने के सभी बोर्ड से मान्यता प्राप्त स्कूलों को कड़ा नोटिस जारी किया है। चेतावनी दी है कि यदि नियमों का पालन नहीं किया गया तो संबधित स्कूल की मान्यता समाप्त कर दी जाएगी। इसे लेकर जहां अभिभावकों ने राहत की सांस ली है वहीं स्कूल संचालकों में हड़कंप मच गया है।

'अमृत विचार' के अयोध्या संस्करण के अंक में पेज दो पर बुधवार को 'खुल गए स्कूल, अभिभावकों की जेब पर बोझ बढ़ा' शीर्षक से खबर प्रकाशित की। इसके बाद जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या ने खबर का संज्ञान लेकर यूपी बोर्ड, सीबीएसई और आईसीएससी से मान्यता प्राप्त सभी स्कूलों को नोटिस जारी कर दिया। जारी नोटिस में कहा गया है कि संज्ञान में आया है यूपीबोर्ड, सीबीएसई और आईसीएससी से मान्यता प्राप्त विद्यालय अपने विद्यालय में छात्र/छात्राओं के प्रवेश के समय बोर्ड द्वारा निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क लिया जा रहा है। इतना ही नहीं अभिभावकों को शुल्क की रसीद भी नहीं दी जाती है।



खुल गए स्कूल, अभिभावकों की जेब पर बोझ बढ़ा

तीन अप्रैल को पेज दो पर प्रकाशित खबर।

### बोर्ड पर चस्पा करें शुल्क

जिले के समस्त बोर्ड के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया गया है कि वह अपने विद्यालय में बोर्ड द्वारा निर्धारित समस्त शुल्क को अपने विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर पेंट अथवा फ्लैक्स बोर्ड द्वारा अंकित करें। इसके अलावा साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त शुल्क विद्यालय प्रबंधन द्वारा कदापि न लिया जाय। चेतावनी दी है कि निर्देशों के पालन न करने की स्थिति में यदि प्रकरण प्रकाश में आता है तो सीबीएसई, आईसीएससीहबोर्ड की एनओसी विभाग से निरस्त कराने की कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा यूपीबोर्ड के विद्यालयों के मान्यता प्रत्याहरण की कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

> किसी भी दशा में अभिभावकों को प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। सभी स्कूलों को नोटिस जारी किया है और निगरानी भी कराई जा रही है। यदि कहीं गड़बड़ी मिली तो कार्रवाई की जाएगी। -**डॉ. राजेश कुमार आर्या, जिला विद्यालय निरीक्षक**

**सूरत-ए-हाल** | **लिखापढ़ी तक सिमटा सेना की अधिसूचित भूमि का मामला, सभी पक्षों ने पत्र जारी किए, लेकिन कार्रवाई सतह पर नहीं दिखाई पड़ी**

# 128 दिन बीत गए, हो सकती है आदेश के अवमानना की कार्रवाई

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** सरयू की कछार में सेना के लिए अधिसूचित भूमि को लेकर कोई कार्रवाई सतह पर नहीं आई। हाईकोर्ट के आदेश को लगभग 128 दिन बीत गए। पत्र जारी कर बचाव की पेशबंदी की गई और अधिसूचित 13,391 एकड़ भूमि का मामला लिखापढ़ी तक सिमट गया। अब न्यायालय के आदेश के अवमानना की कार्रवाई हो सकती है।

मामला सोहावल और सदर तहसील के सरयू के किनारे वाले क्षेत्रों का है। सदर तहसील में छावनी क्षेत्र से सोहावल तहसील क्षेत्र के कोटसराय गांव तक के 14 गांवों की 13,391 एकड़ जमीन सेना के लिए अधिसूचित है। राज्यपाल की ओर से युद्धाभ्यास और खुले क्षेत्र में गोला चलाने, तोप दागने का अभ्यास (अधिनियम संख्या-5 सन् 1938) के तहत 20 जनवरी 2021 को पांच साल के लिए प्राधिकृत किया गया है। इस जमीन पर भू-माफिया ने काश्तकारों के साथ मिलकर जमीन की खरीद फरोख्त की, कॉलोनी विकसित करके अतिक्रमण शुरू कर दिया। इसकी शिकायत जिलाधिकारी सहित अन्य अफसरों से की गई। सुनवाई नहीं हुई तो मामला हाईकोर्ट लखनऊ पहुंचा। पीआईएल दाखिल हुई। आदेश हुआ। उसके बाद मामले में तीन पक्ष सामने आए। जिला प्रशासन, अयोध्या विकास प्राधिकरण और सेना। सभी पक्षों ने पत्र जारी किए, लेकिन कार्रवाई सतह पर नहीं दिखाई पड़ी।

### ये है हाईकोर्ट का आदेश

24 नवंबर 2023 को हाईकोर्ट की डबल बेंच ने आदेश पारित किया कि 13,391 एकड़ भूमि को खास उद्देश्य के लिए सुरक्षित किया गया है। इस भूमि पर अतिक्रमण पर प्रारंभिक तौर पर रक्षा मंत्रालय (सेना) द्वारा स्वयं देखभाल की जाएगी। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की अनुमति नहीं दी जा सकती, अन्यथा वह कानून की अवमानना होगी। अयोध्या विकास प्राधिकरण से भूमि के स्वामित्व का उचित परीक्षण कराए बिना प्लान स्वीकृत नहीं किया जाएगा।

### अतिक्रमण हटाने में मदद को लगाए दो मजिस्ट्रेट

डीएम नितीश कुमार ने 19 फरवरी 2024 को सेना को पत्र भेजा। हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि अधिसूचित भूमि के किसी भी हिस्से के अतिक्रमण की देखभाल मुख्य रूप से सेना के द्वारा ही की जानी है, लेकिन किसी भी मामले में यदि अतिक्रमण हटाने के लिए नागरिक प्रशासन का सहयोग मांगा जाता है तो सेना को आवश्यक सहायता दी जाएगी। उन्होंने अतिक्रमण को चिंहित करके अवगत कराने के लिए कहा। बताया कि अतिक्रमण हटाए जाने में सहयोग के लिए सदर और सोहावल तहसील के उपजिलाधकारियों को नामित कर दिया गया है।

### सामने आई अतिक्रमण व अवैध प्लाटिंग की बात

हाईकोर्ट के आदेश के बाद सेना की ओर से दो दिसंबर 2023 और पांच जनवरी 2024 को डीएम नितीश कुमार को पत्र भेजा गया। मांझा फील्ड फायरिंग रेंज में पहले से जमीन पर अतिक्रमण व अवैध प्लाटिंग की बात कही गई। आग्रह किया कि अधिसूचित भूमि से अतिक्रमण हटवाने के लिए जरूरी कार्रवाई की जाए। लोकल मिलेट्री अथॉरिटी को अतिक्रमण हटवाने के लिए जेसीबी के साथ संबंधित अधिकारी, पुलिस और क्षेत्रीय लेखपाल के लिए भी आग्रह किया गया। हालांकि सेना की ओर से अवैध कब्जे के निस्तारण को सेना के दायरे में न आने की बात भी कही गई।

### अधिसूचित भूमि पर नक्शा नहीं पास करेगा एडीए

अयोध्या विकास प्राधिकरण ने 24 दिसंबर 2023 को आम लोगों की जानकारी के लिए पत्र जारी किया। कहा कि सदर और सोहावल तहसील क्षेत्र के 14 गांवों के 13,391 एकड़ जमीन सेना के लिए प्राधिकृत है। तत्कालीन उपाध्यक्ष विशाल सिंह व सचिव सत्येंद्र सिंह की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ के पीआईएल संख्या-1094 में इस आशय का आदेश पारित किया गया है। इसके मद्देनजर इन क्षेत्रों में एडीए से मानचित्र स्वीकृत नहीं किया जाएगा।

### इन गांवों में है अधिसूचित भूमि

सोहावल और सदर तहसील के मांझा जमथरा, रजौली, छावनी गौरा बारिक, गौरा पट्टी, मांझा तारापुर, मांझाकला, चक गौरा पट्टी, तोगपुर, हाजीपुर सिंहपुर, मुमताजनगर, बनबीरपुर, घाटमपुर, कोटसराय, फतेहपुर सरैया उपरहर, फतेहपुर सरैया गांव में अधिसूचित भूमि के गाटे स्थित हैं।

## सार-संक्षेप


छात्र-छात्राओं के दल को रवाना करते प्राचार्य प्रो. परेश कुमार पांडेय।

### भौगोलिक भ्रमण के लिए छात्र-छात्राओं का दल ओडिशा रवाना

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** बाबा बरुआदास पीजी कॉलेज परुइया आश्रम अम्बेडकरनगर से छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकों का दल भौगोलिक भ्रमण के लिए ओडिशा को रवाना हुआ। प्राचार्य प्रो. परेश कुमार पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया। भूगोल विभाग के सहायक आचार्य आलोक यादव के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं का दल ओडिशा के सामाजिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक अध्ययन हेतु जा रहा है। इस भ्रमण दल में भूगोल विभाग के डॉ. शंभूनाथ प्रजापति, गुंजन सिंह, विवेक कुमार शुक्ल तथा विपिन कुमार शामिल हैं। भ्रमण दल को यात्रा की सफलता और मंगलमयता की शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए प्राचार्य प्रो. पांडेय ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण हमारे देश की भौगोलिक, सांस्कृतिक विविधता और विरासत को जानने तथा संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उक्त अवसर पर अनिल केसरी, आशीष शर्मा सहित समस्त विद्यालय कर्मचारी मौजूद रहे।

### दिल का दौरा पड़ने से घूरीटीकर प्रधान प्रतिनिधि का निधन

**रामपुर भगन, अयोध्या। अमृत विचार:** क्षेत्र के ग्राम पंचायत घूरीटीकर के प्रधान प्रतिनिधि रहे ओमकार गुप्ता का बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनकी मौत की खबर से मृतक परिजनों ने गांव वासियों सहित साथी प्रधानों में शोक छा गया। बड़ी संख्या में लोगों ने उनके आवास पहुंच कर श्रद्धांजलि दी।

### पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से लगाई न्याय की गुहार

**मालीपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** मालीपुर थाने के गेट के बगल स्थित दस्तावेज लेखक रमाशंकर पाल की पांच विश्वा बेश कीमती जमीन में से जलालपुर तहसील के महमदपुर हमजा गांव में तैनात महिला लेखपाल गुलनाज बानो द्वारा वर्ष 2019 में 616 स्क्वायर फीट का बैनामा कराया गया। लेकिन इस बात की जानकारी परिवारजनों को रमाशंकर की आकस्मिक मौत के बाद हुई। इस भूखंड के शेष जमीन पर लगभग 5000 स्क्वायर फीट में रमाशंकर पाल ने मकान का निर्माण कराया है। बैनामा जमीन में जाने का कोई रास्ता न होने के कारण गुलनाज बानो ने तहसील प्रशासन की मदद से मकान के मुख्य गेट पर ताला लगवा दिया। मकान के मुख्य गेट पर लगे ताले को खुलवाने के लिए प्रवेश कुमार पाल पुत्र स्वर्गीय रमाशंकर पाल ने उच्च अधिकारियों से गुहार लगाई। लेकिन कोई सुनवाई न होने पर वह भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य कृष्ण कुमार मिश्रा से मिले कृष्ण कुमार मिश्रा और भाजपा के एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे, उप जिलाधिकारी जलालपुर से बात कर इस मामले में हस्तक्षेप करके पीड़ित को तत्काल न्याय दिलाने की मांग किया। जिस पर उप जिलाधिकारी सुभाष सिंह व तहसीलदार संतोष कुमार और मालीपुर थाना अध्यक्ष शिवांगी त्रिपाठी ने दोनों पक्षों को मंगलवार को थाने पर बुलाकर समझाने बुझाने का प्रयास किया। लेकिन कोई हल न निकलने पर उप जिलाधिकारी जलालपुर सुभाष सिंह ने मकान के मुख्य गेट पर लगे ताले की चाबी को थाने पर जमा कर लिया है।

### पुलिस ने तीन लोगों पर की कार्रवाई

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जिला मजिस्ट्रेट के अनुमोदन पर मालीपुर थाना अध्यक्ष ने तीन लोगों के विरुद्ध गिरोह बंद अधिनियम के तहत कार्यवाही किया है। मालीपुर थाना क्षेत्र के श्यामपुर, दरियापुर निवासी शिवपूजन कुमार, रवि कुमार और अखिलेश एक संगठित अपराधिक गोलबंद गिरोह है जो अपने और अपने गिरोह के सदस्यों को आर्थिक, भौतिक और अन्य प्रकार के लाभ के लिए गिरोह बनाकर राह चलते हुए राहगीरों को रास्ते में रोककर असलहा के बल पर लूटपाट जैसे जघन्य अपराध को करते हैं। इस अपराधिक कृत्य से आम जनमानस में भय व्याप्त है, जिससे आम लोगों में काफी आक्रोश भी है। ऐसे अपराधियों को समाज में स्वतंत्र विचरण करना जनहित में नहीं है। उक्त अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए गैंग चार्ट मॉडल अधिकारी पुलिस अधीक्षक द्वारा तैयार कर अनुमोदन के लिए भेजा गया था। इस गिरोह द्वारा 16 सितंबर 23 को थाना क्षेत्र के और अन्य क्षेत्रों में राहगीरों को रोककर असलहा के बल पर लूटपाट करने जैसा जघन्य अपराध किया गया। उनके विरुद्ध स्थानीय थाने पर कई आपराधिक मामलों में मुकदमा पंजीकृत है। इन तीनों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश गिरोह समाज विरोधी क्रियाकलाप अधिनियम के तहत कार्रवाई किया गया है।

### महिला को बंधक बनाकर चोरों ने जेवरात किया पार

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** आलापुर थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थम नहीं रही हैं। चोरों ने बीती रात सराय गांव की प्रियंका पांडेय को बंधक बनाकर चैन, अंगूठी और छह हजार रुपए नगदी को उड़ा दिया। घटना के समय प्रियंका घर पर अकेली थी। छत के सहारे घर में घुसते चोरों को पीड़िता ने देख लिया था। इसके बाद पांच की संख्या में रहे चोरों ने प्रियंका पांडेय के हाथ पैर और मुंह को बांधकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। इसी थाना क्षेत्र के सराय गालिबपुर दुमदमा में चोरों ने विजय बहादुर यादव के घर में घुसकर 35 हजार की कीमत की चैन, अंगूठी और अन्य सामानों से अपने हाथ साफ किए। पीड़ित के मुताबिक चोरों ने लगभग 70 हजार रुपए का माल पार किया है। चोरों ने अभी हाल ही में बटेलीपुर गांव में ब्रह्मदत्त भारती के घर को निशाना बनाकर लाखों रुपए के सामान और नगदी को उड़ाया था। इसके पहले चोरों ने महाराजगंज थाने में निरीक्षक पद पर तैनात आलापुर थाना क्षेत्र के ख्वाजे बड़ापुर गांव निवासी जयराम यादव के घर में घुसकर जेवरात और नगदी समेत लगभग पांच लाख रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया था। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### श्री बाला जी महाराज का सवामनी हवनोत्सव संपन्न

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** नगर के हकीम क्लब ग्राउण्ड में श्री बाला जी भक्त मण्डल टाण्डा के तत्वावधान में आयोजित श्री बाला जी महाराज का सवामनी हवनोत्सव परम्परागत तरीके से मंगलवार को धार्मिक वातावरण में देर रात में सम्पन्न हुआ। महोत्सव में श्री बाला जी सरकार के भव्य दरबार का आलौकिक श्रृंगार कर वैदिक मंत्रोच्चार से पूजन कर दीप प्रज्वलित किया गया। मंगलवार सुबह श्री बाला जी भक्त मण्डल टाण्डा के संयोजन में श्री बाला जी महाराज का सवामनी हवनोत्सव की शुरुआत अखण्ड ज्योति प्रज्वलित कर श्री बाला जी सरकार को छप्पन भोग का प्रसाद अर्पित किया गया। भोग व पूजन के उपरान्त सुन्दर काण्ड पाठ हुआ। पाठ के समापन पर यज्ञ व भजन शुरू हुआ। जो शाम तक निरन्तर चलता रहा। लखनऊ से आये गायक कलाकारों ने गणेश वन्दना से भजन की शुरुआत की। गायक कलाकारों ने अपने भजनों की प्रस्तुति से लोगों को मन मुग्ध कर दिया। उत्सव का समापन आरती और भण्डारे के प्रसाद वितरण के साथ हुआ। जो देर रात तक अनवरत चलता रहा। महोत्सव के सहयोग में रमापति गुप्ता, कृष्ण गोपाल गुप्ता, पप्पू यादव, सुदीप शुक्ल, संजीव जायसवाल, आनन्द तिवारी, अंशू बग्गा, भाजपा नेता प्रमोद गुप्ता, अजय सोनी, राहुल चौरसिया, मोतीलाल आदि का रहा। कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा सीओ शुभम कुमार व कोतवाल दीपक सिंह रघुवंशी ने लिया। कार्यक्रम में भारी पुलिस बल लगाया गया था।

# ट्रेन ट्रैक पर, क्रॉसिंग पर लगा जाम

## रूक-रूक कर तीन बार सायरन के बाद बंद हो पाया गेट, आए दिन लगता है जाम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** स्टेशन से ट्रेन छूटने के लिए तैयार है। क्रॉसिंग बंद करने के लिए सायरन बज रहा है। गेट नीचे की ओर आधा झुक गया है। लेकिन काफी देर बाद क्रॉसिंग पर वाहनों के जाम के चलते बैरियर गिर नहीं पाया, फिर उठाना पड़ा। ट्रेन रोकनी पड़ी। सायरन बंद कर दिया गया ऐसा तीन बार हुआ तो चौथी बार में किसी तरह गेट बंद हो पाया। और ट्रेन जा पाई।

यह दृश्य सोहावल बाजार की रेलवे क्रॉसिंग पर बुधवार को दिन में लगभग साढ़े 12 बजे का है। एक मालगाड़ी पास करने के लिए बैरियर गिरा। ट्रेन पास हो गई। स्टेशन के दूसरे ट्रैक पर एक और इंजन के साथ कुछ डिब्बे खड़े थे। वाहनों को पास कराने के लिए गेट खुला। वाहन पास होने लगे। इसी दौरान फिर सायरन बजने लगा। बैरियर नीचे आने लगा लेकिन पूरा गिर नहीं पाया। कुछ देर तक इंतजार के बाद गेटमैन ने बैरियर उठा दिया। इंतजार किया, फिर बैरियर गिराने की कोशिश की। तीन बार प्रयास के बाद भी लंबे जाम के चलते बैरियर नहीं गिर पाया। इस दौरान ट्रेन रोकी गई। उसके बाद किसी तरह गेट बंद हो पाया तो ट्रेन को पास कराया गया। इस दौरान लोग खतरे के बीच पार जाते रहे। कर्मचारी परेशान रहे। क्रॉसिंग पर मौजूद राजेश कुमार ने कहा कि बड़ी दिक्कत है रोज ऐसा होता है। राम किशोर कहते हैं कि देर तक इंतजार के बाद लोग जाना चाहते हैं। जाम लगता है। खतरे का अंदेशा बन जाता है।


सोहावल रेलवे क्रॉसिंग पर लगा जाम। अमृत विचार


फूलों से सजा खाटू श्याम बाबा का दरबार। अमृत विचार

## बाबा श्याम के दरबार मची रे होली

**भेलसर, अयोध्या। अमृत विचार :** रुदौली में आयोजित श्रीश्याम महोत्सव के दूसरे चरण में मंगलवार रात श्री रामलीला मैदान पर बाबा श्याम का भव्य कीर्तन आयोजित किया गया। श्याम बाबा का भव्य दरबार सजा कर छप्पन भोग का प्रसाद लगाया गया। हजारों भक्तों द्वारा बाबा की ज्योति में आहुतियां दी गईं। गायक कलाकारों व संगीत देने वाले कलाकारों का श्री श्याम भक्ति मंडल के सदस्यों ने स्वागत किया। कीर्तन की शुरुआत गणेश वंदना के साथ हुई। वर्तिका तिवारी, कृष्णा दधीचि व आशीष चित्रवंशी ने कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो है, आयो सांवरियो सरकार, लीले पे चढ़ के, मुछा की मरोड़, ऐसो रोब है निरालो, सांवरिया सेठ दे दे, बाबा श्याम के दरबार मची रे होलीसहित एक से बढ़कर भजनों की प्रस्तुतियां दी। संचालन शैलेंद्र शर्मा ने किया। श्याम महोत्सव को सफल बनाने में दिनेश गुप्ता, लालजी अग्रवाल, राम जी अग्रवाल,बनारसी अग्रवाल, श्याम जी, शौर्य गर्ग आदि ने भूमिका निभाई।

# मानवाधिकार आयोग में मुख्तार की मौत पर केस

- सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी की पहल पर दर्ज हुआ मामला, जेल अधीक्षक ने पेश की रिपोर्ट
- जेल में बंद मुख्तार की 28 मार्च को हार्ट अटैक से हो गई थी मौत
- मुख्तार ने भोजन में स्लो प्वाइजन देने का लगाया था आरोप

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के मामले पर बवाल अभी थमने का नाम नहीं ले रहा है। जहां एक ओर सीजेएम के आदेश पर न्यायिक और जिलाधिकारी के निर्देश पर मामले की मजिस्ट्रेटीयल जांच की जा रही है, वहीं इस मामले पर सेवानिवृत्त आईपीएस और आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर की पहल पर मानवाधिकार आयोग में भी केस दर्ज हो गया है। हालांकि मानवाधिकार आयोग के समक्ष जेल अधीक्षक ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। मंडल कारागार में निरुद्ध पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की 28 मार्च की रात हार्ट अटैक से मौत हो गई। मौत के बाद जहां प्रशासनिक अमला सकते में आ गया, वहीं समाजसेवी संगठनों से लेकर राजनीतिक दलों तक ने माफिया की मौत पर संदेह जताते हुए मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की थी। उधर मुख्तार के परिजनों ने भी जेल प्रशासन पर हत्या का षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया था। इसके पहले मुख्तार ने बाराबंकी की अदालत में वकील के जरिए प्रार्थनापत्र देकर जेल प्रशासन पर भोजन के साथ 'स्लो प्वाइजन' देने का गंभीर आरोप लगाया था। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष रिटायर्ड आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने भी मानवाधिकार आयोग को शिकायत भेज कर मौत के हालातों की बिंदुवार जांच कराने की मांग उठाई थी। शिकायत में ठाकुर ने मुख्तार के मौत के दो दिन पहले बीमार होने पर प्रशासन उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती तो कराया लेकिन उपचार के बाद उसे वापस जेल भेज दिया गया। इसके बाद 28 मार्च को उसकी तबीयत और अधिक खराब हो गई और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। ठाकुर का कहना है कि मामले में कई ऐसे तथ्य हैं, जिससे मौत का मामला संदिग्ध प्रतीत होता है। मानवाधिकार आयोग ने ठाकुर की शिकायत और जेल अधीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर केस संख्या 6183/24/12/2024 जेसीडी दर्ज कर लिया है।

### मुख्तार की मौत पर दो जांच कमेटियां सक्रिय

मंडल कारागार में बंद रहे माफिया मुख्तार अंसारी की मौत पर गठित दो जांच कमेटियां सक्रिय हो गई हैं। जहां एक ओर सीजेएम भगवान दास गुप्ता के आदेश पर नामित न्यायिक जांच अधिकारी एसीजेएम प्रथम गरिमा सिंह और जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के आदेश पर नामित मजिस्ट्रेटीयल जांच अधिकारी अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार ने मंडल कारागार पहुंचकर जांच तेज कर दी है। दोनों ही अधिकारी लगभग दो घंटे जेल के अंदर मौजूद रहे। सूत्रों की मानें तो एसीजेएम प्रथम गरिमा सिंह और ने जेल पहुंचकर जेल प्रशासन की मौजूदगी में जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है। जेल में स्थित मुख्तार की बैरक नंबर 16 को पहले ही सील किया जा चुका है, ताकि साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ न की जा सके। वहीं मजिस्ट्रेटीयल जांच अधिकारी एडीएम राजेश कुमार ने भी अपनी जांच तेज करते हुए जेल पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। एडीएम ने सार्वजनिक सूचना जारी करके 15 अप्रैल तक संबंधित व्यक्तियों से लिखित, मौखिक अभिकथन, साक्ष्य या बयान प्रस्तुत करने को बुलाया है।

# सत्ता में एनडीए की नहीं होगी वापसी : शिवपाल सिंह

- आदित्य को बदायूं से चुनाव लड़ाने के बारे में निर्णय सपा अध्यक्ष का होगा

कार्यालय संवाददाता, इटावा।



**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने दावा किया कि एनडीए गठबंधन की किसी भी सूरत में दिल्ली की सत्ता में वापसी नहीं होगी। एनडीए के खिलाफ बड़े पैमाने पर देशभर में जनाक्रोश देखा जा रहा है। शिवपाल यादव अपने गृह जिले इटावा में चौगुर्जी स्थित आवास पर बुधवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि एनडीए के नेताओं के इशारे पर विपक्षी राजनेताओं के खिलाफ जिस तरीके से ईडी और सीबीआई के सहारे जेल भेजने की कार्रवाई करा रही है, उससे एनडीए के खिलाफ बड़े पैमाने पर जनाक्रोश सारे देश में फैला हुआ है। यही जनाक्रोश एनडीए को सत्ता से बेदखल करने के लिए पर्याप्त होगा। बेटे आदित्य यादव के बदायूं संसदीय सीट से चुनाव मैदान में उतरने के सवाल पर कहा कि बदायूं की जनता ने मांग की है कि युवा नेता चाहिए। जनता की मांग को सूचीबद्ध करके पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के सम्मुख भेज दिया गया है। फिलहाल बदायूं से वह खुद इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार है, लेकिन जनता को मांग करने का हक है और जाहिर है कि जनता ने जो मांग की है उस पर अब समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को निर्णय लेना है। आदित्य यादव के चुनाव में टिकट मिलने पर आप कहां से लड़ेंगे के सवाल पर शिवपाल ने कहा कि हम चुनाव लड़ेंगे, इसकी चिंता आप लोगों को करने की जरूरत नहीं है। सपा से नाराज चल रही विधायक पल्लवी पटेल के पीडीएम फार्मूले को लेकर के चुनाव मैदान में उतरने के सवाल पर शिवपाल ने कहा कि उनको ऐसा नहीं करना चाहिए। जिससे लोगो को लगे कि आप भाजपा की मदद कर रहे है। कन्नौज संसदीय सीट से समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार की घोषणा न होने के सवाल पर शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि कन्नौज से समाजवादी पार्टी ही जीतेगी। यह सीट नेताजी की सीट रही है। अब समाजवादी पार्टी पूरी मजबूती के साथ कन्नौज संसदीय सीट पर चुनाव मैदान में उतरेगी और जीत भी हासिल करेगी। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि योगी सरकार में पुलिस के संरक्षण में लगातार हत्याएं हो रही हैं। जेल भी नहीं बचे हैं। पूरी तरह से भाजपा शासन में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करके तिहाड़ जेल भेजे जाने के सवाल पर शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि भाजपा के राज्य में विपक्ष के राजनेताओं का शोषण किया जा रहा है।

# विद्यार्थियों ने ली जागरूकता की शपथ

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** एसएसएसवी इंटर कॉलेज अयोध्या में शिक्षा विभाग और जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर बुधवार को बाल विवाह पर रोक सहित संचारी रोगों के रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने जागरूकता शपथ ली। विभिन्न प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

प्रधानाचार्य डॉ. मणि शंकर तिवारी ने प्रार्थना सभा में बाल विवाह पर रोक संबंधी विचार प्रस्तुत किए। छात्रों को जागरूक करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. तिवारी ने कहा कि समाज में अशिक्षित लोगों की ओर से तमाम प्रकार की भ्रांतियां फैला दी गई हैं। जिससे आज के छात्र व युवा वर्ग भ्रमित होकर अपने वर्तमान को बिगाड़ दे रहे हैं। इससे उनका भविष्य भी खराब हो रहा है। इसलिए सभी विद्यार्थियों को समय- समय पर शासन व विभाग की ओर से जारी निर्देशों से परिचित करा कर जागरूक भी किया जा रहा है। निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें चयनित छात्रों को प्रधानाचार्य ने पुरस्कार प्रदान किए। उप प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार तिवारी, शिक्षक सुरेंद्र देव तिवारी, डॉ. अशोक गौतम, वारिज नयन शर्मा, जयेंद्र पाठक सहित विद्यालय के सभी शिक्षक और कर्मचारी मौजूद रहे।


एसएसएसवी स्कूल में शपथ लेते बच्चे। अमृत विचार





### जैन मंदिर में भगवान आदिनाथ का मनाया गया जन्मोत्सव

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या स्थित ऋषभदेव दिगम्बर जैन मंदिर में भगवान आदिनाथ का जन्मोत्सव बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। मंदिर से सुबह भगवान आदिनाथ को रथ पर विराजमान कर गाजे-बाजे के साथ एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यह यात्रा नगर के विभिन्न मार्ग से होते हुए सरयू के किनारे से होते हुए भगवान आदिनाथ की जन्मस्थली पर पहुंची। जहां पर पंडित विजय कुमार ने विधिविधान से पंचामृत अभिषेक सम्पन्न कराया। दोपहर में बड़ी मूर्ति का महा मस्तकाभिषेक अभिषेक, पंचामृत अभिषेक किया गया। यह पूरा आयोजन गणनी आर्यिका ज्ञानमती माता, प्रज्ञामती माता, सुप्रकाश मति माता और चंदनामती माता के सानिध्य में सम्पन्न किया गया। इस दौरान अध्यक्ष पीठाधीश स्वामी रविन्द्र कीर्ति, महामंत्री अमर चन्द्र जैन, ऋषभ जैन, लल्ला जैन आदि मौजूद रहे।

### ट्रक की टक्कर में साइकिल सवार की मौत

**जगदीशपुर,अमेठी।** मजदूरी करने जा रहा साइकिल सवार को तेज रफ्तार आ रही ट्रक ने टक्कर मार दिया जिसे उपचार है सीएससी में भर्ती करने पर हालत गंभीर देखकर चिकित्साको ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जिसकी रास्ते में मौत हो गई।थाना क्षेत्र जगदीशपुर जायस रोड आनंदनगर चौराहा के निकट घटना उसे वक्त घटी जब रामबरन उम्र लगभग 40 वर्ष पूरे गोसाई सौना थाना कमरौली निवासी साइकिल द्वारा मजदूरी करने जा रहे थे अचानक तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने साइकिल में टक्कर मार दिया जिससे घायल होकर रोड पर गिर गया जिसे उपचार है सीएससी में भर्ती कराया गया जहां चिकित्साको ने हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया परंतु मजदूर की रास्ते में मौत हो गई घटना की सूचना पहुंची पुलिस ने शव को पंचनामा करके पीएम के लिए भेजा इस संबंध में पुलिस ने बताया कि ट्रक को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश जारी है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

मैं नन्दा देवी (Nanda Devi) अपने पुत्र मनोज सिंह के आर्मी नं.– 4212767F, निवासी– ग्राम–गोगई बरम, पो.–बरम, तहसील–बंगोंपानी, जिला–पिथौरागढ़, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम नन्दी देवी (Nandi Devi) दर्ज है। अतः मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में नन्दा देवी (Nanda Devi) दर्ज किया जाये।

**सूचना**

मैं दिवान सिंह (Diwan Singh) अपने पुत्र मनोज सिंह के आर्मी नं.– 4212767F, निवासी– ग्राम–गोगई बरम, पो.–बरम, तहसील–बंगोंपानी, जिला–पिथौरागढ़, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम दिवान सिंह (Deewan Singh) दर्ज है। अतः मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में दिवान सिंह (Diwan Singh) दर्ज किया जाये।

**NOTICE**

AS in all the records of Aadhar, PAN, License and Election ID spelling of my name is "Pooja Sahu' D/o Rakesh Sahu R/o Ramleela Road, Sewak Sadan, Banda 210001 (U.P.) So it may please be noted in my High school of U.P. Board marksheet 2001 Roll No.-5186301 to name is misspelled as Puja Sahu.

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **विश्वेन्द्र सिंह पुत्र श्याम बिहारी सिंह, निवासी–551क/जी 055, आजाद नगर रोड, आलमबाग लखनऊ,** मेरा हाईस्कूल का अंक पत्र रोल नं0–1131034 वर्ष 2011 तथा इण्टरमीडिएट का अंक पत्र रोल नं0–0936012 वर्ष 2013 का मूल अंक पत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा वर्ष 2014 हाईस्कूल अंकपत्र सह प्रमाणपत्र अनुक्रमांक 1326388 व वर्ष 2016 इण्टरमीडिएट अंकपत्र सह प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 1010181 वास्तव में कहीं खो गया है। अथक प्रयास करने के बावजूद नही मिल सका है। **आकाश वर्मा पुत्र श्री ओमप्रकाश निवासी–पटेल नगर पूर्वी कस्बा व थाना माधौगंज हरदोई।**

**सूचना**

मेरा यूपी बोर्ड का वर्ष 2017 हाईस्कूल अनुक्रमांक 1892111 तथा इन्टरमीडिऐट वर्ष 2019 अनुक्रमांक 1480009 व बीओबी पासबुक खाता 36368100002117 वास्तव मे खो गया है। **नाम आशीष कुमार वर्मा पुत्र महेन्द्र कुमार वर्मा ग्राम मनिकापुर परासिन, विकवाजितपुर सुलतानपुर यूपी।**

**सूचना**

मैं भगवत सिंह (Bhagwat Singh) अपने पुत्र मयंक बिष्ट के आर्मी नं.– 4212493F, निवासी– सिनौरा, पो.– सिनौरा, तहसील –भिक्यासैन, जिला– अल्मोड़ा, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम भगवत सिंह बिष्ट (Bhagwat Singh Bisht) दर्ज है। अतः मेरे पुत्र के सर्विस रिकॉर्ड में भगवत सिंह (Bhagwat Singh) दर्ज किया जाये।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम बुद्धिराम से बदलकर बुद्धिराम यादव रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **–बुद्धिराम यादव पुत्र लालचन्द यादव, निवासी– ग्राम काशीपुर, पोस्ट– जोगिया बुजुर्ग, थाना– रुद्रपुर, जिला देवरिया**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे आर्मी के रिलेशन सर्टिफिकेट / सर्विस बुक नम्बर 15684447K रैंक SIGMN -Name-Rajiv में मेरी पत्नी का नाम शुधा (Shudha Devi ) लिखा है जो गलत है जबकि सही नाम सुधा देवी (Sudha Devi) है। मेरी पत्नी का नाम सुधा देवी (Sudha Devi) पढ़ा व जाना जाये। **–राजीव पुत्र अरविंद सिंह, नि0–नवीन बस्ती पूर्वी बिधूना, थाना–बिधूना, तहसील–बिधूना, जनपद –औरैया**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि मैने अपना नाम शादाब के स्थान पर शादाब सिद्दीकी रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **–शादाब सिद्दीकी पुत्र सहिद अली ग्राम परेवाटार, पोस्ट अहिरौली बाजार, थाना कसया जिला कुशीनगर।**


जन्मोत्सव | गूंज रहे बधाई गीत, कुमायुनी कोकिला और बिरहा गायिका ने बांधा समां

# किलकारी भरे राम, घुटवन आवत

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** तुलसी मंच अयोध्या में राम नवमी पर्व के पूर्व ही राम जन्मोत्सव के आनंद की गूंज है। रामोत्सव में देश के प्रख्यात कलाकार अपनी संगीतमयी प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को विभोर कर रहे है।

प्रयागराज से आई बिरहा गायिका सविता सागर ने अपने दल के साथ देवी वंदना से आरंभ किया। इसके बाद पारंपरिक लचारी गीत कइके राम से कठिन सवाल गाकर सभी की आंखे भिगो दिया। बिरहा की तान के साथ रघुवंश के पूर्वज सत्यवादी राजा हरिशचंद्र की कथा सुना कर कलाकारों ने धर्म, सत्य और धैर्य के उतार चढ़ाव वाले भावों को व्यक्त किया। साथी कलाकारों में राम आसरे, रितेश कुमार, धर्मराज और राम नरेश ने साथ दिया।

लोक गीतों का बड़ा नाम, वरिष्ठ कलाकार कुमाऊनी कोकिला विमल पंत ने अपनी रचना और संगीतबद्ध किए गए पारंपरिक गीतों को सुना कर वातावरण को ठेठ भारतीयता के रंग में रंग दिया। हे गजवदन गौरी के नंदन गाकर गणेश वंदना की तो हमरे अंगना चलो दियारा बार आई गाकर देवी स्तुति प्रस्तुत किया। सोहर के बोल थे आज अयोध्या में बाजे शहनाई तो किलकारी गीत किलकारी भरे राम, घुटवन आवत गाकर जन्मोत्सव के उल्लास में डूबे श्रोताओं को झुमा दिया। सहगायिकाओं नीरा मिश्रा, अर्चना गुप्ता, निधि निगम ने साथ दिया। मऊ से आई रिद्धि पांडे ने चैती नैहरिसे केहू नाही आयेले हो रामा गाकर मौसम से जोड़ा। इसके बाद कजरी सुनाई। आज मिथिला नगरिया निहाल सखियां गाने के बाद पारंपरिक लोकगीत सासू पनिया भरन कैसे जाऊं गाकर सभी को मोह लिया। संचालन देश दीपक ने किया। उप्र. लोक जनजाति एवं संस्कृति संस्थान लखनऊ के निदेशक अतुल द्विवेदी के निर्देशन में समन्वयक अतुल कुमार सिंह ने कलाकारों का सम्मान स्मृति चिह्न प्रदान कर किया।


तुलसी मंच पर पारम्परिक गीत सुनाती प्रख्यात लोक गायिका। अमृत विचार

# अनियंत्रित पिकअप दुकानदार को रौंदते हुए मकान में जा घुसी

**अमेठी, अमृत विचार।** बुधवार की सुबह अमेठी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर सामने आया है। जहां अमेठी बाईपास पर तेज रफ्तार चार पहिया लोडर पिकअप वाहन सड़क किनारे लगी पटरी दुकान व दुकानदार युवक को रौंदते हुए निर्माणाधीन मकान के बेसमेंट में जा घुसी। हादसे में दुकान पर बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे आनन–फानन में इलाज के लिए अमेठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। लोडर चला रहे चालक को ग्रामीणों ने फरार होने से पहले पकड़ लिया है। पूरा मामला अमेठी कोतवाली क्षेत्र के महमदपुर बाईपास का है जहां बुधवार की सुबह करीब दस बजे गौरीगंज की तरफ से आ रही तेज रफ्तार चार पहिया पिकअप वाहन ने अनियंत्रित होकर दुकान को तोड़ते हुए निर्माणाधीन मकान में घुस गई। हादसे में दुकान पर बैठा 37 वर्षीय हरिकेश पुत्र झिंगुरिन गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में स्थानीय लोग और परिजन हरिकेश को लेकर अमेठी सीएचसी पहुँचे जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत में हरिकेश को जिला अस्पताल सुल्तानपुर रिफर कर दिया गया है। हरिकेश पड़ोस के ही गांव महमूदपुर का रहने वाला था जो बाईपास किनारे दुकान लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। घटना के बाद भागने का प्रयास कर रहे गाड़ी चालक 19 वर्षीय देवी प्रसाद उर्फ कृष्णा को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया।




The Ano-Rectal Clinic
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919





**24वां रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.26 बजे
इफ्तार : 06.29 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.22 बजे
इफ्तार : 06.22 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# मास्टर ट्रेनरों की कक्षा में दक्षता की परीक्षा

## लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष कराने को लेकर 27 मास्टर ट्रेनरों को दिया गया प्रशिक्षण

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की उपस्थित में लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी और सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन की प्रक्रिया और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से संबंधित संपूर्ण प्रक्रिया का प्रशिक्षण 27 मास्टर ट्रेनरों को दिया गया। जिसमें एक-एक मास्टर ट्रेनरों को ईवीएम मशीन को जोड़ने और उनके निर्वाचन के दौरान या निर्वाचन शुरू होने के पूर्व उत्पन्न होने वाले त्रुटियों के संबंध में विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया। प्रत्येक मास्टर ट्रेनरों द्वारा एक-एक करके स्वयं पूरी प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षकों द्वारा विस्तार पूर्वक भारत निर्वाचन आयोग के दिए गए निर्देशों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही साथ कंट्रोल यूनिट, वैलिड यूनिट और वीवी पैट को सुचारू रूप से संचालित करने के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों से इसके बारे में विस्तृत रूप से पूछा भी गया। प्रशिक्षण के दौरान परियोजना निदेशक दिलीप सोनकर, डीसी मनरेगा, मास्टर ट्रेनर मौके उपस्थित रहे।

## बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता घर बैठे करेंगे मतदान

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में 2468 बुजुर्ग और 2751 दिव्यांग मतदाता घर बैठे मतदान कर सकेंगे। विधानसभा आलापुर क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु के 2468 मतदाता हैं। इनमें से 27 मतदाता सौ वर्ष की उम्र पूरी कर चुके हैं। तहसील क्षेत्र में कुल 2751 दिव्यांग मतदाता हैं। इन सभी मतदाताओं को घर बैठे मतदान कराने के लिए इंतजाम किए जा रहे हैं। इनमें से जो भी मतदाता घर पर मतदान करना चाहेंगे वह मतदाता फॉर्म भरकर इस सेवा का लाभ उठा सकते हैं। सहायक निर्वाचन अधिकारी एसडीएम सदानंद सरोज ने बताया कि 85 वर्ष की आयु पूरी कर चुके और दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान का अवसर मिलेगा।

## फरियादियों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण हो निस्तारण

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**



पीड़ितों की शिकायतें सुनते पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ।

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने पुलिस कार्यालय में जनपसुनवाई कर जन समस्याओं को सुनकर त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। बता दें कि पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ द्वारा जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जन सुनवाई के दौरान उन्होंने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए शत-प्रतिशत निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित थानाध्यक्ष, प्रभारी निरीक्षक को तत्काल फोन व वायरलेस के माध्यम से वार्ता कर निर्देशित किया। साथ ही समस्त जमीनी विवाद को चिह्नित कर पुलिस टीम को राजस्व टीम के साथ समन्वय बनाकर टीम गठित कर समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण, प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

## एक नजर

### एसडीएम ने सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट के साथ की बैठक

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने को लेकर जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट से लेकर लेखपाल तक के साथ उप जिला अधिकारी टांडा मोहन लाल गुप्ता ने बैठक किया। चुनाव के दौरान मतदान केंद्र पर पोलिंग पार्टी मतदाताओं को सुविधाएं उपलब्ध कराने और उत्पन्न होने वाली समस्याओं को लेकर विधिवत चर्चा की गई। व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा हुई। पच्चास मॉडल बूथ बनाएं जाएंगे। पांच पिंक बूथ बनाएं जाएंगे। इस अवसर उपजिला अधिकारी न्यायिक डाक्टर शशि शेखर भी उपस्थित रहे। उपजिलाधिकारी ने बताया कि पोलिंग पर आने वाले मतदाताओं की भी सुविधा का ख्याल रखने के लिए तैयारियां चल रही हैं, ताकि मतदाताओं को भी कोई परेशानी न हो।

### मारपीट में आठ पर केस

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में महिलाओं सहित कई लोगों के सर फूट गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना हंसवर क्षेत्र के ग्राम गोहिला में अंजनी कुमार और अशोक कुमार के बीच में रास्ते के विवाद को लेकर दीवानी न्यायालय में मुकदमें बाजी चल रही है। उसी भूमि पर एक पक्ष द्वारा मिट्टी पाटने को लेकर जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें महिला और पुरुष घायल हो गए। पुलिस ने अंजनी कुमार पुत्र राजेन्द्र प्रसाद की तहरीर पर अशोक कुमार, प्रवेश कुमार, सूर्यभान, ओमकार के विरुद्ध उर्मिला देवी पत्नी अमरजीत की तहरीर पर अंजनी, अरविंद, जंजीत, रांगेय लाल के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### दो लोगों पर केस दर्ज

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** कटका थाना क्षेत्र के एक गांव के पीड़ित भाई ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 30 मार्च को रात्रि लगभग 10 बजे विकास कुमार निवासी ग्राम मोतीपुर थाना महाराजगंज आजमगढ़ मेरे निवास स्थान से मेरी बहन को बहला-फुसलाकर भाग ले गया। जिसमें जैतपुर थाना क्षेत्र के भीखपुर गांव निवासिनी गायत्री राजभर ने सहयोग किया था। काफी खोजबीन करने के पश्चात बहन का कहीं पता नहीं चल सका है। पीड़ित भाई की तहरीर पर पुलिस ने विकास राजभर और गायत्री राजभर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# अधिकारी मतदान केंद्रों की संवेदनशीलता पर दें ध्यान

## एसपी ने जनपद के पुलिस अफसरों व कर्मचारियों के साथ की बैठक

- आदर्श आचार्य संहिता का कड़ाई से पालने करने के दिए निर्देश

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने और जनपद में अपराध और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस लाइन स्थिति सभागार कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय व श्याम देव साथ में समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष और पुलिस कार्यालय सहित समस्त शाखाओं के प्रभारी उपस्थित रहे।



लोकसभा चुनाव और त्योहारों को लेकर बैठक करते पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ।

### त्योहारों को लेकर सजग रहे अधिकारी

पुलिस अधीक्षक ने आगामी चैत्र नवरात्रि और रामनवमी, ईद के त्योहार को लेकर पुलिसकर्मियों को सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि त्योहारों में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। त्योहार को लेकर कोई समस्या तनाव दृष्टिगोचर हो तो उसका समाधान समय रहते संबंधित मजिस्ट्रेट के समन्वय से त्योहार से पूर्व कर लिया जाए। त्योहार के दृष्टिकोण ट्राईबल्स स्पॉट चिन्हित किए जाएं और थाना प्रभारी स्वयं मौके पर जाकर समस्याओं का निदान कराएंगे और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल, निष्पक्ष और शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा किया। 107/16 की कार्यवाही, जिला बदर कार्यवाही के साथ अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसपी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मतदान केंद्रों की संवेदनशीलता पर विशेष ध्यान दिया जाए और आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाए। अधिकारी लोकसभा चुनाव को लेकर अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहें और उपद्रवी एवं असमाजिक तत्वो पर पैनी नजर बनाए रखें। उन्होंने सोशल मीडिया और डिजिटल वॉलिंटियर्स पर निगरानी रखने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही जनपद में घटित आपराधिक घटनाओं से संबंधित अभियोगों और लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए समयबद्ध रुप से गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने और वांछित अभियुक्तों की

# बालिकाएं बेहतर शिक्षा से समाज को दें नई दिशा

- मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिसकर्मियों ने बालिकाओं और महिलाओं से की अपील

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** महिलाओं और बालिकाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक होना होगा। जिससे वह परंपरागत शिक्षा ग्रहण कर सकें। बेहतर शिक्षा से ही समाज में सम्मान और अधिकार को हासिल किया जा सकता है। यह अपील बुधवार को पुलिसकर्मियों ने महिलाओं और बालिकाओं ने किया और उन्हें जागरूक किया। मिशन शक्ति अभियान तहत पुलिस कर्मियों ने जैतपुर के ग्राम रहता खुर्द में व इब्राहिमपुर के नौसांडा में व जहांगीरगंज, बसखारी, महरूआ, भीटी, टांडा, इल्तिफातगंज,



महिलाओं और बालिकाओं को उनके हक की जानकारी देतीं पुलिसकर्मी।

किछौछा, खेमापुर, अहिरौली, यादव नगर आदि क्षेत्रों में पुलिसकर्मियों ने जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को शिक्षा के प्रति उन्हें जागरूक कर पाठ पढ़ाया गया।

बता दें कि पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर मिशन शक्ति अभियान फेज-4 के तहत महिलाओं, बालिकाओं और छात्राओं को जागरूक किया गया। अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी स्वाबलंबन और नारी सम्मान की दिशा में जनपद की महिला बीट पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने बीट क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई और साइबर अपराध, निराश्रित विधवा पेंशन योजना, जननी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और साथ ही शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के तहत थाना जैतपुर से महिला आरक्षी रुचि पाल व आरक्षी विवेक यादव ने ग्राम रहता खुर्द में व थाना इब्राहिमपुर से महिला कांस्टेबल रेशमा द्वारा नौसांडा में और थाना जहांगीरगंज से महिला कांस्टेबल निधि उपाध्याय, महिला कांस्टेबल अनीता राजभर, महिला कांस्टेबल अप्रतिमा सिंह द्वारा स्थान काकरापार व थाना बसखारी से महिला कांस्टेबल सोनाली श्रीवास्तव, महिला कांस्टेबल आभा चैहान व थाना महरूआ से महिला कांस्टेबल पूजा पांडेय, महरूआ चैराहा पर महिलाओं और बालिकाओं को शासन द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया।

## सीएमओ ने कार्य में लापरवाही बरतने पर सीएचओ का काटा वेतन

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजकुमार को निरीक्षण में आयुष्मान केंद्र सोनगांव बंद मिला। इस पर सीएचओ डॉ. रीना राजभर का एक दिन का वेतन काटते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। वहीं अपर सीएमओ डॉ. रामानंद सिद्धार्थ के पंडाटोला स्थित अरबन हेल्थ सेंटर के निरीक्षण में सुबह दस बजे तक तीन एएनएम और फार्मासिस्ट नहीं पहुंच सके थे। इस पर चारों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। सीएमओ सुबह लगभग साढ़े नौ बजे सोनगांव केंद्र के औचक निरीक्षण पर पहुंचे। उस समय तक ताला ही नहीं खुला था। सीएमओ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएचओ डॉ. रीना राजभर का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश और कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। वहीं अपर सीएमओ डॉ. रामानंद सिद्धार्थ ने अकबरपुर नगर के पंडाटोला स्थित अरबन हेल्थ सेंटर का निरीक्षण किया। सुबह निरीक्षण में सिर्फ स्वीपर ही मौजूद था। कुछ देर बाद वहां तैनात डॉ. विजयशंकर पहुंचे। विलंब से आने पर अपर सीएमओ ने उन्हें कड़ी फटकार लगाई। निरीक्षण में फार्मासिस्ट अंग्रेश कुमार और एएनएम वंदना, लाजवंती और रंगीता नदारद मिलीं। सभी को नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएँ आमंत्रित करते हैं :

**क्र. सं. : 1, ई-प्रापण निविदा संख्याः उप मु.इं.-नि.-गोंडा-02-2024 (स्पेशल लिमिटेड टेन्डर) क्लोजिंग दिनांक 24.04.2024, कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के गोण्डा-बुढ़वल तीसरी रनिंग लाइन परियोजना के अंतर्गत गोण्डा जं. रेलवे स्टेशन पर ई.आई. बंटवारे के लिए सिगनलिंग इन्ड केबिन का निर्माण एवं अन्य फुटकर कार्य। **अनुमानित निविदा मूल्य** : रु. 8,42,98,150.74, **बयाना राशि** : रु. 5,71,500.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : रु. 00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 06 (छः) माह।

• बिड प्रारम्भ करने की तिथि - दिनांक **10.04.2024.** • उपरोक्त ई-निविदा सबमिशन की अन्तिम तिथि - दिनांक **24.04.2024** 15.00 बजे तक। • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि - दिनांक **24.04.2024** 15.30 बजे। • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होंगे।

**श्री सुनील कुमार सिंह, कार्यपालक इंजी./नि./गोंडा 9794844284** **कार्यपालक इंजीनियर/निर्माण/गोंडा**
**मुजाधि/डब्ल्यू-01**

**ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें**

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# धारदार हथियार से हमले के मामले में तीन पर केस

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** जमीनी विवाद में दबंग विपक्षियों द्वारा धारदार हथियार से दूसरे पक्ष के तीन लोगों को गंभीर रूप से घायल करने के बाद पुलिस ने विपक्षी की भी तहरीर पर क्रास मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस की इस कार्यशैली से जहां चर्चाओं का बाजार गर्म है वहीं पीड़ितों को न्याय मिलना मुश्किल हो गया है। मामला मालीपुर थाना क्षेत्र के टुटहवा गांव मालीपुर का है। बता दें कि बीते मंगलवार को विपक्षियों ने स्वामी दयाल तिवारी के ऊपर कुल्हाड़ी से प्राण घातक हमला कर दिया। हल्ला-गुहार पर अपने खून से लथपथ भाई की जान बचाने पहुंचे स्वामी दयाल की पत्नी मनोरमा तिवारी और भाई दयाल पर विपक्षियों द्वारा हमला करने से गंभीर चोटे आई हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर गया प्रसाद तिवारी, रामप्रीत तिवारी, राम कीरत तिवारी पर प्राण घातक हमले समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। यह मुकदमा पुलिस द्वारा 2 अप्रैल को 11 बजकर 05 मिनट पर पंजीकृत किया गया। वहीं पर पुलिस ने विपक्षी गया प्रसाद की तहरीर पर मालीपुर पुलिस ने 6 घंटे बाद प्रथम पक्ष रघुवर दयाल, स्वामी दयाल, दयाल व मनोरमा देवी के खिलाफ मारपीट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। चर्चा है कि गया प्रसाद तिवारी के पक्ष के लोगों को कोई भी चोटे नहीं आई हैं, लेकिन पुलिस खेल करते हुए पीड़ितों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कर लिया है, जिसकी चर्चा क्षेत्र में खूब हो रही है।

# भाजपा के कार्यक्रम में शामिल सफाई कर्मी निलंबित

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** जनपद में टांडा विकास खंड में भाजपा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पर सफाईकर्मी को निलंबित कर दिया गया है। बताया जाता है कि कार्यक्रम के दौरान सफाईकर्मी ने भाजपा की पट्टिका पहन का भाजपा में शामिल हुआ था। जिसके बाद सफाईकर्मी की शिकायत हुई और जांच में मामला सही मिलने पर जिला पंचायत राज अधिकारी ने सफाईकर्मी को निलंबित कर दिया है।

डीपीआरओ अवनीश श्रीवास्तव ने बताया कि विभिन्न सोशल मीडिया पर वायरल फोटो के माध्यम से यह संज्ञान में आया है कि महेश कुमार सफाई कर्मी, राजस्व ग्राम पियारेपुर, विकास खंड टांडा में तैनात है। उक्त सफाईकर्मी राजनीतिक पार्टी के प्रचार-प्रसार की गतिविधियों में सम्मिलित है। जबकि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत गाइडलाइन के अनुसार शासकीय कर्मचारी के ऊपर चुनाव आचार संहिता प्रभावी है। अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति उक्त के संबंध में सहायक विकास अधिकारी पंचायत टांडा द्वारा नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्राप्त किया। महेश कुमार, सफाईकर्मी का स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाए जाने के कारण उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रचलित किए जाने की संस्तुति की गई है। महेश कुमार सफाई कर्मी द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण के यह पाया गया कि वह आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए राजनीतिक पार्टी की गतिविधियों में पाए गए हैं और कर्मचारी आचरण नियमावली के विपरीत कृत्य किए जाने के दोषी पाए गए हैं, जिसके कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। इसके साथ ही अपर जिला पंचायतराज अधिकारी को जांच अधिकारी नामित किया जाता है। निलंबन अवधि में वह विकास खंड कार्यालय टांडा से संबद्ध रहेगा।

# सीडीपीओ को निरीक्षण में मिलीं खामियां

- आंगनबाड़ी केंद्रों के निरीक्षण में लापरवाही बरतने वाली कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को नोटिस

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।**

**अमृत विचार।** बाल विकास परियोजना अधिकारी रामनगर विनोद कुमार के निरीक्षण से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में हड़कंप मचा हुआ है। बुधवार को भी सीडीपीओ ने मुख्य सेविका प्रेमा देवी के साथ चार आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया, जिसमें तमाम खामियां देखने को मिली। सबके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को भेजा गया है।



आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करते सीडीपीओ विनोद कुमार। अमृत विचार

सीडीपीओ ने आंगनबाड़ी केंद्र गोहनारपुर का निरीक्षण किया। जहां पर आंगनवाड़ी कार्यकत्री पद रिक्त होने के कारण केंद्र का संचालन सहायिका निर्मला देवी के द्वारा संचालन किया जाता है। निरीक्षण के दौरान बिना किसी पूर्व सूचना के केंद्र बंद मिला। वहीं पर आंगनबाड़ी केंद्र लखनीपट्टी का निरीक्षण करने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रमिला देवी उपस्थिति पाई गई। लेकिन सहायिका महिंद्रा देवी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित मिली। केंद्र पर अभिलेख उपलब्ध नहीं मिले और ना ही केंद्र पर बच्चे पाए गए। इसके बाद सीडीपीओ ने आंगनबाड़ी केंद्र नेवरी का निरीक्षण किया। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्री अनुपस्थित थी। पता चला कि वह टीकाकरण में गई हैं यहां पर भी ना तो कोई अभिलेख उपलब्ध हुआ और ना ही बच्चे ही मौजूद रहे। बाल विकास योजना अधिकारी ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं को कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए आवश्यक कार्यवाही के लिए उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है। वहीं पर दो और केंद्र संचालित होते हैं, जहां पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री आरती और सरिता केंद्र पर मौजूद मिलीं, लेकिन बच्चे नहीं मिले। अमोल बुजुर्ग आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्री टीकाकरण में गई थी और अभिलेख उपलब्ध नहीं कराया गया जो एक घोर लापरवाही का परिचायक है।



आवश्यकता है
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित अमृत विचार को
रिपोर्टर /सब एडिटर/सीनियर सब एडिटर की
न्यूनतम योग्यताः– स्नातक
मुख्यधारा के अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
बायोडाटा भेजें:–
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :–
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### भवनियापुर में बालाजी का जागरण आयोजित

रुपईडीह, अमृत विचार : क्षेत्रीय जनता के सहयोग से ब्लॉक की ग्राम पंचायत भवनियापुर उपाध्याय में चौराहे पर बालाजी का जागरण हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। ग्राम प्रधान संजय सोनी ने बताया कि इस जागरण में नोएडा, जौनपुर बनारस तथा गोंडा के भजन गायकों ने विभिन्न प्रकार के भक्ति गीत प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इसके अलावा कलाकारों द्वारा बालाजी की झांकी भी निकाली गई। जिसकी उपस्थित सभी श्रोताओं ने सराहना की।

### कक्षा पांच के बच्चों को दिया गया प्रगति पत्र

रुपईडीह, अमृत विचार : ब्लॉक की ग्राम पंचायत हरिचंदपुर के प्राथमिक विद्यालय के कक्षा पाँच तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय के कक्षा आठ के छात्र-छात्राओं को ग्राम प्रधान महेंद्र प्रताप तिवारी ने प्रगति पत्र वितरित किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दीपक कश्यप, दिनेश तिवारी, देवेश रंजन, अनुराग पांडेय, रमेश चंद्र, अमित तिवारी व मिथिलेश कुमारी भी उपस्थित रही।

### एसडीएम की अगुवाई में गांवों में किया पैदल मार्च

रुपईडीह, अमृत विचार : कौड़िया थाना क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण व स्वतंत्र ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए कर्नलगंज के उप जिलाधिकारी भारत भार्गव व पुलिस क्षेत्राधिकारी चंद्रपाल शर्मा की अगुवाई में पुलिसकर्मियों ने महापारा बौनापुर, बसंतपुर, बिरवा व लक्ष्मणपुर में पैदल मार्च कर चुनाव के दौरान मतदाताओं को पूरी सुरक्षा का आश्वासन दिया।

### मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर लिया फीडबैक

रुपईडीह, अमृत विचार : मतदान केंद्रों का निरीक्षण किए जाने के क्रम में बुधवार को ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव ने सात मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल की। ब्लॉक के एडीओ आईएसबी आजम खान ने बताया कि खंड विकास अधिकारी द्वारा ब्लॉक के मतदान केंद्र देवरहना, बेलवा कर्मडीह, भरिया लबेदपुर, देवतहा, भवानी पुर खुर्द, रज्जनपुर व केवलपुर का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

### कथा के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन

करनैलगंज, अमृत विचार : करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम हरिगवां में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह कार्यक्रम का बुधवार को समापन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समापन कथा के दौरान कथावाचक डॉ.महीधर शुक्ला महाराज ने बताया कि सनातन धर्म की रक्षा तभी संभव है जब तक हर सनातनी व्यक्ति अपने धर्म के प्रति जागरूक नहीं होगा। हर हिंदू को धर्म के काम में आगे आना होगा। धर्म की रक्षा ही सनातन धर्म की रक्षा होगी।

# रेलवे रैक से बाहर गेहूं जाने पर प्रशासन की रोक

## डीएम ने डीआरएम को इंडेंट पर अस्थाई रोक लगाने के लिए जारी किया पत्र, क्रय केंद्र पर नहीं हो रही आवक

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: सरकारी केंद्रों पर गेहूं की खरीदारी नहीं हो पा रही है। इसे लेकर प्रशासन गंभीर हो गया है। डीएम ने जिले से गेहूं बाहर भेजने पर अस्थाई रूप से रोक से लगा दी है। उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे को भेजे पत्र में कहा है कि कंपनी व व्यापारियों द्वारा रेल रैक के माध्यम से गेहूं भेजा जा रहा है। गेहूं खरीद को देखते हुए इंडेंट पर अस्थाई रोक लगा दी जाए ताकि मूल्य समर्थन योजना का लाभ किसानों को मिले तथा केंद्रों पर खरीदारी हो सके। जिले में बीते एक मार्च से गेहूं खरीद सत्र 2024-25 से शुरुआत हो चुकी है। ब्लॉक


सूने पड़े गेहूं क्रय केंद्र। अमृत विचार

व तहसील स्तर पर 112 करें केंद्र बनाए गए हैं। एक महीना बीतने के बाद बड़ी मुश्किल से चार केंद्रों पर 60 कुंतल गेहूं की खरीद की जा सकी है।

अफसरों का दावा है कि अभी फसल तैयार नहीं है इसलिए खरीदारी नहीं हो पा रही है। मूल्य समर्थन योजना के तहत 2275 रुपए प्रति कुंतल के भाव से किसानों से गेहूं खरीदा जाना है।

जब किसानों को घर पर ही खरीदार मिल रहा है तो वह सरकारी के केंद्र पर गेहूं बेचने के लिए क्यों आए। व्यापारी किसान से खरीद कर रेलवे रेट पॉइंट के माध्यम से बाहर खाद्यान्न भेज रहा है। मूल्य समर्थन योजना के तहत खरीद हो इसके लिए जिला अधिकारी नेहा शर्मा की ओर से गंभीर कदम उठाया गया है।

उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे को पत्र भेज कर रैक पॉइंट के इंडेंट पर अस्थाई रोक लगाने को कहा है। पत्र में कहा गया है कि रवि विपणन वर्ष 2024- 25 में मूल्य समर्थन योजना के तहत गेहूं खरीद की जा रही है, लेकिन किसान अपने उपज को सरकारी केंद्र पर नहीं ला रहे हैं।

कृषि आंकड़ों के मुताबिक जनपद में गेहूं की पैदावार अच्छी हुई है लेकिन इसके बावजूद केंद्र सुनने पड़े हैं। ऐसे में गेहूं के बिचौलिए, व्यापारी, मल्टीनेशनल कंपनी के प्रतिनिधियों द्वारा रैक के माध्यम से बाहर गेहूं भेजा जा रहा है। जिससे खरीद में समस्या आ रही है। जिलाधिकारी में गेहूं खरीद को लेकर गेहूं भेजने के लिए मल्टीनेशनल कंपनी तथा व्यापारियों द्वारा प्रस्तुत इंडेंट पर अस्थाई रोक लगाने की बात कही है। प्रशासन के इस कदम से मंडी के व्यापारियों में भी हलचल देखी जा रही है। वही माना जा रहा है कि जब गैर जनपद गेहूं जाने पर अंकुश लगेगा तो खरीद में तेजी आएगी। जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि गेहूं खरीद को लेकर जिला अधिकारी की ओर से रेल प्रशासन को अस्थाई इंडेंट पर रोक लगाने के लिए पत्र भेजा गया है। करवाई की जा रही है।

# मोतियाबिंद के मरीजों को भेजा गया अयोध्या

संवाददाता, करनैलगंज

अमृत विचार : जिला अंधता निवारण समिति गोंडा की ओर से बुधवार को स्थानीय सीएचसी पर निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए स्क्रीनिंग नेत्र शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में मोतियाबिंद ऑपरेशन योग्य पाए गए मरीजों को ऑपरेशन के लिए अयोध्या नेत्र चिकित्सालय निजी वाहन से भेजा गया। ऑपरेशन के लिए भेजे गए मरीजों में ननका पत्नी नानहू, जगई प्रसाद, प्रसादे, उर्मिला देवी, धनलाल यादव, शिव राजा यादव, कुनका देवी, शकुंतला देवी, हरिराम प्रसाद आदि मरीज शामिल हैं। नेत्र परीक्षण अधिकारी एके गोस्वामी ने बताया कि बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करनैलगंज पर आए मरीजों के नेत्र संबंधी सभी बीमारियों की जांच समलबाई, नाखूना, नासूर भेंगापन व मौसम जनित बीमारियों का इलाज किया गया। उन्होंने बताया कि आपरेशन के बाद मरीजों को सावधानी बरतने के लिए भी कहा गया। इसके अलावा ऑपरेशन योग्य मरीजों को ऑपरेशन के लिए अयोध्या भेजा गया है। उन्होंने बताया कि अगला नेत्र शिविर 10 अप्रैल को पुनः सीएचसी पर आयोजित होगा। दस अप्रैल को ज्यादा से ज्यादा लोग शिविर में पहुंचकर इसका लाभ उठाएं।

# तीन युवकों को ट्रक ने रौंदा एक की जान गई, दो गंभीर

## मसकनवा-बभनान मार्ग पर दीननगर गुमटी के पास हादसा


विजय कुमार वर्मा। (फाइल फोटो)

संवाददाता, मसकनवा


घायलों को वाहन पर लदवाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

अमृत विचार: छपिया थाना क्षेत्र के मसकनवा-बभनान मार्ग पर दीननगर गुमटी के पास गन्ने से लदा ट्रक चालक ने बुलेट सवार तीन युवकों को रौंद दिया। जिसमें बाइक पर सवार एक युवक की मौके पर ही मौत गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

बुधवार सुबह छपिया थाना क्षेत्र के गांव अगया माफी टैरवा निवासी विजय कुमार वर्मा(23) पुत्र मायाराम वर्मा अपने मित्र अरविन्द(21) पुत्र धनी व अभिषेक सोनी(20) पुत्र दिनेश कुमार सोनी के साथ मसकनवा बाजार जा रहे थे। मसकनवा की तरफ से गन्ना लाद कर बभनान मिल जा रहे ट्रक चालक ने मसकनवा बभनान मार्ग पर दीन नगर गांव के पास बाइक सवार युवकों को रौद दिया, जिससे मौके पर ही विजय कुमार वर्मा की मौत हो गई। बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपिया ले जाया गया जहां पर घायलों की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कालेज दर्शन नगर अयोध्या रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। ट्रक को कब्जे में लेकर अन्य कार्यवाही की जा रही है।

# मुलायम यूथ ब्रिगेड के ब्लॉक अध्यक्ष बने पंकज

बेलसर, अमृत विचार: मुलायम यूथ ब्रिगेड के गोंडा जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप यादव ने पंकज कुमार पांडे को बेलसर ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है। पंकज कुमार पांडे ग्राम माधवपुर के निवासी हैं और समाजवादी पार्टी के लिए काफी सक्रिय रहते हैं। इनके मनोनयन पर आनन्द स्वरूप उर्फ पप्पू यादव, राम भजन चौबे, शैलेंद्र सिंह, बब्बू सिंह विसेन, मनोज कुमार चौबे, उमेश पांडे, सोनू शुक्ला, सालिक राम मौर्या, सुधीर शुक्ला, शौरभ शुक्ला, मोनू पांडे, आशीष पांडे, रमेश कुमार, प्रमोद सिंह, विनोद सिंह, रंजीत यादव ने बधाई दी।

# बीडीओ ने सहयोगियों के साथ मतदान केंद्रों का लिया जायजा

संवाददाता, मनकापुर

अमृत विचार: लोस चुनाव को लेकर बीडीओ गौरीशा श्रीवास्तव व एडीओ पंचायत राकेश कुमार श्रीवास्तव ने क्षेत्र के कई परिषदीय स्कूलों में मतदान केंद्रों का जायजा किया व दिशा निर्देश दिए।

अधिकारी व एडीओ पंचायत ने शिक्षा क्षेत्र के प्रावि धुसवा खास प्रथम व द्वितीय, प्रावि मिश्रौलिया गोसाई, प्रावि ज्ञानीपुर राम प्रसाद व प्राथमिक विद्यालय चांदपुर दुर्गा में पहुंच कर महिला-पुरुष, दिव्यांग शौचालय, साफ-सफाई, विद्युत-


खामियों को दूर करने का निर्देश देते खंड विकास अधिकारी। अमृत विचार

प्रकाश व्यवस्था, दिव्यांग रैंप, शुद्ध पेयजल व्यवस्था, मतदान भवन व बूथ वोर्ड जिस पर बीएलओ का नाम व आपात कालीन नंबर बोर्ड आदि व्यवस्था की जानकारी हासिल की। सम्बंधित ग्राम सचिव व ग्राम प्रधान को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जो भी कमियां हैं उसे यथा शीघ्र पूर्ण कर लें। पुनः निरीक्षण में खामियां मिलने पर कार्यवाही की जायेगी। इस मौके ग्राम सचिव विनय कुमार गुप्ता, ग्राम प्रधान नंद लाल, मिथलेश तिवारी, राज कपूर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, केस दर्ज

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: वजीरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नियामतपुर निवासी मंजू देवी ने थाने पर तहरीर देकर कहा है कि बीते मंगलवार को जमीन के विवाद को लेकर विपक्षी नमो नारायण पांडेय, सुधीर पांडेय, रामभूल व रुक्मणी ने सहन दरवाजे पर आकर वादिनी सहित लड़के वीरेंद्र व उपेंद्र से अभद्रता करते हुए मूका थप्पड़ लाठी डंडे से मारा पीटा है जिससे हम लोगों को काफी छोटे आई हैं तथा विपक्षियों ने जान से मारने की धमकी भी दी है।

वहीं दूसरे पक्ष की रुक्मणी द्वारा दी गई तहरीर में आरोप है कि जमीन के विवाद को लेकर विपक्षी वीरेंद्र कुमार पांडेय, उपेंद्र, सुरेंद्र ने घर के पास आकर अभद्रता करते हुए मूका थप्पड़ लाठी डंडे से वादिनी व पिता रविंद्र कुमार, भाई दुर्गा प्रसाद को मारा पीटा हैं जिससे हम लोगों को काफी चोटें आई है। विपक्षीगणों ने जान से मारने की धमकी भी दी है। एसओ अभय ने बताया कि केस दर्ज किया गया है।

# चुनाव में सिंगल यूज प्लास्टिक न करें प्रयोग

- चुनावी सामग्री के लिए कागज का उपयोग कम करने की दी गई हिदायत

गोंडा कार्यालय



अमृत विचार: जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग चुनाव में गैर जैव निम्नीकरणीय सामग्रियों के उपयोग के कारण होने वाले पर्यावरणीय खतरों के मुद्दे पर बहुत चिंतित है। निर्वाचन आयोग राजनीतिक दलों के साथ-साथ निर्वाचन से संबंधित अधिकारियों को पर्यावरण अनुकूल चुनाव की दिशा में आवश्यक कदम उठाने के लिए सलाह दी है। चुनाव आयोग द्वारा चुनाव सामग्री में प्लास्टिक का उपयोग न करने से लेकर विभिन्न चरणों के दौरान सामग्री की छपाई और अपशिष्ट प्रबंधन जैसे कार्य और पुस्तकों की भौतिक छपाई को कम करने तथा समय-समय पर ईसीआई द्वारा जारी सामग्री अनुदेशकों की छपाई में पर्यावरण अनुकूल उपायों को बढ़ावा देने के लिए निर्देश दिए हैं।

एकत्र किए गए प्रत्येक प्रकार के कचरे के लिए पर्याप्त निपटान सुविधा उपलब्ध हो। चुनाव अवधि के दौरान अपशिष्ट पृथक्करण के महत्व को बढ़ावा देना।

### चुनाव आयोग ने दिए निर्देश

-मतदान केदों पर मतदाता सूचियां और चुनावी सामग्री के लिए कागज का उपयोग कम से कम करना, दस्तावेजों की अनावश्यक छपाई को कम करने के लिए मुद्रण से पहले दस्तावेज की डबल साइड प्रिंटिंग, लेआउट का अनुकूलन, मुद्रण का केंद्रीकरण आदि जैसी कुशल प्रथाओं को लागू करना, पारंपरिक कागज आधारित सामग्री की तुलना में ई-पुस्तकों और इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों के उपयोग पर जोर देना, संचार और दस्तावेजीकरण के लिए इलेक्ट्रॉनिक तरीकों को अपनाने को प्रोत्साहित करना, परिवहन के लिए पर्यावरण अनुकूल वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देना कारपुलिंग और सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहित करना, पर्यावरण अनुकूल पहलों के बारे में मतदाताओं को जानकारी प्रसारित करना, मतदाताओं को चुनाव संबंधित जानकारी प्राप्त करने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना, चुनाव अभियानों और मतदाता शिक्षा के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया के उपयोग को प्रोत्साहित करना, उम्मीदवारों को पारंपरिक डाक के बजाय डिजिटल संवाद पत्र और ईमेल अपडेट का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना, सभी चुनाव प्रक्रियाओं और आयोजनों में केवल पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों का उपयोग करें और सिंगल उसे प्लास्टिक से पूरी तरह बचें, मतदान केदों और अभियान कार्यक्रम में स्पष्ट और दृश्यमान संकेतक स्थापित कर लोगों को विभिन्न प्रकार के कचरे जैविक अपशिष्ट के निपटान की जानकारी दी जाए।

# सीडीओ ने मतदान केंद्रों का लिया जायजा

## निरीक्षण

- अधिकारियों और कर्मचारियों को दिए दिशा-निर्देश

गोंडा कार्यालय


मतदान केंद्र का जायजा लेतीं मुख्य विकास अधिकारी एम. अरुन्मौली। अमृत विचार

अमृत विचार: वजीरगंज विकासखंड क्षेत्र मे बुधवार को सीडीओ एम अरुन्मौली ने क्रिटिकल मतदान बूथों की तैयारियों का जायजा लिया तथा कमियों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। सीडीओ ने रामपुर खरहंटा प्राथमिक विद्यालय की जमीन ऊबड़खाबड़ होने पर उसके समतलीकरण का निर्देश दिया। मझारा में रैम्प टूटा तथा बिजली बोर्ड खराब मिला। वहीं मतदान केंद्र पर मतदान स्थल संख्या अंकित न होने पर नाराजगी जताई तथा उसे तत्काल दुरुस्त करने का निर्देश दिया। जबकि जमुनहा मझरेती पर निर्माणाधीन सड़क पर पड़े बड़े बड़े बोल्डरों को तत्काल दुरुस्त करने के लिए पीडब्ल्यूडी अधीक्षण अभियंता को फोन भी किया। उन्होंने सभी केंद्रों पर बीएलओ को मतदान से पूर्व मतदाता पर्ची का वितरण करने तथा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन का भी निर्देश दिया। सीडीओ ने बरईपारा, जोकही का भी निरीक्षण कर व्यवस्था देखी और कमियों को दुरुस्त करने को कहा। इस दौरान बीडीओ प्रदीप कुमार सिंह, एडीओ पंचायत रवि मिश्रा, बीईओ हर्षित पांडेय संबंधित प्रधान व प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

### बच्चों को बांटीं किताबें

बूथ निरीक्षण करने आयी सीडीओ एम अरुन्मौली ने प्राथमिक विद्यालय मझरेती के बच्चों से बातचीत की तथा उन्हें किताबें वितरित की। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने और अपने विद्यालय का नाम रोशन करने की सीख दी। उन्होंने विद्यालय अध्यापकों को अपने दायित्वों का निर्वहन जिम्मेदारी पूर्वक करने को कहा। इस मौके पर बीइओ हर्षित पांडेय, प्रधानाध्यापक नंदकुमार मिश्र, शिक्षिका रेनू त्रिपाठी प्रधानपति सरवर अली अच्युतानंद शुक्ल मौजूद रहे।

# बहला कर लड़की को भगाया, केस

परसपुर, अमृत विचार: थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 18 वर्षीय बालिका को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि 29 मार्च की शाम को शादी की नीयत से एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। उसकी लड़की को भगवाने में विपक्षी के पिता, मां व बहन के सहयोग का आरोप लगाया है। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर ग्राम परसदा थाना तरबगंज के रहने वाले आरोपित सत्यम दूबे, बलदेव दूबे, बसंता, कोमल के विरुद्ध अपहरण मामले के विधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# अफसरों ने किया गया रूट मार्च

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: आगामी त्यौहार और लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस लगातार सजग है। आम जनमानस में सुरक्षा की भावना पैदा करने के उद्देश्य से लगातार रूट मार्च कर रही है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देश पर कई थाना क्षेत्र में पुलिस व पैरा मिलिट्री फोर्स के जवान गस्त कर रहे हैं। मंगलवार को थाना कौड़िया, इटियाथोक पुलिस ने आगामी त्योहर श्री राम नवमी, प्रचलित रमजान माह व लोकसभा समान्य चुनाव 2024 को सकुशल सम्पन्न कराने तथा जनता में शांति व सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये


पैदल मार्च करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

रखने के लिए स्थानीय पुलिस व अर्धसैनिक बल के साथ विभिन्न थाना क्षेत्र के कई गांव मौहल्लों, कस्बा में रूट मार्च किया गया। रूट मार्च के दौरान आगामी त्योहर श्री राम नवमी व प्रचलित रमजान माह को शान्तिपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराने व लोकसभा समान्य चुनाव-2024 के दौरान आमजन को स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान करने, अवांछनीय व आपराधिक तत्व के व्यक्तियों में भय व्याप्त करने के लिए एरिया डॉमिनेशन किया गया। लोकसभा चुनाव में लोगों को कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने तथा आमजन को भयमुक्त व निडर होकर मतदान करने की अपील की गई तथा सभी को चुनावो में बढ-चढकर मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया।

# तस्करी कर लाई जा रही शराब बरामद

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार: बुधवार को रेलवे सुरक्षा बल को भारी सफलता मिली है। राजकीय पुलिस ने तस्करी के लिए लाये जा रहे अवैध शराब के खेप को पकड़ने में सफलता पाई है। रेलवे पुलिस की कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है। राजकीय पुलिस ने गस्त बढ़ा दिया है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रेल मार्ग से होने वाली तस्करी पर रोक लगाने के लिए रेलवे सुरक्षा बलों ने राजकीय रेलवे पुलिस के साथ समन्वय करते हुए ट्रेनों व स्टेशन परिसर की सघन चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग अभियान के दौरान रेलवे सुरक्षा बल अपराध निरोधक विशेष टीम के सिपाही अमरदीप, श्रवण कुमार साहनी, आनंद कुमार, राजकीय रेलवे पुलिस के उपनिरीक्षक हरवंश यादव सिपाही विपिन पांडेय, रामू सिंह और सीआईबी निरीक्षक प्रणय कुमार, सिपाही श्रीराम द्वारा स्थानीय जंक्शन पर संयुक्त गश्त चेकिंग के दौरान प्लेटफार्म के पूर्वी छोर पर प्रेम कुमार सहनी ग्राम अफ्जला टोले खेता, बिरोल जिला दरभंगा, बिहार के पास से तीन बोरे में अंग्रेजी शराब कुल 502 टेट्रा पैक, 90.36 लीटर शराब बरामद करते हुए गिरफ्तार किया है। रेलवे पुलिस ने मामले को 60 आबकारी एक्ट के अंतर्गत राजकीय रेलवे पुलिस में पंजीकृत किया है।

# विद्यालय में समारोह पूर्वक किया गया अंक पत्र वितरण

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: प्राथमिक विद्यालय डल्लापुर शिक्षा क्षेत्र वजीरगंज में अंक पत्र वितरण एवं छात्र विदाई सम्मान के साथ ही नव प्रवेशी बच्चों का स्वागत समारोह पूर्वक किया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सत्र 2023-24 में पास कर चुके सभी छात्र-छात्राओं को अंक पत्र वितरित किया गया। कक्षा 5 के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान क्रमशः रजनी गोस्वामी, अनन्या तिवारी व विवेक रहे। इन्हें अंक पत्र के साथ पारितोषिक के रूप में डिक्शनरी व बैग दिया गया। अन्य सभी बच्चों को अंकपत्र के साथ


बच्चों को अंकपत्र देते शिक्षक। अमृत विचार

कॉपी और पेन दिया गया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष उदयभान वर्मा ने नवीन नामांकन प्राप्त कर चुके 10 छात्र छात्राओं को रोली चंदन लगाकर स्वागत किया और उन्हें कॉपी पेंसिल व बैग देते हुए प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अवनीश पांडे अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ व कन्हैया लाल मौर्या जिला संगठन मंत्री उपस्थित रहे।

कन्हैया लाल ने सभी बच्चों को ऐसे स्कूल में नामांकन कराने के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजय गोस्वामी, यूनिसेफ के प्रभाकर, एआरपी अशोक मिश्रा, गंगेश्वर प्रसाद, रविंद्र शुक्ला, अशोक द्विवेदी, विमल कुमार, दिनेश कुमार, संदीप पटवा, हनुमान प्रसाद, प्रदीप कुमार, श्यामपति सहित सैकड़ों अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अमित कुमार तिवारी ने किया। प्रधानाध्यापक अजय कुमार ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।


रिजल्ट के साथ बच्चे। अमृत विचार

**रिजल्ट पाकर चहके बच्चे: परसपुर:** शिक्षा क्षेत्र पंचायत परसपुर के कम्पोजिट विद्यालय लोहंगपुर में अंक पत्र वितरण व प्रबंध समिति की बैठक का आयोजन हुआ।

प्रभारी प्रधानाचार्य अनूप कुमार पांडेय ने बताया कि बुधवार को कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को अंक पत्र का वितरण किया गया। अंक पत्र पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने बताया कि अंक पत्र वितरण के साथ ही विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक भी की गई बैठक में नए सत्र में नए विद्यार्थियों के प्रवेश व उपस्थिति बढ़ाने पर चर्चा की गयी। प्रभारी प्रधानाचार्य ने अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित व समय से विद्यालय भेजने की अपील की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राम नरेंद्र मिश्रा, मुरली मनोहर श्रीवास्तव, नीलम पाठक, प्रियंका चौधरी, अतुल शुक्ला, रविन्द्र निगम, रामकृपाल, पवन पांडेय, बालकराम मौर्य, आयशा बानो, राजितराम, बबलू मिश्रा, उमेश मिश्रा आदि रहे।

**एक नजर**

## शौच के लिए निकली महिला को लेकर भागा ट्रक चालक

इटियाथोक, अमृत विचार : शौच के लिए घर से निकली महिला को ट्रक ड्राइवर अपने साथियों के साथ भगा ले गया। घटना की सूचना थाने पर दी है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने बताया कि मंगलवार को उसकी पत्नी शौच के लिए पंचायत भवन की तरफ गई थी। वहां पहले से ही अकरम अली निवासी लंबा खेड़ा पोस्ट बूधनपुर बिजनौर अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ पहले से मौजूद था। उक्त लोगों ने जबरदस्ती उनकी पत्नी को ट्रक में बैठा लिया। उसकी पत्नी शोर मचाती रही। शोर सुनकर आसपास के लोगों ने मोटरसाइकिल से ट्रक का पीछा किया। लेकिन ट्रक ड्राइवर अपने साथियों के साथ उसकी पत्नी को लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना यूपी 112 को दी गई। पुलिस ट्रक को थाने ले आई है।

# ऑपरेशन थिएटर में वसूली की शिकायत, छापा

### मेडिकल कॉलेज में दलालों का बोलबाला, कार्रवाई से मचा हड़कंप, प्रधानाचार्य ने डॉक्टरों को जारी की नोटिस

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** मेडिकल कॉलेज में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। मंगलवार को ऑपरेशन थिएटर में बाहरी युवक द्वारा अवैध वसूली की शिकायत पर मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य ने छापेमारी की ओटी में एक बाहरी युवक तो पाया गया, लेकिन वह भागने में सफल रहा।

प्रधानाचार्य की ओर से सभी डॉक्टरों को नोटिस देकर चेतावनी दी गई है। छापेमारी से मेडिकल कॉलेज में हड़कंप मचा रहा। राजा देवी बक्श सिंह मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर व दलालों का गठजोड़ हावी है। शायद ही कोई डॉक्टर बचा हो। जिसके कमरे के आसपास दलाल घूमते न हों।

कई बार इसकी शिकायत हुई, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। कभी-कभी तो मरीज व तीमारदार से हाथापाई की भी नौबत आ जाती है। कुछ डॉक्टर तो बाकायदा इन दलालों को पाल रखे हैं। अब इन बाहरी लोगों की पहुंच ऑपरेशन थिएटर तक हो गई है। काफी दिनों से ऑपरेशन थिएटर के एक युवक द्वारा अवैध वसूली की बात सामने आ रही थी। युवक अपने आप को एक डॉक्टर का नजदीकी बता रहा था। जब उसने मरीज के तीमारदार से पैसे मांगे तो इसकी शिकायत मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य से की गई। उन्होंने शिकायत को गंभीरता से लिया। बुधवार को अस्पताल में छापेमारी की तो मौके पर ऑपरेशन थिएटर में बाहरी युवक पाया गया। जब तक सिक्योरिटी वाले पहुंचते युवक भागने में सफल रहा। हालांकि प्रधानाचार्य की छापेमारी से हड़कंप मचा रहा। घंटों हंगामा होता रहा। प्रधानाचार्य ने सभी चिकित्सकों को चेतावनी दी है कि ऐसी घटना की पुर्नावृत्ति होती है तो संबंधित चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य धनंजय श्रीकांत कोटास्थाने ने बताया कि ऑपरेशन थिएटर में अवैध वसूली की शिकायत मिली थी, छापेमारी की गई है। युवक भागने में सफल रहा है। सभी शिक्षकों को नोटिस जारी कर चेतावनी दी गई है, यदि ऐसे घटनाक्रम की पुनरावृत्ति होती है संबंधित चिकित्सक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



निरीक्षण करते मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य व सीएमएस। अमृत विचार

# स्वीप योजना के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** जनपद के जिगर मेमोरियल कॉलेज, संत सहजवन इंटर कॉलेज बाबागंज, स्व चन्द्रशेखर शुक्ल बालिका कॉलेज माधवगंज धानेपुर, श्री गांधी आदर्श इंटर कालेज खरगूपुर, मालती शर्मा उच्चतर माध्यमिक कॉलेज मुंडेरवा कला, श्री गुरु नरहरि स्मारक इंटर कॉलेज पूरे तिवारी, किसान इण्टर कालेज भंभुआ, पृथ्वीराज चौहान इं का हडियागाड़ा, सेंट फ्रांसिस स्कूल शान्तीनगर कटरा, श्री बिन्द्रा सिंह स्मारक, श्री राम कृषि इं०का० पूरेडाढ़ू, सुभाष इंटर कॉलेज उमरी बेगमगंज, चन्द्रभान दत्त स्मारक कॉलेज रामपुर टेंगरहा, डीएवी इंटर कॉलेज नवाबगंज, विद्यानगर किसान इण्टर कालेज मोतीगंज, किसान इण्टर कालेज पिपरा इस्माइल, स्वामी नारायण इंटर कालेज छपिया, राजकीय बालिका इण्टर कालेज गोण्डा, जिगर मेमोरियल सहित 16 ब्लाक तथा 01 नगर क्षेत्र में ईएलसी कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के अम्बेसडर द्वारा नये युवा मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। समस्त प्रतिभागियों द्वारा देश के लोकतंत्र को मजबूत एवं सुदृढ करने के लिए तथा अपने परिवार के सभी सदस्यों रिश्तेदारों एवं पड़ोसियों को भी मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

# दिव्य झांकियों के साथ रातभर बही भजनों की बयार

संवाददाता, खरगूपुर

**अमृत विचार:** बालाजी सेवा समिति के तत्वावधान में रात जागरण एवं भंडारे का आयोजन हुआ। कलाकारों ने भजन एवं गीत के साथ मनमोहन झांकियां प्रस्तुत की। खरगूपुर नगर के गांधी चौराहा पर बालाजी महाराज का रात जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बाहर से आए कलाकारों एवं भजन कीर्तन गायकों ने अपनी प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मनमोह लिया। देर रात तक बड़ी संख्या में मौजूद श्रोता कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस मौके पर सीता राम, हनुमान एवं शंकर की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। भगवान गणेश की दिव्य झांकी सजाई गई। लोगों ने भजनों के साथ झांकियों की आरती उतारी और पूरी रात लोग झूमते रहे। कार्यक्रम के साथ ही भव्य भंडारे का आयोजन हुआ। समापन सुबह करीब चार बजे छप्पन भोग प्रसाद वितरण के उपरांत हुआ।



दिव्य झांकियों का प्रदर्शन करते कलाकार। अमृत विचार



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्त। अमृत विचार

### हनुमानगढ़ी मंदिर पर भंडारे का आयोजन

**करनैलगंज, अमृत विचार** : बुढ़वा मंगल के अवसर पर मंगलवार को हनुमानगढ़ी मंदिर समिति बजरंग नगर मेंहदी हाता के तत्वावधान में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह सुंदर कांड पाठ के समापन पर हवन यज्ञ हुआ। उसके बाद सायं 4 बजे से रात्रि 11 बजे तक अनवरत भंडारा चलता रहा। जिसमें भारी संख्या में नगर व ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया। शाम 8 बजे से संगीतमय धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। रामजीलाल मोदनवाल, राम कुमार मौर्य, अतुल मौर्य, दिनेश मौर्य, सत्यपाल मौर्य, रामेश्वर प्रसाद, राजितराम जयगुरुदेव, अमरेश मौर्य, ज्ञान चंद्र मौर्य, राम प्रकाश गोस्वामी, वकील गोस्वामी, नंगू बाबा, हितेश सिंह, मोहित पाण्डेय, सोनू पुरवार, राकेश मुनीम सहित भारी संख्या में भक्तगण भंडारे की व्यवस्था देख रहे थे। इसके अलावा क्षेत्र के भैरवनाथ मंदिर, बटोरा बाबा, बरबटपुर सहित तमाम हनुमान मंदिरों पर दर्शन पूजन व भंडारे देर रात तक चलते रहे।

# भक्त प्रहलाद की भक्ति का बखान

**नवाबगंज, अमृत विचार:** नवाबगंज क्षेत्र के महंगूपुर गांव में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक ने भक्त प्रहलाद और नरसिंह अवतार की कथा का वर्णन करते हुए आचार्य विद्याभूषण शरण ने कहा कि भक्त प्रहलाद की निष्काम भक्ति की महिमा अपरंपार है। हिरण्यकश्यप जैसे असुर के घर जन्म के बाद भी भक्त प्रहलाद भगवान विष्णु के भक्ति में लीन रहते थे। जो पिता को तनिक नहीं भाता था। रोकने के सारे प्रयास विफल होने पर पुत्र को मारने का प्रयास करते हुए हिरण्यकश्यप भक्त प्रहलाद के इष्ट को भी ललकारता था। जिसके फलस्वरूप भक्त की रक्षा करने के लिए भगवान को खंभे से अवतार लेना पड़ा और दैत्यराज को मारकर भक्त प्रहलाद की रक्षा करना पड़ा। कथा वाचक ने समुद्र मंथन प्रसंग में श्रोताओं को रसपान कराते हुए कहा कि समुद्र मंथन के समय 14 रत्न प्राप्त हुए जो बारी बारी से देवों और असुरों में होने थे। लेकिन विष निकलने पर उसे लेने को कोई तयार नहीं हुआ तब भगवान शिव ने विष को कंठ में धारण कर लिए थे और सभी की रक्षा किए।और भगवान् नीलकंठ कहलाए। आगे कथा वाचक ने कहा कि बच्चों को संस्कार और शिक्षा अवश्य देना चाहिए।विदेशी शिक्षा केवल सांसारिक सुख मात्र दिला सकती है। आज के युग में बच्चों को धर्म ग्रंथो से दूर कर उन्हें सदमार्ग से विमुख किया जा रहा है। जो किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं। इसका संरक्षण करें। तत्पश्चात् कथा को विश्राम दिया गया और भगवान् की आरती उतारी गई और कथा श्रवण कर रहीं महिलाओं ने भक्ति मंगल गीत गाते हुए पूरे पंडाल को भक्तिमय बना दिया और सभी श्रोताओं को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर उपस्थित देवमणि मिश्रा,पप्पू पांडेय, अवधेश मिश्र, शशिधर पांडे, बद्रीनाथ शर्मा, त्रिभुवन यादव कारे यादव, बबलू कनौजिया आदि मौजूद रहे।



कथा कहते आचार्य विद्याभूषण।



एनसीसी प्रभारी को सम्मानित करते प्रधानाचार्य। अमृत विचार

### एनसीसी प्रभारी आनंद कुमार पांडेय सम्मानित

**बेलसर,अमृत विचार :** यूपी 48 बटालियन एनसीसी गोंडा की ओर से आयोजित शारीरिक अधिकारी प्रशिक्षण कोर्स कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें महाराजा देवी बख़्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर के एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट आनंद कुमार पांडेय को कैंप में प्रशिक्षक के रूप में नियुक्त किया गया। आनंद कुमार पांडेय ने प्रशिक्षक के रूप में श्रेष्ठ कार्य किया, जिसके लिए 48 बटालियन एनसीसी गोंडा के कमान अधिकारी कर्नल सुनील कपूर ने आनंद कुमार पांडेय, विद्यालय के प्रधानाचार्य अजीत सिंह तथा प्रबंधक सुरेंद्र बहादुर सिंह को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। उक्त प्रमाण पत्र को विद्यालय के प्रधानाचार्य अजीत सिंह ने विद्यालय के शिक्षकों की उपस्थिति में एनसीसी प्रभारी आनंद कुमार पांडेय को प्रदान किया और उन्होंने आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स दिन प्रतिदिन नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे।

# पांच मेडिकल स्टोर पर मिली गड़बड़ी

### औषधि निरीक्षक ने किया औचक निरीक्षण, दवाइयों की बिक्री पर लगाई रोक

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** मेडिकल स्टोर पर अनियमितता की शिकायत मिलने पर औषधि निरीक्षक रजिया बानो ने मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की।

निरीक्षण के दौरान रस्तोगी मेडिकल एजेंसी मसकनवा बाजार, अमरनाथ मेडिकल एजेंसी बभनान रोड मसकनवा, प्रगति मेडिकल हॉल फिरोजपुर मऊ स्टेशन रोड अंधियारी एवं पूजा फार्मेसी उतरौला रोड पटेल नगर मनकापुर में गड़बड़ी पाए जाने के कारण क्रय विक्रय पर लगा दिया गया। मेडिकल स्टोर संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी की गयी है। मेडिकल स्टोर से पांच नमूने संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। औचक निरीक्षण के दौरान बंद पाए गये मेडिकल स्टोर को भी नोटिस जारी की गई है इनमें शर्मा मेडिकल स्टोर, बीडीएस फार्मेसी सादुल्लाह नगर रोड, मछली बाजार, पाण्डेय मेडिकल स्टोर खरिका बगिया, मछ्ली बज़ार सादुल्लाह नगर एवं सिद्धार्थ फार्मेसी पटेल नगर् फिरोज़पुर है।

औषधि निरीक्षक ने बताया कि शिकायत मिलने पर निरीक्षण किया गया है। नोटिस भेज कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।



मेडिकल स्टोर का निरीक्षण करती औषधि निरीक्षक। अमृत विचार

# स्टार परफॉर्मर ऑफ ईयर चुने गए आरपीएफ निरीक्षक

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** रेलवे सुरक्षा बल के प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह को सुरक्षा विभाग ने स्टार परफार्मर ऑफ द ईयर के लिए चुना गया। 4 अप्रैल को पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल में आयोजित वार्षिक कार्यक्रम के दौरान उन्हें सम्मानित किया जायेगा।



आरपीएफ निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह पीलीभीत, लाल कुआं, कानपुर अनवरगंज, बनारस डीएलडब्लू व मुख्यालय गोरखपुर में आधुनिकीकरण एवं प्रोविजनिंग प्रभारी निरीक्षक पद पर तैनात रहे। साथ ही आठ वर्ष एसपीजी कमांडो, प्रधानमंत्री सुरक्षा केन्द्र सचिवालय, प्रधान मंत्री आवास, प्रधानमंत्री कार्यालय में सुरक्षा अधिकारी जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किए हैं। जिसमें पूर्वोत्तर रेलवे में वीएसएस के अंतर्गत सीसीटीवी कैमरा थानों को आधुनिकीकरण करने में इनका विशेष योगदान रहा है। इनकी अगुवाई में स्थानीय रेलवे स्टेशन पर अवैध वेंडिंग एवं यात्री संबंधित अपराध की रोकथाम की, ट्रेनों के परिचालन में सुधार लाने के लिए अलार्म चैन पुलिंग पर अंकुश लगा कर गत वर्ष की तुलना में साठ प्रतिशत की कमी लाई गई।

# ताइक्वांडो का ट्रेनिंग कैंप कल से

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** गोंडा ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वावधान में जनपद के गांधी पार्क में बेल्ट प्रमोशन टेस्ट का आयोजन किया गया। इसमें 55 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। साथ ही साथ गोंडा ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा जनपद के रघुकुल विद्यापीठ, गांधी पार्क, रेलवे गांधी स्कूल व एम्स स्कूल आवास विकास में पांच अप्रैल से शाम पांच बजे से 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर जनपद के समस्त बालक बालिकाओं के लिए निशुल्क प्रदान किया जायेगा। जिसमें बालक बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ फिजिकल फिटनेस व सेल्फ डिफेंस की विभिन्न तकनीकों की जानकारी दी जाएगी।

गोंडा ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव प्रत्यूष राज ने बताया कि इस शिविर के माध्यम से बच्चों का चयन जनपद स्तरीय टीम के लिए किया जाएगा। साथ ही साथ निम्न वर्ग के छात्र-छात्राओं को पूर्णतया निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर आगामी प्रतियोगिता के लिए तैयार किया जाएगा। अगर खिलाड़ी राज्य स्तरीय व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का नेतृत्व कर पदक अर्जित करता है तो गोंडा ताइक्वांडो एसोसिएशन उसके पूरे खर्च का निर्वहन कर निशुल्क किट, डाइट उपलब्ध कराएगा।



बेल्ट प्रमोशन टेस्ट में प्रतिभाग करते ताइक्वांडो खिलाड़ी। अमृत विचार

# पिकअप की ठोकर से रिक्शा सवार तीन घायल

**मसकनवा, अमृत विचार:** मनकापुर मार्ग पर विद्युत उपकेंद्र मसकनवा के पास पिकअप ने ई रिक्शा को ठोकर मार दिया, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। मसकनवा मनकापुर मुख्य मार्ग पर मालती(65) पत्नी छेदीलाल कैमी मोतीगंज, राम कृपाल (42) पुत्र छेदीलाल, उमेश तिवारी पुत्र राम आशीष तिवारी तिनहौना राजगढ़ मोतीगंज टयरवा बाजार दवा लेने जा रहे थे। ई रिक्शा को पिकअप ने ठोकर मार दिया जिसमें तीनों घायल हो गए। मौके पर पहुंचे मसकनवा चौकी प्रभारी दिलीप सिंह ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया।

# मिश्रौलिया पुल के दोनों ओर रास्ता हो चौड़ा

### गल्ला व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को भेजा मांग पत्र

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** मिश्रौलिया क्रॉसिंग पुल के दोनों ओर रास्ता सकरा है, जिसकी वजह से रोज जाम लगा रहता है। मंडी में उपज बेचने आने वाले किसानों को भी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। गला व्यापार संघ नवीन मंडी स्थल में मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर पुल के दोनों तरफ रास्ते के चौड़ीकरण की मांग की है। गल्ला व्यापार संघ के जिला अध्यक्ष विकास जैन की ओर से भेजे गए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र में कहा गया है कि यह पुल गल्ला मंडी के आने वाले रास्ते पर पड़ता है। सैकड़ों की संख्या में किसान यहां अपनी उपज को बेचने आते हैं। जब किसान आते हैं तो उनकी ट्रैक्टर ट्राली अक्सर फंस जाती है। इसी रास्ते से होकर कचहरी स्टेशन स्थित माल गोदाम पर रेलवे पॉइंट से खाद्यान्न की लोडिंग होती है। जब ट्रक व डीसीएम से खाद्यान्न इस रास्ते से भेजा जाता है तो अक्सर लोग फंस जाते हैं। गल्ला व्यापार संघ के पदाधिकारी का कहना है कि बहराइच रोड के आसपास कई शैक्षणिक विद्यालय हैं जिसमें काफी संख्या में बच्चे पढ़ते हैं रास्ता सकरा होने से आना जाना सही तरीके से नहीं हो पता है। रास्ते के दोनों और मकान बने हैं जिसमें वहां अक्सर वाहन फस जाते हैं। कभी-कभी तो विवाद भी हो जाता है। ट्रक व मकान मालिक लड़ जाते हैं। पदाधिकारियों का कहना है कि दर्जनों लोग इस रास्ते पर चोटिल हो चुके हैं। रास्ते के चौड़ीकरण करने की अत्यंत आवश्यकता है। गल्ला व्यापारियों ने मुख्यमंत्री से रास्ते के चौड़ीकरण कराये जाने की मांग की है। वहीं भू स्वामियों का कहना है कि सेतु निगम ने चिन्हित किए गए मकानों व दुकानों के एवज में भुगतान नहीं किया है। इसका मामला उच्च न्यायालय में चल रहा है।



ओवरब्रिज के बगल में संकरे रास्ते से निकलता ट्रक। अमृत विचार

# टिकरी व सादुल्लाह नगर में पेड़ों पर चल रही आरी

**मनकापुर, अमृत विचार:** पर्यावरण प्रेमी जिलाधिकारी के सख्त रवैये के बावजूद टिकरी व सादुल्लाह नगर रेंज में बिना परमिट के पेड़ों की कटान रोकने में वन क्षेत्राधिकारी व कर्मचारी असफल दिख रहे हैं। प्रत्येक दिन लकड़ी माफिया अवैध रूप से सैकड़ों पेड़ धराशायी कर रहे हैं।

टिकरी रेंज के अशरफाबाद बीट के अमवा गांव के मजरा रामनगर में बीस पेड़ मोटे मोटे सागौन के काट डाले गये। इसी क्रम में टिकरी रेंज के करौंदी बीट के बंदरहा गांव में सात पेड़ बुधवार सुबह सुबह काट कर धराशायी कर दिये गये। यही नहीं सादुल्लाह नगर के ऐलनपुर ग्रंट बीट के मिर्जापुर परसन गांव में 15 पेड़ मोटे सागौन के काट कर धराशायी कर दिये गये। इस संबंध में डीएफओ पंकज शुक्ला ने बताया कि अवैध कटान करने वालों पर कार्रवाई की जायेगी। वहीं रेंजर टिकरी बीके नायक का कहना है कि कोतवाली में वन रक्षक रामसेवक सोनकर ने कटान को लेकर केस दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है।



# सपा नेता लाठी सिंह को दी श्रद्धांजलि

**उमरी बेगमगंज, अमृत विचार:** सपा नेता लाठी सिंह की चतुर्थ पुण्यतिथि पर शमला देवी स्मारक इंटर कॉलेज परास पट्टी मझवार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि मनोज पांडे, ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र प्रताप सिंह गुड्डू सिंह ने लाठी सिंह व कन्हैया पाठक के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पितकर श्रद्धांजलि दी। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि लाठी सिंह साहसी, सहनशील व्यक्तित्व के धनी थे और गरीब व असहायों की मदद में सदैव तत्पर रहते थे। चार वर्ष पहले तीन अप्रैल को जांच टीम के सामने ही दबंगों ने लाठी सिंह व कन्हैया पाठक की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# बीईओ ने छह स्कूलों का किया निरीक्षण

**बेलसर, अमृत विचार:** खंड शिक्षा अधिकारी परसपुर ने क्षेत्र के आधा दर्जन विद्यालयों का निरीक्षण किया और प्रवेश पर जोर दिया। बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी परसपुर सुशील कुमार सिंह ने उच्च प्राथमिक विद्यालय जानकी नगर का निरीक्षण किया। प्रधानाध्यापक कृष्ण नारायण तिवारी से छात्र उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन सहित अन्य बिंदुओं की जानकारी ली। प्राथमिक विद्यालय जानकी नगर में प्रधाध्यपक राकेश वर्मा से छात्र उपस्थिति के बारे में जानकारी ली। प्रवेश बढ़ाने का निर्देश दिया। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय कपनी, उच्च प्राथमिक विद्यालय नीरपुर ख्याला, प्राथमिक विद्यालय सुसुंडा में बनाए गए पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। पोलिंग बूथों पर बिजली, पानी, शौचालय सहित अन्य जानकारी हासिल किया। प्रधानाध्यापक गिरीश कुमार पांडेय, अशोक कुमार पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



जानकीनगर में निरीक्षण करते बीईओ।

# शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

संवाददाता, कटरा बाजार

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक विवाहिता को रगड़गंज ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कराया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक विवाहिता ने मंगलवार को थाने पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसके ही गांव के एक युवक ने उसे शादी का झांसा देकर उसे गांव से करनैलगंज बाजार में बुलाकर उसे लेकर तरबगंज थाना क्षेत्र के रगड़गंज ले जाकर उसके साथ रात भर दुष्कर्म किया। आरोप है कि दुष्कर्म के बाद पीड़िता को किसी से बताने पर जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पीड़िता ने जिसकी शिकायत मंगलवार को कटरा बाजार थाने पर दर्ज करायी। प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि विवाहिता के तहरीर पर आरोपी युवक देव नरायन के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है ताकि कार्रवाई हो सके।

### एसपी की सख्ती से दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

कटरा थाना क्षेत्र में एक सप्ताह में दूसरी दुष्कर्म की घटना प्रकाश में आई है। अभी एक सप्ताह के भीतर मासूम के साथ हुए दुष्कर्म का मामला ठंडा नहीं हुआ था कि थाना क्षेत्र में दुष्कर्म की दूसरी घटना सामने आई है। सूत्रों की माने तो यह मामला एक माह पुराना है। पीड़ित महिला ने जिसकी शिकायत स्थानीय थाने में की थी। थाने की पुलिस ने दुष्कर्म जैसी वारदात में जबरन सुलह लगवाकर वापस भेज दिया था। महिला ने मामले की पूरी जानकारी पुलिस अधीक्षक गोंडा विनीत जायसवाल को दी तो उन्होंने तुरंत कटरा बाजार थाने को मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले को गंभीरता से लेने के बाद कटरा बाजार की पुलिस हरकत में आई और आनन फानन में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर अपनी पीठ थपथपा ली है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया है।

# वार्षिकोत्सव में छात्रों की प्रतिभा को मिला सम्मान

**कार्यक्रम**

- छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बांधा समां, खूब बजीं तालियां
- पुरस्कार पाकर खुशी से चहक उठे मेधावी छात्र-छात्राएं

जरवल रोड, बहराइच



स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार:** विकास खण्ड जरवल के आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय तप्पेसिपाह में वार्षिकोत्सव, अंकपत्र एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों समेत वार्षिक परीक्षा में सभी कक्षाओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे मेधावी छात्र, छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।

वार्षिकोत्सव की शुरुआत मुख्य अतिथि बीईओ अरविंद बहादुर सिंह व विशिष्ट अतिथि वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप जलाकर की। विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। वार्षिकोत्सव में छात्रों द्वारा विज्ञान आधारित लघु नाटिका पर मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इसके अलावा छात्रों ने नये सत्र में स्कूल में दाखिले हेतु नामांकन आधारित स्कूल चलो एकांकी, अंग्रेजी कविता पर सामूहिक प्रस्तुति व समूह नृत्य आदि रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत मे मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी के द्वारा एक हजार रुपये का नकद पुरस्कार तथा मेधावी छात्रों को स्टेशनरी, पेन व गिफ्ट आदि देकर सम्मानित किया गया।

मंच संचालन वरिष्ठ शिक्षक सुरेश सरोज ने किया। समारोह में प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष आसिफ अली, जूनियर संघ अध्यक्ष उबैदुर्रहमान, टीचर सेल्फ केयर टीम ब्लॉक संयोजक खलीकुज्ज्मा, एआरपी अब्दुल मोमिन, वन दरोगा शीतला प्रसाद, ग्राम प्रधान उमेश गुप्ता, पूर्व प्रधान रमेश निषाद आदि ने बच्चों को इसी लगन से आगे पढ़ाई जारी रखने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर आयोजक प्रधानाध्यापिका रीता सिंह, शिक्षिका शमसा क़मर, ममता यादव, पूर्णिमा, गरिमा व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अज्ञात कारणों से लगी आग गेहूं की फसल जलकर राख



फसल में लगी आग। अमृत विचार

**रिसिया, बहराइच, अमृत विचार :** जनपद के कटिलिया चौराहे के निकट स्थित एक किसान के गेहूं के खेत में मंगलवार शाम को अज्ञात कारणों से आग लग गई। कुछ ही देर में पूरे खेत की फसल जलकर राख हो गई। रिसिया थाना क्षेत्र के कटिलिया चौराहे के निकट चांद अली का खेत है। चांद अली परसा कैथोली गांव के निवासी हैं। उनके खेत में इस समय गेहूं की फसल तैयार लगी है। शाम को अज्ञात कारणों से गेहूं की फसल में आग लग गई। चल रही तेज हवाओं के चलते पूरे खेत की फसल जल गई। ग्रामीणों ने पानी डालकर आग बुझायी। किसान की 10 बीघे फसल जल गया। तैयार गेहूं की फसल जलने से हजारों का नुकसान हुआ है।

# दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष की कैद

बहराइच

**अमृत विचार:** थाना हरदी के मक्कापुरवा गांव निवासी एक अभियुक्त को विशेष न्यायाधीश पाक्सो की कोर्ट ने बुधवार को नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने के मामले में बीस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। वहीं कोर्ट ने दो अन्य अभियुक्तों को धमकी देने के मामले में एक-एक वर्ष की सजा सुनाते हुए तीनों अभियुक्तों को एक लाख 10 हजार के अर्थ दंड से दंडित किया है।

विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता संतप्रताप सिंह, विशेष लोक अभियोजक संतोष सिंह व सुरेंद्र मौर्य ने बताया कि नाबालिग पीडिता ने 24 नवंबर 2014 को थाने में तहरीर देकर कहा था कि वह जानवर चराने के लिए अपने अहाते में गई थी। इसी दौरान प्रमोद ने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। शोर मचाने पर मौके पर पहुंचे पिता ने प्रमोद को पकड़ लिया। इसी दौरान हरि व लेखराज भी मौके पर पहुंच गए और पिता को जान से मारने की धमकी देते हुए प्रमोद को पिता से छुड़ा ले गए। शासकीय अधिवक्ताओं ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। इस दौरान विवेचना अधिकारी ने घटनास्थल पर पहुंचकर नक्शा नजरी तैयार करने के साथ मजिस्ट्रेट के समक्ष पीड़िता का बयान दर्ज किया था। विवेचना अधिकारी ने सभी साक्ष्य के साथ आरोप पत्र सक्षम न्यायालय को सौप था। शासकीय अधिवक्ताओं ने बताया कि बुधवार को मुकदमे में सुनवाई के दौरान विशेष न्यायाधीश पाक्सो वरुण मोहित निगम की कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनी। इस दौरान कोर्ट ने साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर अभियुक्त प्रमोद को नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म के मामले में दोषसिद्ध करते हुए बीस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्त को एक लाख के अर्थदंड से दंडित भी किया है। अर्थ दंड अदा न करने पर अभियुक्त को एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। शासकीय अधिवक्ताओं ने बताया कि विशेष न्यायाधीश पाक्सो की कोर्ट ने धमकी देने के मामले में अभियुक्त हरि व लेखराज को एक-एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाते हुए पांच-पांच हजार के अर्थदंड से दंडित किया है।

# तार लगाने के विरोध पर हुई मारपीट, महिला की मौत

## परिवार के लोगों ने हत्या का लगाया आरोप, केस दर्ज

संवाददाता, राजीचौराहा, बहराइच



महिला की हत्या के बाद गमगीन परिवार के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जनपद के ग्राम पंचायत एरिया निवासी एक महिला अपने दीवार से केबल का तार खिंचवा रही थी। इसी दौरान पड़ोसी ने तार खींचे जाने का विरोध करते हुए मारपीट शुरू कर दी, जिससे महिला की मौत हो गई। परिवार के लोगों ने पड़ोसी पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत एरिया निवासी कलमावती उर्फ राम कुमारी (55) पत्नी सांवली मंगलवार शाम को बिजली के खंभे से अपने मकान तक तार खिंचवा रही थी। महिला अपने मकान के दीवार से होकर तार निकलवा रही थी। तभी पड़ोसी राहुल और उसके परिवार के लोगों ने महिला को अपने ही दीवार से उसके तरफ तार न खींचे जाने से मना किया। इस पर महिला ने अपने मकान में तार खींचे जाने की बात कहते हुए विरोध को गलत बताया। आरोप है कि राहुल और अन्य ने इसी मामले को लेकर महिला की पिटाई कर दी। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामले की जानकारी ली। थानाध्यक्ष संतोष सरोज पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**मारपीट के कुछ देर बाद ही हुई मौत**

एरिया गांव में तार लगाने को लेकर विवाद हुआ। विवाद के दौरान हाथापाई हुई। इसके कुछ देर बाद महिला की मौत हो गई। जिस पर परिवार के लोग हत्या का आरोप लगा रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा और केस दर्ज किया जायेगा।

**–संतोष कुमार सरोज,** थानाध्यक्ष

# नीली बत्ती व हूटर लगे वाहन का मांगा कागज तो पुलिस को दिखायी धौंस



देहात कोतवाली में मौजूद हूटर लगा वाहन और पुलिस टीम। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार:** लखनऊ बहराइच मार्ग पर के चार पहिया वाहन सवार केंद्र सरकार के मंत्रालय का लोगो लगा हूटर बजाते हुए जा रहा था। पुलिस ने कागजात मांगे तो उसने धौंस दिखायी। इस पर पुलिस ने जांच के बाद वाहन को कब्जे में ले लिया। उसके विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने यातायात व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए हैं। उसी के तहत बुधवार को यातायात पुलिस टीम द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान बंजारी मोड़ से वाहन टाटा सफारी को रोका गया। वाहन पर लाल-नीली बत्ती, हूटर, काली फ़िल्म तथा वाहन पर भारत सरकार का लोगो (अशोक स्तम्भ) बना हुआ है। वाहन चालक से वाहन के कागजात मांगे गए तो चालक द्वारा वाहन के प्रपत्र न दिखाकर पुलिस पर दबाव बनाने के उद्देश्य से रौब दिखाने लगा। बिना प्रपत्र व काली फिल्म लगाने तथा बिना प्राधिकार के निजी वाहन पर लाल नीली बत्ती, हूटर, भारत सरकार का स्टीकर लगाने के कारण कोतवाली देहात में धारा 419, 420, 506, 188 में केस दर्ज किया गया है।

इस संबंध में देहात कोतवाल बीके मिश्रा ने बताया कि वाहन को मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए निरुद्ध कर थाना कोतवाली देहात परिसर पर खड़ा कराया गया है। वाहन चालक के विरुद्ध धारा 151 सीआरपीसी की कार्यवाही की गई है।

# आनंद गौड़ को पहनाया चांदी का मुकुट

संवाददाता, बहराइच



जन आशीर्वाद यात्रा निकालते भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** नवाबगंज और मटेरा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी की ओर से जन आशीर्वाद यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान मंदिर में डॉक्टर आनंद गोंड को चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मानित किया गया।

भाजपा प्रत्याशी डॉ. आनंद कुमार गोंड ने समर्थकों के साथ मंडल नवाबगंज में श्री मंगली नाथ मंदिर में जाकर पूजा अर्चन की । इसके बाद नवाबगंज बाजार में आम जनमानस से आशीर्वाद प्राप्त किया। शंकरपुर चौराहा व बाजार में जनता से समर्थन मांगा। इस अवसर पर समस्त स्थान पर प्रत्याशी का पुष्प वर्षा कर व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बेगमपुर बाजार, गम्भीरवा बाजार, मटेरा बाजार, राम गांव बाजार में आम जनता से उन्होंने आशीर्वाद प्राप्त किया। मटेरा बाजार में अमरीश मित्तल के गोदाम पर भाजपा प्रत्याशी का भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा व माल्यार्पण किया। इस अवसर पर आलोक अग्रवाल, अमरजीत सिंह, सतेंद्र मिश्रा, आयुष अग्रवाल, विक्की यादव, लीलाधर पांडे, मंडल मंत्री जगदीश यादव, धर्मराज जायसवाल, विजय सिंह, रंजीता कौर, विश्वनाथ श्रीवास्तव, रामविलास लोधी, अमित पाठक, दिवाकर सिंह, शिवम सिंह, अरविंद शुक्ला सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस कार्यक्रम के अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राहुल राय, रणविजय सिंह, जिला महामंत्री नन्हेंलाल लोधी, धीरेंद्र मोहन आर्य, जिला मंत्री हेमा निगम, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार मिश्रा, मंडल अध्यक्ष नवाबगंज बलवंत सिंह, हेमंत कुमार वर्मा, मटेरा मंडल अध्यक्ष कुश शुक्ला, राम गांव मंडल बृजेश निषाद, रिसिया मंडल अध्यक्ष हेमंत वर्मा, आनंद कुमार उर्फ कक्कू सुदामा मिश्रा, प्रमोद पांडे अमित शर्मा सौरभ मिश्रा, रंजीता श्रीवास्तव, उर्मिला शुक्ला, प्रियंका रावत, अभिलाषा वर्मा, विश्वनाथ श्रीवास्तव, संतोष पांडे, अर्चना मिश्रा, संतोष सिंह, ममता जायसवाल, अरविंद शुक्ल सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

# डीएम ने विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता, श्रावस्ती



छात्रा से ब्लैकबोर्ड पर गणित का प्रश्न हल करातीं जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने विकासखण्ड हरिहरपुररानी के अन्तर्गत कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय बगुरैया गलकटवा, प्राथमिक विद्यालय टण्डवा बनकटवा एवं प्राथमिक विद्यालय पूरे खैरी का निरीक्षण कर बच्चों को दी जा रही शिक्षा व्यवस्था का आकलन किया।

प्राथमिक विद्यालय बगुरैया गलकटवा के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में अध्यापकों की उपस्थिति एवं नामांकन के सापेक्ष छात्र-छात्राओं की उपस्थिति की जांच कर प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि पंजीकृत छात्र-छात्राओं की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। यदि कोई छात्र या छात्रा नामांकन के बाद स्कूल नहीं आ रहे हैं तो उनके अभिभावक से बात कर स्कूल भेजने हेतु प्रेरित किया जाए ताकि कोई भी शिक्षा से वंचित न रहने पाये। उन्होने दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की भी छात्र-छात्राओं से बात कर परखा तथा बच्चों से ब्लैकबोर्ड पर गणित के प्रश्न भी हल कराये जिस पर बच्चों द्वारा सही उत्तर नही दिये गये। इस पर जिलाधिकारी ने उपस्थिति शिक्षकों को कड़ी फटकार लगाने के साथ निर्देशित किया कि बच्चों को बेहतर ढंग से पढ़ाया जाए। उन्होंने विद्यालय में बने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान स्कूल के छात्र-छात्राएं यूनीफार्म में न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक को छात्र-छात्राओं की यूनीफार्म सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में साफ-सफाई, किचन, पेयजल, शौचालय आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और सभी व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त करने के निर्देश दिये।

# देश के ठगों का बंधन है घमंडिया गठबंधन



पार्टी कार्यालय भिनगा में प्रेसवार्ता करते भाजपा प्रत्याशी। अमृत विचार

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** पार्टी कार्यालय भिनगा में भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्र ने दिल्ली में हुए इंडिया गठबंधन की रैली के विरोध में प्रेसवार्ता की। इस दौरान उन्होंने इंडिया गठबंधन को देश के ठगों का बंधन बताते हुए जमकर हल्ला बोला। वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि ठगबंधन के ज्यादातर प्रमुख नेता या तो जेल में है या फिर बेल पर। उनके लिए परिवार ही सबकुछ है। जबकि मोदी के लिए देश की 140 करोड़ जनता ही उनका परिवार है। श्रावस्ती विधायक रामफेरन पांडेय ने कहा की आज ठगबंधन के लोग अपने परिवार की सोच रहे हैं, जबकि मोदीजी देश के बारे में सोचते हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि आज केंद्र से भेजा जाने वाला एक एक पैसा पात्रों के खाते में जाता है। जबकि विरोधी सरकार में लूट मची थी। विरोधी पार्टी को लूट की पाई-पाई वापस करनी होगी। महामंत्री दिवाकर शुक्ला ने कहा आज लोकतंत्र मजबूत हाथों में है। जबकि सपा, बसपा, कांग्रेस व आप आदि दलों का वजूद खतरे में है। इसे बचाने के लिए यह ठगबंधन बना है। रमन सिंह ने कहा कि आज कोई भी देश भारत की तरफ नजर उठा के देखने की हिम्मत नहीं कर सकता। कांग्रेस ने पाक को कश्मीर, श्रीलंका को एक दीप तो चीन को हजारों किलोमीटर भूमि उपहार में दे दी। अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव को अपने कुटुम्ब की चिंता है। इस दौरान सदन तिवारी सहित कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एसपी ने गश्त कर जानी सुरक्षा व्यवस्था की हकीकत



सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते एसपी।

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु देर रात्रि थाना कोतवाली भिनगा व थाना एनएमपीटी क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान पिकेट, बैरियर/चेक पोस्ट को चेक कर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। क्षेत्र भ्रमण के दौरान कुछ लोग वाहन से आते दिखाई दिए उन्हें रोक कर उनकी चेकिंग भी की गई और वाहन के कागजात देखे गए। सेमरी तिराहा पर बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च कर जनमानस को सुरक्षा का अहसास दिलाया गया। अपराध पर अंकुश लगाने के लिए रात्रि में क्षेत्र में भ्रमणशील रहने का निर्देश दिया।

## होली मिलन समारोह का आयोजन

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** विकास खण्ड हरिहरपुर रानी के भिट्ठी गांव में आयोजित होली मिलन समारोह में अयोध्या हनुमान गढ़ी के महंत राजूदास महराज ने होली पर्व को शक्ति पर भक्ति की जीत, पारस्परिक मेल, सद्भावना प्रेम का पर्व बताया। इस मौके पर विधान परिषद सदस्य पदम सेन चौधरी, रालोद जिलाध्यक्ष राज कुमार ओझा, रणवीर सिंह, महेश मिश्रा उर्फ ओम, पुरुषोत्तम कौशल सहित क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## वर्ग पहेली-29

**बाएं से दाएं**

3. 1. जिसपर पूर्ण रूप से प्रभाव पड़ा हो 2. तर-बतर, लतपथ 3. भीगा, गीला 4. अभिभूत, ओतप्रोत, अभिपन्न।
5. रास्ते का खाना और ख़र्च, मार्ग व्यय, पाथेय।
6. 1. आधारस्वरूप 2. जड़ से संबंध रखने वाला 3. बिलकुल प्रारंभिक 4. नींव या बुनियाद के रूप में होने वाला।
9. 1. गली, मार्ग 2. चित्रशाला 3. चित्रों की पंक्ति 4. चित्रांकित दीवार या पट्ट।
10. 1. सिर या किसी अंग का बाल साफ़ करना, मूंड़ा जाना 3. ठगा जाना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. एक प्रकार का आभूषण जो बांह में पहनते हैं, बाज़ूबंद, केयूर 2. कवच 3. ज़िरहबख़्तर।
2. 1. औषधियों से बना वह गाढ़ा और चिकना लेप जो घाव आदि पर लगाया जाता है 2. घाव की दवा। (मु.) -लगाना : राहत पहुंचाना।
4. 1. रज़ामंद होने की अवस्था या भाव, राज़ी-ख़ुशी, सहमति 2. स्वीकृति, मंज़ूरी।
7. 1. हाथी के पांव को बांधने का सिक्कड़, आंदू 2. बेड़ी।
8. 1. पोई नामक पौधा 2. पोई नामक पौधे की पत्ती।




**वर्ग पहेली -28 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 चा | ब | |
| 2 सू | झ | बू | 3 झ | | | 4 उ |
| | | | 5 प | ढ़ा | लि | खा |
| | 6 शं | 7 सि | का | | | ड़ |
| 8 कं | | ल | | 9 मै | | प |
| था | | हि | | थि | | छा |
| | 10 को | ला | ह | ल | | ड़ |

**सुडोकू -108**

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | 7 | | | | 1 | |
| 8 | | | | 4 | | | 2 | |
| 9 | | 5 | | | | 3 | | 6 |
| | 3 | | | 9 | 5 | | 8 | |
| 6 | | | 3 | | | | | 7 |
| | 4 | | 8 | 1 | | | 5 | |
| 3 | | 2 | | | | 5 | | 1 |
| | 8 | | | 3 | | | | 4 |
| | 1 | | | | 6 | 9 | | |

**सुडोकू -107 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 1 | 6 | 8 | 5 | 3 | 7 | 2 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 |
| 1 | 6 | 7 | 8 | 2 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 1 | 6 | 2 | 7 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 8 | 1 | 3 | 4 | 7 | 2 | 5 | 6 | 9 |
| 5 | 2 | 4 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 अप्रैल गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 16.14 तक तत्पश्चात एकादशी।

**आज का पंचांग**




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- श्रवण 20.12 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।


मेष

आज आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। दूसरों की निंदा करने से बचें। जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बनाकर रखें। व्यवसाय में नए ऑर्डर मिल सकते हैं, जो आपके लिए काफी महत्वपूर्ण होने वाले हैं।


वृष

आज आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। संतान की गतिविधि से आप कुछ व्यथित हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। विदेश यात्रा की योजना बन सकती है। नकारात्मक प्रवृत्ति के सहकर्मियों के साथ परेशानी होगी।


मिथुन

आज परिवार का सहयोग न मिलने से कुछ काम रुक सकते हैं। बड़े भाई-बहनों को लेकर परेशानी होगी। भावुक होकर कोई बड़ा निर्णय न लें। आपको धैर्यवान होकर काम करना चाहिए। अपनी दिनचर्या को असंतुलित न होने दें।


कर्क

आज अनावश्यक चिंता न करें। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। आप भोग-विलास का भरपूर आनंद लेंगे। आप समझदारी से उलझे मामलों को सुलझा लेंगे। समाज में आपका प्रभाव बढ़ेगा। आपको शिक्षा में काफी मेहनत करनी पड़ेगी।


सिंह

आज राजनीतिक व्यक्तियों को मान-सम्मान मिलेगा। सूझ-बूझ के साथ मामलों को सुलझा लेंगे। नजदीकी मित्र आपका काफी अच्छा सहयोग करेंगे जिसके कारण आप तनाव मुक्त महसूस कर सकते हैं।


कन्या

आज दांपत्य संबंधों में नजदीकी बढ़ेगी। खानपान में लापरवाही न करें। वाणी में संयम अवश्य रखें। अनचाही यात्रा करने से आपको बचना चाहिए। अपरिचित लोगों के कारण नुकसान हो सकता है। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में दबदबा बढ़ेगा।


तुला

आज माता से सलाह लेना आपके लिए लाभकारी होगा। विवाहेतर संबंधों से स्वयं को दूर रखें। महत्वपूर्ण कार्य रुक सकते हैं। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। घुटनों में दर्द की शिकायत हो सकती है।


वृश्चिक

आज नए संपर्कों का लाभ उठाएंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। प्रेम संबंधों को लेकर तनाव दूर होगा। जीवनसाथी के साथ पर्यटन के लिए जा सकते हैं। आप काफी सहज महसूस करेंगे। व्यापार में नई शुरुआत कर सकते हैं।


धनु

आज जॉब में आपकी स्थिति मजबूत रहेगी। वैवाहिक संबंधों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। मानसिक दबाव से छुटकारा मिलेगा। घर का वातावरण सुखद रहेगा। परिवार के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। माता के स्वास्थ्य की कुछ चिंता हो सकती है।


मकर

आज प्रियजनों के साथ हास्य-विनोद में शाम बिताएंगे। व्यापार की प्रगति से हर्षित होंगे। परीक्षा परिणामों में शानदार परिणाम प्राप्त होंगे। परिवार का माहौल सौहार्दपूर्ण रहने वाला है। जॉब में उच्च पद मिल सकता है।


कुंभ

आज पुरानी यादों को लेकर मन व्यथित होगा जिसके कारण आत्मविश्वास में कमी महसूस करेंगे। दूसरों की बातों पर ज्यादा विश्वास न करें। दिनचर्या थोड़ी अव्यवस्थित रहेगी। वाणी में कटुता के कारण रिश्तों में दरार आ सकती है।


मीन

आज मूल्यवान वस्तु उपहार में मिल सकती है। आप परेशान लोगों की मदद करने की कोशिश करेंगे। अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं। पति-पत्नी के आपसी संबंध मधुर रहेंगे। व्यवसाय में आपकी आय में बढ़ोतरी होगी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
**जान से प्यारा**
दोपहर : 12.00
**मजाल**
रात : 07.00

SONY PIX
**लाइफ**
सुबह : 11.25
**मॉन्स्टर हंटर**
रात : 09.00

&pictures
**धड़क**
सुबह : 10.54
**साइलेंस ...**
रात : 08.00

ZEE CINEMA
**क्रांति**
सुबह : 08.45
**बीवी हो तो ऐसी**
रात : 07.20

colors CINEPLEX
**कल हो न हो**
सुबह : 07.57
**फिर हेरा फेरी**
शाम : 05.58

**आज की सुपरहिट फिल्म**




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टकला बीवी से पूछता है- कैसा लग रहा हूं?
बीवी- अजी छोड़ो भी
टकला- अरे बता ना
बीवी- अजी रहने दो अब मैं क्या बताऊं
टकला - अरे बता भी तुझे मेरी कसम अरे बता भी तुझे मेरी कसम
बीवी - ऐसे लग रहे हो जैसे फटे हुए मौजे से अंगूठा बाहर निकल आया हो।

बैंक मैनेजर- ये कैसे हस्ताक्षर हैं?
संजू- यह हस्ताक्षर मेरी दादी के हैं
बैंक मैनेजर- ऐसे अजीब हस्ताक्षर? नाम क्या है उनका?
संजू- जलेबी बाई।



**24वां रोजा**

शिया
सहरी : 04.32 बजे
इफ्तार : 06.22 बजे

सुन्नी
सहरी : 04 .19 बजे
इफ्तार : 06.34 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

**एक नजर**

### मतदान कार्मिकों का प्रथम रैण्डमाइजेशन आज

**बहराइच :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत होने वाले मतदान को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से मतदान कार्मिकों का प्रथम रैण्डमाइज़ेशन 4 अप्रैल को पूर्वान्ह 11 बजे राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र (एनआईसी) में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा। यह जानकारी देते हुए जिला सूचना विज्ञान अधिकारी योगेश यादव ने बताया कि सम्बन्धित अधिकारियों की मौजूदगी में मतदान कार्मिकों के प्रथम रैण्डमाइज़ेशन का कार्य सम्पन्न होगा।

### पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**मटेरा, बहराइच :** मटेरा थाने के प्रभारी निरीक्षक परमानंद तिवारी के अगुवाई में पुलिस और पीएसी के जवानों ने बुधवार को फ्लैग मार्च किया। पुलिस और पीएसी के जवानों ने मटेरा बाजार, मटेरा चौराहा और मटेरा रेलवे स्टेशन मार्ग पर फ्लैग मार्च करते हुए लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाया। थाना प्रभारी ने कहा कि किसी भी विवाद की सूचना थाने में दे, जिससे उसका समय से निस्तारण कराया जा सके।

### छह छप्परों में लगी आग हजारों का नुकसान

**जरवलरोड, बहराइच :** जरवल रोड थाना अंतर्गत झाऊपुरवा नसीरगंज बांध पर स्थित शंकर के मकान में बुधवार की शाम अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की तेज लपटों ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे घर में रखा सिलेंडर फट गया और आग आस पास के फूस के छप्परों तक फैल गई। सूचना पर तत्काल जरवल रोड थाना प्रभारी बृजराज प्रसाद टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया तब तक अमरनाथ, राम वचन, संजय, आनंद, बृजेश, मोतीलाल के छप्पर व गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। जरवल रोड थाना प्रभारी निरीक्षक बृजराज प्रसाद ने बताया कि अग्निकांड में कोई जनहानि नहीं हुई है। सभी घरों का सामान जल गया है।

# प्रधान पर मनरेगा की मजदूरी बांटने का आरोप

**अन्य मदों में भी फर्जी भुगतान का लाभ करीबियों को देने का आरोप, डीएम से की शिकायत**

तेजवापुर, बहराइच

**अमृत विचार :** जिले में विकास कार्यों में धांधली नहीं थम रही है। ब्लॉक तेजवापुर के बिराहिमडीहा ग्रामपंचायत में ग्राम प्रधान ने अपने ही भतीजे, बहनोई, चचेरे भाई समेत परिवार के लोगों को ही मनरेगा की रकम बांट दी। इतना ही नहीं, विकास कार्यों के नाम पर अन्य मदों में भी फर्जी भुगतान का आरोप है। ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर शपथ पत्र सहित 103 पन्नों की फाइल डीएम को सौंपकर इसकी शिकायत डीएम समेत अन्य अधिकारियों से की है।

जिले के विकास खंड तेजवापुर की ग्राम पंचायत बिराहीमडीहा में विकास के लिए भेजे गए धन का सही उपयोग प्रधान व सचिव ने नहीं किया। गांव के लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि किसी राजपत्रित अधिकारी के द्वारा गांव में निष्पक्ष तरीके से जांच कराई जाए तो पूरा मामला खुलकर सामने आ जायेगा। गांव का विकास हो, गांव के लोगों को छोटी-छोटी समस्याओं को लेकर परेशान न होना पड़े इसके लिए ग्राम पंचायतों को धन दिया गया और तमाम सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है, लेकिन गांव के लोगों को इन योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है।

प्रधान व सचिव ऐसे लोगों को लाभ दे रहे हैं जो उनके करीबी रिश्तेदार हैं। इसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश फैल रहा है और गांव में कराये गये कार्यों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई जा रही है। ग्रामीणो में चर्चा की जा रही है कि गांव में प्रधान सचिव ने खूब धन का बन्दरबांट की है और प्रधान गांव में झांकने तक नहीं आ रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि कई योजनाओं का लाभ अपने सगे भाई, भतीजे, चाचा के लड़के को दे रहे हैं। ग्राम पंचायत के प्रधान पंकज साहू पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप ग्रामीणों ने लगाए हैं। गांव के लोगों ने डीएम से मिलकर गांव में हुए घोटालों की लंबी लिस्ट कागजात सहित सौंप दी हैं। वहीं धांधली के आरोपों से घिरे ग्राम प्रधान चुप्पी साधे बैठे हैं।

गांव के ग्रामीणों ने शिकायत करते हुए विकास कार्यों और सोकपिट व अन्य योजना में धन उगाही का आरोप लगाते हुए कहा कि जो प्रधान के खास हैं, उनको ही लाभ दिया जा रहा है और चुनावी रंजिश मानते हुए प्रधान भेदभाव कर रहे हैं। इसमें ग्राम प्रधान और सेक्रेटरी पर धांधली के भी आरोप लगाए गये है। इस मामले में डीएम ने बीडीओ को जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

**इस मद में इतना हुआ लेनदेन**

गांव निवासी दिनेश कुमार शर्मा, दीपक शर्मा अंतराम शिवनाथ यादव ने आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान ने अपने भतीजे धर्मेंद्र कुमार साहू के जॉब कार्ड पर 42650 रुपये निकलवा लिया व 50000 से अधिक का भुगतान अन्य तरीको से किया गया। इसके साथ ही प्रधान के चचेरे भाई प्रदीप कुमार साहू के नाम पर 19024 रुपये, प्रधान के चाचा के लड़के जो गांव में किराना दुकान चलाते है शोभाराम साहू के नाम पर 38745 रुपये व प्रधान के ही चाचा के लड़के अपनी दुकान चलाने वाले सत्य प्रकाश साहू के नाम पर 11346 रुपये, प्रधान के बहनोई रूप बसंत के नाम पर 33959 रुपये, उमाशंकर साहू जो ग्राम प्रधान के चाचा के लड़के हैं, जो ऑनलाइन कोरियार सर्विस कम्पनी में जॉब करते हैं नानपारा में पोस्ट हैं उसके अकाउंट में कम्पनी द्वारा सैलरी दी जाती है, वहा पे सीसी टीवी कैमरा भी मौजूद हैं इनके खाते में प्राथमिक विद्यालय कायाकल्प के नाम पर करीब 11000 रुपया फर्जी तरीके से भेजा गया हैं। मरौचा में दुकान संचालक अमरपाल के नाम 20136 रुपये निकाल लिए हैं। ग्रामीणों ने मामले कि शिकायत कर जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

# लोकसभा चुनाव के लिए वाहनों के अधिग्रहण का कार्य शुरू

**दो तिथियों में होगा चुनाव, थानों से वाहन स्वामियों को भेजा गया पत्र**

बहराइच

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के लिए सहायक संभागीय प्रवर्तन विभाग की ओर से वाहनों का अधिग्रहण शुरू कर दिया गया है। इसके लिए वाहन स्वामियों को संबंधित थानों की पुलिस द्वारा नोटिस भेजी जा रही है। जिले में 13 और 20 मई को मतदान होगा। इसमें हजार से अधिक छोटे और बड़े वाहनों की जरूरत है। वाहन न देने वाले स्वामियों के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी।

लोकसभा चुनाव में पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने के लिए परिवहन विभाग ने वाहनों का अधिग्रहण शुरू कर दिया है। परिवहन विभाग ने वाहन मालिकों को थानों के जरिए अधिग्रहण का नोटिस भिजवाने की तैयारी की है। पोलिंग पार्टियों के लिए विधानसभा क्षेत्रवार बसें लगाई जाएंगी। प्रभारी सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन ओपी सिंह ने बताया कि जिले की 567 बसें पोलिंग पार्टियों के लिए और 3804 छोटे वाहन सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट के लिए लगाए जाएंगे। इसके अलावा पुलिस विभाग के लिए वाहनों क अधिग्रहण की तैयारी चल रही है। इसका नोटिस जिले के 23 थानों के जरिए वाहन मालिकों को भिजवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्रवार पोलिंग पार्टियों के लिए बसें लगाई जाएंगी। एआरटीओ राजीव कुमार ने बताया कि 20 मई को होने वाले चुनाव के लिए 567 बड़े वाहन और 2880 हल्के वाहन लिए जायेंगे। इसके लिए भी नोटिस जारी कर पुलिस पत्र भेज रही है।



वाहन स्वामियों को जारी होने वाले नोटिस दिखाते आरटीओ और एआरटीओ।

**अलग-अलग वाहनों का देय होगा भाड़ा**

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव में बस, छोटे वाहन और ट्रक चालकों को वाहन संचालन के लिए अल- अलग भत्ता देय होगा। उन्होंने बताया कि दैनिक 1697 रुपए से लेकर 2213 रुपए देय होगा। माल वाहन के लिए 1572 रुपये से लेकर 1944 रुपये विभिन्न वाहनों के लिए देय होगा।

**कार्यालय में भी दिया जा रहा नोटिस**

लोकसभा चुनाव के लिए पुलिस द्वारा वाहन स्वामियों को नोटिस दिया जा रहा है। इसके अलावा कार्यालय में आने वाले वाहन स्वामियों को नोटिस दिया जा रहा है। जो वाहन स्वामी वाहन नहीं देंगे, उनके विरुद्ध केस भी दर्ज कराया जायेगा।

–राजीव कुमार, एआरटीओ

### एएसपी ने बूथों का किया निरीक्षण, देखीं व्यवस्थाएं

**बहराइच, अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिले के आला अधिकारियों के साथ-साथ पुलिस विभाग के अधिकारी भी जुट गए है। इसके क्रम में बुधवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर बूथ का बहराइच में अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसोदिया व देहात कोतवाल बृजेन्द्र कुमार मिश्र ने दलबल के साथ बहराइच शहर के विधानसभा 286 बहराइच के बूथों का निरीक्षण किया व आपराधिक छवि के लोगों का चिन्हांकन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रवि कुमार शुक्ल, अनूप कुमार गुप्त, कौशल किशोर त्रिपाठी आदि मौजूद थे।

# नींद में खलल पड़ी तो कोतवाली के मुंशी ने होमगार्ड को भगाया



डीएम कार्यालय में धरना प्रदर्शन करने आए जवान। अमृतविचार

**बहराइच, अमृत विचार :** कोतवाली नगर में तैनात एक होमगार्ड ने सुबह ड्यूटी पूरी कर हस्ताक्षर बनाने के लिए मुंशी से रजिस्टर की मांग की तो नींद में खलल पड़ने पर मुंशी नाराज हो गया। उसने देर से आने की बात कहते हुए भगा दिया। साथ ही रपट दर्ज कराने की धमकी दी। इससे नाराज होमगार्ड जवानों ने बुधवार को एसपी कार्यालय में प्रदर्शन कर शिकायती पत्र सौंपा। एसपी ने जांच के निर्देश दिए हैं। कोतवाली नगर में सत्येंद्र मोहन श्रीवास्तव की तैनाती है। उनकी ड्यूटी प्रतिदिन रात नौ से सुबह पांच बजे तक लगाई जाती है। होमगार्ड जवान का कहना है कि बिना शास्त्र के वह पूरी रात ड्यूटी करता है इसके लिए रजिस्टर में हस्ताक्षर बनाना पड़ता है। होमगार्ड जवान सत्येंद्र मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि 2 मार्च को वह ड्यूटी कर सुबह 5 :00 बजे हस्ताक्षर बनाने के लिए कोतवाली पहुंचा तो रात्र ड्यूटी के मुंशी ओंकार सिंह सो रहे थे। रजिस्टर की मांग करने पर मुंशी नाराज हो गए और कहने लगे कि अभी हम सोए हैं और तुम लोग सोने में परेशान कर देते हो। यहां से जाओ नहीं तो रिपोर्ट लिखकर सबका पैसा काट दूंगा। होमगार्ड जवान ने घर दूर होने और अन्य समस्या बताई तो मुंशी और भड़क गया। होमगार्ड जवानों ने कोतवाली में सूचना दी, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इस पर बुधवार को होमगार्ड जवान शंकर जिला अध्यक्ष की अगुवाई में कंपनी कमांडर राजकुमार सिंह, शोभाराम चौरसिया महामंत्री, मीडिया प्रभारी रमाकांत श्रीवास्तव, लक्ष्मीकांत मिश्रा की अगुवाई में सभी ने पुलिस अधीक्षक और डीएम कार्यालय में सांकेतिक धरना दिया। उधर जिला कमांडेंट होमगार्ड ने पत्र लिखकर एसपह से जांच कराने की मांग की है। एसपी ने जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस दौरान होमगार्ड जवान गंगा प्रसाद दुबे, सर्वेश पाठक, बेचू लाल यादव, हरिशंकर राय आदि मौजूद थे।

## सीडीओ ने मतदाताओं को किया जागरूक

**मिहींपुरवा, बहराइच।** विधानसभा क्षेत्र बलहा के विकासखंड मिहींपुरवा अंतर्गत ग्राम पंचायत भगवानपुर कुर्मियाना के बूथ संख्या 259 पर विगत आम चुनाव में सबसे कम मतदान हुआ था। इसका संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तहसील प्रशासन द्वारा एवं बीएलओ द्वारा निरीक्षण कराया तथा जनता की समस्या एवं कम मत पड़ने का क्या कारण रहा, इसकी जांच कराई तो मालूम हुआ कि बूथ गांव से काफी दूर था, इस कारण कम मत पड़े थे। जिलाधिकारी के प्रयास से उस बूथ को गांव के स्कूल में स्थापित कर दिया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने मतदाताओं को जागरूक किया। मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. ने गांव में मौजूद सभी मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने की शपथ दिलाई तथा बढ़-चढकर मतदान करने के लिए जागरूक किया ।

**सार-संक्षेप**

### एनसीसी कैडेट्स ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** भगौती सिंह किसान इंटर कॉलेज जरवल रोड द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली ने पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया। एनसीसी 48 यूपी बटालियन गोंडा के तत्वावधान में आयोजित रैली को विद्यालय के प्रधानाचार्य मेजर विनोद कुमार मिश्रा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में विद्यालय के 60 एनसीसी कैडेटों ने प्रतिभाग कर रैली के माध्यम से क्षेत्र को आगामी लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मत करने का संदेश दिया। पहले मतदान फिर जलपान आदि नारों को गुंजायमान करते हुए रैली विद्यालय परिसर से निकलकर तूफानी चौराहा, जरवल रोड थाना के सामने से होते हुए जरवलरोड के प्रमुख मार्ग से निकालकर पुन : विद्यालय पहुंची। रैली को विद्यालय के एनसीसी केयरटेकर ऑफिसर संजय कुमार शुक्ला के द्वारा निर्देशित किया गया।

### अज्ञात कारणों से लगी आग, लाखों का सामान जलकर खाख



आग लगने के बाद मौजूद परिवार के पीड़ित लोग।

**पयागपुर बहराइच, अमृत विचार।** पयागपुर थाना क्षेत्र ग्राम शिवदहा के मजरा छोटकी कंजेभरिया निवासी भरत यादव के फूस के मकान में बुधवार दोपहर को अज्ञात कारणों से आग लग गयी। जिससे घर में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीण अग्निकांड की सूचना 112 पर देने के साथ ही आग पर काबू पाने के लिए जुट गये। लोगों के अथक प्रयास के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। पीड़ित भरत ने बताया कि घर गृहस्थी का पूरा समान जलकर राख में तब्दील हो गया। घटना की सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल राम सुरेश शुक्ला ने अग्निकांड से हुई क्षति का आंकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी है। अग्निकांड से हुए नुकसान को देख पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने के लिए राशन सहित ग्राम प्रधान व कुछ अन्य लोगों ने अहेतुक सहायता प्रदान की।

### बेहतर कार्य करने वाले ईएमटी को मिला सम्मान



ईएमटी को सम्मानित करते सीएमओ। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** जिला मुख्यालय पर मंगलवार को 108/ 102 एंबुलेंस सेवा में कार्यरत इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन दिवस का आयोजन हुआ बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों को मुख्य चिकित्साधिकारी ने सम्मानित किया। प्रतिवर्ष 2 अप्रैल को ईएमटी दिवस मनाया जाता है। उसी के तहत मंगलवार को एंबुलेंस सेवा 108 और 102 कर्मचारियों के साथ ईएमटी डे मनाया गया। मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ. राजेश कुमार रहे। केक काटकर सभी ने ईएमटी डे मनाया। समय-समय पर संस्था द्वारा रिफ्रेशर ट्रेनिंग का आयोजन करके ईएमटी को कार्यशैली को निपुण किया जाता रहता है। इस दौरान डीपीएम सरजू खान, स्वास्थ्य सूचना और शिक्षा अधिकारी बृजेश कुमार, डीसीपीएम मोहम्मद राशिद समेत ईएमटी मौजूद रहे।

### प्रभु श्रीराम के फ्लैक्स बोर्ड लगे वाहन से हो रहा कूड़े का उठान



कूड़ा वाहन में लगा मुख्यमंत्री व प्रभु श्रीराम का फ्लैक्स बोर्ड।

**बहराइच, अमृत विचार :** नगर पंचायत रिसिया में एक तरफ प्रभु श्रीराम और दूसरी तरफ मुख्यमंत्री के फोटो लगे फ्लैक्स बोर्ड से ट्रैक्टर ट्रॉली द्वारा कूड़ा उठान करवाया जा रहा है। इसकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो बोर्ड को हटवा दिया गया है। जिले के नगर पंचायत रिसिया में आए दिन विवाद होता रहता है। अब एक नया मामला सामने आया है। नगर पंचायत के कूड़ा वाहन में कूड़ा उठान करवाया जा रहा है। लेकिन वाहन के अगले हिस्से में छत पर राम और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पोस्टर लगे फ्लैक्स बोर्ड को भी लगा दिया गया। इसकी जानकारी होते ही बहु संख्यक समाज के लोगों में नाराजगी फैल गई। सभी ने वीडियो और फोटो बनाकर वायरल करते हुए इसे नगर पंचायत प्रशासन की संवेदनहीनता बताया। इस मामले में नगर पंचायत अध्यक्ष पति रामू लाल से बात की गई तो उन्होंने बताया कि किसी के मन को ठेस पहुंचाने का कोई मामला नहीं था। बल्कि एक स्थान पर रखे बोर्ड को लाया गया था। इस मामले में प्रशासक एसडीएम सदर प्रिंस वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पूर्व में फ्लैक्स बोर्ड उतारा गया था। वह वहीं रखा था, जिसे सफाई कर्मी उठाकर लाए थे। उसे हटवा दिया गया है।

### सभ्यता और संस्कृति का संदेश देती है होली : ब्लॉक प्रमुख



होली मिलन समारोह में मौजूद मुख्य अतिथि।

**बहराइच, अमृत विचार :** सामाजिक सौहार्द और प्रेम का प्रतीक पर्व रंगोत्सव के अवसर पर नगर के मीराखेलपुरा स्थित श्री यज्ञसेनी वैश्य हलवाई धर्मशाला में श्री यज्ञसेनी वैश्य हलवाई समाज का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं नन्हे-मुन्नों ने शिरकत की। इस दौरान सभी ने एक-दूसरे के गले मिलकर भाईचारा का संदेश दिया और होली की बधाई दी। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष मदन गोपाल यज्ञसेनी, ऑडिटर राजकुमार यज्ञसेनी, उपाध्यक्ष राजेन्द्र यज्ञसेनी युवराज, सभासद गुदड़ी सीताराम यज्ञसेनी, नवल किशोर यज्ञसेनी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### हृदय गति रुकने से शिक्षामित्र का निधन

**बौंडी, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के प्राथमिक विद्यालय बेलहरी दो में तैनात शिक्षा मित्र उषा सिंह का हृदय गति रुक जाने से देहान्त हो गया। उनके निधन से विद्यालय परिवार ने दुख जताया है। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। शिक्षामित्र संघ ने भी निधन पर शोक जताया है।

# बीएसए की कार्यप्रणाली से शिक्षक नाराज

बाबागंज, बहराइच



खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देते शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ इकाई नवाबगंज ने ब्लॉक अध्यक्ष विपिन सिंह के नेतृत्व में परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को प्रतिकूल प्रविष्टि के विरोध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी नवाबगंज राधेश्याम वर्मा को सौंपा।

बताते चलें कि जनपद के 1144 परिषदीय विद्यालयों, जिसमें विकास खंड नवाबगंज के 138 विद्यालयों में शैक्षिक वर्ष 2023-24 में कम नामांकन के लिए शिक्षकों को जिम्मेदार मानते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक को प्रतिकूल प्रविष्टि के लिए खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ नवाबगंज ने उक्त अव्यावहारिक आदेश का विरोध करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को संबोधित ज्ञापन बीईओ नवाबगंज को सौंपते हुए इस प्रकार के अव्यावहारिक आदेश को वापस लिए जाने की मांग की है। ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि ऐसे दमनात्मक आदेश से कार्यरत शिक्षक हतोत्साहित होता है। अगर किसी शिक्षक / शिक्षिका को प्रतिकूल प्रविष्टि जी जाती है तो ऐसी स्थिति में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ नवाबगंज आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप कुमार, संगठन मंत्री सजल मिश्रा, सयुक्त मंत्री दिनेश कुमार, मीडिया प्रभारी विनोद गिरी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थिति रहे।

# भक्ति के मार्ग पर चलकर ईर्ष्यारूपी राक्षस का करें वध



राम कथा में मौजूद श्रद्धालु। अमृत विचार

**हुजूरपुर, बहराइच, अमृत विचार :** हुजूरपुर विकास खंड अंतर्गत ग्राम भगंहा के राजापुरवा में चल रही श्री रामकथा अमृत वर्षा मानस में हनुमान के सातवे दिन कथा व्यास ने सुंदर काण्ड की कथा सुनाई। सुंदर काण्ड की कथा सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। मेरठ से आए कथा व्यास मधुकर भैया ने कथा सुनाते हुए कहा कि यदि व्यक्ति भक्ति के मार्ग पर चल पड़ा है तो उसे अपने अंदर से ईर्ष्या रूपी राक्षसी को जरूर मार देना चाहिए तभी उसे भक्ति में सफलता प्राप्त होगी। इस अवसर पर आनन्द यादव, मास्टर हजारी लाल निषाद, नन्द कुमार पांडेय, महेश व छोटू पंडित, जोगिंदर योगी, राघव, मनीष कश्यप सुखदेव, राजिंदर, तीरथ, प्रियांशु, चंद्रकांत निषाद, कृपाराम, रक्षाराम, भरत सिंह, पंचम निषाद, भगौती प्रसाद, राम कुंवर, रामअचल, गंगाराम, पंकज, पवन समेत काफी संख्या में श्रोता मौजूद रहे।

### नृसिंह अवतार का प्रसंग सुन श्रद्धालु भावविभोर

**महसी, बहराइच, अमृत विचार :** महसी तहसील क्षेत्र के बदरका गांव में चार दिनों से जारी नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दौरान बुधवार को कथा व्यास ने नृसिंह अवतार व अन्य प्रसंगों को सुनाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथाव्यास पं सुमन चन्द्र शास्त्री एवं संगीत मण्डली ने कथा सुनाई। बदरका गांव में चल रहे श्रीमद्भगवत कथा में जापक व आरती यजमान सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक पं कृष्णमुरारी अवस्थी, पूर्व प्रधान सुखपालिनी देवी, अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ महसी धर्मेंद्र अवस्थी, अध्यक्ष लेखपाल संघ महसी सुनील अवस्थी, वरिष्ठ अधिवक्ता पं रामसर्वज्ञ मिश्र और प्रांतीय मीडिया प्रभारी सनातन ब्राह्मण समाज पं पुण्डरीक पाण्डेय ने की। श्रीहनुमान चालीसा के बाद कथा शुरू हुई। शिक्षक नेता फखरपुर चंचरीक पाण्डेय, मीडिया प्रभारी श्री परशुराम सेना पं मनोज अवस्थी जी, चैतन्य पाण्डेय, प्रीतम पण्डित, कुन्दन, शिवा अवस्थी आदि थे।

**व्यवस्था** | **गेहूं खरीद के लिए शासन की ओर से बढ़ाया गया लक्ष्य**

# 1.81 लाख मीट्रिक टन गेहूं की होगी खरीद

संवाददाता, बहराइच



डीएम मोनिका रानी।

**अमृत विचार:** शासन की ओर से जिले में गेहूं खरीद का लक्ष्य बढ़ा दिया गया है। अब 1.81 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जाएगी। इसके लिए विपणन विभाग के अधिकारियों द्वारा किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में मूल्य समर्थन योजना अन्तर्गत जनपद में 1 मार्च से प्रारम्भ गेहूं खरीद के लिए शासन द्वारा संशोधित 1.81 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जबकि पूर्व में 1.36 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। डीएम ने बताया कि लक्ष्य के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष क्रय संस्था खाद्य विभाग को 18690, पीसीएफ को 74700, पीसीयू को 42620, यूपीएसएस को 21260, मंडी समिति, एनसीसीएफ व भा.खा. निगम को 8010-8010 मी.टन लक्ष्य आवंटित किया गया है।

डीएम मोनिका रानी ने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 प्रति कुंतल की दर से गेहूं खरीद हेतु जनपद की मंडियो /ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 188 गेहूं कय केन्द्र स्थापित किये गये है। उन्होंने बताया कि वर्तमान वर्ष में जिला कृषि अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराये गये कृषि आंकड़ों के अनुसार जनपद में पर्याप्त मात्रा में गेहूं उत्पादन होने की सम्भावना है।

शासन की मंशानुसार कृषकों द्वारा उत्पादित गेहूं बिचौलियों/ व्यापारियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दर पर गेहूं खरीद, अवैध रूप से गेहूं के भंडारण एवं संचरण पर प्रभावी अंकुश के लिए तहसील स्तर पर उप जिलाधिकारियों की अध्यक्षता समिति का गठन किया गया है जिसमें संबंधित तहसीलों की मंडियों के सचिव व क्षेत्रीय विपणन अधिकारी/विपणन निरीक्षक को सदस्य नामित किया गया है। डीएम ने बताया कि मूल्य समर्थन योजना अन्तर्गत निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अधिक से अधिक-से-अधिक कृषकों के गेहूं की खरीद हो सके, इसके मंडल रेल प्रबन्धक पूर्वात्तर रेलवे, लखनऊ को पत्र भेज कर माह अप्रैल में हेतु मल्टी नेशनल कम्पनीज/व्यापारियों द्वारा प्रस्तुत इन्डेन्ट पर अस्थाई रोक लगाने का अनुरोध किया गया है।

### प्रतिबंधित सामान के साथ नेपाली गिरफ्तार

**रूपईडीहा, बहराइच, अमृत विचार :** भारत नेपाल सीमा पर रूपईडीहा में एसएसबी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत के निर्देशन में जवान पेट्रोलिंग कर रहे थे। जवान भारत नेपाल सीमा पर पिलर संख्या 651/18 के निकट बुधवार को पेट्रोलिंग कर रहे थे। एसएसबी जवान सहायक उप निरीक्षक कुलदीप गायन, आरक्षी प्रदीप यादव, अवधेश कुमार और आशीष कुमार ने गश्त के दौरान भारत से नेपाल जा रहे साइकिल सवार को रोक कर जांच की तो उसके पास काफी मात्रा में प्रतिबंधित सामान बरामद हुआ। कमांडेंट ने बताया कि साइकिल सवार की पहचान नेपाल के बांके जिला के थाना जैशपुर के वार्ड नंबर पांच निवासी इरशाद कबाडिया पुत्र अब्दुल रहमान के रूप में हुई है। उसे गिरफ्तार कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। जबकि बरामद सामान और साइकिल को कस्टम के सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस ने नेपाली नागरिक के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सड़क हादसों में युवकों की मौत, पिता घायल

नानपारा/जरवल

**अमृत विचार:** जिले के कैसरगंज और कोतवाली नानपारा क्षेत्र में सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। कैसरगंज में हुए सड़क हादसे में पुत्र की मौत हुई है। जबकि पिता घायल हो गया। नानपारा में एक युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र में ग्राम पंचायत अचेहरा निवासी विनीत कुमार (18) अपने पिता सीता राम के साथ बाइक से गन्ने का बीज लेने जरवल धर्म कांटा बुधवार को गए। तौल करवाने के बाद बाइक सवार पिता-पुत्र अपने घर आ रहे थे। लखनऊ-बहराइच मार्ग पर कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के कोठार गांव के पास पहले से खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली में पीछे से बाइक जा घुसी। हादसे में मौके पर ही विनीत की मौत हो गई। जबकि पिता सीता राम घायल हो गए। उन्हें सीएचसी मुस्तफाबाद में भर्ती कराया गया है। कोतवाल राजनाथ सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

उधर कोतवाली नानपारा अंतर्गत ग्राम जगरामपुरवा निवासी रामनरेश वर्मा पुत्र मेवालाल का भाई श्रावस्ती स्थित एक कॉलेज में मेडिकल की पढ़ाई करता है। इस पर रामनरेश अपने भाई को मंगलवार को बाइक से श्रावस्ती छोड़ने गया था। इसके बाद वह रात में ही बाइक से घर के लिए रवाना हुआ। रात लगभग 10:00 बजे बाइक सवार रामनरेश नानपारा-बहराइच मार्ग पर श्रावस्ती सहकारी चीनी मिल के निकट पहुंचा। तभी बाइक सवार अज्ञात कारणों से हादसे का शिकार हो गया। लोगों की मदद से घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया । यहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में रात करीब एक बजे इलाज के दौरान राम नरेश की मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। भाई कामेश कुमार वर्मा ने बताया कि अज्ञात वाहन या अन्य कारण से हादसा हुआ है। उन्होंने बताया कि बीती दो मार्च को उसकी शादी हुई थी।

एकं हन्यान्न वा हन्यादिषुर्मुक्तो धनुष्मता।
बुद्धिर्बुद्धिमतोत्सृष्टा हन्याद् राष्ट्रम सराजकम्।।

किसी धनुर्धर वीर के द्वारा छोड़ा हुआ बाण संभव है किसी एक को भी मारे या न मारे, मगर बुद्धिमान द्वारा प्रयुक्त की हुई बुद्धि राजा के साथ-साथ संपूर्ण राष्ट्र का विनाश कर सकती है।

## संपादकीय

# श्रमिकों की सुरक्षा

गाजा में चल रहे युद्ध के बीच इजराइल का निर्माण क्षेत्र चरमरा गया है। इजराइल में प्रशिक्षित मजदूरों की कमी का सामना कर रहे निर्माण उद्योग को बढ़ावा देने के मकसद से भारत के 60 से ज्यादा कामगारों का पहला जत्था इजराइल पहुंच गया है। आने वाले दिनों में और भारतीयों को इजराइल रवाना किया जाएगा। लगभग नौ मिलियन लोगों का देश इजराइल कृषि, निर्माण और देखभाल जैसे क्षेत्रों में विदेशी श्रम पर बहुत अधिक निर्भर करता है। इजराइल-हमास युद्ध के बीच यह आवश्यकता और भी जरूरी हो गई है जिसमें 7 अक्टूबर से गाजा में लगभग 27,000 लोग और इजराइल में लगभग 1200 लोग मारे गए हैं। श्रमिकों की कमी ने इजराइल के निर्माण उद्योग को विशेष रूप से बड़ा झटका दिया है। फलस्तीनी केंद्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार युद्ध से पहले इजराइल में काम करने वाले 150,000 से अधिक फलस्तीनियों में से दो-तिहाई निर्माण कार्य में थे। निर्माण श्रमिकों की कमी इतनी गंभीर है कि अधिकारियों का कहना है कि इजराइल के लगभग आधे निर्माण स्थल अब बंद हो गए हैं। इसके बाद वहां कामगार संकट के मद्देनजर इजराइल व भारत की सरकारों (जी 2 जी) के बीच हुए समझौते के तहत श्रमिक इजराइल गए हैं। अभी 10 हजार कामगारों को भी जल्द ही भर्ती करने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है।

इस बीच विपक्षी दल कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर हमला किया और कहा कि युद्ध प्रभावित इजराइल में नौकरियों के लिए भर्ती अभियान दर्शाता है कि देश बड़े पैमाने पर बेरोजगारी और गरीबी के दौर से गुजर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन को वर्ष 2024 में बेरोजगारी में वैश्विक वृद्धि का पूर्वानुमान है। वास्तव में दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश भारत अपने लोगों के लिए नौकरियां प्रदान करने के लिए संघर्ष कर रहा है। युद्ध लंबा चलने की स्थिति में भारतीय मजदूरों को इजराइल भेजने का प्रस्ताव इस तथ्य को स्थापित करेगा कि मौजूदा सरकार में रोजगार उपलब्ध कराने के मामले में गंभीरता की कमी है। उधर ट्रेड यूनियन उत्प्रवास अधिनियम के उल्लंघन का हवाला देते हुए श्रम संगठन इस रोजगार अभियान को चुनौती दे रहे हैं। भारत से गए श्रमिकों को 1.37 लाख रुपये (6,100 इजरायली शेकेल) का मासिक वेतन देने का वादा किया गया है। आवश्यकता है कि इजराइल में भू-राजनीतिक चुनौतियों पर विचार करते हुए मजबूत सुरक्षा प्रोटोकॉल और आकस्मिक योजनाएं स्थापित करके भेजे गए श्रमिकों की सुरक्षा एवं उनके हित को प्राथमिकता दें। आजीविका के लिए जान जोखिम में डालने वाले श्रमिकों की सुरक्षा हमारे लिए प्रमुख चिंता का विषय है।

# आखिर अधिसंख्य लोग क्यों वोट नहीं डालते



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

यहां जानना जरूरी है कि आस्ट्रेलिया सहित कोई 19 देशों में वोट न डालना दंडनीय अपराध है। क्यों न हमारे यहां भी बगैर कारण के वोट न डालने वालों के कुछ नागरिक अधिकार सीमित करने या उन्हें कुछ सरकारी सुविधाओं से वंचित रखने के प्रयोग किए जाएं। आज चुनाव से बहुत पहले बड़े-बड़े रणनीतिकार मतदाता सूची का विश्लेषण कर तय कर लेते हैं कि हमें अमुक जाति या समाज या इलाके के वोट चाहिए ही नहीं।

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में 18 वीं लोकसभा को चुनने का उत्सव शुरू हो चुका है। यह एक चिंता की बात है कि लोकतंत्र का मूल आधार जो 'लोक' है, वह लगभग एक तिहाई वोट डालने ही नहीं आता। गणित के नजरिए से देखें तो देश की सत्ता संभालने वाला दल कभी भी बहुमत आबादी का प्रतिनिधित्व करता नहीं। जानकर अचंभा होगा कि अभी तक 10 बार केंद्र में पूर्ण बहुमत की सरकार बनी, लेकिन किसी भी बार सत्ताधारी दल को पचास फीसदी वोट नहीं मिले।

2019 के चुनाव में पंजीकृत मतदाताओं की संख्या लगभग 91 करोड़ थी। मतदान हुआ 97.4फी सदी। सबसे बड़े दल बीजेपी को इसमें से मिले 37.7 फीसदी वोट अर्थात् कुल पंजीकृत मतदाताओं का महज 30 फीसदी। भला हो इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों का वरना पहले गलत तरीके से मतदान के कारण देशभर में इतने वोट तो अवैध होते थे जिनकी संख्या दो लोकसभा क्षेत्रों के बराबर होती थी। हालांकि अब 'कोई भी पसंद नहीं' अर्थात् नोटा है।

यह विचारणीय है कि क्या वोट न डालने वाले 33 फीसदी लोगों की निगाह में चुनाव लड़ रहे सभी उम्मीदवार या मौजूदा चुनाव व्यवस्था नालायक थी या फिर वे मतदान से सरकार चुनने की प्रक्रिया के प्रति उदासीन हैं? जिन परिणामों को राजनैतिक दल जनमत की आवाज कहते रहे हैं, वास्तव में वह बहुसंख्यक मतदाता की गैरभागीदारी का परिणाम होता है। जब कभी मतदान कम होने की बात होती है तो प्रशासन व राजनैतिक दल अधिक गर्मी या सर्दी होने, छुट्टी न होने जैसे कारण गिनाने लगते हैं।

यदि पिछले आंकड़ों को देखें तो अभी तक छह बार मतदान 60 फीसदी के पार गया है जिसमें बीते दो चुनाव- 2014 में 66.44 और 2019 में 67.40 के अलावा लोकतंत्र कि रक्षा के लिए लड़ा गया 1977 का चुनाव है जिसमें 60.49 फीसदी वोट पड़ा। फिर इंदिरा गांधी की हत्या के बाद देश की एकता-अखंडता पर खतरा दिखा और 64.1 प्रतिशत वोट देने निकले। उसके बाद बोफोर्स का हाल हुआ और मतदान 61.96 हुआ। फिर 1998 में बदलाव



के लिए वोट देने वाले 61.97 फीसदी रहे। 16 वीं लोकसभा के चुनाव के वक्त भी आम लोग महंगाई, भ्रष्टाचार से हलाकांत थे सो मतदान का प्रतिशत तब तक का सर्वाधिक रहा। ये आंकड़े बताते हैं कि जब देश की जनता को अपने गुस्से का इजहार करना होता या चुनाव असली मुद्दों पर लड़ा जाता है तो वह वोट डालने जरूर आती है।

मूल सवाल यह है कि आखिर इतने सारे लोग वोट क्यों नहीं डालते हैं? सर्वाधिक पढ़ा-लिखा, संपन्न और धनाढ्य, जागरूक और सक्रिय कहा जाने वाला देश की राजधानी का दक्षिणी इलाका हो या सटे हुए गाजियाबाद व गुरुग्राम के बहुमंजिला अपार्टमेंट, सबसे कम मतदान यहीं होता है। यही नहीं देश के सर्वाधिक साक्षर राज्य के 'देश के पहले पूर्ण साक्षर जिले' एर्नाकुलम में महज 46 फीसदी लोग ही मतदान केंद्र तक आए। यह विचारणीय है कि पढ़े-लिखे लोगों को राजनीतिक दल और सरकार के अधिक मतदान के अभियान आकर्षित क्यों नहीं कर पाते? ऐसा तो नहीं कि यह वर्ग मानता है कि राजनीतिक दलों के लिए चुनाव महज सत्ता हड़पने का साधन व इसमें जनता साध्य मात्र हैं। पिछले कुछ दिनों के दौरान बड़े स्तर पर वैचारिक प्रतिबद्धता से पड़े हुए दल-बदल भी लोगों का मतदान के प्रति मन खट्टा करते हैं। ऐसे लोगों की संख्या कम नहीं है, जो कि कहते हैं कि नागनाथ और सांपनाथ में से किसी एक को चुनने बेहतर है कि किसी को भी मत चुनो। 'कोई नृप हो हमें का हानि' या 'हमारे एक वोट से क्या होना है' या फिर 'वोट देने पर हमें क्या मिलेगा? कुछ नहीं! फिर हम अपना समय क्यों खर्च करें?' ऐसा कहने वालों की भी बड़ी संख्या है। मतदाताओं की बढ़ती संख्या के साथ-साथ उम्मीदवारों की संख्या अधिक हो रही है। इसकी तुलना में नए मतदाता केंद्रों की संख्या नहीं बढ़ी है।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाना जटिल है और उससे भी कठिन है अपना मतदाता पहचान पत्र पाना। उसके बाद चुनाव के लिए पहले अपने नाम की पर्ची जुटाओ, फिर उसे मतदान केंद्र में बैठे एक कर्मचारी को देकर एक कागज पर दस्तखत या अंगूठा लगाओ। फिर एक कर्मचारी आपकी अंगुली पर स्याही लगाएगा। एक कर्मचारी ईवीएम शुरू करेगा, उसके बाद आप बटन दबाकर वोट डालेंगे। वीवीपेट के कारण सात सेकेंड मतदाता इंतजार करेगा। पूरी प्रक्रिया में दो-तीन मिनट लग जाते हैं। प्रत्येक मतदाता केंद्र पर एक हजार से अधिक व कहीं-कहीं दो हजार तक मतदाता हैं। यदि एक मतदाता पर दो मिनट का समय आंके तो एक घंटे में अधिकतम 30 मतदाता होंगे। इसके चलते मतदाता केंद्रों के बाहर लंबी-लंबी लाईनें लग जाती हैं। देश में 40 प्रतिशत से अधिक लोग ऐसे हैं, जो कि 'रोज कुआं खेद कर रोज पानी पीते' हैं। यदि वे महज वोट डालने के लिए लाइन में लगकर समय लगाएंगे तो दिहाड़ी मारी जाएगी और शाम को घर का चूल्हा नहीं जल पाएगा।

मतदान कम होने का एक कारण देश के बहुत से इलाकों में बड़ी संख्या में महिलाओं का घर से न निकलना भी है। महिलाओं के लिए निर्वाचन में आरक्षण की मांग कर रहे संगठन महिलाओं का मतदान बढ़ाने के तरीकों पर न तो बात करते हैं और न ही प्रयास। इसके अलावा जेल में कैद विचाराधीन कैदियों और अस्पताल में भर्ती मरीजों व उनकी देखभाल में लगे लोगों, चुनाव व्यवस्था में लगे कर्मचारियों, किन्हीं कारणों से सफर कर रहे लोग, सुरक्षाकर्मियों व सीमा पर तैनात जवानों के लिए मतदान की माकूल व्यवस्था नहीं है। इनकी संख्या एक करोड़ के आसपास होती है। हालांकि अब बुजुर्ग और कई आने श्रेणियों के लिए डाक मतदान और घर जा कर वोट डलवाने की योजना आई है, लेकिन यह निहायत राजनीतिक दलों के हितों के अनुरूप चुनिंदा लोगों तक ही सीमित है। कुछ सालों पहले चुनाव आयोग ने सभी राजनैतिक दलों के साथ एक बैठक में प्रतिपत्र मतदान का प्रस्ताव रखा था। इस प्रक्रिया में मतदाता अपने किसी प्रतिनिधि को मतदान के लिए अधिकृत कर सकता है। इस व्यवस्था के लिए जन प्रतिनिधि अधिनियम 1951 और भारतीय दंड संहिता में संशोधन करना जरूरी है। संसद में बहस का आश्वासन देकर उक्त अहम मसले को टाल दिया गया।

यहां जानना जरूरी है कि आस्ट्रेलिया सहित कोई 19 देशों में वोट न डालना दंडनीय अपराध है। क्यों न हमारे यहां भी बगैर कारण के वोट न डालने वालों के कुछ नागरिक अधिकार सीमित करने या उन्हें कुछ सरकारी सुविधाओं से वंचित रखने के प्रयोग किए जाएं। आज चुनाव से बहुत पहले बड़े-बड़े रणनीतिकार मतदाता सूची का विश्लेषण कर तय कर लेते हैं कि हमें अमुक जाति या समाज या इलाके के वोट चाहिए ही नहीं। यानी जीतने वाला क्षेत्र का नहीं, किसी जाति या धर्म का प्रतिनिधि होता है। यह चुनाव लूटने के हथकंडे इस लिए कारगर हैं, क्योंकि हमारे यहां चाहे एक वोट से जीतो या पांच लाख वोट से, दोनों के ही सदन में अधिकार बराबर होते हैं। यदि कुल मतदान और जीत के अंतर के हिसाब से इलाके की जन सुविधा, मंत्री बनाना आदि तय होने लगे तो प्रतिनिधि न केवल मतदाता सूची में लोगों के नाम जुड़वाएंगे, बल्कि अधिक मतदान के लिए प्रेरित भी करेंगे।

राजनैतिक दल कभी नहीं चाहेंगे कि मतदान अधिक हो, क्योंकि इसमें उनके सीमित वोट-बैंक के अल्पमत होने का खतरा बढ़ जाता है। कोई भी दल चुनाव के पहले घर-घर जाकर मतदाता सूची के नवीनीकरण का कार्य करता नहीं और बीएलओ पहले से ही कई जिम्मेदारियों में दबे सरकारी कर्मचारी होते हैं। हमारा लोकतंत्र भी एक ऐसे अपेक्षाकृत आदर्श चुनाव प्रणाली की बाट जोह रहा हैं जिसमें कम से कम सभी मतदाताओं का पंजीयन हो और मतदान तो ठीक तरीके से होना सुनिश्चित हो सके।

## प्रसंगवश

# धर्म और धर्म संस्था का द्वंद्व कोई नई बात तो थी नहीं

कार्ल मार्क्स ने अपने देशकाल में कहा था कि धर्म अफीम है। सुस्त बनाता है, अकर्मण्य बनाता है। वैसे ही जैसे अफीम के नशे में आदमी सुस्त और प्रमाद में डूब जाता है। स्पष्ट है कि लेनिन ने अकेला यह वाक्य तो कहा नहीं होगा, इसके आगे-पीछे और वाक्य भी होंगे। वह अवतरण भी होगा, पूरा वक्तव्य भी होगा और उस वक्तव्य का समग्र परिवेश भी होगा।

समग्र परिवेश से विच्छिन्न करके वाक्य का वही अर्थ नहीं रह पाता, जो वक्ता का अभीष्ट था। देशकाल से विच्छिन्न करके इस वाक्य को नए- नए मुल्लाओं ने शाश्वत समझ लिया, जैसे वह किसी धर्मग्रंथ का वाक्य हो और आस्था-विश्वास के कारण उस पर सवाल उठाना अधर्मी, नास्तिक या काफिर बन जाने जैसा हो तो उन लोगों ने इस अफीम के नशे से दूर रहने का उपदेश किया। सेक्यूलर स्टेट की बात थी कि राज्य किसी एक पंथ या मजहब को स्वीकार नहीं करेगा, सर्वधर्म समभाव के सिद्धांत का अनुसरण करेगा, लेकिन उन लोगों ने कमर कस ली कि वे व्यक्ति व्यक्ति के स्तर तक धर्मनिरपेक्षता या उनके अनुसार नास्तिकता को लागू करके ही दम लेंगे। उन लोगों का सत्ता के सूत्र से तो संबंध था, किसी न किसी पद पर विराजमान थे, लेकिन लोकजीवन से उनका संपर्क बन ही नहीं सका ताकि अपने सिद्धांत को लेकर लोगों से विमर्श कर सकें। अपनी बात समझा सकें और दूसरों की बात समझ सकें। बस एक ही रट थी कि धर्म अवैज्ञानिक है। वे समझ रहे थे कि उनकी किताबें हैं तो लोग उनको महापुरुष समझेंगे। उनके तर्कों को अकाट्य मान लेंगे। धर्म के व्यापक रूप का अध्ययन वे करते भी क्यों? वे तो सब कुछ जान चुके थे।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

परिणाम यह हुआ कि निहित-स्वार्थ के द्वारा धर्म की जो कुत्सित व्याख्या हो रही थी, वह और भी अधिक तेजी के साथ होने लगी। धर्म और धर्मसंस्था का द्वंद्व कोई नई बात तो थी नहीं। कृष्ण ने इन्द्र पूजा को चुनौती क्यों दी थी? बुद्ध और महावीर ने, क्यों धर्म की अभिनव व्याख्या की? कबीर, नानक ने उन रूढ़ियों को क्यों चुनौती दी? क्यों खड़े हुए? सूफी संतों ने शरीयत पर सवाल क्यों खड़ा कर दिया? दयानंद, विवेकानंद, अरविंद और महात्मा गांधी ने धर्म की व्याख्या क्यों की? ये बातें उनके कोर्स में ही नहीं थीं। परिणाम धर्म का मंच उन लोगों के पास चला गया अथवा चला जाने दिया गया, जो अपने धर्मग्रंथ को भी पढ़ पाने की योग्यता से वंचित हैं। कैसे-कैसे स्वामी, मठाधीश, महंत, भगवान, बापू, अवतार, रहीमराम टाइप गुरु उग आए। शास्त्र के ऐसे-ऐसे व्याख्याता, सामने आए, जो शुद्ध उच्चारण भी नहीं कर सकते। रसगुल्ला खाओ, कृपा आना शुरू हो जाएगा। कोटि-कोटि प्रणाम। अंधे अंधा ठेलिया दोनों कूप पड़ंत। दोनों ओर अतिवाद है। मरकजी मौलाना कह रहा था न। मौलाना ही क्या? बाकी जगहों पर भी हाल वैसा ही है। देश में ही नहीं। संसार में, धर्म के नाम पर धर्मसंस्थाओं का बोलबाला है। कुछ खलीफाओं ने तो धर्म को आतंक ही बना दिया है। नीम-हकीम खतरे जान, नीम मुल्ला खतरे ईमान। विश्व धर्मसंसद बैठे और कहे कि यह धर्म की कुत्सित व्याख्या है। यह अधर्म है। धर्म मनुष्यता है। दया, करुणा धर्म हैं। धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो। प्राणियों में सद्भावना हो। विश्व का कल्याण हो।

धर्म और धर्म-संस्था अथवा धर्म के तंत्र के अंतर को जानना आवश्यक है। दोनों में आकाश-पाताल का अंतर है। विश्व के किसी धर्म-पंथ को देख लीजिए। वैभव के बीच महलों में रहने वाला पोप ईसा मसीह का प्रतिनिधि कैसे हो सकता है? क्या सामान्य मुल्ला मुहम्मद साहब के विवेक का प्रवक्ता माना जा सकता है?

क्या सामान्य ग्रंथी गुरु नानक या गुरु तेग बहादुर अथवा गुरु गोविंद सिंह जैसा है? क्या सामान्य जैनमुनि को महावीर वर्धमान माना जा सकता है? क्या महास्थविर को महात्मा बुद्ध कह सकते हैं? क्या शंकर-पीठ का महंत आदिशंकराचार्य की प्रतिमूर्ति है? ईसा मसीह और पोप का अंतर बुद्ध और महास्थविर का अंतर, महावीर और मुनि का अंतर, मुहम्मद साहब और मुल्ला का अंतर, गुरु नानक और ग्रंथी का अंतर, कबीर और कबीरमठ के महंत का अंतर, आदिशंकराचार्य और पीठस्थ महंत का अंतर धर्म और धर्म के तंत्र का अंतर है। एक धर्म है और दूसरा धर्मसंस्था?

# राजनीति में पांव जमाने को पैसा बड़ी शर्त



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

मतदाताओं को रिझाने के अलग-अलग हथकंडे, भीड़ जुटाने के तरीके लोकतंत्र के हित में बिल्कुल भी नहीं हैं।

राजनीति में पांव जमाने के लिए पैसा सबसे बड़ी शर्त है। इसमें धन बल के साथ दबंग छवि भी अब जरूरी लगती। देश में लोकसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। किसी भी लोकतांत्रिक राज्य में सरकार का संचालन जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों के द्वारा होता है। किसी भी सशक्त लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष चुनाव आवश्यक है। यदि चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता रहेगी, तभी राष्ट्र मजबूत होगा।

संविधान निर्माताओं का यही मानना था इसीलिए बहुत सारे ऐसे प्रावधान किए गए हैं, जो लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने में सहायक सिद्ध होते हैं। आम नागरिक भी इसी बात से वास्ता रखता है, परंतु राजनीति के गिरते स्तर पर ही नहीं, लोकतंत्र के निर्वहन में ही प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। निर्वाचन आयोग एक स्वतंत्र संस्था है। संविधान ने इस संस्था को पूर्ण अधिकार दिए हैं ताकि यह निष्पक्ष चुनाव करा कर लोकतंत्र को जीवित रख सके। कहा जा सकता है कि संविधान का अनुच्छेद 324 निर्भय और निष्पक्ष चुनाव की गारंटी देने हेतु चुनाव आयोग के लिए कुंड के समान है, जो इस संस्था को तमाम अधिकारों से संपन्न कर मजबूती प्रदान करता है, परंतु बहुधा देखा जाता है कि सशस्त्र बलों की तैनाती के बावजूद पोलिंग बूथ पर बाहुबल का प्रयोग और बाहरी तत्वों का अवैधानिक हस्तक्षेप रहता है, जो निःसंदेह संविधान की आत्मा को कुरेदने वाली गतिविधियां हैं।

मतदाताओं को रिझाने के अलग-अलग हथकंडे, भीड़ जुटाने के तरीके लोकतंत्र के हित में बिल्कुल भी नहीं हैं। डॉ. राजेंद्र प्रसाद और लाल बहादुर शास्त्री जी जैसे लोगों का जमाना तो अब रहा नहीं कि तनख्वाह भी पूरी नहीं लेंगे, सादा खाना खाएंगे, अपने टिकट पर यात्रा करेंगे और रात को तख्त के बिस्तर पर सो जाएंगे। आज तो ऐसा नेता निरा बेवकूफ कहलाएगा। अपने ही घर में उसकी कोई कद्र नहीं होगी। बाहर तो पूछिए मत। सबसे बड़ी बात, राजनीति में प्रवेश करने के लिए कोई निर्धारित शैक्षिक योग्यता नहीं। अक्षर ज्ञान ही काफी है। आपराधिक चरित्र हो तो भी चलेगा, बल्कि अच्छा दौड़ लेगा।

अपने कार्यकाल में अकूत संपति जमा करके ये आने वाली कई पुश्तों का भलाकर जाते हैं। वोट मांगने तो आते हैं, उसके बाद पांच साल तक नजर नहीं आते। क्या कभी देखा उस नेता को दोबारा पैदल चलते हुए, जो आपके घर-आंगन में वोट मांगने पैदल चलकर आया था? काले शीशे वाली गाड़ियों में जब इनकी सवारी निकलती है तो आप पहचान भी नहीं पाएंगे। पहचान भी गए तो रोकने या बात करने की हिम्मत नहीं कर पाएंगे। घोषणापत्र के जो पर्चे घर घर बांट जाते हैं, वह बाद में किसे याद रहते हैं। हां बेवकूफ सी जनता जरूर इन्हें दराज या अलमारी में संभाल कर रखती है कि जब नेताजी जीत जाएंगे तो यह सारे वादे पूरे करेंगे और अगर नहीं करें तो उन्हें यह पर्चे दिखाएंगे। जनता पांच साल किसी तरह इंतजार करती है और सत्ता परिवर्तन का सपना देखती है। उसे लगता है कि लोकतंत्र में पांच साल बाद दूसरी लहर आएगी और सत्ता बदल जाएगी जो उसकी दुखती रगो का इलाज करेगी। मगर नामभर के लिए सत्ता जरूर बदल जाती है, पर शासकीय कार्य प्रणाली वही रह जाती है। उनका आचार व्यवहार पहले वालों से इतना मिलता है कि यकीन मानिए कुछ भी नहीं बदलता।

जनता पांच साल के लिए फिर निरीहता का आवरण ढक लेती है और ये सत्ता के सुघड़ दावेदार कछुए के मानिंद अपने सुरक्षा कवच के भीतर अगले पांच साल के लिए सबकी नजरों से दूर सुरक्षित। अपवाद हर जगह होते हैं। राजनीति में भी हैं। कुछ कर्मठ राजनीतिज्ञ जनता के बीच रहने वाले, उसके दुख दर्द को समझने वाले भी आपको इन्हीं लोगों के बीच में मिल जाएंगे पर बेहद कम। जिन राजनेताओं को जनता सिर माथे पर बैठाती है, माई बाप समझती है, उनका गैर जिम्मेदाराना व्यवहार समझ नहीं आता।

क्या आपको आता है? तमाम वादे और दावे कर वोटरों को लुभाया जाता है और चुनाव के बाद वही ढाक के तीन पात आखिर मतदाता होने पर गर्व कैसे महसूस करे कोई नागरिक? उम्मीद है कि हम आगामी लोकसभा चुनाव में बुद्धि और विवेक से अपने मतदान का प्रयोग करेंगे और चुनी गई सत्ता के द्वारा वायदे पूरे न होने पर सवाल करने में भी पीछे नहीं हटेंगे। इसी में लोकतंत्र का सार निहित है।

## सोशल फोरम

# विज्ञान और नियम से ऊपर उठे लोग

फलों के भंडारण और ट्रांसपोर्ट के सेक्टर में क्रांति आ चुकी है। बिक्री के वास्ते पूरा संसार फल के ठेलों पर मुहैया है। ब्राजील का आम, चीन का ड्रैगन फ्रूट, न्यूजीलैंड की किवी, इंग्लैंड की स्ट्रॉबेरी। साल के किसी भी महीने कोई भी फल खाया जा सकता है।

एक जमाना था कि दांत में बीज न फंसता तो अमरूद का सड़ा निकलना तय हुआ करता था। अब फोम की जाली लगा अमरूद आता है। उसमें बीज ही नहीं होता और मीठा इस कदर कि कई दफा शक होने लगता है कि अमरूद के नाम पर कोई फिरंगी फल खरीद लाए हैं। इस वाले अमरूद ने कौड़ियों के दाम मिल जाने वाले उस नितांत स्थानीय फल की मिट्टी पलीद कर दी है जिसके बारे में ज्ञानरंजन और मार्केज कहानियां और वीरेन डंगवाल कविताएं लिखा करते थे। सेबों को चमकाने में स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाला मोम इस्तेमाल किया जाता है।



अशोक पांडे
हल्द्वानी

चाकू से उसे खुरचे जाने वाला वीडियो सबने कम से कम एक बार जरूर देखा होगा, लेकिन सेब के बाजार में सबसे सनसनीखेज चीज है सेबों पर लगे स्टिकर। थोड़ी सी रिसर्च की तो पाया इनको लेकर कड़े अंतर्राष्ट्रीय मानक बने हुए हैं। इन स्टिकर्स पर बारकोड छपे होने चाहिए और वह भी अलग-अलग तरीके के। उसे ऑर्गेनिक तरीके से उगाया गया है और उसकी जेनेटिक इंजीनियरिंग कर पाना संभव न हो तो बारकोड पांच संख्याओं का होगा और 9 से शुरू होगा। 8 से शुरू होने वाला बारकोड बताएगा कि सेब को ऑर्गेनिक तरीके से उगाया तो गया है, लेकिन उसकी जेनेटिक्स में कृत्रिम तरीके से सुधार किया हुआ है। चार अंकों वाले कोड बताते हैं कि फल को उगाने में पारंपरिक कीटनाशकों या केमिकल्स का इस्तेमाल हुआ है। इन स्टिकर्स की भी अलग-अलग किस्में हैं। इसके अलावा स्टिकर्स में लगने वाली सामग्री को बायो डिग्रेडेबल भी होना चाहिए।

हम विज्ञान और नियम से ऊपर उठे हुए लोग हैं। इसलिए दुनिया का कोई भी नियम हम पर लागू नहीं होता। बायो डिग्रेडेबल और ऑर्गेनिक-फॉर्गेनिक के चक्कर में हम पड़ते ही नहीं। हमने पहले से ही अपना स्टीकर तैयार कर रखा है-'बेस्ट क्वालिटी'। इस स्टिकर के चिपकाने भर से ही सारे पाप धुल जाते हैं।

-फेसबुक वॉल से

# भयानक जल संकट की आहट

पानी का संकट साल दर साल बढ़ता ही जा रहा है, जो क्षेत्र कुछ दशक पहले तक पानी से भरपूर थे, वहां से भी पानी के अभाव की खबरें मिलने लगी हैं। यदि स्थिति में शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो वह दिन दूर नहीं जब दुनिया की एक बड़ी आबादी पानी के संकट का सामना करेगी।

संयुक्त राष्ट्र संघ की एक ताजा रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि वर्ष 2050 तक दुनिया भर में लगभग तीन अरब लोग ऐसे होंगे, जो पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रहे होंगे। अनुमान है कि इसकी सबसे ज्यादा मार भारत में ही पड़ेगी। हाल ही में आई उक्त रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने एक विस्तृत अध्ययन के बाद कहा है कि नदियां इतनी दूषित हो चुकी होंगी कि उन का पानी मानव और वन्य जीवों सभी के लिए ही 'असुरक्षित' हो जाएगा। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु विज्ञान पर काम करने वाली समिति द्वारा जारी उक्त रिपोर्ट में कहा गया है कि साल में कम से कम एक महीना ऐसा होता है जब दुनिया की लगभग आधी आबादी जल संकट का सामना करती है। रिपोर्ट के अनुसार बढ़ती मांग और ग्लोबल वार्मिंग वैश्विक स्तर पर पानी की सप्लाई के सामने सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। इसके साथ ही जल प्रदूषण भी एक बड़ी समस्या है जिसके कारण जल संकट का खतरा और भी बढ़ता जा रहा है।



दिनेश चंद्र शर्मा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

वैज्ञानिकों का मानना है कि अभी हमारे पास विकल्प हैं और स्थिति को बेहतर बनाया जा सकता है। अतः हमें समय रहते स्थिति को शीघ्र सुधारने के लिए गंभीरता से प्रयास आरंभ कर देने चाहिए। पानी में नाइट्रोजन प्रदूषण को रोकने के विषय में वैज्ञानिकों का मानना है कि पानी की स्थिति को खराब होने से रोका जा सकता है और कुछ हद तक उसे बेहतर भी बनाया जा सकता है। इसके लिए ज्यादा सक्षम खाद का इस्तेमाल करना होगा और शाकाहार को प्रोत्साहित करना होगा तथा अधिकतर वैश्विक जनसंख्या को जल संसाधन की सुविधाओं से जोड़ना होगा। दुनियाभर में पानी का संकट विकराल रूप धारण करता जा रहा है। लगभग आठ अरब वाली हमारी प्यारी धरती पर लगातार जनसंख्या का दबाव बढ़ रहा है। परिणाम स्वरूप पानी की खपत भी बढ़ रही है।

अध्ययन बतलाते हैं कि फिलहाल कृषि क्षेत्र पानी की सबसे ज्यादा खपत करता है। विश्व में मौजूद मीठे जल का 70 फीसदी हिस्सा कृषि में खर्च होता है। पानी की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भूजल का ज्यादा से ज्यादा दोहन हो रहा है। इसी कारण दुनियाभर के भूजल भंडार में हर साल 100-200 घन किलोमीटर की कमी आ रही है। यह बहुत ही चिंताजनक स्थिति है। ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से हो रहे जलवायु परिवर्तन के कारण अब प्रतिवर्ष दुनिया के कुछ भाग बाढ़ का शिकार हो रहे हैं तो कुछ गंभीर सूखे का सामना कर रहे हैं।

तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने पर नमी सात फीसदी बढ़ती है। नमी बढ़ने का अर्थ है कि असमय तेज वर्षा, बाढ़, भूस्खलन, फसलों की बर्बादी और पेयजल का दूषित होना। स्पष्ट है कि आज एक भयानक जल संकट की आहट स्पष्ट सुनाई दे रही है। उपरोक्त स्थिति को देखते हुए हम सभी का दायित्व है कि हम अपने और अपनी भावी पीढ़ियों के सुंदर और सुखमय भविष्य के लिए जल को संरक्षित करने के लिए हर संभव प्रयास करें।

# बुच्ची धारणाएं

लगभग दो हफ्ते गए, सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने भारतीय शेयर बाजार की महीनों चलती रैली पर अपना विचार दिया कि वह रैली, जो छोटी और मध्यम पूंजी की कंपनियों के स्टॉक्स के बाजार मूल्य में बेतहाशा बढ़त के चलते रही, एक बुलबुले की तरह है, जो कभी भी फूट जा सकता है। श्रीमती बुच के इस ऑब्जर्वेशन पर शेयर बाजार की भयानक प्रतिक्रिया देखी गई और स्टॉक्स के मूल्य मुंह के बल गिर गए। हजारों निवेशकों ने खरबों की पूंजी गंवा दी। लगने लगा कि विदेश में प्रवृत्त मंदी का असर भारत में भी आ फैला। ब्रिटिश अर्थशास्त्री जेएम केंस ने कहा था कि बड़े लोगों के कथन का बहुत गहरा प्रभाव होता है, तब जब वे सही बात कहें और तब भी जब कि वे गलत बात कह दें।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

अब श्रीमती बुच ठहरीं सेबी की चेयरपर्सन और सेबी है शेयर बाजार की नियामक संस्था। येषां निमेषणोन्मेषे जगतां प्रलयोदयौ (उनकी पलकें मुंदती तो फना होती है/पलकें खुलती तो चमन बन के निखरती दुनियां)। तो उनके कथन का गंभीर अर्थ लिया बाजार ने। बेतरीके की बिकवाली शुरू हुई। म्युचल फंड वालों की घिग्घी बंध गई। निवेशक पिट गए, हताश, लेकिन शेयर बाजार ने घायल नाग की तरह पलटवार हमला किया और फिर से जबर्दस्त तेजी लौट आई। अब श्रीमती बुच ने अपना बयान बदल लिया है। उन्होंने कहा है कि छोटे और मध्यम दर्जे की कंपनियां इतना अच्छा कर रही हैं कि विदेशी निवेशक उन पर लट्टू हैं। भारतीय पूंजी बाजार में वे जबर्दस्त निवेश कर रहे हैं। मतलब, यह रैली बुलबुला नहीं है। कुछ लोग यह भी कह रहे हैं कि हालांकि विदेशी पूंजी अपने घर में आती हुई मंदी से डर गई है। अतः वह भारतीय शेयर बाजार में पनाह ले रही है।

काबिल-ए-गौर बात है कि विदेशी पूंजी भारत के उद्योगों में निवेश करने में रुचि नहीं ले रही है, परंतु भारत के शेयर बाजार में रुचि ले रही है। इसका अर्थ है कि विदेशी पूंजी वास्तविक विनियोग करने की मंशा नहीं रखती। उनकी रुचि अल्पकालीन है। उनकी रुचि भारत की विकासशीलता में न होकर केवल फायदा लूटने में है। मतलब यह भी है कि अगर उनके अपने देश की स्थिति में सुधार हुआ तो विदेशी पूंजी भारत को दगा देने में देर नहीं करेगी। यह स्थिति चिंतनीय है। यह भी मजेदार बात है कि बड़ी पूंजी वाली कंपनियों के स्टॉक्स सर झुकाए, नैनन में नीर लिए, गुमसुम खड़े हैं। यह भी भूलना नहीं है कि भारत में इलेक्शन होने वाला है। पूंजी बाजार से इसके गहरे ताल्लुकात हैं। मंदी का असर चुनाव पर पड़ेगा और भारत के भविष्य पर भी।



**24वां रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.18 बजे
इफ्तार : 06.35 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.27 बजे
इफ्तार : 06.27 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# टूरिस्ट बस ने साइकिल सवार को रौंदा, मौत

- घटना के बाद बस पेड़ से टकराई
- वाराणसी से अयोध्या दर्शनार्थियों को लेकर जा रही थी बस

कूरेभार, सुलतानपुर



कूरेभार में टूरिस्ट बस ने अधेड़ को रौंदा।




टूरिस्ट बस पेड़ से टकराकर हुई क्षतिग्रस्त।

**अमृत विचारः** वाराणसी से दर्शनार्थियों को अयोध्या लेकर जा रही टूरिस्ट बस ने एक साइकिल सवार अधेड़ को रौंद दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव के पहचान के लिए थाने लायी, करीब दो घंटे बाद मृतक के परिजनों ने शव की पहचान किया।

बुधवार को दर्शनार्थियों को लेकर टूरिस्ट बस वाराणसी से अयोध्या के लिए लेकर जा रही। स्थानीय लोगों की मानें तो चालक काफी स्पीड में बस लेकर गुजर रहा था। इस बीच अयोध्या-प्रयागराज राजमार्ग पर जब बस कूरेभार के विधायक नगर चौराहे के पास पहुंची तो एक साइकिल सवार को बस चालक ने रौंद दिया। साइकिल सवार सीधे बस के पहिए के नीचे आ गया और मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, बस आगे जाकर पेड़ से टकरा गई। गनीमत ये रही की बस पर सवार दर्शनार्थी बाल-बाल बच गए। बस पर 42 दर्शनार्थी सवार थे, जो कि चेन्नई के रहने वाले थे। हालांकि मौका देखकर टूरिस्ट बस का चालक वाहन से कूदकर भाग निकला।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। काफी देर की पड़ताल के बाद मृतक की पहचान गोसाईगंज थानाक्षेत्र के मिरदासपुर गांव निवासी राम सूरत वर्मा (45) पुत्र रामकृपाल वर्मा के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेजते हुए विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक खेत पर जाने के लिए घर से निकला था। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मिश्रा ने बताया की दर्शनार्थियों को दूसरी बस से अयोध्या के लिए रवाना कर मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक को दी गई विदाई

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय चतुर्भुजपुर के प्रधानाध्यापक विजय पाल मौर्य 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो गए। बुधवार को विद्यालय में प्रधानाध्यापक का विदाई समारोह आयोजित किया गया। शिक्षक मोहन सिंह ने सेवानिवृत्त शिक्षक को अंगवस्त्र और रामचरित मानस भेंट कर विदाई दी। इस मौके पर लाल बहादुर यादव, केशव यादव, संदीप सिंह, विजय कुमार मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाया गया ईएमटी दिवस

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सीएचसी कादीपुर में केक काटकर ईएमटी दिवस मनाया गया। इस मौके पर 108 और 102 एम्बुलेंस प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि ईएमटी का मतलब इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन होता है। जिसके 12 वर्ष पूर्ण होने पर प्रभारी ने सभी कर्मचारियों को आम जनमानस की निःस्वार्थ भाव से सेवा करने के लिए सभी को बधाई दिया। इस मौके पर ईएमटी राम कुमार गिरि, सत्येंद्र गिरि, सुरेंद्र कुमार, उमा भारती, प्रियंका वर्मा, मनोज यादव, नरेंद्र यादव अंजनी यादव, प्रिय चंद विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

### दुराचार का आरोपी गिरफ्तार

**अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** अखंडनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में 25 वर्षीय युवती से शादी का झांसा देकर दुराचार करने के आरोपी सूरज तिवारी को मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष नारद मुनि व उनकी टीम ने रामपुर दोस्तपुर रोड से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। आरोपी को कोर्ट ने जेल भेज दिया। आरोप है कि आरोपी युवती से शादी का झांसा देकर दुराचार करता रहा जिससे वह गर्भवती हो गयी तथा उसने एक अप्रैल को बच्ची को जन्म दिया। युवती के परिजनों की तहरीर पर दो अप्रैल को केस दर्ज किया गया तथा बुधवार को आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### 72 घंटे से जलापूर्ति बाधित पानी के लिए परेशानी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** शहर के विकास भवन और गोपालदास नवनिर्मित पुल के बीच वाटर लाइन क्षतिग्रस्त होने से जलापूर्ति व्यवस्था बाधित हो गई है। बीते 72 घंटे से लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। मुख्य सड़क के उत्तरी छोर के आवासीय इलाकों में तीन दिन से अधिक समय से जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। इसे लेकर कई परिवारों में परेशानी बढ़ गई है। जलकल विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी समस्या से बेपरवाह बने हुए हैं। सड़क के किनारे मिट्टी का गड्ढा बनने से वाहनों के फंसने की घटनाओं में भी इजाफा हुआ है। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लाल चंद्र ने कहा कि जल्द ही समस्या का निदान कराया जाएगा।

### शोध परियोजना तैयार करने की दी जानकारी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग ने वृहत अनुसंधान परियोजना विषय पर परास्नातक विद्यार्थियों की संगोष्ठी आयोजित की। मुख्य वक्ता पूर्व प्राचार्य प्रो एमपी सिंह ने शोध परियोजना कैसे तैयार की जाए इस बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी विषय के तह तक जाने के लिए शोध आवश्यक है।



धम्मौर में रूट मार्च करते अर्द्धसैनिक बल व पुलिस के जवान। अमृत विचार

# जवानों ने धम्मौर में किया रूट मार्च

**धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव व रमजान त्योहार के मद्देनजर पुलिस व पैरामिलिट्री के जवानों ने धम्मौर थाना क्षेत्र के बाजार कस्बे में रुट मार्च किया। चुनाव में खलल डालने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही। बुधवार दोपहर में धम्मौर थानाध्यक्ष तरुण कुमार पटेल के नेतृत्व में सीआईएसएफ फोर्स के साथ चंदेलेपुर, बिकना, लौहर दक्षिण, लौहर पश्चिम, भाईं बाजार और देहली मुबारकपुर का भ्रमण किया। थानाध्यक्ष तरुण कुमार पटेल ने कहा कि चुनाव व त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में पुलिस सक्रिय है। अफवाहों पर ध्यान न दें। साथ ही किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना मिलती है तो जानकारी पुलिस को दें। इस मौके पर उपनिरीक्षक श्रवण कुमार, उपनिरीक्षक दिनेश सिंह, हेड कांस्टेबल सुशील शुक्ल, सत्येंद्र सिंह, भूपेंद्र यादव, संजय यादव व अन्य पुलिसकर्मी व सीआईएसएफ के जवान मौजूद रहे।

# शॉर्ट सर्किट से लगी आग, 10 बिस्वा गेहूं की फसल जली

धनपतगंज, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** गर्मी बढ़ने के साथ ही आग लगने की घटनाएं शुरू हो गई है। थाना क्षेत्र के महमंदीपुर गांव के सिवान में बिजली की शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी से गेंहू की फसल जल जाने से हजारों का नुकसान हुआ है। ग्रामीण कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। महमंदीपुर गांव के बगल सिवान में शिवकुमार यादव के खेत से होकर एलटी लाइन गुजरी है।

तेज हवा से अचानक तार आपस मे उलझे और शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी गेहूं के खेत में गिरी और आग लग गयी। धुआं उठता देख ग्रामीण बाल्टी में पानी लेकर गुहार लगाते हुए पहुंचे। कड़ी मेहनत के बाद ग्रामीण बेकाबू आग पर काबू पा सके। आग से गांव निवासी शिवकुमार की तकरीबन 10 बिस्वा गेहूं की फसल जल गयी।



करौंदीकला में आग लगने से जली गेहूं की फसल। अमृत विचार

### आग से दो बीघा गेहूं की फसल जली

**करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के मेवपुर बरचौली ग्राम पंचायत में अज्ञात कारणों से आग लगने से करीब 2 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। मेवपुर गांव में दोपहर के 3 बजे अज्ञात कारणों से आग लग जाने से 2 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग लगने की सूचना पाकर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण इकट्ठा होकर आग बुझाने में कामयाब रहे। आग की चपेट में आने से प्रेमनाथ मिश्रा और अशोक मिश्रा की करीब 2 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह ने पीड़ित को मदद का आश्वासन दिया। खबर लिखे जाने तक कोई राजस्व कर्मी मौके पर नहीं पहुंच सका।

# खाद की बोरियों पर लगी पीएम व सीएम की फोटो पर जतायी आपत्ति

- जिला निर्वाचन अधिकारी को कांग्रेस ने सौंपा शिकायती पत्र

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के तारीखों के ऐलान के बाद पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू है। आदर्श आचार संहिता को कड़ाई से अनुपालन कराने हेतु जिला प्रशासन को निर्देशित कर दिया गया है। फिर भी जिले में आदर्श आचार चुनाव संहिता का उल्लंघन हो रहा है। यह कहना कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा का है। उन्होंने खाद की बोरियों पर पीएम की फोटो लगी होने का विरोध जताते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है।

बुधवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की मौजूदगी में दर्जनों की संख्या में कांग्रेसियों ने जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर सत्तापक्ष द्वारा किए जा रहे आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को तत्काल रोक लगाकर कड़ाई से अनुपालन कराए जाने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि संपूर्ण भारत में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद सभी सार्वजनिक स्थलों से सत्ता पक्ष के कार्यवाहक प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की फोटो हटाए जाने का आदेश मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा दिया जा चुका है, लेकिन अफसोस है कि आचार संहिता लागू होने के बाद भी यूरिया खाद, डीएपी खाद की बोरियों पर देश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री की फोटो लगी हुई है।

जानकारी प्राप्त हो रही है कि अन्य जनपदों में इस पर रोक लगा दी गई है, लेकिन जनपद सुलतानपुर में इसकी बिक्री अभी भी जारी है। इस मौके पर जिला प्रवक्ता अमोल बाजपेयी, महासचिव ममनून आलम, सुब्रत सिंह सनी, कुर्बान अंसारी आदि रहे।

# तौल लिपिक पिता-पुत्र पर घूस मांगने का केस

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** किसान सहकारी चीनी मिल में कार्यरत तौल लिपिक पिता-पुत्र पर किसान की तहरीर पर पुलिस ने घूस मांगने सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। किसान ने फरवरी माह में पिता-पुत्र पर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी थी।

जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र जयसिंहपुर खुर्द निवासी रमेश कुमार पांडेय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसने सेमरी सेंटर पर 120 कुंतल गन्ने की तौल करा रखी थी। जिसका चेक बनना बाकी था। जिसको लेकर वह 17 फरवरी शनिवार को चीनी मिल स्थित तौल लिपिक के आवास पर गया हुआ था। आरोप है कि चेक बनाने के एवज में तौल लिपिक प्राकृतिक सिंह व उसके पिता अवधेश सिंह ने घूस की डिमांड की। मना करने पर गन्ना किसान को मारा पीटा। रमेश कुमार पांडेय ने मारपीट करने व घूस मांगने का आरोप लगाते हुए नामजद तहरीर पुलिस को दी थी। अब ढाई महीने बाद पुलिस ने पिता- पुत्र के ऊपर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की...

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** भदैंया के जगदीशपुर चाचपारा गांव में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन मंगलवार की रात को भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव की कथा कथा व्यास आचार्य ऋषिराज त्रिपाठी ने बताई। कृष्ण जन्मोत्सव पर कृष्ण भगवान के भजनों पर लोग कथा पंडाल में जयकार करने लगे।

कथा व्यास ने बताया कि भगवान गोपाल के जन्म पर गोकुल वृंदावन वासी पीले पीताम्बर परिधान में आज भी जमकर झूमते है और एक दूसरे को बधाइयां देते है। ऐसा ही दृश्य आज यहां देखने को मिला है। कथा व्यास ने कहा कि कृष्ण के जन्म के बाद आकाशवाणी का पालन कर वासुदेव बालक को लेकर नंद के घर गये। वहां से जन्मी बालिका को लेकर लौट आए। यही बालिका विंध्याचल धाम में देवी विंध्यवासिनी के रूप मे आज भी मौजूद हैं। कथा के मुख्य यजमान रुद्र प्रताप सिंह, विजय प्रताप सिंह, राजेंद्र प्रताप सिंह ने भागवत भगवान की आरती उतारी।

# ऑनलाइन सिस्टम से लग रही ड्यूटी बनी मुसीबत

- 40 किमी दूर लग रही ड्यूटी 15 पीआरडी जवान रहे अनुपस्थित

संवाददाता, सुलतानपुर

> विभागीय सॉफ्टवेयर से ऑनलाइन ड्यूटी लगाई जा रही है। 15 जवान ड्यूटी पर नहीं गए हैं। उच्चाधिकारियों को सूचित किया गया है।
>
> **- चांद मोहम्मद, पीआरडी ड्यूटी इंचार्ज**

**अमृत विचारः** पीआरडी जवानों की ऑनलाइन ड्यूटी लगाने की प्रक्रिया सुविधा की जगह मुसीबत बनी है। एक अप्रैल से विभाग की ओर से बनाए गए सॉफ्टवेयर से लगाई जा रही ड्यूटी में जरूरतमंदों को जगह नहीं मिल रही है, जबकि बहुत कम पैसा होने की वजह से दूसरे शहरों में कमाने गए जवानों की ड्यूटी लगा दी जा रही है।

होमगार्डों की तर्ज पर जिले के पीआरडी जवानों की ड्यूटी एक अप्रैल से ऑनलाइन लगाई जाने लगी है। जिसका पहले से ही डाटा विभाग को भेज दिया गया था। ऑनलाइन उपस्थिति के साथ ही मानदेय का भुगतान सीधे खाते में आएगा। बताते चलें कि जिले में कुल 411 पीआरडी के जवान है। जिनमें से 252 जवान विभागीय तो 115 जवान संस्थानों पर ड्यूटी पर लगाएं जाते थे। वहीं कुछ जवान ऐसे भी थे जो रिकार्ड जमा कर अन्यत्र काम कर रहे थे। ऑनलाइन ड्यूटी लगाए जाने के चलते करीब 50 से ज्यादा पीआरडी जवानों को ड्यूटी नहीं मिल पाई है। जिससे उनके सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। वहीं जिन जवानों को ड्यूटी लगाई भी गई है उनकी दूरी भी ज्यादा है। जबकि, एक दिन का उन्हें 395 रुपए ही मिलता है। ऐसे क्या बचाए क्या खाएं की हालत हो गई। वहीं कुछ पीआरडी जवान ड्यूटी पर ही नहीं गए।

उल्लेखनीय है कि पीआरडी जवान उमाशंकर दुबे, श्रीराम यादव, शत्रुघ्न मिश्र, संतोष तिवारी, फूलचंद्र मिश्र आदि लोग ड्यूटी से वंचित है। जबकि, ये पहले नियमित ड्यूटी कर रहे थे।

# निर्वाचन कार्मिकों को मिलेगा गर्म भोजन व ठंडा पानी

- समय से चुनाव की सभी तैयारियां करें पूर्णः डीएम

संवाददाता, सुलतानपुर



डीएम ने अधिकारियों के साथ बैठक कर की लोस चुनाव की तैयारियों की समीक्षा।

**अमृत विचारः** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता व उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गौरव शुक्ला की उपस्थिति में नोडल/सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को लेकर प्रगति समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि मतगणना के दिन सुबह नाश्ता व दोपहर में लंच रहेगा।

स्वच्छ पेयजल हेतु पानी की पर्याप्त व्यवस्था कर ली जायेगी। अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग संतोष मणि तिवारी द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी को अवगत कराया गया कि कुल 23 स्ट्रांग रूम बनाये गये हैं। उन्होंने ईवीएम को रखे जाने तथा उस रूम की खिड़की व रोशनदान को कवर कर रखे जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नोडल अधिकारी स्ट्रांग रूम व्यवस्था/अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लोनिवि को निर्देशित किया गया कि मण्डी सचिव से समन्वय स्थापित करें। सभी स्थलों का भ्रमण कर लें तथा भ्रमण के दौरान पायी गयी कमियों को ससमय पूर्ण कर लिया जाय।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नोडल अधिकारी सफाई/पेयजल व्यवस्था/अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद लालचन्द्र सरोज से मोबाइल टायलेट सहित अन्य साफ-सफाई के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी। उन्होंने साफ-सफाई तथा पर्याप्त स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित को निर्देशित किया कि एक बार निरीक्षण कर लें तथा निरीक्षण के दौरान पायी गयी कमियों को दूर कर लिया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की समस्या न उत्पन्न होने पाये। इस अवसर पर समस्त सम्बन्धित नोडल/सहायक प्रभारी अधिकारीगण मौजूद रहें।

### पूर्व विधायक सफदर रजा के केस में दर्ज हुआ बयान

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र धम्मौर के भाईं पैमाइश करने गए लेखपाल के सरकारी कामकाज में बाधा, धमकी व गाली-गलौज के 10 साल पुराने मामले में बुधवार को सफाई साक्ष्य के रूप में भाईं निवासी मनीराम मौर्य का बयान एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में दर्ज किया गया। विशेष लोक अभियोजक वैभव पांडेय के मुताबिक एडीएम के आदेश पर पैमाइश करने गए तत्कालीन भाईं लेखपाल विजय कुमार सिंह ने पूर्व विधायक सफदर रजा के खिलाफ 18 सितंबर 2014 मे धम्मौर थाने में सरकारी कामकाज में बाधा, धमकी, व गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।

## सार-संक्षेप

### सामुदायिक सहभागिता से संवरेगा बच्चों का भविष्य



परिषदीय विद्यालय के बच्चों को किया गया सम्मानित।

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जयसिंहपुर के कंपोजिट विद्यालय करसा में उड़ान-सपनों की सच करने की वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसआरजी सत्यदेव पांडेय तथा विशिष्ट अतिथि केएनआईपीएसएस वाणिज्य संकाय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ गोमती प्रसाद राय, एआरपी राजेन्द्र कुमार तथा एआरपी सुनील रहे। सत्यदेव ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में विद्यालय के साथ-साथ सामुदायिक सहभागिता का भी विशेष योगदान है। बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रशंसा की। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चे चांदनी, वैष्णवी, शिवांशी, किशन, आदर्श कुमार, खुशी कन्नौजिया, आदित्य राज तथा सृष्टि को सम्मानित किया गया। संचालन सहायक अध्यापक कुलदीप वर्मा द्वारा किया गया। नवीन नामांकित बच्चों का स्टेशनरी देकर स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्रीराम द्वारा सभी मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### सीजेएम से की हाईकोर्ट के आदेश की प्रति की मांग

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन सुलतानपुर अध्यक्ष अरविंद पांडेय व अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने सीजेएम बटेश्वर कुमार से हाईकोर्ट इलाहाबाद के उस आदेश की प्रति की मांग की है, जिसके तहत उन्होंने कादीपुर में ज्यूडिशरी ट्रांसफर का आदेश किया है। बार अध्यक्ष व श्री राजा ने अपने सीजेएम को दिए प्रार्थनापत्र में हाईकोर्ट के 13 फरवरी के जिस आदेश का संदर्भ देते हुए दो थाना ट्रांसफर किया है, उसे दिये जाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि हाईकोर्ट के आदेश की प्रति दाखिल करने के लिए समय दिया है। वहीं इसी संबंध में महासचिव आर्तमणि मिश्र ने जिला जन/ सूचना अधिकारी से जन सूचना अधिकार के तहत आदेश की प्रति दिए जाने की मांग की है।

### पापमोचिनी एकादशी व्रत पाप दंड से बचाव का है उपायः मालवीय



पं. कृष्णकांत मालवीय

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** हर साल चैत्र माह की कृष्ण एकादशी तिथि पर पापमोचिनी एकादशी का व्रत किया जाता है। इस वर्ष पापमोचिनी एकादशी शुक्रवार पांच अप्रैल को है। सनातन धर्म में कहा गया है कि संसार में उत्पन्न होने वाला कोई भी मनुष्य ऐसा नहीं है, जिससे जाने-अनजाने में कोई पाप नहीं हुआ हो। पंडित कृष्णकांत मालवीय ने कहा ईश्वरीय विधान के अनुसार पाप के दंड से बचा जा सकता है। अगर पापमोचनी एकादशी का व्रत किया जाए। धर्म शास्त्रों में एकादशी तिथि को विष्णु स्वरूप माना गया है। इस तिथि को पूजित होने पर संसार के स्वामी सर्वेश्वर श्रीहरि संतुष्ट होकर अपने भक्तों के समस्त कष्टों का निवारण करते हैं। बड़े-बड़े यज्ञों से भगवान को उतना संतोष नहीं मिलता, जितना एकादशी व्रत के अनुष्ठान से होता है।

### धोखाधड़ी के आरोपियों की जमानत खारिज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के दरियापुर में बीते साल कूटरचित दस्तावेज तैयार करने व अन्य आरोपों में आरोपी पिता घनश्याम जायसवाल, पुत्र आलोक व बहू प्रमिला की जमानत सेशन कोर्ट जज जेपी पांडेय ने आरोपों को गंभीर पाते हुए खारिज कर दी। डीजीसी क्रिमिनल रामअवल मिश्र के मुताबिक वादी रामप्रसाद जायसवाल के भाई अच्छेलाल ने बदनीयती से जमीन हड़पने की नियत से फर्जी अपंजीकृत वसीयतनामा तैयार कर गवाह के रूप में आरोपियों को गवाह बनाकर कूटरचित दस्तावेज तैयार करवाये। वादी ने जानकारी होने पर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, षड्यंत्र समेत अन्य आरोपों में केस दर्ज कराया। आरोपियों की जमानत पर हुई सुनवाई में कोर्ट ने तीनो की जमानत खारिज कर दी। वहीं अच्छेलाल ने पुलिस की गिरफ्तारी से बचने के लिए कोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल की थी, जिसकी सुनवाई में कोर्ट ने उसकी अग्रिम जमानत याचिका भी खारिज कर दी।

### 72 प्रतिशत रहा ओ लेवल का परीक्षा परिणाम



राणा प्रताप कॉलेज में ओ लेवल के कोर्स में बड़ी संख्या में पास हुए विद्यार्थी।

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** राणा प्रताप पीजी कालेज में संचालित ओ लेवल पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम 72 प्रतिशत रहा। कम्प्यूटर सेंटर प्रभारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि महाविद्यालय में पिछले वर्ष ही ओ लेवल कोर्स शुरू हुआ है। जनवरी में हुई परीक्षा का परिणाम बुधवार को आया। परीक्षा में कुल 66 विद्यार्थी शामिल हुए जिसमें 48 छात्र छात्राओं ने सफलता हासिल की।

### धोखे से की शादी, अधिक दहेज न मिलने पर घर से निकाला

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** पहले तो शादी होने के बाद भी झूठ व फरेब करके दूसरी शादी रचा ली। फिर अधिक दहेज की मांग को लेकर विवाहितों को प्रताड़ित करने लगा। घर से मारपीट कर निकाली गई विवाहिता ने दोस्तपुर में थाने में पति के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के ग्राम बसहां निवासी लाल जी की पुत्री पूजा की शादी ग्राम कनकपुर थाना दोस्तपुर निवासी प्रदीप कुमार से 24 मई 2023 को हुई थी। पूजा के पिता ने दहेज में अपाची गाड़ी भी प्रदीप कुमार के नाम से खरीद कर दी थी। आरोप है कि पूजा जब शादी में अपने पति के घर कनकपुर गयी तो पता चला कि प्रदीप कुमार की शादी पहले ही हुई है, जिससे चार साल का एक लड़का भी है। पत्नी को मार पीट कर घर से निकाल दिया है। इसी बात को लेकर दोनों में तकरार भी होने लगी। पूजा का आरोप है कि प्रदीप कुमार दबाव डाल कर मेरे पिता से दो लाख रुपए नगद व चार चक्के की गाड़ी की मांग करने लगा। मार की डर से पिछले दिनों से मैं अपने मायके में रह रही हूं। मंगलवार को पूजा की तहरीर पर पति प्रदीप कुमार के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित कई धाराओं में पुलिस ने मुक़दमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही करने में जुटी है।

### वृद्ध का अनुभव किसी भी राष्ट्र की धरोहरः पांडेय

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान के समाजशास्त्र विषय के विद्यार्थियों ने आनंद भवन वृद्धा आश्रम पयागीपुर में बुधवार को भ्रमण किया। विभागाध्यक्ष डा. कुलदीपक पांडेय ने कहा कि वृद्ध का अनुभव किसी भी राष्ट्र और समाज की धरोहर होता है। लेकिन आज पारिवारिक विघटन एवं भौतिकतावादी जीवन के कारण सभी वर्गों के परिवारों में वृद्धों की स्थिति बड़ी चिंतनीय है। दुखद है कि भारतीय परिवारों का अनुभव जन्य व्यक्तित्व आज वृद्धआश्रमों के सहारे जीवन काटने हेतु मजबूर हैं। वृद्धाआश्रम के संचालक विष्णु कुमार शर्मा ने कहा कि ये वृद्ध समाज में अपनों के द्वारा तिरस्कृत हैं, लेकिन मेरी यह जिम्मेदारी है कि मैं यहां हर एक वृद्ध का हर सम्भव संरक्षण प्रदान करूं। इस दौरान डॉ नीरज सिंह ने वृद्धों को परंपरा का निर्वाहक बताया। वहीं, डॉ नीतू सिंह ने जीवन में मां-बाप के अभाव की पीड़ा पर प्रकाश डाला। रेशमा शुक्ला, अंजली सोनी और तृप्ति अग्रहरि द्वारा संगीत भी प्रस्तुत किया गया।

### विवादित जमीन पर टिनशेड रखने के विवाद में केस दर्ज

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** न्यायालय में विचाराधीन जमीन के विवाद के बाद भी विपक्षी टीनशेड रखकर कब्जा कर रहे थे। मना करने पर पीड़ित को धमकी देते हुए भगा दिया। नायब तहसीलदार ने काम रूकवा दिया। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। थाना क्षेत्र के नगर पंचायत स्थित फिरोजपुर खुर्द निवासी अभिषेक उपाध्याय व नरसिंहपुर पहिया निवासी मुस्ताक अहमद के बीच जमीन का विवाद चल रहा है। इसका मुकदमा भी डीडीसी कोर्ट में विचाराधीन है। सोमवार को मुस्ताक अहमद, अनीस अहमद उर्फ गुड्डू, रईस अहमद, सुड्डू अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ विवादित जमीन पर टीन शेड डाल रहे थे। तभी विपक्षी अभिषेक उपाध्याय पहुंच कर टीन शेड रखने से मना किया तो विपक्षी गाली देकर जान से मारने की धमकी दी। अभिषेक ने नायब तहसीलदार को प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर टीन शेड हटाने का आदेश पारित किया।



24वां रोजा

शिया
सहरी : 04.23 बजे
इफ्तार : 06.29 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.25 बजे
इफ्तार : 06.20 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## पैग़ाम ए रमज़ान

रोज़ेदारों माह ए रमज़ाँ की निराली शान है, रब की रहमत की गवाही दे रहा क़ुरआन है। नेकियों से अपने दामन, भर लो, जितना भर सको! माह ए रमज़ां चंद दिन का और ही मेहमान है।।

नियाज़ कपिलवस्तुवी, सिद्धार्थनगर

# निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में नेपाल करेगा सहयोग

## भारत–नेपाल और उत्तर प्रदेश–बिहार समन्वय बैठक में सीमा पर शराब व मादक पदार्थों व जाली नोट की तस्करी रोकने पर बनी सहमति

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए भारत–नेपाल और उत्तर प्रदेश–बिहार समन्वय बैठक संपन्न हुई। बैठक में चुनाव और कानून–व्यवस्था से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। सभी पक्षों ने निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सम्पन्न कराने के लिए परस्पर सहयोग और समन्वय पर सहमति व्यक्त की।

बैठक में चुनाव से जुड़े संवेदनशील मुद्दों जैसे- अवैध शराब व ड्रग्स की तस्करी, जाली मुद्रा, अवैध हथियार, चेक पोस्ट व बैरियर और अपराधियों को सुरक्षित पनाह रोकने के लिए अपनाए जाने वाले उपायों पर चर्चा की गई। जिसे रोकने के लिए दोनों पक्षों ने सहमति व्यक्त की। नेपाल–भारत के सीमावर्ती जिलों रूपन्देही, कपिलवस्तु और नवलपरासी जिलों में शराब की अनाधिकृत बिक्री और वितरण पर कड़ी निगरानी और नियंत्रण का अनुरोध भारतीय पक्ष की ओर से किया गया। साथ ही मतदान खत्म होने के 72 घंटे पूर्व से आवश्यक सेवाओं और अन्य अनुमतिप्राप्त कर्मियों की आवा-जाही को छोड़कर



भारत–नेपाल और उत्तर प्रदेश–बिहार समन्वय बैठक में मौजूद दोनों पक्षों के अधिकारी। अमृत विचार

भारत–नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा और अंतर-राज्यीय सीमाओं को सील करने पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा सिद्धार्थनगर, महराजगंज, पश्चिम चम्पारण, रूपन्देही, कपिलवस्तु एवं नवलपरासी जिलों में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु संयुक्त प्रयास करने और जरूरी उपायों पर सभी पक्षों ने चर्चा की और इस विषय आवश्यक कदम उठाने पर सहमति व्यक्त की। जिलाधिकारी अनुनय झा ने नेपाल सरकार के अधिकारियों को बैठक में आने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि आगामी दिनों में भारत में होने वाले लोकसभा चुनावों को सकुशल सम्पन्न कराना जिला प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता



है। इसके लिए नेपाल सरकार के अधिकारियों के सहयोग की अपेक्षा है। इससे पूर्व पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से महराजगंज और नेपाल व बिहार के सीमावर्ती जिलों के मध्य आवश्यक सहयोग के महत्वपूर्ण बिंदुओं को प्रस्तुत किया। उन्होंने आगामी चुनावों के मद्देनजर नेपाली अधिकारियों से अनुरोध किया कि सीमावर्ती शराब की दुकानों को कुछ पीछे शिफ्ट करा दिया जाए और उन्हें स्पष्ट निर्देश दे दिया जाए ताकि चुनावों के दौरान भारतीय नागरिकों को शराब की बिक्री बड़ी मात्रा में न की जा सके। उन्होंने चुनावों के मद्देनजर बनने वाले चेकपोस्टों व बैरियरों की सूची नेपाली प्रशासन से साझा करने का आश्वासन देते हुए सीमा पर संयुक्त निगरानी पर जोर दिया। नेपाल की ओर से सीडीओ रूपनदेही गणेश अर्याल ने जिलाधिकारी महराजगंज को उनके भव्य आतिथ्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भारतीय पक्ष को सफल और शांतिपूर्ण चुनाव की शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि शांति और सहयोग दोनो देशों के हित में है और नेपाल प्रशासन अपनी ओर से पूरा सहयोग प्रदान करेगा।

### सीमावर्ती जिले में नेपाल तैनात करेगा नोडल अधिकारी

भारतीय पक्ष ने रूपन्देही, कपिलवस्तु और नवलपरासी के पुलिस बलों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर व्यापक गश्त और जांच के लिए सुरक्षा बल की आवाजाही बढ़ाने का अनुरोध किया, जिसपर नेपाली पक्ष ने सहमति जताई। नेपाली पक्ष ने चुनाव को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपादित करने के लिए भारतीय पक्ष के साथ सहयोग और समन्वय स्थापित करने के लिए रूपन्देही, कपिलवस्तु और नवलपरासी जिलों से जिला प्रशासन और पुलिस से नोडल अधिकारी नामित करने पर सहमति व्यक्त की।

### एक-दूसरे के आधिकारिक संपर्क नंबर साझा करेंगे

सिद्धार्थनगर, महराजगंज, पश्चिमी चंपारण, रूपनदेही, कपिलवस्तु और नवलपरासी के समकक्ष स्टेशन हाउस अधिकारी / थाना प्रभारी लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन की सुविधा के लिए एक–दूसरे के आधिकारिक संपर्क नंबर का समन्वय और साझा करने पर सहमति व्यक्त की।

### अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थापित चेक पोस्ट पर हो संयुक्त जांच

एडीजी गोरखपुर जोन डॉ के.एस. प्रताप कुमार ने नेपाल प्रशासन द्वारा लगातार मिलने वाले सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थापित चेक पोस्ट पर संयुक्त जांच पर जोर दिया। उन्होंने असामाजिक तत्वों की सूची एवं अन्य आवश्यक जानकारी साझा करने और उनपर त्वरित कार्यवाही करने पर बल दिया ताकि असमाजिक तत्वों पर नियंत्रण किया जा सके। एडीजी ने थाना स्तर पर सहयोग और समन्वय सुनिश्चित करने हेतु सभी पक्षों को मिलकर कार्य करने के लिए कहा।

### दोनों देशों के राष्ट्रगान से हुई बैठक की शुरुआत

बैठक को डीआईजी गोरखपुर रेंज आनंद कुलकर्णी, डीआईजी एसएसबी अखिलेश्वर सिंह, डीएम पश्चिमी चंपारण दिनेश कुमार राय, एसपी बगहा सुशांत कुमार सरोज, जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर पवन अग्रवाल, एसपी प्राची सिंह सहित भारत और नेपाल के वरिष्ठ अधिकारियों ने संबोधित किया। जिलाधिकारी महाराज गंज द्वारा जनपद में आगमन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और महराजगंज प्रशासन की ओर से सभी अधिकारियों को मोमेंटो भेंट किया। इससे पूर्व बैठक की शुरुआत दोनो देशों के राष्ट्रगान के साथ हुई।

## एक नजर

### पति से विवाद में ट्रांसफार्मर पर चढ़ गई पत्नी

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पिपराइच थाना क्षेत्र से एक बड़ा मामला प्रकाश में आया है। जिसमें पति पत्नी के बीच घरेलू विवाद को लेकर पत्नी ने ट्रांसफार्मर पर चढ़कर आत्महत्या की कोशिश किया। प्राप्त खबर के अनुसार बताया जाता है कि राहगीरों की मदद से तत्काल बिजली विभाग से शटडाउन लेकर बिजली काट दी गई। मौके पर पुलिस पहुंचकर किसी तरह से उस महिला को नीचे उतरवाया गया। मामला पिपराइच थाना क्षेत्र के सरैया बाजार कबाड़ी रोड स्थित के पास का बताया जाता है। फिलहाल पिपराइच पुलिस महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### पुलिस ने सुरक्षा बलों ने किया रूट मार्च

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के दृष्टिगत थाना बांसी पुलिस व केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल की संयुक्त टीम द्वारा कस्बा बांसी व मिठवल में एरिया डोमिनेशन रुट मार्च कर सुरक्षा का एहसास कराया गया। थाना बांसी पुलिस व केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल की संयुक्त टीम द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 के दृष्टिगत शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कस्बा बांसी व मिठवल में एरिया डेमिनेशन रुट मार्च फ्लैग मार्च किया गया तथा आम–जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराया गया।

# उच्च प्राथमिक विद्यालय पननी के 12 बच्चों का आश्रम पद्धति विद्यालय में हुआ चयन

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** लोटन ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय पननी के 12 छात्र छात्राओं का चयन एक साथ राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय के लिए हुआ है। प्रियांशु, विवेक, सुभाष, अमन, रोशन, विकास, इंद्रजीत ने राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय प्रयागराज तथा ममता, पूजा, साधना, सोनी तथा काजल कुल पांच छात्राओं ने राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय धनगढ़िया सिद्धार्थ नगर की कक्षा 9 की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर पूरे विद्यालय परिवार का गौरव बढ़ाया है। एक ही विद्यालय के एक दर्जन बच्चों को एक ही साथ मिली शानदार सफलता से विद्यालय और बच्चों के परिवार में ख़ुशियों का माहौल है।

बुधवार को विद्यालय प्रांगण में सभी सफल बच्चों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिससे अन्य बच्चे भी इससे प्रेरणा लें और प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति रुझान पैदा हो। इस अवसर पर ग्राम प्रधान फूलचंद कनौजिया ने सभी बच्चों को मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया।

विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक बाबूराम ने सभी बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। बच्चों के मार्गदर्शक एवं राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक श्री दयाशंकर पाण्डेय ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी बहुत प्रतिभाशाली होते हैं लेकिन पठन पाठन का अच्छा माहौल ना होने से बच्चे आगे नहीं बढ़ पाते आर्थिक स्थिति अच्छी ना होने के कारण बच्चे अच्छे स्कूल में पढ़ नहीं पाते इसीलिए अच्छे आवासीय विद्यालय में प्रवेश दिलाने हेतु इस बार योजना बद्ध तरीके से कार्य किया गया जिसका परिणाम बहुत ही अच्छा रहा। इसी वर्ष एक छात्रा का चयन अटल आवासीय विद्यालय हेतु भी हो चुका है इन्होने सभी बच्चों से खूब लगन एवं मेहनत से पढ़ने हेतु प्रेरित किया जिससे बच्चे आगे जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना सफलता पूर्वक कर सकें। इस अवसर पर अनुदेशक भानु प्रताप, राजकुमार अनुपम आदि उपस्थित रहे।

## आग लगने से झोपड़ियां जलीं, दो लोग झुलसे

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** झोपड़ी में लगी आग से कई झोपड़ी जलकर खाक हो गई और दो मजदूर झूलस गये। डुमरियागंज ब्लॉक के अंतर्गत भवानीगंज थाना के तहत ग्राम चकचई में बीती रात अज्ञात कारणों से एक झोपड़ी में आग लग गई। तेज हवा चलने के कारण आग फैलने में समय नहीं लगा और कई झोपड़ियां जलने लगीं। आग में दो मजदूर झुलसकर घायल हो गए। आग ने भुवनेश्वर, अनारा, झकरी, रामप्यारे को खुले आसमान के नीचे ला दिया। सामान भी जल गए। आग इतनी तेज थी कि फायर ब्रिगेड वह मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत किया तब जाकर आग पर काबू पाया गया। पीड़ितों ने बताया कि घर में अब कुछ नहीं बचा है, सब जलकर खाक हो गया है।

# आग लगने से गेंहू की फसल जली

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र चिल्हियां के पल्टादेवी पुलिस चौकी अन्तर्गत पल्टादेवी ग्राम पंचायत के पिछौरा और नरायनपुर गांव के सिवान में गेंहू की फसल में आग लग गई, जिससे लगभग 37 से 38 बीघा गेंहू की फसल जलकर खाक हो गई।

ग्रामीणों के मुताबिक बुधवार दोपहर तेज हवा चल रही थी, तभी अचानक माता पल्टादेवी मंदिर के पश्चिम से धुंआ का गुब्बार उठा दिखाई दिया, तब तक ग्रामीणों को जानकारी मिला कि पिछौरा और नरायनपुर के सिवान में गेंहू की फसल जल रही है। ग्रामीण पम्पसेट मशीन लगाकर आग बुझाने में जुट गये। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। फिर



गेंहू की फसल में लगी आग को बुझाते ग्रामीण। अमृत विचार

भी 37 से 38 बीघा गेंहू का फसल जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों ने फायर बिग्रेड को फोन किया लेकिन आग बुझने के बाद फायर बिग्रेड की गाड़ी पहुंची। लेखपाल प्रशांत कुमार ने मौके पर पहुंच कर नुकसान फसल का मुआयना किया। बताया कि वीरेंद्र नाथ, रविन्द्र नाथ, अशोक कुमार, अब्दुल हबीब, वर्जिश कदर, डेबा आदि किसानों की फसल आग के चपेट में आयी है। सब मिलाकर लगभग 37 से 38 बीघा गेंहू की फसल आग से जलकर खाक हो गयी। किसानो के नुकसान हुए फसलो का आकलन कर कार्यवाही के लिए सम्बन्धित अधिकारी को प्रेषित किया जा रहा है। आग लगने का कारण अज्ञात है।

# तरणताल के सत्र का किया गया उद्घाटन

गोरखपुर

**अमृत विचार।** महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे एवं संरक्षक, पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ सौम्या माथुर ने बुधवार को सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम, गोरखपुर स्थित तरणताल के नये सत्र का विधिवत उद्घाटन किया।

इस मौके पर अपर महाप्रबन्धक दिनेश कुमार सिंह, प्रमुख विभागाध्यक्ष, पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ के अध्यक्ष श्रीश चन्द्र श्रीवास्तव, महासचिव पंकज कुमार सिंह, वरिष्ठ अधिकारी, सहायक क्रीड़ा अधिकारी चन्द्र विजय सिंह, तैराक, खेल प्रेमी एवं अन्य रेल कर्मी उपस्थित थे। पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ के महासचिव पंकज कुमार सिंह ने बताया कि तरणताल 50 मीटर लम्बा, 18.5 मीटर चैड़ा एवं अन्तिम छोर पर लगभग 06 मीटर गहरा है। तरणताल में फाइबर के 08 ब्लॉक एवं 8 लेन बनाये गये हैं, जिसमें 08 तैराक एक साथ तैराकी कर सकेंगे। इस आधुनिक तरणताल की सुविधा उपलब्ध हो जाने से यहां पर राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के तैराक तैयार किये जा सकेंगे। इस तरणताल में सभी सुरक्षा मानको का पालन किया गया है। नवोदित तैराको को अभ्यास करने का अवसर मिलेगा और तैराकी का एक अतिरिक्त वातावरण तैयार होगा। इस अवसर पर 50 मीटर फ्री स्टाइल, 50 मीटर बैक स्ट्रोक, 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक, 50 मीटर बटर फ्लाई, डाइविंग के मैत्री मैच खेले गये। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।



रेलवे स्टेडियम के तारणताल के सत्र का उद्घाटन करतीं महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे।

### दो ट्रेनों के संचालन में किया गया बदलाव

**गोरखपुर, अमृत विचार।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल पर फुलेरा–डेगाना खंड पर स्थित नवा सिटी–गोविन्दी मारवाड़ स्टेशनों के मध्य पैच दोहरीकरण कार्य के परिप्रेक्ष्य में नॉन इंटरलॉक कार्य के कारण गाड़ियों का मार्ग परितर्वन एवं ठहराव रहेगा। 26 अप्रैल को चलने वाली 14863 वाराणसी सिटी–जोधपुर एक्सप्रेस और 27 अप्रैल को जोधपुर से प्रस्थान करने वाली 14854 जोधपुर–वाराणसी सिटी एक्सप्रेस के संचालन में परिवर्तन रहेगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### रेलवे ने चार कर्मचारियों को किया पुरस्कृत

**गोरखपुर, अमृत विचार।** महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर ने चार कर्मचारियों को संरक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए मैन आफ द मंथ घोषित कर नगद पुरस्कार एवं प्रषस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं में लखनऊ मंडल के रेलवे सुरक्षा बल/गोण्डा के कांस्टेबल गोविन्द कुमार खरवार, स्टेशन मास्टर/बृजमनगंज कृपाशंकर, वाराणसी मंडल के स्टेशन मास्टर/उनौला, अनूप कुमार श्रीवास्तव और इज्जतनगर मंडल के मानपुर नगरिया सोरो के मध्य गेट संख्या–296 ए/सी पर तैनात गेटमैन श्री ऋषि काजी हैं। इन कर्मचारियों की सतर्कता और सजगता से रेल हादसों को रोकने में मदद मिली। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# 15 से खरीद केन्द्रों पर पहुंच सकता है गेंहू, अभी सन्नाटा

गोरखपुर

**अमृत विचार।** वर्ष 2024-25 में विपणन विभाग द्वारा सात क्रय एजेंसियों के माध्यम से 158 क्रय केंद्र खोले हैं। लोकसभा चुनाव के बीच गोरक्षनगरी में यूं तो कागजों में 1 मार्च से ही गेहूं की खरीद का आदेश जारी कर दिया गया है। हालांकि जनपद में अभी गेहूं की कटाई शुरू नहीं हुई है। उम्मीद है कि 15 अप्रैल से क्रय केंद्रों पर गेहूं बिक्री के लिए पहुंचना शुरू हो जाएगा। न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना अंतर्गत 158 क्रय केंद्र गेहूं की खरीद के लिए तैयार हैं। इस बार 158700 टन गेहूं खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी अरविंद कुमार दूबे ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत गेहूं खरीद में 100 कुन्तल तक गेहूं ब्रिक्री के लिए सत्यापन की जरूरत नहीं होगी। वही, सरकार ने बटाईदारों भी गेहूं खरीद का निर्णय लिया है। किसानों को छनाई एवं उतराई के लिए लेबर मद में लिया जाने वाला 20 रुपये प्रति कुंतल शुल्क भी इस बार एमएसपी के अतिरिक्त किसानों के खाते में भेजा जाएगा। गेहूं का समर्थन मूल्य 2,275 रुपये प्रति कुंतल तय किया है जो पिछले वर्ष से की तुलना में150 रुपए अधिक है। किसानों को विश्वास दिलाया कि गेहूं खरीद के 48 घण्टे के भीतर उनके आधार से लिंक बैंक खाते में भुगतान हो जाएगा। गेहूं खरीद के लिए जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी कार्यालय ने जनपद के सभी क्रय केंद्र पर्याप्त मात्रा में गेहूं खरीद के लिए बोरे उपलब्ध करा दिए हैं। 15 लाख जूट के बैग मंगाए गए हैं। वही, 14 लाख प्लास्टिक बैग की खरीद कर सभी क्रय केंद्रों उपलब्ध करा दिया गया है। अगर किसी किसान को किसी प्रकार की गेहूं विक्रय के लिए दिक्कत होता है तो जिला खाद्य विपणन अधिकारी से संपर्क कर समस्या का समाधान करा सकता है।

## सार-संक्षेप

### छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

**शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत के कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय शोहरतगढ़ में बुधवार को प्रधानाध्यापक अमित चौधरी के अगुवाई में विद्यालय के बच्चों व शिक्षकों ने नामांकन और विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली। छात्र–छात्राओं ने ग्रामीणों को उनके बच्चों का दाखिला स्कूल में कराने के लिए प्रेरित किया। साथ ही साथ पर्यावरण को स्वच्छ बनाने और बीमारियों से बचाव के लिए विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत लोगों को बीमारियों से बचाव के उपाय की जानकारी दी गई। वार्ड सभासद मंजू देवी व प्रधानाध्यापक अमित कुमार के साथ शिक्षकों व बड़ी संख्या में बच्चों ने विद्यालय से रैली लेकर बैनर और पोस्टर के साथ नगर के गड़ाकुल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गड़ाकुल तिरंगा तिराहा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, नगर पंचायत कार्यालय, गोलघर आदि का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष मनोज कुमार, शिक्षक महेश त्रिपाठी, अमित चौधरी, उत्तम तिवारी, पप्पू, योगेंद्र प्रसाद, स्वाति वर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुषमा, पुष्पा, रसोईया आतुरा,अनीता, सुभावती आदि लोग शामिल रहे।

### प्रधानों ने ब्लॉक अध्यक्ष के खिलाफ खोला मोर्चा

**शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** विकास खण्ड बढ़नी के ग्राम प्रधानों ने प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष के खिलाफ बैठककर उन्हें उनके पद से हटाने का प्रस्ताव पारित किया गया। जिसके बाद प्रधानों ने जिलाध्यक्ष को पत्र लिखकर मौजूदा प्रधान संघ के ब्लाक अध्यक्ष पर प्रधानों के हित में काम न करने, अपने दायित्वों का निर्वहन न करने व अपना हित सबसे ऊपर रखने का आरोप लगाते हुए उन्हें पद से हटाने की मांग किया। जिसके बाद जिलाध्यक्ष ने ब्लाक अध्यक्ष के पद से इस्तीफा देने की जानकारी दिया। बढ़नी ब्लाक के 70 ग्राम प्रधानों ने प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष डा0 पवन मिश्र को पत्र लिखकर बढ़नी ब्लाक अध्यक्ष सुरेंद्र चौबे के क्रियाकलाप प्रधानों के हित में न रहने का आरोप लगाया है। वह अपने अपने दायित्वों का सही ढंग से निर्वहन न करके प्रधानों के वित्तीय भुगतान में अपने को ऊपर रख कर हमेशा अपने हित में ही काम करते रहे हैं। प्रधानों ने जिलाध्यक्ष से ब्लाक अध्यक्ष को अध्यक्ष पद से कार्यमुक्त करने की मांग किया है। जिसके बाद प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष डा0 पवन मिश्र ने सुरेन्द्र चौबे के द्वारा अपने ब्लाक अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की जानकारी दिया। इस दौरान सुधा सिंह, रुक्मिणी, रेखा, शत्रुघ्न, विक्की सिंह, शिवा तिवारी, रिंकू चौधरी, जाकिर हुसैन, अनूप सिंह, दिलीप पाण्डेय, विजय पाठक आदि मौजूद रहें।



बच्चों को किताबें वितरित करते शिक्षक। अमृत विचार

### बच्चों को वितरित की गईं किताबें

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** बुधवार को सदर ब्लॉक नौगढ़ के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय झंडेनगर में नवीन पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। प्रधानाध्यापक नियाज़ अहमद द्वारा विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, सदस्य गण एवं अभिभावकों की उपस्थिति में कक्षा तीन, चार एवं पांच के बच्चों को हिन्दी, गणित, पर्यावरण एवं अंग्रेज़ी तथा संस्कृत की पुस्तकें वितरित की गयीं। पुस्तक वितरण के बाद आयोजित विद्यालय प्रबंधन समिति की मासिक बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक नियाज़ अहमद ने कहा कि छह वर्ष की आयु पूरी कर चुके सभी बच्चों का नामांकन जल्द से जल्द विद्यालय में करवाकर नियमित पढ़ने भेजें। प्रधानाध्यापक द्वारा लू और गर्मी से बच्चों को बचाकर रखने तथा संचारी रोगों से बचाव के बारे में भी जागरूक किया गया।

## समझौता

### महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर और एनबीआरआई लखनऊ के बीच हुआ समझौता

# कृषि अनुसंधान व विज्ञान में निपुण होंगे छात्र–छात्राएं

गोरखपुर

**अमृत विचार।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) ने अनुसंधान एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एनबीआरआई) लखनऊ के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। इस ज्ञापन पर हस्ताक्षर एमजीयूजी के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी और लखनऊ स्थित राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. अजीत कुमार शासनी ने किया।

एमओयू के तहत सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में कृषि एवं जैव प्रौद्योगिकी आधारित अनुसंधान एवं शैक्षणिक आदान-प्रदान के तहत वर्तमान और भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए युवा शोधकर्ताओं की विशेषज्ञता व कौशल को बढ़ाने के लिए क्षमता विकास और विनिमय कार्यक्रम शामिल हैं। कुलपति डॉ. अतुल वाजपेयी ने संस्थानों के बीच समझौते का स्वागत किया और इसे कृषि अनुसंधान और संबद्ध विज्ञान के विभिन्न विषयों में शैक्षणिक, अनुसंधान, और प्रशिक्षण गतिविधियों के प्रचार और



समझौता पत्र के साथ अधिकारी व शिक्षक। अमृत विचार

साझा उद्देश्यों के प्राप्ति के लिए मील का पत्थर बताया। राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान, लखनऊ की ओर से निदेशक डॉ. अजीत कुमार शासनी ने शोध एवं कौशल विकास कार्यक्रमों, अनुसंधान और विकास पहलों के माध्यम से पूर्वांचल में पुष्पोद्पादन की उत्पादकता बढ़ाने की योजना भी साझा की। समझौता करार का स्वागत करते हुए भारत सरकार के पूर्व औषधि महानियंत्रक एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के सलाहकार डॉ जीएन सिंह ने कहा कि इस करार से पूर्वांचल के विद्यार्थी शोध के क्षेत्र में उन्मुख होंगे व किसानों की कृषि आधारित मूल समस्या का निराकरण होगा। इस अवसर पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर समझौता समन्वयक, कृषि संकाय अधिष्ठाता डॉ. विमल दूबे और राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. श्रीकृष्ण तिवारी, डॉ शरद श्रीवास्वत और डॉ मनीष भोयार आदि उपस्थित रहे।

## चित्रांश बंधुओं की बैठक हुई संपन्न

**गोरखपुर, अमृत विचार।** श्री चित्रगुप्त मंदिर सभा बक्सीपुर में सभा के अध्यक्ष आलोक रंजन वर्मा की अध्यक्षता में चित्रांश बंधुओं की एक आवश्यक बैठक हुई। जिसमें 23 अप्रैल को भगवान श्री चित्रगुप्त जी के प्रकट्योत्सव के अवसर पर विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो चित्रगुप्त मंदिर से निकलकर विजय चौक, गोलघर,टाउनहॉल होते हुए चित्रगुप्त मंदिर पर समाप्त होगी।शोभायात्रा के संयोजक अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि इस शोभायात्रा में गोरखपुर एवं आसपास के जनपदों के हज़ारों कायस्थ बंधु परिवार के साथ भाग लेंगे। बैठक में प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव, गोरखलाल श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव सहित सैकड़ों चित्रांश मौजूद रहे।

# ईद को लेकर सजी दुकानें, खरीदारों से गुलजार हुए बाजार

**उल्लास**

**होली के बाद एक बार फिर व्यापारियों को अच्छे व्यापार की उम्मीद, सेंवई, कपड़ों व जूतों की दुकानों पर दिख रही भीड़**

संवाददाता, बलरामपुर



ईद को लेकर खरीदारी करतीं महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार :** ईद को लेकर बाजारों में रौनक बढ़नी शुरू हो गई है। नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में चारों तरफ सेंवई, खजूर ,कपड़े,बूट हाउस व शर्बत आदि की दुकानों पर लोगों की भीड़ उमड़ रही है।

ईद के मद्देनजर नगर के मुख्य बाजार, चौक, पहलवारा, भगवतीगंज ,उतरौला, तुलसीपुर समेत अन्य ग्रामीण बाजारों मे रमजान को लेकर चहल-पहल बढ़ गई है। बाजारों में कपड़ों के सेल लग रही है। कपड़े की दुकानों व शापिंग माल में ईद आफर की धूम है। महिलाएं चिप्स, पापड़, नमकीन, सेंवई की खरीदारी कर रही हैं। रोजा इफ्तार में रोजेदारों के साथ दोनों समुदाय के लोग शामिल होकर आपसी सौहार्द व भाईचारे का संदेश दे रहे हैं।

### तरह-तरह की सेंवई की मांग

ईद के त्योहार में मिठास घोलने के लिए नगर के सराय फाटक, मजीद मोड़ समेत विभिन्न स्थानों पर सेंवई बनाने में कारीगर जुट गए हैं। दुकानदार रशीद ने बताया कि सिंवई 100 रुपये प्रति किलोग्राम है। इस बार पिछले वर्ष की अपेक्षा 10 रुपये बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा रोजेदारों का गला तर करने के लिए शर्बत व खजूर की भी बिक्री खूब हो रही है।

### टोपी की मांग बढ़ी

नगर स्थित रहमानी कैप सेंटर पर नमाज टोपी खरीदने वालों की भीड़ बढ़ रही है। दुकानदार रहमानी ने बताया कि नमाज पढ़ने के लिए ओमानी, तस्बीह व मुसल्लाह टोपी की अधिक बिक्री हो रही है। शूज सेंटर के मालिक तालिभ ने बताया कि स्पोर्ट्स शूज, महिलाओं के सैंडल, जूतियां व फार्मल जूतों का स्टाक जमा किया गया है। जूते, सैंडल अधिक बिक रहे हैं।

### कपड़ों की खरीदारी को जुट रही भीड़

मुख्य बाजार में पुरानी मस्जिद के पास कपड़े की दुकान लगाने वाले तौहीद रजा ने बताया कि दिल्ली, मुंबई, लुधियाना से नए फैशन के डिजाइनर कपड़े लाए हैं। कपड़ा विक्रेता अकरम ने बताया कि फैंसी कुर्तों की मांग अधिक है। उन्होंने बताया कि पिछले बार बाजार कम था। इस बार पहले होली में अच्छी बिक्री हुई है। अब ईद को लेकर खरीदारी तेज हो गई है। रमजान में अच्छे कारोबार की उम्मीद है।

# दुकानों में काम करते मिले 12 बच्चों को कराया मुक्त

**बलरामपुर, अमृत विचार:** बच्चों से काम लेने वाले दुकान संचालकों को नोटिस जारी किया गया है। नगर व देहात कोतवाली क्षेत्र में अभियान चलाकर प्रतिष्ठानों पर कार्य करने वाले 18 वर्ष से कम आयु के 12 बच्चे मिले। टीम ने बच्चों को मुक्त कराया। एसपी केशव कुमार के निर्देश पर कार्रवाई की गई है।

नोडल अधिकारी सीओ राकेश कुमार सिंह ने बताया कि बालश्रम व भिक्षावृत्ति की रोकथाम, बचपन बचाओ, नशे के विरुद्ध व ऑपरेशन कवच के तहत ईंट-भट्ठा, होटल, ढाबा और वर्कशॉप की चेकिंग की गई। प्रभारी उप नररीक्षक सुभाष विश्वकर्मा, उप निरीक्षक नीलोफर बानो, श्रम विभाग के भूपेंद्र मिश्र, जिला बाल संरक्षण इकाई के सुनील कुमार व शिक्षा विभाग के हिमांशु ने सभी बच्चों को मुक्त करा बाल कल्याण समिति के सुपुर्द किया।

**एक नजर**

### पचपोखरी फीडर की क्षमता होगी दोगुनी

**संतकबीर नगर, अमृत विचार :** पचपोखरी फीडर से जुड़े बिजली उपभोक्ताओं के लिए अच्छी खबर है। इस फीडर की क्षमता पांच एमवीए से बढ़ाकर 10 एमवीए करने की कार्य योजना तैयार कर ली गई है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए अधिशाषी अभियंता इं. पी.के. गुप्ता ने बताया कि आज दिनांक 4 अप्रैल और कल दिनांक 5 अप्रैल को फीडर की क्षमता बढ़ाने का कार्य किया जाएगा। ऐसे में गुरुवार और शुक्रवार सुबह 10 से शाम 5 बजे तक इस फीडर से बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। इस फीडर से इलाकों में इस समयाअवधि में बिजली सप्लाई पूरी तरह से ठप रहेगी। उन्होंने बताया की फीडर की क्षमता दोगुनी हो जाने के बाद लो बोल्टेज और लोकल फॉल्ट की समस्याओं से काफी हद तक निजात मिल जाएगी।

### वाहन की ठोकर से युवक की मौत

**बलरामपुर, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र मे नेशनल हाईवे-730 पर सिटी हासिपटल के निकट वाहन की ठोकर में एक युवक की मौत हो गई। नगर स्थित सियाराम शोरूम के कर्मचारी बबलू खान (28) मंगलवार देर शाम बाइक से अपने गांव बिनोहनी जा रहे थे। नेशनल हाईवे पर किसी वाहन ने बबलू को ठोकर मार दी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। चालक वाहन लेकर फरार हो गया। नगर कोतवाल शैलेश सिंह ने बताया कि अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### 500 लीटर कच्ची शराब बरामद, कारोबारी फरार

**संतकबीर नगर, अमृत विचार :** आबकारी निरीक्षक राजकिशोर पटेल की टीम ने बुधवार को धनघटा थानाक्षेत्र के सरयू नदी की तलहटी स्थित ग्राम भोतहा के मांझा क्षेत्र में कच्ची शराब के उत्पादन पर कड़ा प्रहार किया। टीम ने मौके से 500 लीटर तैयार कच्ची शराब बरामद की और धधक रही 7 भट्ठियों को तोड़कर नष्ट कर दिया। मौके पर शराब बनाने के लिए रखी गई 15 क्विंटल लहन भी नष्ट कराई।

# अनुपस्थित कार्यकर्ती व आशा बहू से सीएमओ ने मांगा स्पष्टीकरण

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कई टीकाकरण सत्रों का किया निरीक्षण

संवाददाता, बलरामपुर



टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण करते मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर ने बुधवार को विकास खंड श्रीदत्तगंज के गालिबपुर , उतरौला के तेंदुआ तकिया तथा गैंडास बुजुर्ग बढ़या भैंसाही,पुरैना बुलंद के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में आयोजित ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण दिवस का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी सत्रों में एएनएम टीकाकरण करते हुए उपस्थित रहीं। तेंदुआ तकिया टीकाकरण सत्र में आगनवाड़ी कार्यकत्री व आशा बहू अनुपस्थित रहने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला को संबंधित से स्पष्टीकरण प्राप्त कर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने सभी उपस्थित एएनएम तथा सीएचओ को निर्देशित किया कि सभी बच्चों व गर्भवती महिलाओं को सभी स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान किया जाए। टीकाकरण से कोई भी लाभार्थी वंचित न रहे। निरीक्षण के समय आईसीडीएस की सुपरवाइजर ज्योति सिंह एएनएम गायत्री वर्मा , कंचन , मीना त्रिपाठी , सुषमा वर्मा आशा नुरूनिशा ,ललिता तिवारी,मालती देवी, सीएचओ ममता ,मेनका यादव, निधि सिंह ,आगनवाड़ी कार्यकत्री सुंदरकली, मीरा देवी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# अस्पतालों पर छापेमारी से हड़कंप

संवाददाता, बलरामपुर



स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई के दौरान बंद पड़ा एक नर्सिंगहोम।

**अमृत विचार:** अखबारों में प्रकाशित खबरों का संज्ञान लेते हुए बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने अवैध रूप से संचालित अस्पतालों व नर्सिंग होम पर नकेल कसने के लिए टीम गठित कर छापा मारा। इस कार्रवाई से अस्पतालों व नर्सिंग होम संचालकों में हड़कंप मच गया।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव ने सानिया पाली क्लीनिक व जच्चा बच्चा केंद्र रानीपुर पेहर बाजार उतरौला के नाम से हॉस्पिटल का संचालन सुहेल खान द्वारा किया जा रहा था ।जिसमे अप्रशिक्षित स्टाफ द्वारा असुरक्षित प्रसव कराया जाता है।मरीजों को भर्ती करके उपचार किया जाता है। जिसे आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आदेशानुसार डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी नोडल अधिकारी हॉस्पिटल रजिस्ट्रेशन एवं डॉक्टर योगेंद्र चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला द्वारा सीज किया गया। हुसैन क्लीनिक उतरौला एवं सारंग पॉली क्लीनिक उतरौला को नोटिस दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी द्वारा भी अवैध रूप से संचालित अस्पतालों का निरीक्षण किया गया। सीएमओ की गाड़ी देखते ही अवैध नर्सिंग होम संचालकों के हाथ पांव फूल गए , अफरा तफरी मच गई, कई अवैध नर्सिंग होम संचालक फरार हो गए। सीएमओ ने गैंडास बुजुर्ग के चिरकुटिया पीर बाजार के मां सेवा हॉस्पिटल के संचालक भाग गया ।मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर ने उतरौला बाजार में संचालित सावित्री हॉस्पिटल पर छापा मारा तो वहां का संचालक भी भाग गया ।मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि जनपद में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम , अस्पतालों व पैथोलॉजी पर अभियान चला कर नियमित रूप से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम संचालकों से अपील किया है कि जिनके भी अस्पताल का पंजीकरण न हुआ हो वे मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में अपने अस्पताल का पंजीकरण नियमानुसार करवाना सुनिश्चित कर लें अन्यथा उन सब के विरुद्ध विधिक कार्रवाउ करते हुए भारतीय दण्ड संहिता की सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करवा दिया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने यह भी कहा कि जिन भी नर्सिंग होम अस्पतालों तथा पैथोलॉजी सेंटरों में अप्रशिक्षित और अयोग्य कर्मियों से कार्य लिया जा रहा है, इसे बंद कर दें।

# साढ़े तीन किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता, संतकबीर नगर



**अमृत विचार :** बेलहरकला पुलिस ने मंगलवार की देर शाम ग्राम भेड़ौरा पिकौरा के पास से साढ़े तीन किलो अवैध गांजे के साथ एक अभियुक्त को किया है।

अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और क्रय-विक्रय की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी मेंहदावल राघवेंद्र सिंह राठौर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना बेलहरकला सरोज शर्मा और एसओजी प्रभारी सर्वेश राय के नेतृत्व में गठित टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान ग्राम भेड़ौरा पिकौरा के पास से अवनेंद्र सिंह उर्फ अन्नू निवासी ग्राम बेलवा सेंगर थाना बेलहरकला को साढ़े तीन किलो गांजे के साथ गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक सरोज शर्मा ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेज दिया गया है।

# टीएसआई ने चलाया चेकिंग अभियान

संवाददाता, संतकबीर नगर



मेंहदावल बाईपास पर वाहनों की जांच करते टीएसआई परमहंस। अमृत विचार

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनावों और यातायात जागरूकता अभियान के तहत टीएसआई परमहंस ने अपनी टीम के साथ जनपद मुख्यालय में व्यापक रूप से वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बुलेट में लगे मोडीफाई साइलेंसरों, चार पहिया वाहनों में लगे हूटर और काली फिल्म की चेकिंग की गई। जिन वाहनों के शीशों पर काली फिल्म या हूटर पाया गया, उनसे निकाले गए। प्रेशर हॉर्न भी निकाल दिए गए। साथ ही चेतावनी दी गई कि भविष्य में हाईकोर्ट द्वारा जारी मानकों का ध्यान रखें। साथ ही शराब पीकर वाहन चलाते मिले लोगों को कड़ी नसीहत दी गई।

आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए यातायात प्रभारी परमहंस ने लोगों को बिना हेलमेट दोपहिया वाहन और बिना सीटबेल्ट लगाए चार पहिया वाहन न चलाने, शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने, दोपहिया वाहन पर ट्रिपल सवारी नहीं बैठाने और किसी भी दशा में वाहन को ओवरस्पीड से नहीं चलाने को लेकर जागरूक किया। टीएसआई ने अपील करते हुए कहा कि जब आप घर से निकलते तो आपके परिजन बेसब्री से आपके वापस लौटने की प्रतीक्षा करते हैं। आपका दायित्व बनता है कि सड़कों पर सुरक्षित यात्रा करें।

**सार-संक्षेप**

### शिक्षकों के विभिन्न पदों के लिए हुआ साक्षात्कार



एमएलके पीजी कॉलेज में पैनल के समक्ष साक्षात्कार देता अभ्यर्थी।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** एमएलके पीजी कॉलेज मे बुधवार को प्राचार्य प्रोफेसर जे पी पांडेय के निर्देशन में बीएड विभाग तथा करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल, एमएलके (पीजी) कॉलेज, बलरामपुर के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षक के विभिन्न पदों के लिए प्लेसमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के साक्षात्कार पैनल में सुयश कुमार, श्रीमती सुजाता आनंद, राजेश जायसवाल व आफाक हुसैन ने बीएड के छात्राध्यापक व छात्राध्यापिकाओं का साक्षात्कार लिया। करियर काउंसलिंग व प्लेसमेंट सेल के कोऑर्डिनेटर डॉ. बसंत कुमार गुता और डॉ. राम रहीस ने कार्यक्रम को आयोजित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर राघवेंद्र सिंह, प्रोफेसर एसपी मिश्रा, पूर्व संकायाध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार सिंह, सीमा सिन्हा, अविनाश मिश्रा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। 21 प्रतिभागियों ने साक्षात्कार दिया। चयनित प्रतिभागियों को सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर सुयश कुमार ने गुरुवार को डेमो क्लास के लिए अपने विद्यालय में आमंत्रित किया है। प्लेसमेंट सेल के सदस्य डॉ. राम रहीस ने बताया कि डेमो क्लास के बाद चयनित प्रतिभागियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान दिए जाएंगे। पद व योग्यतानुसार 15000 से 35000 तक वेतन मिलेगा।

### पुलिस ने बैंकों में वित्तीय संस्थानों की चेकिंग की



बैंकों और वित्तीय संस्थानों की सघन चेकिंग करते पुलिसकर्मी।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बलरामपुर के सभी थानों की पुलिस ने जिले में बैंकों वित्तीय संस्थानों ,डाकघरों और जनसेवा केंद्रों पर बुधवार को सघन चेकिंग अभियान चलाया। बैंकों और वित्तीय संस्थानों के आसपास संदिग्ध लोगों को देखते ही पुलिस को सूचना देने की अपील की गई। एस पी केशव कुमार ने बताया कि आजकल वित्तीय साइबर अपराध ज्यादा हो रहे हैं ।इसे रोकने के लिए हमारी पुलिस लोगों को जागरुक भी कर रही है।

### एसपी ने आंकिक शाखा का किया वार्षिक निरीक्षण



आंकिक शाखा का वार्षिक निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

**संतकबीर नगर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित आंकिक शाखा का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न फाइलों का निरीक्षण करते हुए मातहतों को आवश्यक निर्देश दिया। फाइलों और अभिलेखों के रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने का निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि फाइलें इस तरह से रखी जायं कि जिससे आवश्यकता पड़ने पर उन्हें तत्काल उपलब्ध कराया जा सके। इसके अलावा कार्यालय में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाय। फ़ाइलों और कुर्सियों पर धूल जमे रहना अच्छी बात नहीं है। इस दौरान आंकिक शाखा प्रभारी और सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

# जंगल में लगी आग, जले पेड़-पौधे

संवाददाता, बलरामपुर



श्रीदत्तगंज के जंगल में लगी आग बुझाने का प्रयास करते फायरकर्मी।

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र श्रीदत्तगंज के अंतर्गत ग्राम त्रिलोकपुर के मजरे गोदहना गांव के पास जंगल में बुधवार शाम अचानक आग लग गई। धुआं उठता देख गांव वाले मौके पर पहुंच गए। देखते ही देखते आग का दायरा फैलता गया। पेड़ से गिरे पत्तों से आग की लपटें तेज हो गई। कुछ पेड़ जलकर राख हो गए और कुछ सुलग रहे थें। ग्रामीणों ने अपने स्तर से आग बुझाने का निरंतर प्रयास किया, ताकि आग तैयार गेहूं की फसलों तक न पहुंचे।

मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान दिनेश वर्मा ने बढ़ते आग को देखते हुए तुरंत थाना श्रीदत्तगंज, डायल 112 व फायर बिग्रेड को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने ग्रामीणों की सहायता से आग बुझाने में जुट गई। काफी हद तक आग पर काबू पा लिया गया। मिनी फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। फायर बिग्रेड की बड़ी गाड़ी भी गांव के किनारे आकर खड़ी हो गई। जल निगम द्वारा डाले जा रहे पाइप के लिए खोदी गयी सड़क के वजह से वाहन मौके तक नहीं पहुंच सका।

> जंगल में आग लगी थी। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। फायर बिग्रेड व ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पा लिया गया है। किसी प्रकार के नुकसान की जानकारी नहीं है। कारणों का पता लगाया जा रहा है।
> **-अनिल दीक्षित**, थाना प्रभारी, श्रीदत्तगंज

### प्राइवेट प्रैक्टिस करते मिले स्थानांतरित चिकित्सक

**मेंहदावल, संतकबीर नगर, अमृत विचार :** बुधवार दोपहर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामानुज कनौजिया ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदावल का औचक निरीक्षण किया। एक चिकित्सक स्थानांतरण होने के बावजूद सरकारी आवास में प्राइवेट प्रैक्टिस करते मिला। सीएमओ ने सीएचसी अधीक्षक को कड़ी फटकार लगाते हुए चिकित्सक के विरुद्ध कार्रवाई कराने की बात कही। सीएचसी अधीक्षक आरडी गौरव ने टीम के साथ दोपहर 3 :05 बजे स्थानांतरित चिकित्सक के आवास पर ताला लगा दिया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. लोकेश त्रिपाठी के निजी हॉस्पिटल दिव्य देव हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी हॉस्पिटल पहुंचे। अस्पताल में ताला लगा था। एसडीएम अरुण कुमार के नेतृत्व में ताला तुड़वाकर टीम अंदर गई। वहां सरकारी अस्पताल के उपकरण बरामद हुए। उसके बाद उपजिलाधिकारी ने हॉस्पिटल को सील कर दिया।

# तहसीलदार की फटकार के बाद बिगड़ी लेखपाल की तबियत

**आक्रोश**

**राजस्वकर्मियों ने किया प्रदर्शन स्थानांतरण की उठाई मांग**

**संतकबीर नगर, अमृत विचार:** जिले के राजस्व निरीक्षकों ने सदर तहसीलदार के खिलाफ लामबंद होते हुए उत्तर प्रदेश राजस्व निरीक्षक संघ के बैनर तले विरोधः प्रदर्शन किया। राजस्व निरीक्षकों का आरोप है कि मंगलवार की शाम 6 बजे सदर तहसीलदार सभी राजस्व निरीक्षकों और लेखपालों के साथ सदर तहसील सभागार में मीटिंग ले रहे थे। तभी सदर तहसीलदार ने राजस्व निरीक्षक श्रीप्रकाश को किसी बात को लेकर अभद्र टिप्पणी करते हुए उन्हें गाली देने लगे। सदर तहसीलदार के इस कृत्य से राजस्व निरीक्षक श्रीप्रकाश इतना आहत हुए कि उनकी तबियत खराब हो गई। उन्हें खलीलाबाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्हें लखनऊ रेफर किया गया है।

नाराज राजस्व निरीक्षकों ने तहसीलदार कक्ष के सामने जमीन पर बैठकर प्रदर्शन करते हुए तहसीलदार के स्थानांतरण की मांग उठाई। सूचना पर पहुंचे सदर एसडीएम शैलेश कुमार दुबे ने राजस्व निरीक्षकों मामले की जांच का आश्वासन दिया और धरने को खत्म करने की अपील कर धरना-प्रदर्शन समाप्त कराया।

**परेशानी** — दिन में कई बार रेलवे फाटक बंद होने से लगता है भारी जाम, लोगों ने उठाई रेलवे ओवरब्रिज बनवाने की मांग

# आवागमन में बड़ी बाधा बनी झारखंडी रेलवे क्रॉसिंग

संवाददाता, बलरामपुर



झारखंडी रेलवे क्रॉसिंग बंद होने से लगे जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

**अमृत विचार :** सड़क पर लगातार बढ़ रहे वाहनों के दबाव के बीच नगर के एनएच-730 स्थित झारखंडी रेलवे क्रॉसिंग आवागमन में बड़ी बाधा बनती जा रही है। कई बार क्रॉसिंग बंद होने के कारण दोनों तरफ वाहनों का भारी जाम लग जाता है। इस कारण यात्रियों के साथ-साथ नगरवासियों को भी भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है।

बताते चलें कि बलरामपुर नगर से गुजर रहे एनएच-730 जो बहराइच से बलरामपुर होते हुए सिद्धार्थनगर लुंबिनी तक जाता है, इस पर प्रतिदिन करीब 20000 छोटे बड़े बहनों का आवागमन होता है। गोंडा-गोरखपुर रेलवे लाइन बलरामपुर से होकर गुजरती है यह रेलवे लाइन एनएच-730 को नगर में झारखंडी के पास क्रॉस करती है। प्रतिदिन इस रेलवे लाइन पर करीब 40 यात्री और मालगाड़ी अप एंड डाउन करती हैं। ट्रेन आने के समय क्रॉसिंग का गेट बंद हो जाता है। गेट बंद होते ही दोनों तरफ वाहनों का भारी जाम लग जाता है। इस कारण नगरवासियों को आवागमन में भारी सुविधा होती है। दोपहर के समय गेट बंद होने पर कई स्कूलों के बच्चे भी जाम में फंस जाते हैं नगरवासी लवकुश पांडे, कल्लू कश्यप, राजन ,सुनील ,अखिलेश, मतीन अहमद ,मोबीन खान और रिंकू शुक्ला आदि ने शासन प्रशासन से झारखंडी रेलवे क्रॉसिंग पर रेलवे ओवरब्रिज बनाए जाने की मांग की है जिससे आए दिन के जाम से निजात मिल सके।

> झारखंडी रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। मंजूरी मिलते ही ओवरब्रिज निर्माण का काम शुरू हो जाएगा। **-अरविंद कुमार सिंह**, जिलाधिकारी

### ग्रामीणों ने चोर को दबोचा, साथी फरार

**श्रावस्ती, अमृत विचार :** भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सुकईया में लोगों ने एक चोर को दबोच लिया। गांव के जहीर के घर में खाले ककरा निवासी दो व्यक्ति रात में घुस गए। खटपट की आवाज होने पर जहीर ने शोर मचाया तो गांव के अन्य लोग भी इकट्ठा हो गए। लेकिन तब तक एक आरोपी फरार होने में कामयाब हो गया। किन्तु ग्रामीणों ने एक व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना परिचय खाले ककरा निवासी मालिकराम के रूप में दिया। लोगों ने जब इसकी जानकारी परिजनों को दी तो खाले ककरा के ग्राम प्रधान व उसके पिता पहुंचे और बताया कि यह मंद बुद्धि है, उसका इलाज बहराइच में चल रहा है। इस पर ग्रामीणों ने उसे छोड़ दिया।



# अमेठी की चुनावी रणभूमि में राजीव से भिड़ी थीं मेनका

**1984** के लोकसभा चुनाव में गांधी परिवार की आपसी लड़ाई आई थी सामने | **4,36,263** कुल वोट पड़े थे उस चुनाव में | **3,65,041** वोट राजीव व मेनका को मिले थे 50163 वोट

नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर रायबरेली

**अमृत विचारः** 1984 में अमेठी लोकसभा का चुनाव ऐसा था, जिसमें गांधी परिवार का आपसी टकराव देश के सामने आया था। काफी चर्चित रहे 1984 के चुनाव में गांधी परिवार के दो सदस्य राजीव गांधी और मेनका गांधी ही एक दूसरे के खिलाफ अमेठी से चुनावी मैदान में उतर गए थे। हालांकि राजीव के सामने मेनका की जमानत जब्त हो गई थी।

31 अक्टूबर 1984 को इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राजीव गांधी प्रधानमंत्री बन चुके थे। राजीव गांधी उस समय अमेठी से सांसद थे। 26 दिसंबर 1984 को आम चुनावों की तिथि निर्धारित हो गई थी। राजीव गांधी फिर से अमेठी से चुनावी मैदान में थे। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद गांधी परिवार में चल रही अंदर खाने की लड़ाई बाहर आ गई । मेनका गांधी ने उस समय प्रधानमंत्री रहे राजीव गांधी के खिलाफ अमेठी से 'संजय विचार मंच' से चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया। गांधी परिवार के ही दो सदस्य एक दूसरे के सामने थे। एक तरफ प्रधानमंत्री राजीव गांधी थे तो दूसरी तरफ निर्दलीय मेनका गांधी। लोगों की जनभावनाएं दोनो तरफ थी।

पुराने लोगों का कहना है कि अमेठी की जनता बड़ी दुविधा में थी कि एक तरफ इंदिरा गांधी की हत्या के बाद जनता की सहानभूति राजीव

**अतीत के झरोखे से**

गांधी के साथ थी वहीं दूसरी ओर नन्हें वरुण गांधी को गोद में लिए अमेठी के सांसद रहे संजय गांधी की विधवा पत्नी मेनका गांधी के प्रति आत्मीय लगाव। मेनका गांधी की सभाओं में भीड़ तो उमड़ती थी लेकिन ये भीड़ वोट में तब्दील नहीं हो सकी। इंदिरा गांधी की हत्या से उमड़ी सहानभूति की लहर में अमेठी की जनता ने राजीव गांधी को चुना। मेनका गांधी की जमानत नहीं बच पाई।


राजीव गांधी।


बेटे वरुण के साथ मेनका गांधी।

### 31 प्रत्याशी थे चुनावी मैदान में

1984 के चुनाव में कांग्रेस से राजीव गांधी व दूरदर्शी पार्टी से कुंवर ब्रजेश सिंह चुनावी मैदान में थे। जबकि मेनका गांधी सहित 29 उम्मीदवार निर्दलीय ही चुनावी रणभूमि में उतरे थे। हालांकि मुख्य मुकाबला राजीव व मेनका के बीच ही माना जा रहा था।

# चौका लगाएंगे पाल या मात देगी गठबंधन की चाल

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचारः** 2024 के चुनावी पिच पर डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में भाजपा का बल्ला चला तो जगदंबिका पाल का चौका लगना तय है। इस लोकसभा के चुनावी पिच पर अभी तक बसपा और इंडिया गठबंधन कोई खिलाड़ी 2024 के चुनावी मैदान में नहीं उतारा है। इंडिया गठबंधन और बसपा ऐसे चेहरे की तलाश कर ही रही है। जो जगदंबिका पाल जैसे राजनीति के माहिर खिलाड़ी को मात दे सके।

भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र में पहली बार उन्होंने 2004 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े थे परंतु उन्हे हार का मुंह देखना पड़ा था। किंतु वह जनता के बीच लगे रहे और 2009 के चुनाव में 20 साल बाद डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र में जगदंबिका पाल ने कांग्रेस से जीत दर्ज कराई। इसके बाद 2014 में जगदंबिका पाल ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थामा भाजपा ने उन पर अपना विश्वास जताते हुए 2019 में प्रत्याशी बनाया। 2019 में सपा-बसपा का गठबंधन था 2019 का चुनाव काफी रोचक रहा। बसपा प्रत्याशी आफताब आलम ने उस समय गजब का बैटिंग करते हुए मुकाबला किया किंतु उस चुनाव में जगदंबिका पाल ने 105000 मतों से सपा बसपा गठबंधन प्रत्याशी आफताब आलम को हरा दिया । भाजपा ने पुन जगदंबिका पाल पर अपना विश्वास जताते हुए तीसरी बार 2024 के चुनावी पिच पर प्रत्याशी के रूप में उतार दिया है। किंतु अभी तक इंडिया गठबंधन और बसपा प्रत्याशी का दूर-दूर तक कहीं भी नामोनिशान नहीं दिखाई पड़ रहा है। मतदाता की निगाहें इस आस से दोनों प्रत्याशियों के आने की बाट जोह रहे हैं। कि शायद कोई पाल को आउट कर सके।

सपा प्रत्याशी के रूप में ब्राह्मण चेहरा विनय शंकर त्रिपाठी की चर्चा लगातार चल रही है डुमरियागंज संसदीय सीट से पिच पर बैटिंग करने उतरते हैं तो यहां का चुनाव काफी रोचक हो जाएगा। यहां के चुनाव में ब्राह्मण और मुस्लिम मतदाता की अहम भूमिका जीत के लिए रहती है, और अगर विनय शंकर त्रिपाठी चुनावी समर में उतरते हैं तो लोकसभा डुमरियागंज का चुनाव काफी रोचक हो सकता है।


जगदंबिका पाल

● **विनय शंकर त्रिपाठी हो सकते हैं इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार**

# पहले जितनी थी गोंडा-बलरामपुर की आबादी, अब उतने एक क्षेत्र में मतदाता

## पांच गुना बढ़े मतदाताओं तक पहुंचना हुआ दुष्कर, प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया सहित अन्य प्लेटफार्म का सहारा

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचारः** 1951 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में प्रचार के जो साधन थे अब वे बदल गए। हर घर तक पहुंचने की उम्मीदवारों की ललक भी कम हो गई। संसाधन बदल गए, मानक बदल गए और चुनाव कराने वाली एजेंसी के नियम भी बदल गए। मतदान का तरीका बदल गया। 1951 में मतदाताओं में जो उल्लास था और विश्वसनीयता थी वह भी बदल गई। एक जीप के आने पर गांव के युवा व लड़के पर्चा लूटने तथा बिल्ला मांगने के लिए जुटते थे वह तरीका भी बदल गया। इसका कारण विकास की ओर बढ़ते भारत तथा सुरसा की तरह मुहं फैलाए जनसंख्या है।

1551-52 में जब देश का पहला चुनाव हुआ था तो गोंडा-बलरामपुर की कुल आबादी 18 लाख के करीब थी। और अब दोनों को मिलाकर कुल आबादी 70 लाख से अधिक हो गई है। गोंडा और बलरामपुर लोकसभा के उम्मीदवार का चयन तब करीब 10-12 लाख मतदाता करते थे और 36 लाख से अधिक मतदाता करेंगे।

बात करते हैं 1951 में गोंडा की। गोंडा जिले की कुल आबादी 1877671 थी। इसमें तीन तहसीलें व आठ नगर निकाय शामिल थे। उस वक्त बलरामपुर भी गोंडा जिले का भाग था। तीन तहसीलों में गोंडा तहसील की कुल आबादी 455738, तरबगंज तहसील की आबादी 428824 तथा उतरौला तहसील क्षेत्र की आबादी 901242 थी। इसके अलावा गोंडा नगर पालिका में 32749, कटरा बाजार में 2261, खरगूपुर में 3420, करनैलगंज में 8386, नवाबगंज में 5825, बलरामपुर में 23130, तुलसीपुर में 7338 तथा उतरौला नगर में 8738 लोग निवास करते थे।

1951 में भी गोंडा में दो लोकसभा क्षेत्र था। एक गोंडा तथा दूसरा बलरामपुर। दोनों लोकसभा क्षेत्र की कुल आबादी 18 लाख के करीब थी और 74 साल बाद भी दो ही लोकसभा है जिसकी कुल आबादी 70 लाख से अधिक है। एक लोकसभा क्षेत्र में उस दरम्यान 5 से 7 लाख मतदाता अपना रहनुमा चुनते थे अब 18 लाख से अधिक मतदाता अपने सांसद का चुनाव करते हैं। आबादी के लिहाज से यदि लोकसभा क्षेत्र का पुनर्गठन होता है तो गोंडा और बलरामपुर में तीन लोकसभा क्षेत्र बन सकते हैं।

### गोंडा लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाता

| विधानसभा | कुल मतदाता | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर |
|---|---|---|---|---|
| गोंडा | 352430 | 187839 | 164561 | 30 |
| मेहनौन | 372559 | 200352 | 172196 | 11 |
| मनकापुर | 333968 | 178042 | 155926 | 00 |
| उतरौला | 426913 | 231116 | 195767 | 30 |
| गौरा | 327327 | 176726 | 150593 | 08 |
| कुल | 1813197 | 974075 | 839043 | 79 |
| गोंडा जिले में बढ़े मतदाता – 74 हजार | | विलोपित– | 48 हजार | |

### बलरामपुर-श्रावस्ती

| विधानसभा क्षेत्र | कुल मतदाता | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर |
|---|---|---|---|---|
| बलरामपुर सदर | 418992 | 227634 | 193383 | 10 |
| तुलसीपुर | 377515 | 203213 | 174283 | 19 |
| गैसड़ी | 360708 | 192889 | 167794 | 25 |
| श्रावस्ती | 421161 | 222338 | 198809 | 14 |
| भिनगा | 393415 | 210270 | 183143 | 2 |
| कुल– | 1971791 | 1056344 | 917412 | 70 |

### परिसीमन में कुछ विधानसभा क्षेत्र जुड़े कुछ कटे

● 2009 में हुए लोकसभा के परिसीमन में कई लोकसभा क्षेत्रों में बदलाव हो गया। कैसरगंज लोकसभा में बाराबंकी के जो क्षेत्र शामिल थे वे 2009 में हट गए और गोंडा जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र तरबगंज, कटरा बाजार व करनैलगंज को शामिल किया गया। इसी तरह गोंडा लोकसभा में शामिल कटरा बाजार, करनैलगंज को हटा दिया गया और नए नाम से बनी गौरा विधानसभा, उतरौला विधानसभा क्षेत्र के साथ गोंडा, मेहनौन व मनकापुर को शामिल किया गया। बस्ती में जिले की डिक्सर विधानसभा क्षेत्र को हटा कर तरबगंज किया गया और इसे करनैलगंज में शामिल किया गया। ऐसे ही बलरामपुर लोकसभा क्षेत्र का नाम श्रावस्ती कर दिया गया और श्रावस्ती के दो विधानसभा क्षेत्रों के साथ बलरामपुर की तीन विधानसभा क्षेत्रों को जोड़ दिया गया।

### घर-घर तो दूर अब गांव तक नहीं पहुंच पा रहे उम्मीदवार

● पहले के आम चुनावों में उम्मीदवार दिन रात चलकर हर मतदाता तक पहुंचने का प्रयास करते थे। 1951 में सड़कें भी नहीं थीं। चकरोड़, लीक के रास्ते धूल उड़ाते जब नेता जी गांव की ओर बढ़ते थे तो गांव के लोग स्वयं एकत्र होकर उनकी बात सुनते थे। लेकिन अब गांव तक पक्की सड़क होने के बावजूद उम्मीदवार गांवों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इसलिए नुक्कड़ नाटक, जनसभा तथा सोशल मीडिया या अन्य साधनों से उम्मीवार आम मतदाता तक अपनी बात पहुंचा रहे हैं।

भारत निर्वाचन आयोग ELECTION COMMISSION OF INDIA



### हर बार बदला उम्मीदवार, दल बदलकर ही दोबारा संसद पहुंचे सांसद

# किसी भी दल ने दोबारा नहीं बनाया अपने सांसद को प्रत्याशी




राजू जायसवाल, बहराइच

**अमृत विचारः** बहराइच सीट से वर्ष 1952 से वर्ष 2019 तक हुए लोकसभा चुनाव में किसी एक प्रत्याशी को निरंतर दो बार टिकट नहीं मिला है। इसे संयोग ही कहा जायेगा। हालांकि भाजपा के पदम सेन चौधरी और तत्कालीन कांग्रेस नेता आरिफ मोहम्मद खान ने कुछ वर्षों के अंतराल में दो बार जीत दर्ज कर संसद का रुख जरूर किया है।

बहराइच लोकसभा का गठन वर्ष 1952 में हुआ था। गठन के बाद इस बार वर्ष 2024 में 18वा प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। हालांकि इस सीट पर संयोग कहें या किसी पार्टी के पास सक्षम प्रत्याशी न होना कहा जाए तो गलत नहीं होगा। वर्ष 1952 से वर्ष 2024 लोकसभा चुनाव की बात करें तो बहराइच सीट से लगातार किसी एक प्रत्याशी को किसी भी पार्टी ने टिकट नहीं दिया है। तत्कालीन कांग्रेस नेता आरिफ मोहम्मद खान ने वर्ष 1984 और वर्ष 1989 का चुनाव जनता दल के टिकट से लड़ा और चुनाव भी जीता था। लेकिन पार्टी अलग होने के चलते वह रिकार्ड नहीं बना सके। इसके बाद केरल के राज्यपाल

▸▸ **आरिफ ने ही लगातार दो बार दल बदलकर जीती सीट**

**बहराइच में शामिल हैं यह विधानसभा क्षेत्र**

बहराइच सीट में पांच विधान सभा क्षेत्र के मतदाता मतदान करते हैं। इनमें बहराइच, बलहा, मटेरा, नानपारा और महसी विधान सभा के मतदाता मतदान कर सांसद का चुनाव करेंगे।

आरिफ मोहम्मद खान ने वर्ष 1998 के चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ते हुए जीत का परचम फहराया था। इसी तरह भाजपा पार्टी से वर्तमान विधान परिषद सदस्य पदम सेन चौधरी ने वर्ष 1996 और 1999 के चुनाव में जीत दर्ज की थी। इस पर पुनः भाजपा ने वर्तमान सांसद अक्षयवर लाल का टिकट काटते हुए उनके पुत्र डॉक्टर आनंद गोंड को प्रत्याशी बनाया है। ऐसे में साफ है कि बहराइच सीट से किसी एक पार्टी का प्रत्याशी निरंतर चुनाव नहीं लड़ पाया है।

### मतदाताओं की संख्या एक नजर में (बहराइच)

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 2602762 है। |
| पुरुष मतदाता | 1373392 |
| महिला मतदाता | 1229288 |

### अब तक हुए चुनाव जीते प्रत्याशी

| | | |
|---|---|---|
| रफी अहमद किदवाई | कांग्रेस | 1952 |
| सरदार जोगेन्द्र सिंह | कांग्रेस | 1957 |
| राजा राम सिंह | स्वतन्त्र पार्टी | 1962 |
| के के नायर | जनसंघ | 1967 |
| पण्डित बदलू राम | कांग्रेस | 1971 |
| ओम प्रकाश त्यागी | जनतापार्टी | 1977 |
| मुजफ्फर हुसैन | कांग्रेस | 1980 |
| आरिफ मो0 खां | कांग्रेस | 1984 |
| आरिफ मो0 खां | जनता दल | 1989 |
| रुद्र सेन चौधरी | भाजपा | 1991 |
| पद्मसेन चौधरी | भाजपा | 1996 |
| आरिफ मो0 खान | बसपा | 1998 |
| पदमसेन चौधरी | भाजपा | 1999 |
| रुबाब सईदा | सपा | 2004 |
| कमल किशोर | कांग्रेस (अजा) | 2009 |
| सावित्रीबाई | भाजपा | 2014 |
| अक्षयवर लाल | भाजपा | 2019 |

# भाजपा का अभेद्य दुर्ग रहा है लखनऊ का पश्चिम विधानसभा क्षेत्र

**पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में वर्ग विशेष के मतदाता अधिक, फिर भी नहीं लग पा रही सेंध** | **भाजपा प्रत्याशी को दोनों पार्टी के प्रत्याशियों से अधिक वोट मिला**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचारः** चुनावी महासमर का आगाज हो चुका है और सभी पार्टियों ने अपनी राजनीतिक बिसात बिछा दी है। एक-दूसरे को पटखनी देने के लिए तैयारी की जा रही है, मगर इंडिया गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी के सामने चुनौती होगी पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वोट बैंक में सेंध लगाने की। क्योंकि आंकड़े बताते हैं कि 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में वर्ग विशेष वाली पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को चारो खाने चित कर दिया था।

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले अलग ही माहौल बन चुका था। यूपीए के दस वर्षों के शासन को देख चुके मतदाता बदलाव के मूड में थे। साथ ही मोदी लहर भी अपने चरम पर थी। भाजपा नेतृत्व ने प्रधानमंत्री पद के लिए मोदी को चेहरा घोषित कर दिया था। मोदी के चेहरे के साथ ही भाजपा सत्ता के महासंग्राम में कूदी थी। लखनऊ संसदीय सीट से राजनाथ सिंह को उम्मीदवार बनाया गया था। लखनऊ संसदीय सीट के तहत पांच विधानसभाएं आती हैं। इसमें कैंट विधानसभा को भाजपा का गढ़ माना जाता है। जबकि पश्चिम विधानसभा सीट पर एक वर्ग विशेष के मतदाता निर्णायक की भूमिका में होते हैं। भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह को पश्चिम विधानसभा से 1,01,373, कांग्रेस प्रत्याशी रीता बहुगुणा जोशी को 65,949 और सपा प्रत्याशी अभिषेक मिश्रा को 11,249 मत मिले। वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में राजनाथ सिंह को पश्चिम विधानसभा से 1,15,491, सपा प्रत्याशी पूनम सिन्हा को 61,005 और कांग्रेस प्रत्याशी आचार्य प्रमोद कृष्णम को 47,791 वोट मिले थे। दोनों दलों में कोई भी पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के दुर्ग को नहीं भेद सका।

इस बार इंडिया गठबंधन के तहत समाजवादी पार्टी ने रविदास मल्होत्रा को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस मल्होत्रा के पक्ष में जोर-शोर से प्रचार करेगी। चार जून को ही पता चल सकेगा कि सपा-कांग्रेस क्या एकसाथ आने के बाद भाजपा के अभेद दुर्ग पश्चिम विधानसभा में परचम लहरा पाते हैं या नहीं।

**रणनीति** | अंबेडकर नगर सीट पर त्रिकोणीय संघर्ष के बन रहे आसार, नामांकन से पहले ही बढ़ी सरगर्मी

# बसपा नेताओं के भरोसे भाजपा और सपा की नैया

## मिशन 80 को भेदने के लिए सपा ने बैठाई गणित, बसपा छोड़कर आये नेताओं पर ही सपा व भाजपा का दांव

पदमाकर पाण्डेय,लखनऊ



**अमृत विचारः** भाजपा के लिए मिशन 80 को साधने के तहत उप्र. की अंबेडकर नगर सीट पर भी विजय हासिल करना चुनौती होगी। यहां पुराने और मौजूदा बसपा नेताओं के बीच ही आपस में टक्कर है। हालांकि मुख्य मुकाबला भाजपा और सपा के बीच माना जा रहा है। दरअसल, पिछली बार चुनाव में जीते सांसद रितेश पाण्डेय बसपा छोड़ने के बाद अब भाजपा के टिकट पर यहां से किस्मत अजमा रहे हैं। सपा ने साढ़े तीन दशक से राजनीति में जमे पूर्व बसपा नेता लालजी वर्मा को मैदान में उतारा है। वहीं, बसपा ने कलाम शाह को प्रत्याशी बनाया है। इसके बाद भी भाजपा की राह आसान नहीं मानी जा रही क्योंकि यह सीट मुस्लिम-दलित बाहुल्य है।

ऐसे में अंबेडकर नगर सीट को भाजपा की ओर से ब्राम्हण प्रत्याशी देना, किसी प्रयोग से कम नहीं। वैसे भी क्षेत्र का राजनीतिक इतिहास बताता है कि यह सीट भाजपा के लिए सहज कभी नहीं रही है। 2014 में यहां पर भाजपा ने मोदी लहर में जीत दर्ज थी, मगर 2019 में स्थितियां फिर से विपरीत हो गई, जब सपा-बसपा गठबंधन में बसपा के प्रत्याशी रितेश पाण्डेय ने भाजपा के मुकुट बिहारी को करीब 96 हजार से अधिक वोटों से पराजित किया था।

रितेश पांडेय की इस जीत में पिता व पूर्व सांसद राकेश पाण्डेय के दबदबे को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वो भी बसपा से सांसद रह चुके हैं और वर्तमान में सपा से विधायक हैं। गंभीर सवाल तो यह है कि क्या इस चुनाव में वह अपने पुत्र का समर्थन करेंगे या फिर अपनी पार्टी के उम्मीदवार लाल जी वर्मा का?




दूसरी तरफ लाल जी वर्मा के राजनीतिक व्यक्तित्व की बात की जाये तो, बसपा के लालजी वर्मा व राम अचल राजभर, जमीनी स्तर के नेताओं का जिले में खासा प्रभाव है। इन्होंने दशकों से अपनी राजनीति के बल पर जिले में बसपा को रोपा है। इन्हीं की वजह से लोकसभा सीट व विधानसभा की पांचो सीटें ज्यादातर समय बसपा के कब्जे में रही है, या फिर सपा के पाले में गई है।

मौजूदा समय में ये दोनो ही नेता, सपा का दामन थाम चुके हैं। इनके सपा में जाने के बाद ही 2022 में अंबेडकर नगर अंतर्गत पांचों विधानसभा सीटो पर सपा ने परचम लहराया था। अंबेडकर नगर के पूर्व जिला अध्यक्ष मिथलेश त्रिपाठी का दावा है कि भाजपा प्रत्याशी रितेश पाण्डेय ही नहीं, उनके पूरे परिवार का क्षेत्र में खासा जनाधार है। वह सपा के मंच से दूर हैं और भाजपा प्रत्याशी का समर्थन कर रहे हैं।

अंबेडकरनगर के जलालपुर विधानसभा सीट से सपा विधायक राकेश पाण्डेय बीते दिनों राज्यसभा के चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों का समर्थन करने वाले सपा के सात विधायकों में शामिल थे। इसके बाद उन्होंने पुत्र रितेश के समर्थन में प्रचार करना शुरू कर दिया है। चर्चा है कि वह खुद भी भाजपा का दामन थामना चाहते हैं।

लोकसभा चुनाव में मुद्दों को लेकर अमृत विचार ने जनता से बातचीत की तो पाया कि लोग महंगाई, बेरोजगारी, किसान आंदोलन, चुनावी बांड और सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग जैसे सवालों को महत्वपूर्ण तो मानते हैं, लेकिन वोट देने के सवाल पर मोदी के मुकाबले दूसरा नेता नहीं होने, राम मंदिर बनने, धारा-370 हटने और विकसित भारत का जिक्र करते हुए प्रदेश में गुंडाराज की जगह कानून का राज स्थापित होने को विमर्श के केंद्र में रख देते हैं। प्रस्तुत है जनता के साथ संवाद में निष्कर्ष का मंथन...

# ब्रांड मोदी पर गारंटी का टैग मुद्दों से भरा भाजपा का बैग



- मंदिर और विकसित भारत के जयघोष के साथ भ्रष्टाचार पर प्रधानमंत्री का लगातार करारा प्रहार
- महंगाई, बेरोजगारी, किसान, चुनावी बांड व एजेंसियों के बेजा इस्तेमाल के सवालों पर नहीं हलचल

मनोज त्रिपाठी, कानपुर

**अमृत विचार।** ब्रांड मोदी पर गारंटी का टैग और राम मंदिर के साथ विकसित भारत के लिए भाजपा ने अबकी बार, 400 पार का नारा देकर मोदी 3.0 के चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की थी। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जब मैदान में उतरे तो उन्होंने अपने अंदाज में विपक्षी गठबंधन को पहले परिवारवाद के कठघरे में खड़ा किया फिर दो मुख्यमंत्रियों के जेल जाने के बाद अभियान को भ्रष्टाचार पर प्रहार में केंद्रित कर दिया। अपने बीते दो कार्यकाल को ट्रेलर बताते हुए यह तक कह दिया कि आगे और बड़े काम होने हैं। इसके मुकाबले विपक्षी इंडिया गठबंधन पटना, मुंबई और दिल्ली में रैलियां करने के बाद भी मुद्दों के लिहाज से अपना चुनावी अभियान पटरी पर नहीं ला पाया है, तो इसकी बड़ी वजह उसके द्वारा उछाले जा रहे सवाल मुद्दे से ज्यादा मोदी विरोध जैसे हैं, यह आकलन संवाद में 45 फीसदी लोगों ने व्यक्त करते हुए साफ कहा कि इसी कारण दो मुख्यमंत्रियों के जेल जाने के बाद गठबंधन ने सहानुभूति लेने की कोशिश तक सिमट गया।

### मुद्दे बनाना और उनसे बने माहौल का फायदा उठाना

- लोगों ने साफ कहा कि चुनाव मुद्दों और उनके जरिए बने माहौल के आधार पर जीता जाता है, भाजपा और उसके नायक मोदी यह बात भलीभांति जानते हैं, जबकि विपक्ष मोदी सरकार के खिलाफ वैसा कोई चुनावी मुद्दा खड़ा नहीं कर पा रहा है, जिसे हथियार बनाकर भाजपा का विजय रथ रोक सके। यही बात 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की सबसे बड़ी ताकत नजर आ रही है।

### महंगाई, बेरोजगारी, किसान और चुनावी बांड को नहीं मिल पा रही धार

- तेजी से आगे बढ़ते चुनावी अभियान और बदलती परिस्थितियों में सीएए, समान नागरिक संहिता, किसान आंदोलन, फसलों की एमएसपी जैसे मुद्दे नेपथ्य में जाते दिख रहे हैं और राष्ट्रवाद से प्रेरित कच्चातिवु द्वीप जैसे मुद्दे फाइलों से बाहर आ गए हैं। इसके मुकाबले विपक्षी गठबंधन के हाथ महंगाई, बेरोजगारी, चुनावी बांड, नेताओं के यहां छापे, सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग जैसे मुद्दों को मुखरता से उठाने में तंग नजर आ रहे हैं।

### कांग्रेस भी गारंटी लाई पर जनता के बीच तक नहीं पहुंच पाई

- भाजपा के अनुसार मोदी की गारंटी युवाओं के विकास, महिलाओं के सशक्तिकरण, किसानों के कल्याण और हाशिए पर पड़े उन कमजोर लोगों के लिए है, जिन्हें दशकों से नजरअंदाज किया गया है। इसके मुकाबले कांग्रेस ने भी अपनी गारंटी पेश कीं, लेकिन उन्हें जनता के बीच ले जाकर परवान नहीं चढ़ा पा रही है।

### बयानों पर आरोप-प्रत्यारोप के बीच जनता हुई मगन

- मतदान का वक्त जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, जनता की सीधी जरुरत से जुड़े वास्तविक मुद्दों की जगह पर राजनीतिक दलों के निजी हित से पैदा हुए सियासी मुद्दे हावी होते जा रहे हैं। तमाम दलों और उनके नेताओं की ओर से केवल एक-दूसरे पर बयानों से ही आरोप-प्रत्यारोप किया जा रहा है। जनता क्या चाहती है, आम जनता के सामने वास्तविक समस्याएं क्या है, चुनाव को लेकर जनता के मन में क्या चल रहा है, जैसे सवाल टीवी की बहस और सोशल मीडिया से गायब होते जा रहे हैं।

गाजीपुर में यह पहला चुनाव है जब माफिया डॉन मुख्तार अंसारी का कोई प्रभाव नहीं हैं। ऐसे में बड़ा सवाल है कि उसकी मौत का कितना, कहां और क्या असर होगा। पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार सपा-बसपा के अलग-अलग लड़ने का फायदा भाजपा को मिलने की संभावना है।

# गुंडाराज का खात्मा बनाम सहानुभूति

विनय जायसवाल, मऊ

**अमृत विचार।** पूर्वांचल की सबसे चर्चित लोकसभा सीटों में गाजीपुर शामिल है। गाजीपुर को 'लहुरी काशी' यानी छोटी काशी भी कहा जाता है। इसकी वजह काशी की तरह गंगा यहां भी उत्तर वाहिनी हैं। इस शहर को तुगलक वंश के सैय्यद मसूद गाजी ने बसाया था। एशिया में सबसे बड़े अफीम के कारखाने के लिए विख्यात इस शहर ने वामपंथी, दक्षिणपंथी, मध्यमार्गी या दलित उभार, राजनीति की हर धारा को आगे बढ़ाया है। माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद इस बार यहां चुनाव और धारदार हो गया है। इसकी वजह यह है कि मुख्तार के भाई मौजूदा सांसद अफजाल अंसारी सपा के टिकट पर मैदान में हैं। पिछला चुनाव वह बसपा से जीते थे। भाजपा ने अभी इस सीट पर प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। शीर्ष नेतृत्व बदली परिस्थितियों के मद्देनजर जिताऊ नाम पर मंथन कर रहा है, जबकि बसपा किसी मजबूत यादव चेहरे की तलाश में है। गाजीपुर में सातवें चरण में एक जून को मतदान होना है।

### बेटा दावेदार पर चौंका सकते मनोज सिन्हा बृजेश सिंह, अलका राय के भी नाम

गाजीपुर लोकसभा सीट पर अगर अंसारी परिवार का दबदबा है तो भाजपा का भी आधार कम नहीं है। वर्तमान में जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा की यहां अच्छी पैठ मानी जाती है। वह तीन बार इस सीट से सांसद रहे हैं, हालांकि 2019 में चुनाव हार गए थे। इस बार भाजपा से उनके बेटे अभिनव सिन्हा दावेदारी कर रहे हैं। लेकिन कहा यह भी जा रहा है कि तेलंगाना की राज्यपाल सौंदर्यराजन की तरह पद से इस्तीफा देकर मनोज सिन्हा भी मैदान में उतर सकते हैं। पूर्व विधायक कृष्णानंद राय की पत्नी अलका राय का नाम भी दावेदारों में लिया जा रहा है, तो सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर यहां से बृजेश सिंह को चुनाव लड़ाने के लिए सीट अपने खाते में मांग रहे हैं।



### 2019 का जनादेश




### 2014 का जनादेश




- वर्तमान सांसद अफजाल अंसारी गाजीपुर से पहली बार 2004 और दूसरी बार 2019 में सांसद बने थे।
- पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा-सपा का गठजोड़ होने से उन्होंने भाजपा प्रत्याशी मनोज सिन्हा को एक लाख से ज्यादा वोटों से हरा दिया था।

2004 में पहली बार और दूसरी बार 2019 में सांसद बने थे

**अफजाल अंसारी**



### गाजीपुर में निकल रहीं टोलियां

- गाजीपुर में अफजाल अंसारी और उनका परिवार क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर रहा है। उनके समर्थन में मुस्लिम युवाओं के साथ यादव मतदाताओं की टोलियां सुबह ही क्षेत्रों में निकल जाती हैं और लोगों को यह बताने में जुटी हैं कि उनके अपने मुख्तार अंसारी की हत्या हुई है। परिवार का लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। इसका बदला चुनाव में अफजाल को जिताकर लेना है। अफजाल को उम्मीद है कि मुख्तार की मौत से उपजी सहानुभूति उन्हें जीत दिलाएगी, जबकि भाजपा नेतृत्व यह मानता है कि मोदी की गारंटी, पीएम किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला समेत अन्य योजनाओं के लाभार्थी और गुंडाराज खात्मे के साथ अपराध मुक्त उत्तर प्रदेश के दम पर इस कठिन सीट पर भी जीत हासिल करने में दिक्कत नहीं आएगी।

### यहां हर दल को मिलती रही जीत

- गाजीपुर सीट पर सपा, बसपा, भाजपा, कांग्रेस सभी दल चुनाव जीत चुके हैं। 1952, 1957 और 1962 में कांग्रेस जीती थी, इसके बाद लगातार दो चुनावों में भाकपा ने लाल झंडा फहराया। 1977 में जनता पार्टी के गौरीशंकर पांडेय जीते। 1980 व 1984 के बाद कांग्रेस यहां जीत दर्ज नहीं कर सकी।
- 1996 में पहली बार इस सीट पर भाजपा के मनोज सिन्हा जीते लेकिन 1998 में सपा के ओमप्रकाश सिंह ने सीट भाजपा से छीन ली, हालांकि भाजपा ने 1999 में पुन: मनोज सिन्हा पर यकीन किया और वह जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। इसके बाद लगातार दो चुनावों में सपा का कब्जा रहा।
- 2014 की मोदी लहर में मनोज सिन्हा ने यहां भी कमल खिला दिया। लेकिन 2019 में भाजपा को यहां हार का सामना करना पड़ा।

### राजभर व निषाद साथ आने से भाजपा के लिए अनुकूल माहौल

- इस बार चुनाव में सपा के साथ कांग्रेस है तो भाजपा के साथ राजभरों की नुमाइंदगी करने वाले सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर और निषाद, बिंद, केवट का प्रतिनिधित्व करने वाले वाली निषाद पार्टी है। यहां राजभर और निषाद मतदाता जिधर जाते हैं उसका पलड़ा भारी हो जाता है। हालांकि यादवों की सर्वाधिक संख्या है इसके बाद दलित, राजभर और मुस्लिम मतदाता हैं।

### पांच में चार विधानसभा सीटों पर सपा काबिज

- इस लोकसभा क्षेत्र में आने वाली पांचों विधान सभाओं में किसी पर भी भाजपा का कब्जा नहीं है। सैदपुर, गाजीपुर सदर, जंगीपुर और जमनिया विधानसभा सीटों पर सपा का कब्जा है जबकि जखनिया सीट पर सुभासपा का विधायक है। 2022 के चुनाव में इस सुभासपा का सपा के साथ गठबंधन था। लेकिन अब वह भाजपा के साथ खड़ी है।



**जीतेंगे बाजी**

बेंगलुरु नार्थ से भाजपा की उम्मीदवार शोभा कारनदलाजे के कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करते कलाकारों ने कार्यकर्ताओं का मन मोह लिया।

# एमपी में उमा भारती घर बैठीं स्मृति ईरानी संभालेंगी मोर्चा

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के नामांकन में नहीं पहुंची उमा भारती
- विधान सभा चुनाव से नाराजगी, अब मध्य प्रदेश में स्टार प्रचारक भी नहीं

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

**अमृत विचार।** मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की कथित भितरघात का जवाब देने के लिए भाजपा हाई कमान ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को तैयार किया है। वह प्रदेश में उन स्थानों पर जाएंगी जहां उमा के अंतर्विरोध से पार्टी को नुकसान की आशंका है। इसकी शुरुआत स्मृति ने बुधवार को खजुराहो संसदीय क्षेत्र से कर दी। वहां प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के नामांकन में जब उमा भारती ने आने में असमर्थता जताई तो दिल्ली से स्मृति ईरानी को पहुंचना पड़ा। उमा भारती खजुराहो से चार बार सांसद रह चुकी हैं। अब भाजपा केंद्रीय कार्यालय ने मध्य प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में स्मृति ईरानी का चुनाव कार्यक्रम तैयार कर दिया है। गत वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में उमा भारती की खामोशी को ध्यान में रखते हुए उनको हाई कमान ने स्टार प्रचारकों की सूची से भी हटा दिया है।



स्मृति ईरानी।



उमा भारती।

### खजुराहों में उमा के वर्चस्व की परीक्षा

भाजपा सूत्रों के मुताबिक उमा भारती के वर्चस्व की परीक्षा उनके अपने संसदीय क्षेत्र खजुराहो से हो जाएगी। यहां पर भाजपा अच्छी स्थिति में है। पार्टी को पता चला है कि खजुराहो से इंडिया गठबंधन ने ऐन वक्त पर अपना जो प्रत्याशी बदला है उसके पीछे भी उमा भारती की महिला, पिछड़ा वर्ग की राजनीति है। इसी के तहत यह कुप्रचार किया जा रहा है कि प्रदेश में भाजपा की एकमात्र तेजतर्रार महिला नेता (उमा) को किस तरह दरकिनार किया जा रहा है। गठबंधन में मध्य प्रदेश की 29 में खजुराहो सीट सपा को मिली है। सपा ने पहले भोपाल के डा. मनोज यादव को टिकट दिया था। लेकिन दो दिन बाद ही बदलकर बुंदेलखंड निवाड़ी की पूर्व विधायक मीरा यादव को उतार दिया, ताकि यह संदेश लोगों तक पहुंचाया जाए कि विपक्ष ने पिछड़ा वर्ग से महिला को टिकट दिया है। अब पूरे चुनाव को सवर्ण बनाम पिछड़ा वर्ग में बदलने की योजना है। इस क्षेत्र में विधानसभा की सभी सीटें भाजपा के पास है। इसलिए शर्मा का पलड़ा फिलहाल भारी है। पिछली बार भाजपा के मुकाबले कांग्रेस ने राज नगर के पूर्व विधायक नाती राजा की पत्नी कविता सिंह को टिकट दिया था। लेकिन वह भारी अंतर से चुनाव हार गई थीं।

# कांग्रेस के लिए बंजर हो चुकी हमीरपुर सीट, छोड़ी उम्मीद

राजेश सिंह, हमीरपुर

**अमृत विचार।** कभी हमीरपुर लोकसभा सीट पर भी कांग्रेस की तूती बोलती थी, लेकिन 1989 के बाद असर खत्म हो गया। 1996 में कांग्रेस ने इस सीट पर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के बेटे सुनील शास्त्री को चुनावी मैदान उतार कर वापसी की कोशिश की, लेकिन जनता ने नकार दिया। अब तो पार्टी ने मान लिया है कि यहां उसका जनाधार रसातल में पहुंच गया है। यही वजह है कि सपा से गठबंधन में सीट उसी के पास है।

कांग्रेस की विजय यात्रा की शुरुआत 1952 में मन्नूलाल द्विवेदी की जीत से हुई। अगले दो चुनाव भी कांग्रेस के ही खाते में रहे। 1967 में कांग्रेस के मन्नूलाल द्विवेदी चुनाव हार गए। 1971 में स्वामी ब्रह्मानंद चुनाव जीते। आपातकाल की विरोधी लहर का खामियाजा 1977 में कांग्रेस को यहां भी भुगतना पड़ा। लेकिन 1980 में कांग्रेस फिर इस सीट पर काबिज हो गई। 1984 में भी परचम फहराने में कामयाब रही। इसी के बाद से ऐसी फिसली कि वोट प्रतिशत में तेजी के साथ गिरावट आई और चुनाव दर चुनाव में पार्टी चारों खाने चित हो गई। वर्ष 1999 में वोट प्रतिशत घटकर मात्र 1.52 रह गया।

हालांकि 2004 में गंगा चरण राजपूत व 2009 में सिद्ध गोपाल साहू ने अपने दम पर कांग्रेस का वोट प्रतिशत बढ़ाया। तब गंगा चरण को 18.49 प्रतिशत व सिद्ध गोपाल साहू को 23.93 फीसद वोट मिले। 2014 और 2019 में कांग्रेस से प्रीतम सिंह किसान चुनाव लड़े, लेकिन उन्हें एक बार 4.05 व 10.66 फीसद वोट ही मिल सके। लगातार पिछले नौ लोकसभा चुनाव कांग्रेस हार चुकी है। इस दल के ज्यादातर नेता व कार्यकर्ता अपनी निष्ठा बदल कर दूसरे दलों का दामन थाम चुके हैं। ऐसे में पार्टी का संगठन भी कमजोर हो चुका है।

**लखनऊ लोकसभा सीट** — 2019 में भाजपा के राजनाथ सिंह ने शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी पूनम को तीन लाख 47 हजार वोटों से हराया था

# मुलायम ने जेल में रखा हाथ, रविदास ने नहीं छोड़ा साथ

दिव्यभान श्रीवास्तव, लखनऊ

**अमृत विचार।** देश की हॉट सीट में लखनऊ भी एक है। यहां से रक्षा मंत्री और भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। उनके सामने सपा के वरिष्ठ नेता और विधायक रविदास मेहरोत्रा हैं। यह सीट भाजपा का गढ़ मानी जाती है लेकिन सपा उम्मीदवार की स्थानीय स्तर पर पकड़ से इंकार नहीं किया जा सकता है। लखनऊ सीट पर 5वें चरण में चुनाव होना है इसके लिए 20 मई को वोटिंग होगी।

लखनऊ लोकसभा सीट से सपा उम्मीदवार रविदास मेहरोत्रा 2022 के विधानसभा चुनाव में लखनऊ मध्य से विधायक बने थे। वह कॉलेज के दिनों से राजनीति में सक्रिय हैं। जमीनी संघर्ष वाले नेता माने जाते हैं। उनके नाम एक अनोखा रिकॉर्ड भी है। वह 251 बार जेल जाकर लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में सबसे ज्यादा जेल जाने का रिकॉर्ड दर्ज करा चुके हैं। रविदास खुद कहते हैं कि उन्हें जनता की आवाज उठाने के चक्कर में अक्सर जेल जाना पड़ा। रविदास ने केकेसी विद्यालय से पहली बार छात्रसंघ का चुनाव लड़ा और उपाध्यक्ष बने। उनकी मुलायम सिंह यादव से जेल में मुलाकात हुई। इसके बाद रविदास ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। मुलायम सिंह यादव का करीबी गिने जाने के कारण सपा सरकार में उन्हें अहम विभाग सौंपे गए थे। पिछले विधानसभा चुनावों में रविदास मेहरोत्रा ने मोदी-योगी लहर के बावजूद लखनऊ मध्य से भाजपा प्रत्याशी को 10 हजार से ज्यादा वोटों से हराया था। वह पहली बार 1989 में जनता दल के टिकट पर लखनऊ पूर्वी से विधायक बने थे। साल 2012 में लखनऊ मध्य से सपा के टिकट पर चुनाव जीता। लेकिन अखिलेश सरकार में कैबिनेट मंत्री होने के बावजूद वह 2017 के विधानसभा चुनाव में लखनऊ मध्य से हार गए थे। अब अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव का टिकट देकर उन्हें राजनाथ की जीत की हैट्रिक तोड़ने का लक्ष्य सौंपा है।



- 251 बार जेल जा चुके सपा प्रत्याशी विधायक रविदास मेहरोत्रा के सामने राजनाथ का रथ रोकने की चुनौती
- पांच बार अटल बिहारी सांसद रहे, एक बार लालजी टंडन अब 2014 से लगातार दो बार राजनाथ सिंह

### हैट्रिक मारने से नहीं चूकेंगे राजनाथ सिंह

इस सीट पर साल 1991 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने भाजपा की जो जीत का झंडा गाड़ा, वह अब तक लहरा रहा है। तब से सपा और कांग्रेस ने कितने ही प्रत्याशियों को लखनऊ से लड़ाया, लेकिन भाजपा इस सीट पर अजेय है। लखनऊ पूर्व पीएम और भाजपा के संस्थापक सदस्य रहे अटल बिहारी बाजपेयी की कर्मभूमि रहा है। पांच बार अटल बिहारी बाजपेयी यहां से सांसद रहे। एक बार लालजी टंडन और 2014, 2019 से लगातार दो बार राजनाथ सिंह सांसद हैं। इस बार राजनाथ के लिए मौका जीत की हैट्रिक लगाने का है।

### तीन विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा

- लखनऊ लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र लखनऊ पश्चिम, लखनऊ उत्तरी, लखनऊ पूर्वी, लखनऊ मध्य और लखनऊ कैंट शामिल हैं। 2022 के विधानसभा चुनावों में 3 सीटों पर भाजपा ने कब्जा किया था। लखनऊ की आबादी इस समय 50 लाख गिनी जाती है। 2019 के आंकड़े के अनुसार लखनऊ में कुल 19 .37 लाख वोटर थे। 2024 में लखनऊ जिले में मतदाताओं की संख्या 39 लाख 53 हजार हो गई है। इसमें पुरुष 20 लाख 82 हजार हैं और साढ़े 18 लाख महिला वोटर हैं।

### लखनऊ पश्चिमी और मध्य विधान सभा में बढ़त से सपा को इस बार जीत का भरोसा

- लखनऊ सीट पर पिछले चुनाव में राजनाथ सिंह ने 6 लाख 33 हजार से ज्यादा वोट हासिल किए थे, जबकि सपा प्रत्याशी पूनम सिन्हा, जो शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी हैं, को मात्र 2 लाख 85 हजार वोट मिले थे। राजनाथ ने 3 लाख 47 हजार वोटों के अंतर से चुनाव जीता था। पिछले लोकसभा चुनाव में लखनऊ सीट पर लगभग 55 फीसदी वोटिंग हुई थी। यहां तीसरे नंबर पर कांग्रेस रही थी, जिसके आचार्य प्रमोद कृष्णम को 1 लाख 80 हजार 11 वोट मिले थे।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1120 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1170 डीएमओ 890।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# नई सरकार वाणिज्य नियमों को करे आसान

## पहले 100 दिन के लिए जीटीआरआई ने दी सलाह, निर्यात को बढ़ावा देने पर दे ध्यान

नई दिल्ली, एजेंसी

ई-वाणिज्य नियमों को आसान करने, शुल्क वापसी योजना का नकद वितरण, एक राष्ट्रीय व्यापार तंत्र की स्थापना और भारत के व्यापार समझौतों की प्रभावशीलता पर एक रिपोर्ट प्रकाशित करना नई सरकार के 100 दिन का एजेंडा होना चाहिए। आर्थिक शोध संस्थान 'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव' (जीटीआरआई) ने बुधवार को एक रिपोर्ट में कहा कि प्रमुख फलों और सब्जियों के उत्पादों के लिए तंत्र का पता लगाने के वास्ते ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल का सुझाव दिया गया है।

ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी एक उन्नत डेटाबेस तंत्र है जो एक व्यावसायिक नेटवर्क के भीतर पारदर्शी जानकारी



साझा करने की अनुमति देता है। रिपोर्ट में विशेष आर्थिक क्षेत्रों को छूट के आधार पर घरेलू बाजार में सामान बेचने की अनुमति देना और दवा सामग्री, सौर सेल, ईवी बैटरी और मोबाइल फोन घटकों जैसे महत्वपूर्ण आयात के लिए चीन पर निर्भरता को कम करने आदि का भी सुझाव दिया गया। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा-पहले 100 दिन (एक नई सरकार के लिए) शासन और नीति की दिशा निर्धारित करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण होते हैं...। भारत में लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल को शुरू होगा और मतों की गिनती चार जून को की जाएगी। चुनाव सात चरण में होने हैं।

शोध संस्थान ने यूरोपीय जलवायु विनियमन के प्रतिकूल प्रभावों का मुकाबला करने के लिए एक कार्य योजना तैयार करने; गठबंधन बनाने, डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) में बेहतर परिणामों के लिए साझेदारी को मजबूत करने; डब्ल्यूटीओ कानून कितने भेदभावपूर्ण हैं और उनमें बदलाव की जरूरत है इस बात पर प्रकाश डालने और विनिर्माण योजनाओं में प्रोत्साहनों का मानकीकरण करने आदि के सुझाव दिए। इसके साथ ही रिपोर्ट में कहा गया कि राष्ट्रीय व्यापार तंत्र (एनटीएन) सभी आवश्यक दस्तावेजों तथा सूचनाओं को ऑनलाइन जमा करने को केंद्रीकृत करने के अलावा, सीमा शुल्क, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी), शिपिंग कंपनियों, बंदरगाह और बैंक के साथ अलग-अलग बातचीत की आवश्यकता को समाप्त करने के अलावा सभी निर्यात-आयात संबंधी अनुपालन को ऑनलाइन सक्षम करने में मदद करेगा। श्रीवास्तव ने एनटीएन की वकालत करते हुए कहा कि विशिष्ट विभागों पर केंद्रित मौजूदा प्रणालियां तेजी से विकसित नहीं होती और व्यापक प्रक्रियाओं को भी कुशलतापूर्वक नहीं संभाल पाती। उन्होंने कहा है कि नई व्यावसायिक प्रक्रिया के तहत तैयार एनटीएन भारत के लिए आवश्यक है।

## दूरसंचार विभाग ने स्पेक्ट्रम नीलामी 17 दिन बढ़ाकर 6 जून की

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग ने स्पेक्ट्रम नीलामी 17 दिन आगे बढ़ाकर 6 जून कर दी है। आवेदन आमंत्रित करने के लिए जारी नोटिस में बुधवार को इस संदर्भ में संशोधन किये गये। विभाग ने बोलीदाताओं के लिए नकदी को सुगम बनाने के लिए बैंक गारंटी और बयाना राशि जमा की गारंटी भी कम कर दी है। नोटिस संशोधन के अनुसार, लोकसभा परिणामों की घोषणा के बाद लाइव नीलामी की शुरुआत की नई तारीख 20 मई से बदलकर 6 जून कर दी गई है। परीक्षण के तौर पर नीलामी अब 13 और 14 मई के बजाय 3 जून को होगी। सरकार मोबाइल सेवाओं के लिए लगभग 96,317 करोड़ के आधार मूल्य पर आठ स्पेक्ट्रम बैंड की नीलामी करेगी। विभाग ने पश्चिम बंगाल सर्किल में 900 मेगाहर्ट्ज बैंड में नीलामी के लिए ब्लॉक की संख्या भी घटाकर 44 कर दी है।

# सरकार ने 1,000 टन काला नमक चावल के निर्यात पर शुल्क हटाया

- अभी तक निर्यात पर 20 प्रतिशत शुल्क लागू था
- काला नमक गैर-बासमती चावल की है एक किस्म

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने छह निर्दिष्ट सीमा शुल्क केंद्रों के माध्यम से 1,000 टन तक काला नमक चावल की किस्म के निर्यात पर शुल्क हटा दिया है। अभी तक काला नमक चावल के निर्यात पर 20 प्रतिशत शुल्क लागू था।

वित्त मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, चावल की इस किस्म के 1,000 टन तक के निर्यात पर शुल्क छूट बुधवार से प्रभावी होगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने मंगलवार को निर्दिष्ट सीमा शुल्क केंद्रों के माध्यम से 1,000 टन तक काला नमक चावल के निर्यात की अनुमति दी थी। काला नमक गैर-बासमती चावल की एक किस्म है, जिसके निर्यात पर पहले प्रतिबंध था। चावल की इस किस्म के निर्यात को छह सीमा



शुल्क केंद्रों के माध्यम से अनुमति दी गई है। ये केंद्र वाराणसी एयर कार्गो; जेएनसीएच (जवाहरलाल नेहरू कस्टम्स हाउस), महाराष्ट्र; सीएच (कस्टम हाउस) कांडला, गुजरात; एलसीएस (भूमि सीमा शुल्क स्टेशन) नेपालगंज रोड; एलसीएस सोनौली; एवं एलसीएस बरहनी हैं।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 78,600 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 70,900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 52,900-53,100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 69,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 68,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 77,300 |
| चांदी तैयार | 77,400 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 68,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 67,600 |
| चांदी पक्की | 765 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 68,800 |
| चांदी आभूषण | 76,800। |

# कल आएगा नीतिगत ब्याज दर पर अंतिम फैसला

- रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक शुरू

मुंबई, एजेंसी

नीतिगत ब्याज दर पर निर्णय करने वाली भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की द्विमासिक समीक्षा बैठक बुधवार को शुरू हो गई। तीन दिन तक चलने वाली बैठक में केंद्रीय बैंक की एमपीसी रेपो दर के संबंध में अंतिम निर्णय करेगी। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता वाली एमपीसी के फैसले की घोषणा शुक्रवार को की जाएगी।

ऐसी उम्मीद है कि केंद्रीय बैंक एक बार फिर प्रमुख नीतिगत दर रेपो को यथावत रखेगा और मुद्रास्फीति नियंत्रण पर अपना ध्यान बनाए रखेगा। आर्थिक वृद्धि दर को लेकर चिंताएं कम होने से खुदरा मुद्रास्फीति पर ही ध्यान रहने की उम्मीद है। यह वित्त वर्ष 2024-25 की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा है। एक अप्रैल से शुरू हुए नए वित्त वर्ष में एमपीसी की कुल छह बैठकें आयोजित होंगी। आरबीआई ने आखिरी बार फरवरी, 2023 में रेपो दर में बढ़ोतरी की थी और तब से यह लगातार 6.5 प्रतिशत पर बरकरार है।

## विस्तारा एयरलाइन ने 26 और उड़ानें रद कीं

**मुंबई।** चालक दल की अनुपलब्धता के कारण उड़ानें रद होने के बीच विस्तारा के शीर्ष अधिकारियों ने बुधवार को पायलटों के साथ बैठक की। इसमें नए अनुबंध और ड्यूटी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि टाटा समूह की एयरलाइन ने बुधवार को 26 उड़ानें रद कीं।

गौरतलब है कि संशोधित वेतन संरचना के विरोध में पायलटों के एक वर्ग ने पिछले कुछ दिन से बीमार होने की सूचना देकर छुट्टी ली है। इससे विस्तारा के लिए मुश्किलें खड़ी हो गईं हैं और एयरलाइन ने पिछले दो दिन में 100 से अधिक उड़ानें रद की हैं।

# भारत जल्द ही बनाएगा अपना पहला वाणिज्यिक कच्चा तेल रणनीतिक भंडारण

- सरकार ने उसके परिचालन के लिए विशेष इकाई का किया गठन

नई दिल्ली, एजेंसी

दुनिया का तीसरे सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक देश भारत जल्द ही कच्चे तेल का अपना पहला वाणिज्यिक रणनीतिक भंडारण बनाने की योजना बना रहा है। किसी भी आपात स्थिति में आपूर्ति बाधा से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है।

सरकार ने देश में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार तैयार करने और उसके परिचालन के लिए विशेष इकाई इंडियन स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लि. (आईएसपीआरएल) का




गठन किया है। इस इकाई ने कर्नाटक के पादुर में 25 लाख टन भूमिगत भंडारण बनाने के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। निविदा दस्तावेज से यह जानकारी मिली है।

आईएसपीआरएल ने पहले चरण में तीन स्थानों पर 53.3 लाख टन का भंडारण बनाया था। ये तीन जगह आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम (13.3 लाख टन) कर्नाटक में मेंगलोर (15 लाख टन) तथा पादुर (25 लाख टन) हैं। तेल के भंडारण के लिए ये भूमिगत चट्टानी गुफाएं हैं। दूसरे चरण के तहत, आईएसपीआरएल की पादुर-दो में 5,514 करोड़ रुपये की लागत से वाणिज्यिक सह रणनीतिक भूमिगत पेट्रोलियम भंडार तैयार करने की योजना है। इसमें जमीन के ऊपर संबंधित सुविधाएं भी शामिल है। इस निर्माण कार्य में 25 लाख टन कच्चा तेल के रणनीतिक भंडार के लिए निर्माण शामिल हैं।

# राष्ट्रीय



## भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस नेता और मुक्केबाज विजेंदर सिंह

**नई दिल्ली।** मुक्केबाजी में भारत के पहले ओलंपिक पदक विजेता विजेंदर सिंह, बुधवार को यहां भाजपा में शामिल हो गए। अप्रैल 2019 में कांग्रेस में शामिल होकर राजनीति में कदम रखने वाले सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जमकर सराहना की और कहा कि उनके नेतृत्व के कारण विदेशों में खिलाड़ियों का मान-सम्मान बढ़ा है।

### वायनाड लोकसभा सीट के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान भाजपा पर भड़के राहुल गांधी

# संविधान को नष्ट करने का प्रयास कर रही आरएसएस

वायनाड (केरल), एजेंसी

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को वायनाड लोकसभा सीट के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया और एक विशाल रोड शो कर अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की। उन्होंने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर भारत के संविधान और लोकतांत्रिक ढांचे को 'नष्ट करने की कोशिश' का आरोप लगाया। राहुल गांधी सुबह हेलीकॉप्टर से वायनाड पहुंचे और उन्होंने कलपेट्टा से सिविल स्टेशन तक रोड शो किया जहां उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों समेत लोगों की भारी भीड़ को संबोधित किया। अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) महासचिव के सी वेणुगोपाल समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ पहुंचे राहुल ने वायनाड जिलाधिकारी को अपना नामांकन पत्र सौंपा। वायनाड जिलाधिकारी रिटर्निंग अधिकारी भी हैं।

अपना नामांकन दाखिल करने के बाद गांधी ने पत्रकारों से कहा कि लोकसभा चुनाव लोकतंत्र और भारत के संविधान को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने कहा-एक तरफ वे ताकतें हैं जो इस देश के लोकतंत्र और संविधान को नष्ट करना चाहती हैं और दूसरी तरफ वे ताकतें हैं जो हमारे देश के संविधान और लोकतांत्रिक ढांचे की रक्षा कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अन्य लोग हैं जो देश में संविधान और लोकतंत्र को नष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं।




कांग्रेस उम्मीदवार राहुल गांधी ने पार्टी नेताओं के साथ वायनाड जिले में अपना नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले एक रोड शो निकाला। ● एजेंसी

## खरगे ने की घर-घर गारंटी अभियान की शुरुआत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली से पार्टी के 'घर-घर गारंटी' अभियान की शुरुआत की और दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'गारंटी' लोगों को नहीं मिली, लेकिन उनकी पार्टी जो गारंटी दे रही है, उन पर वह अमल करेगी। पार्टी का यह चुनावी अभियान पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' पर आधारित है। इस अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' वाला कार्ड घर-घर जाकर वितरित करेंगे। पार्टी का लक्ष्य आठ करोड़ परिवारों तक पहुंचने का है। खरगे ने उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में इस अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस के पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' का उल्लेख किया। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा-इन गारंटी के कार्ड हमारे लोग घर-घर बांटेंगे। वह लोगों को बताएंगे कि हमारी सरकार आने के बाद हम क्या क्या काम करेंगे। उन्होंने कहा-हम लोगों को गारंटी देते हैं कि हमारी सरकार हमेशा गरीबों के साथ रहेगी और गरीबों के लिए काम करेगी।

## एक नजर

### भाजपा नेता सुशील कुमार ने कैंसर से पीड़ित होने की दी जानकारी

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने बुधवार को बताया कि उन्हें छह माह पहले ही कैंसर से पीड़ित होने की बात पता चली है और वह पार्टी के लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान में भाग नहीं ले सकेंगे। सुशील मोदी (72) को भाजपा ने राज्य के लिए अपने स्टार प्रचारकों में शामिल किया था और अपनी चुनाव घोषणापत्र समिति का सदस्य नियुक्त किया था। सुशील मोदी ने सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' पर लिखा, ''मैं पिछले छह महीने से कैंसर से जूझ रहा हूं। मुझे लगता है कि अब लोगों को यह जानकारी देने का वक्त आ गया है। मैं लोकसभा चुनाव के लिए कुछ नहीं कर पाऊंगा।

### ओडिशा के मल्कानगिरि में विस्फोटक जब्त

**मल्कानगिरि।** ओडिशा के मल्कानगिरि जिले में बुधवार को भारी मात्रा में विस्फोटक जब्त किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गुप्ता सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ से लगी राज्य की सीमा पर कालीमेला थानांतर्गत दयालतुंग गांव में एक जंगल के निकट 12 बारूदी सुरंग और जिलेटिन की 190 छड़ बरामद की हैं।

# न्यायालय ने अजित पवार नीत राकांपा से जारी विज्ञापनों का मांगा ब्योरा

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) से उसके आदेश के अनुपालन के तहत समाचार पत्रों में डिस्क्लेमर (दावा अस्वीकरण) के साथ जारी किए गए विज्ञापनों का ब्योरा देने को कहा। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में राकांपा (अजित पवार गुट) को इस 'डिस्क्लेमर' के साथ प्रचार करने का निर्देश दिया था कि पार्टी को 'घड़ी' चुनाव चिह्न के आवंटन का मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले धड़े की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से जारी विज्ञापनों का विवरण देने को कहा। दरअसल, शरद पवार गुट ने आरोप लगाया था कि अजित पवार गुट अदालत के 19 मार्च के आदेश का अनुपालन नहीं कर रहा है। इस पर पीठ ने कहा-रोहतगी, आप इस संबंध में (अपने मुवक्किल से) जानकारी हासिल कीजिए कि इस आदेश के बाद कितने विज्ञापन जारी हुए। यदि वह (अजित पवार) इस प्रकार का बर्ताव कर रहे हैं तो हमें इस पर

**घड़ी चुनाव चिह्न के आवंटन का मामला**



फैसला करना पड़ेगा। किसी को भी जानबूझकर हमारे आदेश का गलत मतलब निकालने का अधिकार नहीं है। शरद पवार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि 19 मार्च को इस अदालत ने तर्कों के साथ एक आदेश पारित किया था, जिसमें उनसे (अजित पवार धड़े से) अखबारों में यह विज्ञापन जारी करने को कहा गया था कि 'घड़ी' चुनाव चिह्न आवंटन का मामला अदालत में विचाराधीन है और उन्हें इस चिह्न के इस्तेमाल की अनुमति इस आधार पर दी गई है कि यह शीर्ष अदालत के अंतिम फैसले के अधीन होगा। सिंघवी ने कहा-अब, उन्होंने निर्देश का अनुपालन नहीं किया है और उनके द्वारा बिना 'डिस्क्लेमर' के विज्ञापन जारी किये जा रहे हैं। उन्होंने इस अदालत के समक्ष एक आवेदन भी दायर किया है, जिसमें इस आदेश में छूट दिए जाने का अनुरोध किया गया है।

# बिना समय गंवाए जांच एनआईए को सौंपने का आदेश

कोलकाता, एजेंसी

**दाड़ीभीत उच्च विद्यालय में हिंसा का मामला**

कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने उत्तरी दिनाजपुर जिले के दाड़ीभीत उच्च विद्यालय में हिंसा मामले में बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार से एकल पीठ के आदेश का पालन करने को कहा।

एकल पीठ ने दाड़ीभीत उच्च विद्यालय में हिंसा की घटना में दो युवकों की मौत और अन्य के घायल होने की घटना की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपने का निर्देश दिया था।

मुख्य न्यायाधीश टी एस शिवज्ञानम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने एनआईए को जांच स्थानांतरित करने को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त करते हुए एकल पीठ के आदेश पर कोई अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया। खंडपीठ ने राज्य को बिना समय बर्बाद किए जांच एनआईए को स्थानांतरित करने के एकल पीठ के आदेश को लागू करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि राज्य की अपील पर फैसले के अनुरूप इसका क्रियान्वयन होगा।

# धनखड़ ने 12 नवनिर्वाचित सदस्यों को राज्यसभा सदस्यता की दिलाई शपथ

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को 12 नवनिर्वाचित सदस्यों को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ दिलाई। राज्यसभा सचिवालय के अनुसार श्री धनखड़ ने राज्यसभा में आयोजित संक्षिप्त शपथ ग्रहण समारोह में इन सदस्यों को शपथ दिलायी। शपथ लेने वालों में बिहार से भाजपा की धर्मशीला गुप्ता, बिहार से ही राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा और संजय यादव , गुजरात से भाजपा के गोविंदभाई लालजीभाई ढोलकिया, हरियाणा से भाजपा के सुभाष चंद्र बराला, हिमाचल से भाजपा के हर्ष महाजन, कर्नाटक से कांग्रेस के जी सी चंद्रशेखर, एमपी से डॉ. एल मुरूगन, एमपी से कांग्रेस के अशोक सिंह, महाराष्ट्र से कांग्रेस के चंद्रकांत हंडोरे,महाराष्ट्र से ही भाजपा की मेधा विश्राम कुलकर्णी और यूपी से भाजपा की साधना सिंह शामिल हैं।

## बीजापुर में करीब 12 घंटे तक चली मुठभेड़ 13 नक्सली मारे गए

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के घने जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच लगभग 12 घंटे तक चली मुठभेड़ में तीन महिला नक्सलियों समेत 13 नक्सली मारे गए। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुरक्षाबलों की इस सफलता के लिए सराहना करते हुए, इसे राज्य में नक्सल विरोधी अभियान में मिली सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक बताया। बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लेंड्रा गांव के जंगल में हुई इस मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने मंगलवार को 10 नक्सलियों के शव बरामद किए थे।

# स्वतंत्र, शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव कराएं अधिकारी

- चुनाव आयोग की बैठक में की गई संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों की समीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

चुनाव आयोग ने बुधवार को यहां राज्यों और केंद्र की प्रवर्तन एजेंसियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक में लोकसभा चुनावों और कुछ राज्यों की विधान सभा के चुनावों की इस समय चल रही प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश दिए। आयोग ने बैठक के बाद जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों और केंद्रीय एजेंसियों के प्रमुखों को शांतिपूर्ण और प्रलोभन मुक्त आम चुनाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। आयोग ने प्रत्येक राज्य/केंद्रशासित प्रदेश से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों की विस्तार से समीक्षा की।

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने भी भाग लिया। कुमार ने अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और प्रलोभन मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आयोग की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया और इसके लिए सभी हितधारकों से मिलकर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने राज्य और केंद्र के अधिकारियों को इस को संकल्प को ठोस कार्रवाई में बदलने का आह्वान किया। बैठक में इन चुनावों के दौरान पड़ोसी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया गया। आयोग की ओर से राज्यों को कहा गया है कि वे चुनाव ड्यूटी के लिए उपलब्ध कराए गए केंद्रीय बलों की समुचित ढंग से तैनाती करें। आयोग ने सीमावर्ती राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) कर्मियों की आवाजाही और परिवहन के लिए साजो-सामान संबंधी सहायता, सीमावर्ती क्षेत्रों में उन फ़्लैशपॉइंटों की पहचान और निगरानी करने के भी निर्देश दिए है जो चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकते हैं। एजेंसियों को पिछले अनुभवों के आधार पर सांप्रदायिक तनाव को दूर करने के लिए निवारक उपाय, और खुली सीमाओं पर अवैध गतिविधियों के खिलाफ चौकसी, आयोग ने अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के पार नशीले पदार्थों, शराब, हथियारों और विस्फोटकों सहित प्रतिबंधित वस्तुओं की आवाजाही पर अंकुश लगाने के लिए कड़ी निगरानी के महत्व को रेखांकित किया। विज्ञप्ति के अनुसार कुछ राज्यों में अवैध गांजा की खेती पर अंकुश लगाने, सीमाओं पर शराब और नकदी की आवाजाही के लिए निकास और प्रवेश बिंदुओं की पहचान करने का निर्देश दिया गया।



## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 04 | 203 |
| रियान पराग (आरआर) | 03 | 181 |
| हेनरिक क्लासेन (एसआरएच) | 03 | 167 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 03 | 07 |
| मयंक यादव (एलएसजी) | 02 | 06 |
| युजवेंद्र चहल (आरआर) | 03 | 06 |

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +1.249 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.047 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.976 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.483 |
| गुजरात टाइटंस | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | -0.738 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | +0.204 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.016 |
| पंजाब किंग्स | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.337 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -0.876 |
| मुंबई इंडियंस | 03 | 00 | 03 | 00 | 00 | -1.423 |

# पंजाब के बल्लेबाजों के सामने गुजरात के गेंदबाजों की कड़ी चुनौती

अहमदाबाद, एजेंसी

मयंक यादव की तूफानी गेंदबाजी के सामने ध्वस्त हुए पंजाब के बल्लेबाजी क्रम को गुरुवार को यहां मोटेरा की धीमी पिच पर गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। पंजाब किंग्स ने विरोधी के मैदान पर अपने पिछले दो मुकाबले गंवाए हैं और टाइटंस के खिलाफ हार से उसकी राह मुश्किल हो सकती है। दूसरी तरफ टाइटंस की टीम पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद पर सात विकेट की आसान जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी है।

पंजाब किंग्स की टीम के पास पिछले मैच में मयंक की गति का कोई जवाब नहीं था और उसके शीर्ष क्रम के अधिकांश बल्लेबाज नियमित रूप से 150 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे इस तेज गेंदबाज का सामना करने के लिए तैयार नहीं थे। मयंक बल्लेबाजों के शरीर को लक्ष्य बनाकर गेंदबाजी कर रहे हैं जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहित शर्मा के सामने पंजाब किंग्स को अलग तरह की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। मोहित नकल बॉल, धीमे बाउंसर और वाइड यार्कर का काफी अच्छा इस्तेमाल करते हैं और इस साल आईपीएल में मयंक के अलावा ऐसे तेज गेंदबाज अधिक सफल रहे हैं जो अच्छी धीमी गेंदबाजी करने में सक्षम हैं। इससे शिखर धवन, जॉनी बेयरस्टो और जितेश शर्मा जैसे बल्लेबाजों को अलग तरह की चुनौती का सामना करना होगा जिन्हें गेंद का बल्ले पर आना पसंद है। पिछले मैच में पैर की मांसपेशियों में हल्की चोट के बाद अगर लियाम लिविंगस्टोन अनुपलब्ध रहते हैं तो पंजाब की मुसीबत और बढ़ जाएगी। पंजाब को इसके अलावा राशिद खान और नूर अहमद की फिरकी का भी सामना करना होगा। टाइटंस की टीम में शामिल अफगानिस्तान के तीसरे खिलाड़ी अजमतुल्लाह ओमरजई अपने ऑलराउंड कौशल से पंजाब किंग्स की मुश्किलें बढ़ा सकते हैं। पंजाब की बल्लेबाजी से अधिक चिंता का विषय उसकी गेंदबाजी है, विशेषकर डेथ ओवरों में। दस लाख डॉलर से अधिक की कीमत पर टीम से जुड़ने वाले खिलाड़ियों में से एक हर्षल पटेल ने मौजूदा सत्र में अब तक निराश करते हुए 11.41 की इकोनॉमी रेट से रन दिए हैं। उन्होंने अब तक सभी तीन मैच में अपने कोटे के चार ओवर पूरे किए हैं। राहुल चाहर ने भी काफी निराश करते हुए 11.37 की इकोनॉमी रेट से रन दिए हैं।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रोबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, सुशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुथार। **पंजाब किंग्स :** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व ताइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया , विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु। **समय :** मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

# कोलकाता ने दिल्ली को दिया 273 रनों का लक्ष्य

## सुनील नरेन और अंगकृष रघुवंशी ने जड़े अर्धशतक, दिल्ली कैपिटल्स के एनरिक नॉर्टजे ने लिए तीन विकेट



अंगकृष रघुवंशी

विशाखापटनम, एजेंसी

सुनील नरेन 85 रन, अंगकृष रघुवंशी की 54 रनों की तूफानी पारियों की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने बुधवार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 16वें मैच मे दिल्ली कैपिटल्स को जीत के लिए 273 रनों का लक्ष्य दिया है।

बुधवार को डॉ. वाई एस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में कोलकता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता के लिए फिल सॉल्ट और सुनील नरेन की सलाम जोड़ी ने पहले विकेट के लिए अच्छी शुरुआत करते हुए 60 रन जोड़े। पांचवें ओवर में नॉर्टजे ने फिल सॉल्ट को 18 रन पर आउट कर कोलकाता को पहला झटका दिया। इसके बाद आईपीएल में पर्दापण कर रहे अंगकृष रघुवंशी ने सुनील नरेन के साथ दूसरे विकेट के 104 रनों की ताबड़तोड़ साझेदारी करते हुए 27 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्कों की मदद से 54 रन बनाते हुए अपना पहला अर्धशतक लगाया। वहीं सुनील नारायण ने 39 गेंदों में सात चौकों और सात छक्कों की मदद से तूफानी अंदाज में 85 रन ठोक डाले। कप्तान श्रेयस अय्यर 11 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हुये। आंद्रे रसल ने 19 गेंदों में चार चौके और तीन छक्कों की सहायता से 41 रन बनाये। रिंकू सिंह ने आठ गेंदों में तीन छक्कों और एक चौके की मदद से 26 रन ठोके। रमनदीप सिंह दो रन बनाकर आउट हुये। वेंकटेश अय्यर पांच रन और मिचेल स्टार्क एक रन बनाकर नाबाद रहे। कोलकाता ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 272 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। खेल के दौरान दिल्ली को धीमे ओवर रेट के कारण और एक अतिरिक्त फील्डर दायरे अंदर करना पड़ा। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से एनरिक नॉर्टजे ने तीन विकेट लिये। इशांत शर्मा ने दो विकेट लिये। खलील अहमद और मिचेल मार्श को एक-एक विकेट मिला।

### कोलकाता नाइट राइडर्स :

| | |
|---|---|
| फ़िल सॉल्ट कैच स्टब्स बोल्ड नॉर्टजे | 18 |
| सुनील नारायण कैच पंत बोल्ड एम मार्श | 85 |
| अंगकृष रघुवंशी कैच इशांत बोल्ड नॉर्टजे | 54 |
| आंद्रे रसल बोल्ड इशांत | 41 |
| श्रेयस अय्यर कैच स्टब्स बोल्ड खलील | 18 |
| रिंकू सिंह कैच वॉर्नर बोल्ड नॉर्टजे | 26 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 05 |
| रमनदीप सिंह कैच पृथ्वी बोल्ड इशांत | 02 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त :** 22 रन, विकेट पतन : 1-60, 2-164, 3-176, 4-232, 5-264, 6-264, 7-266

**गेंदबाजी :** खलील 4-0-43-1, इशांत 3-0-43-2, नॉर्टजे 4-0-59-3, रसिख 3-0-47-0, सुमित 2-0-19-0, अक्षर 1-0-18-0, मिचेल 3-0-37-1



सुनील नरेन

## खेल डायरी

### बेंगलुरु मैराथन में दौड़ेंगे 96 वर्ष के दत्तात्रेय

**बेंगलुरु।** 96 वर्ष के एन एस दत्तात्रेय 28 अप्रैल को यहां होने वाली टीसीएस विश्व 10के बेंगलुरु 2024 मैराथन में भाग लेने वाले सबसे उम्रदराज धावक होंगे। वह पहले भी इस रेस में हिस्सा ले चुके हैं। पांच साल पहले लंबी दौड़ में पदार्पण करने वाले दत्तात्रेय कई मैराथन और वॉकाथन में प्रतिभागी रह चुके हैं। उन्होंने कहा, ''पहली मैराथन के बाद ही मुझे लगा कि मैं इसमें जारी रख सकता हूं। मैंने फिट रहने के लिये शुरूआत की थी और जल्दी ही यह मेरे जीवन का हिस्सा बन गया। अगर आपके पास अपार दौलत है लेकिन आप उसे भोग नहीं सकते तो क्या फायदा। स्वास्थ्य बहुत जरूरी है, पैसा नहीं।''

### रोनाल्डो की सऊदी अरब में एक और हैट्रिक

**आभा (सऊदी अरब)।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 72 घंटे के अंतराल में अपनी दूसरी हैट्रिक लगाई जिसकी मदद से अल नासर ने सऊदी प्रो लीग में आभा को 8-0 से करारी शिकस्त दी। रोनाल्डो ने पहले हाफ में तीन गोल किए और दो गोल करने में मदद की। उनके इस प्रदर्शन की बदौलत सऊदी अरब में नौ बार के चैंपियन अल नासर ने बड़ी जीत हासिल की। पुर्तगाल के इस स्टार खिलाड़ी की लीग के वर्तमान सत्र में यह तीसरी हैट्रिक है। उन्होंने शनिवार को अल नासर की अल ताई पर 5-1 से जीत के दौरान भी हैट्रिक बनाई थी। वह अभी तक लीग में 29 गोल कर चुके हैं और इस मामले में शीर्ष पर काबिज हैं। अल नासर लीग की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर बना हुआ है।

### अनमोल कजाकिस्तान चैलेंज के प्री क्वार्टर फाइनल में

**अस्ताना।** भारत की युवा खिलाड़ी अनमोल खरब ने हमवतन मालविका बांसोड़ की कड़ी चुनौती से पार पाकर बुधवार को यहां कजाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय चैलेंज बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता और मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन 17 वर्षीय अनमोल ने मालविका को 59 मिनट तक चले मैच में 21-13, 22-20 से पराजित किया। विश्व में 333वें नंबर के खिलाड़ी अनमोल अगले दौर में इंडोनेशिया की 21 वर्षीय खिलाड़ी नुरानी रातू अज़ाहरा से भिड़ेंगी। अनमोल को इससे पहले क्वालीफिकेशन दौर में कजाकिस्तान की कामिला स्मगुलोवा से वॉकओवर मिला।

### टी20 श्रृंखला में न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे ब्रेसवेल

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड ने अपने शीर्ष खिलाड़ियों के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में व्यस्त होने के कारण पाकिस्तान के खिलाफ इस महीने शुरू होने वाली पांच मैच की टी20 श्रृंखला के लिए ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल को कप्तान नियुक्त किया है। यह पहला अवसर होगा जबकि 33 वर्षीय ब्रेसवेल न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे। न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिच सेंटनर और केन विलियमसन जैसे खिलाड़ी आईपीएल में खेल रहे हैं, जबकि आगे के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए टिम साउदी के नाम पर विचार नहीं किया गया। चोटिल होने के कारण ब्रेसवेल पिछले साल मार्च से बाहर थे।

### मुक्केबाजी के लिए नया साझेदार तलाश रहा आईओसी

**लुसाने (स्विट्जरलैंड)।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने बुधवार को कहा कि उसे अगले साल की शुरुआत तक एक उपयुक्त नई अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संस्था ढूंढनी होगी अन्यथा 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक खेलों से मुक्केबाजी को बाहर करने का जोखिम पैदा हो जाएगा। आईओसी ने अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) से 2021 में तोक्यो और इस साल पेरिस में ओलंपिक मुक्केबाजी टूर्नामेंट के संचालन का अधिकार छीन लिया। मंगलवार को खेल पंचाट ने आईबीए की औपचारिक रूप से मान्यता रद्द करने के आईओसी के फैसले को बरकरार रखा और इसे ओलंपिक अभियान से पूरी तरह बाहर कर दिया। आईओसी लंबे समय से आईबीए के प्रशासन और मुक्केबाजी मैचों में रेफरी और निर्णय की ईमानदारी को लेकर चिंता जताता रहा है।

## निकहत, लवलीना समेत अन्य मुक्केबाज तुर्की में लेंगे प्रशिक्षण

**नयी दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले विश्व चैंपियन निकहत जरीन और लवलीना बोरगोहेन समेत भारतीय मुक्केबाज तुर्की में विशेष शिविर में प्रशिक्षण लेंगे। युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) ने बुधवार को इसकी घोषणा की। खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉपस) के तहत तुर्की में प्रशिक्षण शिविर में निकहत और लवलीना के साथ शामिल होंगी। मुक्केबाजों को दो कोच और एक फिज़ियो भी उपलब्ध कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि निकहत और लवलीना ने पिछले वर्ष एशियन गेम्स 2023 में आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए मुक्केबाजी में भारत के लिए कोटा हासिल किया था।

# चोटिल शिवम मावी आईपीएल से हुए बाहर

बेंगलुरु, एजेंसी

लखनऊ सुपर जायंट्स (एचएसजी) के तेज गेंदबाज शिवम मावी चोटिल होने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से बाहर हो गए हैं। सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट में यह नहीं बताया कि चोट कहां लगी है। उन्होंने कहा, "मैं टूर्नामेंट को बहुत याद करूंगा। मैं यहां पर चोट के बाद आया था और सोचा था कि अपनी टीम के लिए मैच खेलूंगा और अच्छा करूंगा। लेकिन दुर्भाग्य से चोटिल होने की वजह से मुझे टूर्नामेंट छोड़ना होगा।"



उन्होंने कहा, "क्रिकेटर को इसके लिए मानसिक तौर पर मजबूत होना पड़ता है। अगर आपको चोट लगी है तो आपको यह देखने की जरूरत है कि वापसी के लिए क्या किया जा सकता है, आपको किन चीजो का ख्याल रखना है।" उन्होंने कहा, "हमारी बहुत अच्छी टीम है, मैं टीम के लिए बाहर से चीयर करूंगा और उम्मीद है कि हम जीतेंगे।" एलएसजी ने मावी की जगह किसी अन्य का चयन नहीं किया है। टीम के पास अभी मैट हेनरी, शमार जोसेफ, मोहसिन खान, मयंक यादव, यश ठाकुर, अरशद खान और युद्धवीर सिंह जैसे तेज गेंदबाज हैं।

## मुस्तफिजुर रहमान का सनराइजर्स के खिलाफ खेलना संदिग्ध

**नयी दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान टी-20 विश्वकप से पहले वीजा लेने के संबंध में स्वदेश लौट गए हैं ऐसे में उनका शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले अगले मैच में खेलना संदिग्ध माना जा रहा है। मुस्तफिजुर ने अपनी कटर्स और अधिक गति से सीएसके के आक्रमण को धार दी है। वह तीन मैचों में 15.14 की औसत और 8.83 की इकॉनमी से सात विकेट लेकर शीर्ष पर हैं। सीएसके के लिए शुरुआत करते हुए सात में से चार विकेट उनके 10 गेंद के भीतर आए है। यह कारनामा उन्होंने 22 मार्च को चेपॉक में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पहले मैच में किया था।

# श्रीलंका ने दूसरा टेस्ट जीत क्लीन स्वीप किया

चट्टोग्राम (बांग्लादेश), एजेंसी

- श्रीलंका ने इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ टी20 श्रृंखला में 2-1 से जीत हासिल की थी

तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा ने 50 रन देकर चार विकेट लिये जिससे श्रीलंका ने बुधवार को यहां दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को 192 रन से हराकर दो मैच की श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया। श्रीलंका ने पहला टेस्ट मैच 328 रन से जीता था तथा दूसरे मैच में जीत से उसने बांग्लादेश में टेस्ट मैच नहीं हारने का रिकॉर्ड बरकरार रखा।

श्रीलंका ने इससे पहले टी20 श्रृंखला में 2-1 से जीत हासिल की थी। वनडे श्रृंखला में हालांकि वह इसी अंतर से हार गया था। बांग्लादेश ने 511 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच के पांचवें और अंतिम दिन सुबह 7 विकेट पर 268 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और उसकी पूरी टीम 318 रन पर आउट हो गई। मेहदी हसन मीराज 81 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी पारी में 100 गेंद खेली और 14 चौके लगाए। कामिंदु मेंडिस ने दिन के चौथे ओवर में ही ताइजुल इस्लाम को आउट करके श्रीलंका को दिन की पहली सफलता दिलाई। कुमारा ने इसके बाद हसन महमूद और सैयद खालिद अहमद को आउट करके श्रीलंका को जीत दिलाई। श्रीलंका ने अपनी पहली पारी में 531 रन बनाए थे।

## बॉलीवुड हलचल

# आलिया भट्ट के लिए कंगना रनौत के खिलाफ क्यों खड़े हो गए थे रणदीप हुड्डा?

**मुंबई, एजेंसी।** रणदीप हुड्डा की गिनती उन एक्टर्स में होती है जो बेबाकी से अपनी बात रखते हैं। उन्हें फर्क नहीं पड़ता कि उनके बयान से किसी को क्या फर्क पड़ने वाला है। वह हमेशा सही के साथ खड़े रहना पसंद करते हैं। साल 2019 में वह आलिया भट्ट का सपोर्ट करने के लिए कंगना रनौत के खिलाफ खड़े हो गए थे। आलिया और रणदीप ने एक साथ फिल्म 'हाईवे' में काम किया था। कंगना ने आलिया को मीडियोकर एक्टर बताया था, उस वक्त के बारे में बात करते हुए रणदीप ने कहा है कि आलिया को बेवजह टारगेट किया गया था। सिद्धार्थ कनन को दिए इंटरव्यू में रणदीप ने आलिया के साथ अपने बॉन्ड के बारे में बात की। कंगना की बात पर आलिया को सपोर्ट करने को लेकर भी उन्होंने बताया। रणदीप ने कहा, "हाईवे के वक्त मेरा आलिया के साथ एक सच्चा रिश्ता बन गया था। मुझे नहीं पता कि आलिया की तरफ से भी ऐसा था या नहीं। वो उसकी मर्जी है। मैं सिर्फ अपनी बात कहूंगा। मैंने देखा है उसे हमेशा कुछ नया करने की कोशिश करते हुए। मैं दिल से उसके साथ खड़ा था क्योंकि उसे बिना वजह टारगेट किया जा रहा था।" कंगना के बारे में बात करते हुए रणदीप ने कहा, "अपने साथी कलाकारों या अपने साथ काम करने वालों या अपनी बिरादरी को उन चीज़ों पर निशाना बनाना जो आपको लगता है कि आपको नहीं मिलीं, भले ही मुझे लगता है कि आपको इस इंडस्ट्री से बहुत कुछ मिला है, यह बिल्कुल अशोभनीय है। मुझे लगा कि मुझे यह करना चाहिए और मैंने यह किया।"





# जब प्रोड्यूसर बोला- 'तेरे ऊपर कोई पैसा नहीं लगाएगा'

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के एक्टर विक्रांत मैसी को विधु चोपड़ा के निर्देशन में बनी 12वी फेल से एक्टर को अलग ही पहचान मिली है। उन्हें फिल्मफेयर 2024 का बेस्ट एक्टर क्रिटिक्स अवार्ड मिला। विक्रांत मैसी आज 3 अप्रैल को अपना जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर हम आपको एक्टर के स्ट्रगल के दिनों का एक किस्सा बताने जा रहे हैं, जो शायद ही आपको बता होगा। एक्टर ने अपने 17 साल के करियर में टीवी सीरियल्स से बॉलीवुड की कई फिल्मों में काम किया। हालांकि एक्टर को उनके करियर के शुरूआती दिनों में प्रोड्यूसर कास्ट नहीं करते थे। विक्रांत मैसी ने अपने एक इंटरव्यू में स्ट्रगल के दिनों को याद करते हुए कहा था कि "बहुत से ऐसे प्रोड्यूसर हैं, जिनके पास जब मैं काम मांगने जाता था तो वह कहते थे कि अगर वो फिल्म में होंगे तो कोई पैसा नहीं लगाएगा। मुझे पता है कि तू ये करेगा तो बहुत अच्छा करेगा लेकिन जब मैं तेरा नाम आगे पुश करूंगा न तो कोई पैसा नहीं लगाएगा।" एक्टर ने आगे कहा कि "जब फिल्मों में काम करना शुरू किया, सब लोग फर्राटेदार अंग्रेजी में बात कर रहे होते थे और तब अंग्रेजी में मेरा हाथ काफी तंग था। टीवी एक्टर को फिल्म वाले बहुत जलील करते हैं।"

# तापसी पन्नू की शादी का वीडियो आया सामने, लाल जोड़े में नाचती दिखीं

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। बीते काफी समय से ऐसी खबरें आ रही थीं कि एक्ट्रेस ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड बॉयफ्रेंड मैथियास के साथ परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में शादी कर ली है। हालांकि शादी की कोई फोटोज सामने नहीं आई हैं। वहीं एक्ट्रेस ने भी इस पर अभी तर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अब हाल ही में एक वीडियो सामने आया है, जो तापसी की शादी का बताया जा रहा है। हालांकि, वीडियो को लेकर भी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें एक्ट्रेस दुल्हन के लिबास में नजर आ रही हैं। एंट्री के दौरान एक्ट्रेस डांस करती हुई दिखाई दे रहीं हैं। वहीं मैथियास स्टेज पर उनका इंतजार करते नजर आ रहे हैं। तापसी दुल्हन के लुक में काफी प्यारी लग रही हैं। एक्ट्रेस ने लहंगा-साड़ी छोड़ अनारकली सूट पहना है। उन्होंने सुर्ख लाल जोड़ा पहना, जिसे लाल चूड़ा, सुनहरे कलीरे और ब्लैक सनग्लासेस के साथ स्टाइलिश टच दिया है। एक्ट्रेस जीत सिंह और चित्रा सिंह के गाने 'कोठे ते आ माहिया' पर डांस करते हुए आती हैं और फिर पहले तो वह दूल्हा बने मैथियास को गले लगाती और फिर जयमाला पहनाती हैं। इसके तापसी और मैथियास एक-दूजे संग जमकर ठुमके लगाते हैं। वीडियो के आखिरी शॉट में मैथियास को फूलों से सजी साइकिल पर बैठे दिखाया गया है। एक्ट्रेस ने पंजाबी रीति-रिवाजों से शादी की है।



स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# प्राकृतिक आपदा के लिए धन नहीं दे रहा केंद्र, कोर्ट का रुख किया

नई दिल्ली, एजेंसी



- केंद्र के विरुद्ध शीर्ष कोर्ट पहुंची तमिलनाडु सरकार

तमिलनाडु सरकार ने केंद्र सरकार पर प्राकृतिक आपदा राहत कोष को रोकने का आरोप लगाया है। साथ ही इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रमुक सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 131 का प्रयोग करते हुए शीर्ष अदालत में मुकदमा दायर किया है।

याचिका में स्टालिन सरकार ने आरोप लगाया है कि प्राकृतिक आपदाओं के लिए केंद्र से मिलने वाला धन उसके लिए जारी नहीं किया जा रहा है। साथ ही इसमें तमिल सरकार ने हाल ही में आई बाढ़ और चक्रवात मिचौंग से हुए नुकसान के लिए केंद्र को 37 हजार करोड़ रुपये से अधिक की सहायता प्रदान करने का निर्देश देने का आग्रह किया। इतना ही नहीं याचिका में केंद्र को अंतरिम उपाय के रूप में दो हजार करोड़ रुपये जारी करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है।

इससे पहले, कर्नाटक सरकार ने भी केंद्र के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। उसने यह आरोप लगाया था कि केंद्र सूखे की स्थिति से निपटने के लिए उसे वित्तीय सहायता नहीं दे रहा है। इसने यह निर्देश देने की मांग की थी कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष से धन जारी किया जाए।

# जल संकट से निपटने के लिए भंडारण का संयोजन आवश्यक

**हैदराबाद।** जैसा जल संकट फिलहाल बेंगलुरु में देखा जा रहा है, पानी की इस तरह की कमी की समस्या का समाधान करने के लिए जल भंडारण सहित जल संसाधन प्रबंधन के अलग-अलग तरीकों के संयोजन की आवश्यकता है।

विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक परमेवरन अय्यर ने कहा कि ग्लोबल वॉर्मिंग और जलवायु परिवर्तन के समय में जल संसाधन प्रबंधन बिल्कुल महत्वपूर्ण है। उन्होंने केंद्र के 'जल शक्ति अभियान' का हवाला दिया। एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया की बैठक में बोले जल संसाधन प्रबंधन और पानी की उपलब्धता के कई मुद्दे गंभीर होते जा रहे हैं। आगे बोले- बेहतर संसाधन तरीकों का संयोजन महत्वपूर्ण है।

# चुनाव में डीपफेक से लड़ने को प्लेटफॉर्म नए टूल व नीति ला रहे

*इस साल भारत समेत दुनिया के 50 फीसदी से भी अधिक लोग मतदान करने वाले हैं। हालांकि एआई और डीपफेक जैसी चुनौती के आने के बाद चुनाव सुचारू रूप से करा पाना सभी देशों के लिए चुनौती बनता जा रहा है। हालिया समय में चुनाव प्रचार में एआई डीपफेक का इस्तेमाल कर सिंथेटिक इमेज, डीपफेक ऑडियो और वीडियो बनाना काफी सस्ता और आसान हो गया है। इसी कारण अमेरिका सहित दुनिया भर के उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों द्वारा एआई का व्यापक रूप से उपयोग और दुरुपयोग किया जा रहा है।*

## गलत सूचना और फर्जी खबरों को पकड़ पाना सबसे बड़ी समस्या

एआई जनरेटेड गलत सूचना और फर्जी खबरों को पकड़ पाना बड़ी समस्या बन रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि यह तकनीक भारत समेत बाकी देशों के लोकतंत्र को कमजोर कर सकते हैं। चुनाव में डीपफेक और एआई जनरेटेड सामग्री पर लगाम लगने के लिए भारत और अमेरिका में बड़ी तैयारियां की जा रही हैं। ओपनएआई और मेटा जैसी टेक कंपनियों ने ऐसे खतरों से निपटने के लिए नितिगत बदलाव किए हैं। चैट जीपीटी के स्वामित्व वाली ओपन एआई 'वॉयस इंजन' के साथ डीपफेक से लड़ेगा। वॉयस इंजन, एक टेक्स्ट-टू-स्पीच मॉडल है जो सिंगल 15 सेकंड ऑडियो से किसी की भी नेचुरल आवाज को प्रोड्यूस कर सकता है।



## ओपनएआई ने किए कई बदलाव



चुनावों में 'लोकतांत्रिक प्रक्रिया' को कमजोर करने से रोकने के लिए ओपनएआई ने अपनी जेनरेटिव एआई-आधारित तकनीकों जैसे चैटजीपीटी, डल-ई में कई बदलाव किए हैं। इसमें इस प्लेटफॉर्म से उत्पन्न सामग्री का उपयोग कैसे किया जा रहा है, इसकी सक्रिय निगरानी शामिल है। नई नीति के तहत अब जो आवाजें एआई- जनरेटेड हैं वो बताने के लिए ओपनएआई वाध्य होगा। कोई भी व्यक्ति नेता के नाम से चैटवॉट नहीं बना सकेगा। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने से रोकने जैसे सवालों का रिस्पॉन्स अव चैटवॉट नहीं देगा।

## फेक इमेज और डीपफेक के लिए नई नीति



यूजर्स को एआई द्वारा उत्पन्न इमेज का पता लगाने में मदद करने के लिए ओपन एआई काम करेगा। मेटा के वैश्विक मामलों के अध्यक्ष निक क्लेग के अनुसार, मेटा अपने फेसबुक, इंस्टाग्राम और थ्रेड्स प्लेटफॉर्म पर पोस्ट की गई डीपफेक या एआई-जनरेटेड इमेज को 'इमेजिन्ड विद एआई' के रूप में लेबल करना शुरू करेगा, ताकि उनमें और मानव-जनित सामग्री के बीच अंतर किया जा सके। हालिया समय में मेटा ने स्टेबल सिग्नेचर नामक एक अदृश्य वॉटरमार्किंग तकनीक विकसित की है, जो वॉटरमार्किंग को किसी हटाने से रोकेगा।

## एआई ने दिया सुझाव, रेगुलेशन में सभी मंत्रालयों की हो भागीदारी

देश में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की निगरानी के लिए जरूरी सिस्टम तैयार करने पर गंभीर विचार चल रहा है। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के सदस्यों से मिलकर बनी कमेटी ने सिफारिश की है कि इसके लिए एक अंतर मंत्रालयीन कमेटी का गठन हो। पिछले माह सौंपी गई सिफारिश में कहा गया है कि यह काम सरकार से जुड़ी सभी मंत्रालय मिलकर करें। इलेक्ट्रानिक्स और आईटी मंत्रालय के साथ केंद्र के हर मंत्रालय को निगरानी तंत्र में कोई न कोई भूमिका दी जाए। बता दें, बाजार नियामक सेबी एल्गोरिदेमिक ट्रेडिंग करने वाली कंपनियों को तब तक ही प्रोप्रिएटर टेक्नोलॉजी का उपयोग करने की अनुमति देता है, जब तक वे कुछ गलत न करें।

# ताइवान में शक्तिशाली भूकंप से तबाही कई इमारतें जमींदोज, नौ की मौत

## 25 साल बाद आया 7.4 तीव्रता का भूकंप, 700 से ज्यादा लोग घायल, मोदी ने जताया दुख

ताइपे (ताइवान), एजेंसी

ताइवान के हुलिएन में 25 साल बाद बुधवार सुबह आए 7.4 तीव्रता के भूकंप ने तबाही मचा दी। कई इमारतें जमींदोज हो गई है, जबकि कई 45 डिग्री के कोण पर झुक गईं। राजमार्ग क्षतिग्रस्त हो गए पूरे द्वीपीय देश में रेल सेवा प्रभावित हो गई है। हालांकि, पूर्व में जारी सुनामी की चेतावनी बाद में वापस ले ली गई। आपदा में नौ लोगों की मौत हो गई और 700 से अधिक लोग घायल हो गए। वहीं 50 से ज्यादा लोगों लापता हैं।

सीएनएन ने राष्ट्रीय अग्निशमन एजेंसी (एनएफए) का हवाला देते हुए बताया कि द्वीप के पूर्वी तट पर आए शक्तिशाली भूकंप के बाद पूरे ताइवान में कम से कम 77 लोग फंस गए हैं। अधिकारियों ने फंसे हुए लोगों की स्थिति के बारे में विस्तार से नहीं बताया लेकिन कहा कि बचाव अभियान जारी है। एनएफए के अनुसार, घायलों में से 132 लोग भूकंप के केंद्र के पास हुलिएन काउंटी में हैं। भूकंप के बाद के झटकों की वजह से भूस्खलन की 24 घटनाएं हुई हैं तथा 35 सड़कें, पुल और सुरंगे क्षतिग्रस्त हुई हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, ताइवान में बुधवार को 25 वर्षों में सबसे शक्तिशाली भूकंप आया, जब द्वीप के पूर्वी तट पर 7.4 तीव्रता का भूकंप आया, तो इमारतें ढह गईं। बता दें, सुनामी की चेतावनी के कारण एयरलाइंस और हवाईअड्डों को उड़ानें निलंबित करनी पड़ीं। हालांकि, बाद में फिर से शुरू कर दिया गया। आपदा से पूरे द्वीप में 125 इमारतों को नुकसान पहुंचा है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, क्षतिग्रस्त इमारतों में से लगभग आधी इमारतें भूकंप के केंद्र के पास हुलिएन काउंटी में हैं। हुलिएन काउंटी के मजिस्ट्रेट सू चेन-वेई ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, काउंटी में चार इमारतें आंशिक रूप से ढह गईं। तीन इमारतों के निवासियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है, जबकि नौ मंजिला यूरेनस बिल्डिंग में खोज और बचाव अभियान जारी है।





7.4 तीव्रता से आए भूकंप से 45 डिग्री के कोण पर झुकी इमारत, वहीं मलबे में पीड़ितों की तलाश करते बचावकर्मी।

## पीएम मोदी ने भूकंप प्रभावित ताइवान के लोगों के प्रति एकजुटता व्यक्त की



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को ताइवान में आए भूकंप में जानमाल के नुकसान पर दुख जताया और देश के लोगों के प्रति भारत की एकजुटता व्यक्त की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट साझा करते हुए उन्होंने लिखा, आज ताइवान में भूकंप के कारण जानमाल के नुकसान से बहुत दुखी हूं। शोकाकुल परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हम ताइवान के लोगों के साथ एकजुटता से खड़े हैं क्योंकि वे सह रहे हैं।

# कानून उल्लंघन पर 5 गैर सरकारी संगठनों का एफसीआरए रद

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने विदेशी अनुदान के दुरुपयोग और अन्य कारणों का हवाला देते हुए उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद पांच जानेमाने गैर सरकारी संगठनों के विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) लाइसेंस रद कर दिए हैं।

जिन एनजीओ के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है उनमें सीएनआई सिनोडिकल बोर्ड ऑफ सोशल सर्विस (सीएनआई-एसबीएसएस), वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन ऑफ इंडिया (वीएचएआई), इंडो-ग्लोबल सोशल सर्विस सोसाइटी (आईजीएसएसएस), चर्च ऑक्जिलरी फॉर सोशल एक्शन (सीएएसए) और इवेंजेलिकल फेलोशिप ऑफ इंडिया (ईएफओआई) शामिल हैं।

गृह मंत्रालय ने कथित तौर पर उन कार्यों के लिए धन का उपयोग करने के लिए गैर सरकारी संगठनों का एफसीआरए पंजीकरण रद कर दिया जो उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं थे। एनजीओ ने एफसीआरए के प्रावधानों के विपरीत गतिविधियों में शामिल होकर कानूनों का उल्लंघन किया है।

# न्याय तंत्र की आजादी पर हमला बर्दाश्त नहीं

इस्लामाबाद, एजेंसी

- खुफिया एजेंसियों की दखलअंदाजी के आरोपों पर बोले पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश

पाकिस्तान की न्यायपालिका इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) काजी फैज ईसा ने बुधवार को मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि न्यायपालिका की आजादी पर किसी भी तरह के हमले को विफल किया जाएगा।

उन्होंने इस बात का भी संकेत दिया कि न्यायिक मामलों में खुफिया एजेंसियों की कथित दखलंदाजी की पूर्ण अदालत सुनवाई करेगी। दरअसल, मंगलवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के छह न्यायाधीशों ने दावा किया कि उन्हें धमकी भरे पत्र मिले और इन पत्रों में मादक पदार्थ भेजा गया था। इन न्यायाधीशों ने सीजेपी को पत्र लिखा था। शीर्ष अदालत की सात सदस्यीय पीठ इस मामले पर सुनवाई कर रही है। सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश तसादुक हुसैन जिलानी ने खुफिया एजेंसियों की कथित दखलंदाजी की जांच के लिए गठित एक सदस्यीय जांच आयोग की अध्यक्षता से खुद को अलग कर दिया था। सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल मंसूर अवान ने कहा, सरकार ने पूरी ईमानदारी से मामले की जांच के लिए एक आयोग का गठन किया था। लेकिन सोशल मीडिया और वकीलों ने उस आयोग की आलोचना की। वह चाहते थे कि अदालत मामले की सुनवाई करे। सीजेपी ईसा ने कहा कि वह अपने संस्थान की आजादी को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, न्यायाधीशों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे खतरे में नहीं हैं। सीजेपी ने कहा, अगर न्यायपालिका की आजादी पर किसी तरह का हमला होता है, तो मैं (न्यायपालिका का बचाव करने में) सबसे आगे रहूंगा और निश्चित तौर पर मेरे साथी न्यायाधीश इसमें मेरे साथ खड़े रहेंगे और हम कभी भी दखलंदाजी को स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, यह संभव है कि हम अगली सुनवाई में एक पूर्ण अदालत का गठन कर सकते हैं।

# सीमा पार आतंकवाद का कोई भी कृत्य बर्दाश्त नहीं

अस्ताना, एजेंसी



- कजाकिस्तान में आयोजित एससीओ बैठक में बोले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार

कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों की सुरक्षा परिषदों के सचिवों की 19वीं बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक की अध्यक्षता कजाकिस्तान कर रहा है।

इसमें ईरान पहली बार एससीओ में पूर्ण सदस्य के रूप में भाग ले रहा है। भारत की तरफ से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बैठक में हिस्सा लिया। डोभाल ने कहा सीमा पर आतंकवाद समेत किसी भी व्यक्ति द्वारा कहीं भी और किसी भी उद्देश्य से किया गया आतंक का कोई भी कृत्य उचित नहीं है। सीमा पार आतंकवाद अपराधियों से प्रभावी ढंग से और शीघ्रता से निपटा जाना चाहिए। उन्होंने दोहरे मानदंडों से दूर रहने और उन लोगों को जवाबदेह बनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला जो आतंकवाद के प्रायोजक, वित्तपोषक और मददगार हैं। अफगानिस्तान में आतंकवाद की निरंतर मौजूदगी सुरक्षा स्थिति पर गहरा चिंता का विषय है।

## एक नजर

### अमृतसर में हवाला रैकेट का पर्दाफाश, दो तस्कर गिरफ्तार

**अमृतसर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) अमृतसर ने बुधवार को हवाला रैकेट का पर्दाफाश किया। संयुक्त टीम ने पास से हेरोइन और दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि 28 मार्च 2024 को बीएसएफ के खुफिया तंत्र को अमृतसर जिले के एक सीमावर्ती गांव में नशीले पदार्थों के साथ एक तस्कर की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली, फिर संयुक्त टीम के ऑपरेशन दौरान अमृतसर में पर्यटक स्थल 'साडा पिंड' के बाहर एक और संदिग्ध को पकड़ा। युवक ने पूछताछ के दौरान हवाला रैकेट और पाकिस्तान से तस्करों को हस्तांतरित करने का जुर्म कबूल लिया है। दोनों तस्करों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। बाद में उन्हें जिला अदालत ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में सेंट्रल जेल, अमृतसर भेज दिया।

### महाराष्ट्र में एग्जिट पोल के प्रकाशन और प्रसारण पर प्रतिबंध

**मुंबई।** भारत चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र में पांच चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव के संपन्न होने तक एग्जिट पोल के प्रसारण या प्रकाशन पर रोक लगा दी है। इस पृष्ठभूमि में, आयोग ने चुनाव अवधि के दौरान चुनावी भविष्यवाणियां दिखाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। आयोग की ओर से बुधवार को जारी बयान अनुसार, महाराष्ट्र में पांच चरणों में चुनाव होंगे और गत 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। राज्य में एग्जिट पोल के प्रकाशन/प्रसारण पर 19 अप्रैल सुबह सात बजे से एक जून तक प्रतिबंध लागू रहेगा। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रत्येक चरण में मतदान समाप्त होने से 48 घंटे पहले ओपिनियन पोल पर प्रतिबंध रहेगा।

### यमन में सेना और हूती के बीच संघर्ष, 21 लोगों की मौत

**अदन।** यमन के दक्षिणी प्रांत लाहज में बुधवार को सेना और हूती समूह के बीच हुए संघर्ष में 21 लोग मारे गए। एक सैन्य अधिकारी ने बताया है कि, मोर्चे पर सेना और हूती आतंकवादियों के बीच जबरदस्त संघर्ष हुआ। जहां सेना और हूती आतंकवादियों की बीच गोलाबारी हुई। इस गोलीबारी में कमांडर सहित 12 जवानों की मौत हो गई और अन्य आठ घायल हो गए। इस बीच नौ हूती आतंकवादी मारे गए और 15 से अधिक घायल हुए हैं। यमन में दो अक्टूबर 2022 से हालात बहुत नाजुक बने हुए हैं। जब संयुक्त राष्ट्र ने छह महीने के संघर्ष विराम को बढ़ाने और यमन सरकार की हूती आतंकवादियों से निपटने की विफलता की घोषणा की थी। बता दें, लड़ाकों ने 2014 में सना पर कब्जा कर लिया था।

## भक्तों का सैलाब..

अबूधाबी। अबूधाबी में बने मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। एक महीने के दौरान 3 .5 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। बता दें, इस मंदिर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। इसे एक मार्च को श्रद्धालुओं के लिए खोला गया। हर शनिवार और रविवार को 50 हजार के करीब लोग पहुंच रहे हैं। मंदिर की देखरेख करने वालों का कहना है कि मंगलवार से रविवार तक हर शाम 7 .30 बजे स्वामीनारायण घाट पर गंगा आरती होती है। इसका निर्माण गंगा और यमुना के पवित्र जल से किया गया है। मंदिर का निर्माण बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था की ओर से लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से दुबई-अबूधाबी शेख जायद राजमार्ग पर अल रहबा के पास 27 एकड़ में किया गया है। राजस्थान के 1.8 लाख घन मीटर बलुआ पत्थर से निर्मित यह मंदिर नागर शैली में बना है। यह पूरे खाड़ी क्षेत्र में सबसे बड़ा है।



# ब्राजील में 40 करोड़ रु. में बिकी भारतीय नस्ल की गाय

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत में गायों की औसत कीमत 11 हजार रुपये या इससे अधिक है, लेकिन ब्राजील में एक गाय 40 करोड़ रुपये में बिकी है। पशुओं की नीलामी में इसे नया रिकॉर्ड बताया जा रहा है। गाय आंध्र प्रदेश के नेल्लोर की 'वियाटिना-19 एफआइवी मारा इमोविस' नाम की नस्ल की है।

ब्राजील में नीलामी के दौरान इसे 48 लाख डॉलर में खरीदा गया। सफेद फर और कंधों पर विशिष्ट बल्बनुमा कूबड़ वाली यह गाय भारत की मूल निवासी है। ब्राजील में इस नस्ल की काफी डिमांड है। नस्ल का वैज्ञानिक नाम 'बोस इंडिकस' है। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह भारत के ओंगोल मवेशियों की वंशज है, जो अपनी मजबूती के लिए जानी जाती है। यह खुद को पर्यावरण के हिसाब से ढाल लेती है। यह नस्ल पहली बार 1868 में जहाज से ब्राजील भेजी गई थी। साठ के दशक में कई और गायों को वहां ले जाया गया था।

ओंगोल नस्ल के मवेशी काफी गर्म तापमान में भी रह सकते हैं। इनका उपापचय (मेटाबॉलिज्म) मजबूत होने से इनमें किसी तरह का इंफेक्शन नहीं होता। ब्राजील में जमकर गर्मी होती है। इसलिए वहां यह गाय काफी पसंद की जाती है।

# इजराइली हमले में सात राहतकर्मियों की मौत पर भड़के बाइडन

**वाशिंगटन।** गाजा में मंगलवार को इजराइली हमले में सात राहतकर्मियों के मारे जाने पर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि वह क्रोधित हैं, यह घटना हृदय विदारक है।

मारे गए राहतकर्मी वर्ल्ड सेंट्रल किचन (डब्ल्यूसीके) के लिए सेवा कार्य करते थे और ये बेघर फिलिस्तीनियों तक भोजन पहुंचाने के कार्य में लगे थे। हमले के बाद इजराइल ने उस पर खेद जताया और जांच की बात कही है। बाइडन ने कहा है कि हमले के संबंध में इजराइल की जांच जल्द पूरी होनी चाहिए, इसमें हमला करने वालों की जिम्मेदारी निश्चित होनी चाहिए और इस जांच को सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

**विज्ञान** आठ अप्रैल तक जागरूकता के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुक्त प्रकाश प्रदूषण के रूप में मनाया जाएगा

# विश्व में 1988 के बाद तेजी से हुई प्रकाश प्रदूषण की वृद्धि

नैनीताल, कार्यालय

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय डार्क स्काई वीक यानी साप्ताहिक स्याह आकाश शुरू हो गया है। आठ अप्रैल तक दुनियाभर में यह सप्ताह अंधेरे के प्रति जागरूकता और मुक्त प्रकाश प्रदूषण के रूप में मनाया जाएगा।

1988 के बाद से दुनिया में बहुत तेजी से प्रकाश प्रदूषण में वृद्धि हुई है। भले की भारत मे इस इस सप्ताह को लेकर जागरूकता नही है, लेकिन कई देशों में अंतर्राष्ट्रीय डार्क स्काई वीक अंधेरी और प्राकृतिक रात का विश्वव्यापी उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इंटरनेशनल डार्क-स्काई एसोसिएशन (आईडीए) की स्थापना का उद्देश्य मानव जनित प्रकाश प्रदूषण को रोकना है। इसकी अनिवार्यता खगोलीय अध्ययन में प्रकाश द्वारा पड़ने वाले व्यवधान को कम करना है। नए आंकड़े के अनुसार प्रकाश प्रदूषण मानव जनसंख्या वृद्धि की दोगुनी दर से बढ़ रहा है।

दुनिया भर में 80 प्रतिशत लोग प्रकाश-प्रदूषित आकाश के नीचे रहते हैं। इसीलिए आईडीए ने एक अंतर्राष्ट्रीय डार्क स्काई वीक की स्थापना की है, जो 3 से 8 अप्रैल को पड़ता है। यह सप्ताह स्याह रहेगा। जिसमें कई तरह के खगोलीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस सप्ताह सितारों और नक्षत्रों की महत्ता को समझने का मौका मिलेगा।

इस सप्ताह को लेकर आईडीए ने अपील है कि सभी लोग अंधेरी रात के आसमान की हमारी साझा विरासत की रक्षा और जश्न मनाने के लिए वैश्विक डार्क स्काई आंदोलन में शामिल होंगे। डार्कस्काई इंटरनेशनल ऐसे समाधानों को बढ़ावा देता है और लोगों को आउटडोर प्रकाश को कम करने की अपील करता है।



स्याह रात में मिल्की वे का शानदार नजारा।

### एरीज के वैज्ञानिकों ने भी की अपील

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के निदेशक प्रो दीपांकर बनर्जी कहते हैं कि ब्रह्मांड की खोज खबर के लिए किए जा रहे अनुसंधानों में प्रकाश प्रदुषण बड़ी समस्या के रूप में तेजी से उभर रहा है। जिसे कम करना बेहद जरूरी है। इस दिशा में दुनिया के प्रत्येक व्यक्ति को अपना योगदान देना होगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि इस मुहीम में देश का हर व्यक्ति सहयोग करे।

# बाइडन-ट्रंप ने चार और राज्यों में जीते प्राइमरी चुनाव, फिर होंगे आमने-सामने

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आसानी से चार और राज्यों में अपनी-अपनी पार्टियों के प्राइमरी चुनाव पर जीत दर्ज की है। नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में फिर से दोनों के बीच कांटे का मुकाबला होगा।

राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी ने दो अप्रैल को चार राज्यों न्यूयार्क, कनेक्टिकट, रोड आइलैंड और विसकन्सिन में प्राइमरी चुनाव आयोजित किए। इन चुनावों में ट्रंप को 75 प्रतिशत से अधिक और बाइडन को 80 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त हुए।

हालांकि, ये प्राइमरी चुनाव अब औपचारिकता भर हैं, क्योंकि बाइडन और ट्रंप अपनी-अपनी पार्टियों से नामांकन की पात्रता पहले ही हासिल कर चुके हैं। दोनों ही आवश्यक डेलीगेट का समर्थन पा चुके हैं। चार राज्यों के ताजा चुनाव के बाद ट्रंप के पास अब 1860 डेलीगेट और बाइडन के पास 3,030 डेलीगेट का समर्थन है। राष्ट्रपति प्रत्याशी बनने के लिए उनके नामांकन की पुष्टि जुलाई में मिल्वौकी में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन और अगस्त में शिकागो में डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में की जाएगी। ट्रंप ने मिशिगन में मंगलवार को अवैध आप्रवासियों को 'जानवर' बताकर विवाद खड़ा कर दिया था।



### जज, गवाह व कर्मियों के खिलाफ नहीं बोल पाएंगे ट्रंप

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हश मनी मामले में परेशानियां बढ़ गई हैं। ट्रंप के आपराधिक मामले की सुनवाई का नेतृत्व करने वाले जज ने गैग ऑर्डर का दायरा बढ़ा दिया है। जज जुआन मर्चन ने कहा कि ट्रंप अब मेरे परिवार, मैनहट्टन जिला अटॉर्नी एल्विन बैग के अलावा गवाहों, अभियोजकों, अदालत के कर्मचारियों और उनके रिश्तेदारों के खिलाफ बात नहीं कर सकेंगे।